भारतीय क्रिकेट

ज्ञान-कोश

भारतीय क्रिकेट

ज्ञान-कोश

एल. एन. माथुर

कृष्णा ब्रदर्स, अजमेर

आवरण
प्रकाश आर्टिस्ट

संस्करण
1987

मूल्य : 125/-
एक सौ पच्चीस रुपये मात्र

प्रकाशक
कृष्णा ब्रदर्स
महात्मा गांधी मार्ग
अजमेर–305 001 (राज.)

मुद्रक
पाठक प्रिन्टर्स, अजमेर

विषय-सूची

प्राक्कथन

लार्ड नट्सफोर्ड ने होरेस वालपोल की एक प्रसिद्ध उक्ति की व्याख्या करते हुए एक बार यह कहा बताते हैं कि ईश्वर स्ट्राबेरी से बढ़िया बेरी बना तो सकता था परन्तु उसने नही बनाई, इसी प्रकार ईश्वर मनुष्य को भी क्रिकेट से बढ़िया खेल बना लेने की बुद्धि दे तो सकता था परन्तु उसने ऐसा नहीं किया।

क्रिकेट भी एक तरह का कठिन सग्राम ही है जिसमे विजय के लिए उतने ही कौशल की आवश्यकता पडती है जितने कि युद्ध जीतने के लिए। पारस्परिक सहयोग की भावना ही इस खेल की जान है, जिसका मतलब है—सभी प्रकार के स्वार्थपूर्ण लक्ष्यो और उद्देश्यों को छोड़कर अपने साथियों के साथ पूरी तरह मिलकर खेलते हुए, एक समान फल प्राप्त करना।

खेलकूद केवल शारीरिक स्वस्थता की दृष्टि से ही लाभदायक नही होते, अपितु नैतिक दृष्टि से भी उनका मूल्य बहुत ऊँचा होता है। क्रिकेट के नैतिक मूल्यो पर विचार कीजिए। क्या क्रिकेट हमको धैर्य और अध्यवसाय का गुण नहीं सिखाता? क्या हम लोग गेंदबाज के अध्यवसाय की उस समय प्रशंसा नही करते जब कि वह किसी रक्षात्मक ढग से खेलने वाले बल्लेबाज को परास्त करने के चक्कर मे बड़े धीरज के साथ एक के बाद एक गेंद फेंकता जाता है? क्या हम उस बल्लेबाज की चतुराई और हौसले की तारीफ नही करते जो बड़ी नाजुक स्थिति में चिपचिपे विकेट पर खेलने के लिए भेजा जाता है?

क्रिकेट के खेल का ताना-बाना ही कुछ इस प्रकार का है कि उससे मानव चरित्र के सूक्ष्म गुण, उसके निकट सम्पर्क से उजागर हो जाते हैं।

क्रिकेट का खेल निःसदेह बडा उपयोगी है। उसमें साहस, कौशल, दांव-पेंच और सबसे अधिक आत्म-सयम की आवश्यकता पड़ती है। उसमें यह प्रकट हो जाता है कि खिलाड़ी का स्वभाव और चरित्र कैसा है। वह मनुष्य को शारीरिक और मानसिक दोनो दृष्टियों से स्वस्थ रखता है। वह खेल की प्रवृत्ति का विकास करता है और चरित्र को बलवान बनाता है। सबसे बड़ी बात यह है कि क्रिकेट पारस्परिक सहयोग की भावना उत्पन्न करता है जो मनुष्य के जीवन सग्राम मे बहुत सहायक सिद्ध होती है।

जीवन में बहुत कम चीजें ऐसी मिलेंगी जो क्रिकेट के खेल जितनी रोमांचकारी, आनन्ददायक और मजेदार हों। बल्ले और गेंद की इस लड़ाई को देखने के लिए लोग खराब मौसम में भी दूर-दूर से चले आते हैं। मेरी मिलफोर्ड ने कहा है, "मुझे सन्देह है कि क्रिकेट से अधिक स्फूर्तिदायक कोई चीज इस दुनिया में है।" इंग्लैण्ड के एक महान् बल्लेबाज हरबर्ट सटक्लिफ ने कहा है, "अंग्रेज जाति का चरित्र बनाने में क्रिकेट के खेल ने जितना महत्वपूर्ण योगदान दिया है, उतना और किसी ने भी नहीं।"

वेलिंगटन के ड्यूक ने भी ठीक ही कहा था, "इटन के खेल के मैदानों पर प्राप्त आत्म-संयम और कठोर अनुशासन के बल पर ही अंग्रेजों ने वाटरलू की लड़ाई में विजय-श्री प्राप्त की थी।'

डब्लू. जे. फोर्ड ने 'जुबली बुक ऑफ क्रिकेट' में लिखा है, "कोई भी खेल क्रिकेट से अधिक मनमोहक नहीं हो सकता।"

एक छोटी सी रियासत के मालिक, किन्तु शानदार, खेल-जगत के सम्राट 'रणजी महान्' ने अंग्रेज के जीवन को क्रिकेट के साथ जोड़ते हुए कहा था- "यह कहा जा सकता है कि आधुनिक अंग्रेज के स्वभाव के दो पहलू हैं—एक है, काम की लगन और दूसरा है, खेल में रुचि।" मैंने देखा है, जो आदमी क्रिकेट से बना है वह बल-वीर्य और सामान्य शारीरिक स्वस्थता के मामले में उतने ही ऊँचे स्तर का है जितना कि और किसी भी साधन से बना जा सकता है।"

एण्ड्रयू लैंग के ये शब्द भी किसी सिद्धवाणी से कम नहीं हैं : "क्रिकेट अपने आप में एक पर्याप्त शिक्षा है। इसमें शान्त स्वभाव, निर्णय शक्ति और अध्यवसाय की आवश्यकता पड़ती है। कक्षा के कमरों की तुलना में खेल के मैदानों में अधिक शिक्षा मिलती है।" रिचार्ड डैफ्ट ने क्रिकेट के गुणों का वर्णन करते हुए कहा है, "क्रिकेट के अलावा और कोई खेल नहीं है जिसमें शारीरिक व्यायाम के साथ-साथ वैज्ञानिक सूझ-बूझ भी प्राप्त होती हो।"

लोकोक्ति प्रसिद्ध है, "यह तो क्रिकेट नहीं है"; खेलों के राजा क्रिकेट का गूढ़ मतलब है—सद्व्यवहार और सदाचार।

भारत के भूतपूर्व राष्ट्रपति और दार्शनिक सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णन के इन वचनों से कौन सहमत नहीं होगा, "अंग्रेज भारत में जो अच्छी चीजें छोड़ गये हैं, उनमें से क्रिकेट भी एक है।"

क्रिकेट भारत में बहुत ही लोकप्रिय होकर आज हमारे घरों तक पहुँच गया है। वह लाखों लोगों के लिये, चाहे वे खिलाड़ी हों या दर्शक अथवा श्रोता, एक मनोरंजन, आमोद-प्रमोद और शिक्षा का साधन है।

केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय (शिक्षा तथा युवा सेवा मंत्रालय) द्वारा कार्यान्वित प्रकाशकों के सहयोग से हिन्दी मे पुस्तकों के लेखन, अनुवाद और प्रकाशन की योजना के अन्तर्गत मेरी पुस्तक "भारतीय क्रिकेट ज्ञान-कोश" का प्रकाशन 1969 में हुआ था। निःसदेह पुस्तक बहुत लोकप्रिय रही जिसमें भारत में क्रिकेट आगमन से लेकर 1965-66 तक, 50 अध्यायो में भारत में क्रिकेट जन्म, 'बोर्ड ऑफ कन्ट्रोल फॉर क्रिकेट इन इण्डिया', प्रान्तीय क्रिकेट संगठनों को स्थापना एवं उनके प्रबन्ध, भारतीय अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ी, टेस्ट मैच, रणजी ट्रॉफी, ट्राइएन्गुलर, क्वाडरेन्गुलर, पेंटागुलर टूर्नामेण्ट, ईरानी ट्रॉफी, दलीप ट्रॉफी, विश्वविद्यालय, स्कूल के खेलो और भारतीय क्रिकेट से सम्बन्ध रखने वाली अनेक घटनाओं का सविस्तार और स्पष्ट रूप से वर्णन किया गया है।

भारत ने 1965-66 और 1985-86 के दौरान 138 टेस्ट मैच और खेले हैं, अनेक अखिल भारतीय क्रिकेट प्रतियोगिताओ का आयोजन हुआ है, कुछ नई अखिल भारतीय क्रिकेट प्रतियोगिताएँ, विशेष कर छोटी उम्र के खिलाडियों के लिये प्रारम्भ की गई हैं, एक दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैचों नें बहुत लोकप्रियता प्राप्त करली है, अनेक नये चेहरे क्रिकेट जगत मे आये हैं और अपनी प्रतिभा दिखा रहे हैं, अनेक कीर्तिमान टूटे और नये स्थापित हुए है। इन सबका समावेश इस ग्रन्थ मे किया गया है। भारतीय क्रिकेट विषयक आँकड़ो और अभिलेखो की फिर से जाँच की है और उन्हे सरल संदर्भों के साथ प्रस्तुत किया है।

विश्व कोश मे विषय वस्तु को अकारादि क्रम से रखने की परिपाटी रही है। परन्तु मैंने इस प्रचलित परिपाटी का पालन नही किया है क्योंकि मेरे विचार से घटनाओं को तिथि-क्रम से प्रस्तुत करना पाठक की सुविधा की दृष्टि से अधिक अच्छा है।

इस ग्रन्थ को तैयार करने में मैंने अनेक पुस्तकों और पत्र-पत्रिकाओ तथा रिपोर्टों का उपयोग किया है। भारतीय क्रिकेट नियन्त्रण बोर्ड की स्थापना के समय से ही मेरा क्रिकेट के साथ निकट सम्पर्क और उसमे मेरी गहरी दिलचस्पी रही है; यही बात इस काम मे मेरे लिए सबसे अधिक सहायक सिद्ध हुई है।

पुस्तक मे प्रयुक्त हिन्दी की पारिभाषिक शब्दावली के विषय मे कुछ कह देना अप्रासगिक नही होगा। शिक्षा मंत्रालय द्वारा निर्मित खेल-कूद विषयक शब्दावली के अभाव मे, अधिकांशतः हिन्दी समाचार पत्रो में प्रयुक्त और

खेल जगत में प्रचलित हिन्दी शब्दों का ही प्रयोग किया गया है। जो अंग्रेजी के शब्द हिन्दी में खप गये हैं, उन्हें ज्यों-का-त्यों स्वीकार कर लिया गया है। फिर भी कुछ नए शब्द गढ़ने की आवश्यकता पड़ी है। आशा है, वे खेल-जगत को ग्राह्य होंगे। पाठकों की सुविधा के लिए पुस्तक में हिन्दी-अंग्रेजी शब्द-सूची भी दे दी गई है।

डॉ. प्रकाश आतुर, डॉ. हरीश नारायण माथुर, श्री जयकृष्ण अग्रवाल और श्री कुलदीप माथुर ने इस कार्य मे मेरी बहुत सहायता की है, इसके लिए मैं उन सबका हार्दिक धन्यवाद देता हूं। भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड और उसके सदस्य संघों ने मुझे इस पुस्तक में संकलित सामग्री और फोटो सहर्ष प्रदान किए हैं, इसके लिए मैं उनका आभारी हूं।

दिसम्बर, 1986
22-सुभाष बोस नगर,
उदयपुर

एल. एन. माथुर

लेखक

मारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड के मदस्य संघों की मीमा और
प्रधान कार्यालय भारत के मानचित्र में

क्रिकेट का आगमन

अंग्रेजो के आगमन से पूर्व भारत में क्रिकेट के समान कोई अन्य खेल खेला जा रहा होगा। परन्तु क्रिकेट, जैसा कि आज इसका रूप है, भारत को अंग्रेजों से ही विरासत में मिला है। भारत में इस खेल के प्रारम्भ होने की निश्चित तिथि का कोई-प्रमाण नहीं है परन्तु यह एक स्थापित तथ्य है कि 1797 में मिलीट्री एकादश और बम्बई द्वीप की टीमों के बीच क्रिकेट का मैच खेला गया था।

प्रथम नियमित क्रिकेट क्लब की स्थापना 1846 में मद्रास में सर अलेक्जेंडर आरबॅथनोट द्वारा मद्रास क्रिकेट क्लब के नाम से की गयी थी, लेकिन क्रिकेट बम्बई में अधिक लोकप्रिय था जिसका कारण पारसियों का इस खेल के प्रति उत्साह था। 1848 के बाद के वर्षों में कुछ उत्साही पारसियों ने बम्बई में क्रिकेट क्लबों की स्थापना की और मैदान में उनकी सफलता वास्तव में प्रशंसनीय थी। पारसियों ने 1886 और 1888 में जे० एम० फ्रॉमजी पटेल के नेतृत्व में क्रिकेट खेलने के लिये दो बार इंगलैंड की यात्राएं भी की। इन यात्राओं के लिए उन्हें सर दोराब टाटा, सर एम० एम० भावनगरी, सर कावसजी जहाँगीर और सर डी० एम० पेटिट से आर्थिक सहायता मिली थी।

प्रथम इंगलिश टीम 1890 में भारत आयी। इस टीम का कप्तान मिडलसेक्स का खिलाड़ी जी० एफ० वरनोन था। इसे सभी मैचो में आसानी से विजय मिली परन्तु पारसियों ने उन्हें चार विकटों से परास्त कर दिया। इस विजय का श्रेय पारसी टीम के आक्रामक बल्लेबाज श्री मछलीवाला को मिला।

1892–93 में लार्ड हॉक एक अधिक शक्तिशाली टीम लेकर भारत आये। पारसियों ने उन्हें हरा दिया। इस मैच मे रन संख्या बहुत कम रही। भारतीय टीम ने 93 और 182 रन बनाये जिसके उत्तर में अंग्रेज 73 और 93 रन ही बना सके। दूसरे मैच में विदेशी टीम ने पारसियों से खेल में 7 रनों से विजय-श्री छीन ली परन्तु उसके लिये उन्हें काफी संघर्ष करना पड़ा। विदेशी टीम ने 139 और 85 रन बनाये, जबकि भारतीय टीम ने 127 और 90 रन बनाये।

इन वर्षों में विशेष ख्याति प्राप्त पारसी खिलाड़ी थे। कर्नल के० एम० मिस्त्री, एक महान् सर्वोन्मुखी खिलाड़ी; एम० डी० बलसारा, एक खतरनाक गेंदबाज; मछलीवाला, एक आक्रामक बल्लेबाज; डॉ० एम० ई० पारवी, जो

एक मधा हुआ गेंदबाज था और जिसने 1888 में पारसियों के इंग्लैंड के द्वितीय भ्रमण मे 12 रन प्रति विकेट का औसत देकर 170 विकेट लिये थे; पी० बापामोला, एक ठोस बल्लेबाज; बी० डी० मेगरट, एक कुशल बल्लेबाज; डॉ० एच० डी० कागा, एक महान् सर्वोन्मुखी खिलाड़ी; ए० एच० मेहता, तेज गेंदबाज और जे० एम० फ्रामजी पटेल जो इस अवधि में पारसी टीम का कप्तान था।

आगे चलकर 1910 और 1935 के बीच मे पारसियो ने श्रेष्ठ खिलाडियो का एक दूसरा दल तैयार किया, जिसमे जे० एस० वार्डन, एच० जे० वजीफदार, एस० एच० एम० कोल्हा, डोली कापडिया, डी० डी० ड्राइवर, बी० एच० मिर्जा, दारूवाला, बी० के० कालापेसी, आर० जमशेदजी, बी० ई० कापडिया, एन० डी० मार्शल, के० आर० मेहरोमजी और पी० ई० पालिया सम्मिलित थे।

1878 में बम्बई में हिन्दुओ ने सर्वश्री जी० खटाऊ, वेलिकार्ट, डी० धर्मसी, सर चुन्नीलाल बी० मेहता और जी० के० तेजपाल के कृपा पूर्ण संरक्षण मे "हिन्दू क्रिकेट क्लब" की स्थापना की। श्री परमानन्द दास जीवनदास के महान् दान से हिन्दू क्रिकेट क्लब 1894 में वर्तमान पी० जे० हिन्दू जीमखाना के रूप मे परिवर्तित हो गया। यद्यपि इस टीम की पारसियो की टीम से कोई तुलना नही की जा सकती थी तथापि हिन्दुओं ने कतिपय श्रेष्ठ खिलाड़ी पैदा किये जिनमें पी० बालू 1911 मे इंग्लैंड का दौरा करने वाली महाराजा पटियाला की टीम के सर्व श्रेष्ठ धीमे गेंदबाज थे; पी० के० तैलग, जी० आर० वान्दा, कीतिकर, एम० डी० पाई सभी अच्छे बल्लेबाज थे, शेषाचारी एक बहुत ही उत्तम विकेट रक्षक थे और 1911 मे इंग्लैंड का दौरा करने वाली टीम के सदस्य थे; के० ए० दांते और डी० एम० चोंकर विश्वसनीय सर्वोन्मुखी खिलाड़ी थे।

1915 के बाद हिन्दू जीमखाना ने अपनी शक्ति और बढाली और बी० बी० कंटके, पी० विट्ठल, डी० बी० देवधर, सी० के० नायडू, एस० एम० जोशी, के० जी० परदेशी, एम० एच० चन्द्राना, एल० रामजी, एम० आर० गोदाम्बे, जे० जी० नवले, के० आर० स्वामी, पी० शिवराम और एल० पी० जय जैसे अच्छे खिलाड़ी पैदा किये।

मुसलमानो ने अपनी पहली क्रिकेट टीम 1883 मे बम्बई मे बनाई। दस वर्ष बाद यह मुसलमान जीमखाना बन गई। बाद में इसका नाम बदलकर इसलाम जीमखाना कर दिया गया जो आज भी चल रहा है। 1912 मे उन्होंने पहली बार बम्बई के प्रसिद्ध क्रिकेट कार्निवाल में भाग लिया। इससे पूर्व तक जो खेल तीन तरफा होता था अब चौतरफा हो गया। 1910 और 1930 के बीच प्रसिद्ध मुस्लिम खिलाडी थे; ए० यु० बोटवाला, एस०

वजीरअली, एस० नजीरअली, विसराम, एस० ए० अजिज, तम्बूवाला, फिरोज खाँ, अब्दुस्सलाम, वजीर अहमद, सालेह मोहम्मद, हसनशाह, एम० जी० रसूल और मिर्जा यूसुफ बेग।

बम्बई शहर भारतीय क्रिकेट का मक्का बना रहा परन्तु भारत के अन्य भागों में भी क्रिकेट के प्रति आकर्षण बढ़ता गया। उत्तर भारत में यह खेल विशेषकर श्रीनगर, स्यालकोट, पेशावर, रावलपिंडी, लाहौर, पटियाला, कपूरथला, अंबाला, मेरठ और शिमला में लोकप्रिय बना। उत्तर प्रदेश में इलाहाबाद, अलीगढ़ आगरा, बनारस, बरेली, कानपुर और नैनीताल क्रिकेट के गढ बन गये। अबके राजस्थान और पुराने राजपूताना मे राजाओं ने क्रिकेट को अजमेर, अलवर, भरतपुर, जयपुर, जोधपुर, झालावाड़ और माउण्ट आबू में लोकप्रिय बनाया। अलवर कप के लिये अखिल भारतीय क्रिकेट प्रतियोगिता अजमेर में प्रारम्भ की गई। काठियावाड के राज्यों में क्रिकेट पोरबन्दर, राजकोट, भावनगर, पालीताना, लीमडी और जूनागढ मे लोकप्रिय हुआ। मध्य भारत में इन्दौर, ग्वालियर, भोपाल, मंहू और नागपुर क्रिकेट के केन्द्र बने। बंगाल में नट्टोर और कूचविहार के शासकों ने क्रिकेट को प्रोत्साहन दिया। नवाब मोइनुद्दौला ने हैदराबाद में इस सदी के तीसरे दशक में अपने नाम से एक टूर्नामेंट चलाया। 1911 में राजधानी बन जाने के बाद दिल्ली में भी क्रिकेट की ओर विशेष ध्यान दिया जाने लगा। 1920 में प्रसिद्ध रोशनारा क्लब की स्थापना हुई।

पटियाला के स्वर्गीय महाराजा भूपेन्द्रसिंहजी क्रिकेट के सबसे बडे संरक्षक थे। वे 1911 में एक टीम इंग्लैंड भ्रमण पर ले गये। वे इंग्लैंड और आस्ट्रेलिया से कुछ प्रसिद्ध खिलाडी लेकर आये। उन्होंने रणजी ट्रॉफी प्रदान की तथा *1935–36* में जेक राइडर के नेतृत्व में एक आस्ट्रेलियाई टीम बुलाई। उन्होंने और स्वर्गीय आर० ई० ग्रांटगोवन, भोपाल के स्वर्गीय नवाब, जामनगर के स्वर्गीय महाराजा श्री दिग्विजयसिंहजी, स्वर्गीय सर सिकन्दर हयात खां, स्वर्गीय ए० एस० डी० मैलो आदि इस खेल के कुछ अन्य शुभचिन्तकों ने मिलकर भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड की स्थापना की।

भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड

भारतीय क्रिकेट नियन्त्रण बोर्ड की स्थापना कब और किस स्थान पर हुई, यह निश्चित रूप से ज्ञात नहीं है। कुछ लोगों के अनुसार बोर्ड की स्थापना दिल्ली में नवम्बर, 1927 में हुई जबकि कुछ लोगों का कहना है कि बोर्ड की स्थापना बम्बई में अप्रेल, 1928 में हुई थी। किन्तु आश्चर्य की बात यह है कि भारत इम्पीरियल क्रिकेट कान्फ्रेन्स, लन्दन का सदस्य क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड की स्थापना होने से पहले ही बना लिया गया था। एम० सी० सी० के अभिलेखों से पता चलता है कि कलकत्ता क्लब के श्री मर्रे रोबर्टसन और सर विलियम क्यूरी ने भारत की ओर से 31 मई को लॉर्ड्स में और फिर 28 जुलाई 1926 को ओवल में आयोजित इम्पीरियल क्रिकेट कान्फ्रेन्स में भाग लिया था।

कलकत्ता क्रिकेट क्लब ने 1926-27 में एम० सी० सी० की टीम के सर्व प्रथम भारत में भ्रमण का सम्पूर्ण प्रबन्ध किया। इस टीम के कप्तान श्री आर्थर गिलीगेन थे। इस भ्रमण के दौरान श्री गिलीगेन ने इस बात पर जोर दिया कि भारत में भी शीघ्र ही एक क्रिकेट बोर्ड की स्थापना होनी चाहिए।

जब एम० सी० सी० टीम 22 नवम्बर 1927 को दिल्ली में थी उसी दिन रोशनआरा क्लब में (स्व०) श्री आर० ई० ग्रांट गोवन द्वारा आयोजित एक बैठक में यह निश्चय किया गया कि शीघ्र ही भारतीय क्रिकेट बोर्ड की स्थापना की जाए। इस बैठक की अध्यक्षता पटियाला के भूतपूर्व महाराजा श्री भूपेन्द्रसिंहजी ने की जो भारतीय क्रिकेट के महान् संरक्षक थे। इस बैठक में सिन्ध, पंजाब, पटियाला, दिल्ली, बंगाल, यू० पी०, राजपूताना, भोपाल, ग्वालियर, बड़ौदा, मध्य भारत, काठियावाड़ और अलवर के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस बैठक में निम्नलिखित प्रस्ताव स्वीकार किया गया—

"सिन्ध, पटियाला, दिल्ली, यू० पी०, राजपूताना, अलवर, भोपाल, ग्वालियर, बड़ौदा, काठियावाड़ और मध्यभारत के क्रिकेट में रुचि लेने वाले प्रतिनिधियों की यह सभा निम्नलिखित प्रयोजनों के लिये भारतीय क्रिकेट नियन्त्रण बोर्ड के गठन के प्रस्ताव का अनुमोदन करती है:—

(1) क्रिकेट के खेल का पूरे भारत में प्रसार और नियन्त्रण करना।

(2) प्रादेशिक, विदेशी और अन्य क्रिकेट मैचों का आयोजन तथा नियन्त्रण करना।

भारत से विदेश जानेवाली प्रथम क्रिकेट टीम

(इंग्लैंड का 1886 में भ्रमण करने वाली पारसी टीम)

भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों का संस्थापक अध्यक्ष श्री ग्रांट गोवन और श्री ए.एस.डी. मैलो, प्रथम सचिव के साथ चित्र

••

भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड

अध्यक्ष

सर आर. ई. ग्रांट गोवन

सर सिकन्दर हयात खां

(3) विदेशी टीमों के भारत भ्रमण की व्यवस्था करना तथा अखिल भारतीय टीमों का देश और विदेश में खेलने का प्रबन्ध व नियन्त्रण करना।

(4) आवश्यकता पड़ने पर अन्तर्राज्यीय मैचों का आयोजन व नियन्त्रण करना।

(5) बोर्ड के सदस्य संघों के बीच उत्पन्न हुए किसी भी प्रकार के झगड़े या मत भेद का निपटारा करना और यदि कोई सदस्य संस्था इसके सामने अपील करे तो उसका फैसला करना।

(6) वांछनीय होने पर मेरीलीबोंन क्रिकेट क्लब द्वारा बनाये गये नियमों और उनके संशोधनों को स्वीकार करना।

दिल्ली के बाद अगली बैठक बम्बई जीमखाना में अप्रैल 1928 में हुई जिसमें यह स्वीकार किया गया कि बोर्ड के कार्य मुख्यत: नीति विषयक और नियन्त्रणात्मक ही होंगे। इसलिए एक अस्थायी बोर्ड के गठन का प्रस्ताव स्वीकार किया गया जिसमें अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व निम्नलिखित सदस्य थे।

(1) बम्बई, मद्रास, सेन्ट्रल प्रोविन्सेज व पंजाब की चतुष्कोणीय समितियां।

(2) कराची की पंचकोणीय समिति।

(3) कलकत्ता क्रिकेट क्लब।

(4) राजेन्द्र जीमखाना, पटियाला।

(5) रोशनआरा क्लब, दिल्ली।

(6) काठियावाड़ राज्य।

इस अस्थायी बोर्ड से यह कहा गया कि यह प्रान्तीय या क्षेत्रीय संघो के निर्माण को प्रोत्साहित करे। यह भी निश्चित किया गया कि यह बोर्ड तब तक कार्य करता रहेगा जब तक कि आठ प्रान्तीय या क्षेत्रीय संघो का निर्माण न हो जाए और उनका मंडल से सम्बन्ध स्थापित न हो जाए।

जिस दिन बोर्ड के आठ सदस्य बन गये उस दिन से इसका अस्थायीपन समाप्त हो गया।

बोर्ड और विभिन्न प्रान्तीय संघों के निर्माण का प्रारम्भिक कार्य अधिकतर पटियाला के स्वर्गीय महाराजा श्री भूपेन्द्रसिंहजी, नवानगर के स्वर्गीय जाम साहब श्री दिग्विजयसिंहजी, इन्दौर के स्वर्गीय महाराजा, भोपाल के स्वर्गीय नवाब, कूचबिहार के महाराजा, श्री आर० ई० ग्रांट गोवन, श्री ए० एस० डी० मैलो, डा कांगा, श्री ए० एल० होसी, कर्नल रूबी, श्री एफ० टी० जोन्स, श्री आर० बी० लेगडन, श्री मर्रे रोबर्टसन, सर आर०

रिचमंड और श्री जस्टिस पियर्सन द्वारा किया गया। स्वर्गीय लार्ड विलिंगडन ने भी बोर्ड के निर्माण के लिए सम्बन्धित व्यक्तियों को प्रोत्साहित कर बड़ी सहायता प्रदान की। बोर्ड के निर्माण की प्रारंभिक अवस्था में श्री आर० ई० ग्रांटगोवन, उसके अध्यक्ष और स्वर्गीय श्री ए० एस० डी० मैलो अवैतनिक मंत्री रहे। श्री गोवन दस वर्ष तक बोर्ड के अध्यक्ष बने रहे। श्री डी० मैलो सन् 1938 तक तो अवैतनिक मंत्री रहे फिर वे बोर्ड के उपाध्यक्ष बने और अंततः 1946 मे इसके अध्यक्ष पद का भार सम्भाला।

बोर्ड ने 1934 में रणजी ट्रॉफी के लिये राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता (नेशनल क्रिकेट चैम्पियनशिप) शुरू की। एक वर्ष पश्चात् बोर्ड ने रोहिंटन बारिया ट्रॉफी के लिये अन्तर-विश्वविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता चालू की। 1942 तक यह प्रतियोगिता बोर्ड द्वारा चलाई गई फिर इसे चलाने का कार्य भार अन्तर-विश्वविद्यालय स्पोर्टस् बोर्ड ने ले लिया। कूच बिहार ट्रॉफी के लिये अखिल भारतीय अन्तर-राज्य स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता 1945 में प्रारम्भ हुई और दलीप ट्रॉफी के लिये अन्तर क्षेत्रीय प्रतियोगिता 1960 में शुरू हुई।

जैसे जैसे वर्ष बीतते गए बोर्ड उत्तरोत्तर शक्तिशाली होता गया और इसकी गतिविधियाँ भी बढ़ती गई। 1965 तक इसने दस वार अपनी टीमों को विदेश भ्रमण के लिए भेजा और बीस औपचारिक तथा अनौपचारिक विदेशी टीमों को अपना अतिथि बनाया। बोर्ड के इस समय 27 सदस्य हैं जो पाँच क्षेत्रों मे निम्न प्रकार से विभाजित किये गये हैं।

उत्तर क्षेत्र :

1. दिल्ली व जिला क्रिकेट संघ
2. दक्षिण पंजाब क्रिकेट संघ
3. सेना खेल-कूद नियन्त्रण बोर्ड
4. उत्तर पंजाब क्रिकेट संघ
5. जम्मू व कश्मीर क्रिकेट संघ
6. रेल्वे खेल कूद नियन्त्रण बोर्ड
7. भारतीय अन्तर-विश्व विद्यालय बोर्ड

पूर्व क्षेत्र :

1. बंगाल क्रिकेट संघ
2. बिहार क्रिकेट संघ
3. असम क्रिकेट संघ
4. उड़ीसा क्रिकेट संघ
5. नेशनल क्रिकेट क्लब

पश्चिम क्षेत्र :

1. बम्बई क्रिकेट संघ
2. दि क्रिकेट क्लब ऑफ इण्डिया लि०
3. महाराष्ट्र क्रिकेट संघ
4. बड़ौदा क्रिकेट संघ
5. गुजरात क्रिकेट संघ
6. सौराष्ट्र क्रिकेट संघ

दक्षिण क्षेत्र :

1. मद्रास क्रिकेट संघ
2. मैसूर क्रिकेट संघ
3. हैदराबाद क्रिकेट संघ
4. केरल क्रिकेट संघ
5. आन्ध्र क्रिकेट संघ

मध्य क्षेत्र :

1. उत्तर प्रदेश क्रिकेट संघ
2. मध्य प्रदेश क्रिकेट संघ
3. राजस्थान क्रिकेट संघ
4. विदर्भ क्रिकेट संघ

बोर्ड के वार्षिक महाअधिवेशन में प्रति वर्ष निम्नलिखित समितियां बनाई जाती हैं जिनके द्वारा बोर्ड की विभिन्न गतिविधियाँ सम्पन्न होती है:—

1. कार्यकारणी समिति
2. रणजी ट्रॉफी उपसमिति
3. चयन समिति
4. प्रशिक्षण उप-समिति
5. स्कूल टूर्नामेंट उप-समिति
6. निर्णायक उप-समिति
7. परोपकार निधि समिति
8 नियम संशोधन समिति
9. विश्व विद्यालय सलाहकार बोर्ड समिति
10. प्रधान कार्यालय समिति

भारतीय क्रिकेट नियन्त्रण बोर्ड की स्थापना से लेकर अब तक निम्नलिखित व्यक्ति इसके पदाधिकारी रहे हैं:—

अध्यक्ष :

श्री आर० ई० ग्रांटगोवन
सर सिकन्दर हयात खां
डाक्टर पी० सुब्बारायन
भोपाल के नवाब साहब
श्री ए० एस० डी० मैलो
श्री जे० सी० मुकर्जी
विजयनगरम् के महाराजा कुमार विजय आनन्द
सरदार गुरजोतसिंह मजीठिया
श्री आर० के० पटेल
श्री एम० ए० चिदम्बरम्
बड़ौदा के महाराजा फतहसिंह राव गायकवाड
श्री जेड० आर० ईरानी

अवैतनिक सचिव
श्री ए० एस० डी० मैलो
श्री रंगा राव
श्री पंकज गुप्ता
श्री एम० जी० भावे
श्री ए० एन० घोष
श्री एम० चिन्नास्वामी
श्री एस० श्रीरमन

अवैतनिक कोषाध्यक्ष
श्री जेड० आर० ईरानी
श्री डी० पी० थानावाला
श्री एम० ए० चिदम्बरम

अवैतनिक संयुक्त सचिव
श्री टी० श्रीनिवास राघवन
श्री एम० जी० भावे
श्री एम० चिन्नास्वामी
श्री राम प्रकाश मेहरा
श्री एस० श्रीरमन
श्री एम० बी० एल० माथुर

सहायक सचिव
श्री एन० डी० करमाकर

अध्यक्ष

डा. पी. सुब्बारायन

भोपाल के नवाब साहब

नवानगर के जाम साहब

श्री ए. एस. डी. मैलो

अध्यक्ष

श्री जे. सी. मुकर्जी

विजयनगरम् के महाराजकुमार विजय आनन्द (भारत का टेस्ट क्रिकेट में नेतृत्व भी किया)

Ratilal K. Patell

श्री. आर. के. पटेल

(..., गुजरात क्रिकेट संघ)

श्री एम. ए. चिदम्बरम्

(अध्यक्ष, मद्रास क्रिकेट संघ)

अध्यक्ष

सरदार सुरजीतसिंह मजीठिया

बड़ोदा के महाराजा श्री फतहसिंह राव गायकवाड (अध्यक्ष, बड़ोदा क्रिकेट संघ

अवैतनिक सचिव

श्री रंगा राव

श्री पंकज गुप्ता

श्री एम. जी. भावे

श्री ए. एन. घोष (अध्यक्ष, बंगाल क्रिकेट संघ; उपाध्यक्ष, भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड

अवैतनिक सचिव

श्री एम. चिन्नास्वामी
(सचिव, मैसूर राज्य क्रिकेट संघ; उपाध्यक्ष, भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड)

श्री एस. श्रीरमन
(सचिव, मद्रास क्रिकेट संघ)

अवैतनिक कोषाध्यक्ष

श्री जेड. आर. ईरानी
(वर्तमान अध्यक्ष, भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड)

श्री डी. पी. धानावाला

अवैतनिक संयुक्त सचिव

श्री टी. श्रीनिवासराघवन

श्री राम प्रकाश मेहरा
(अध्यक्ष, दिल्ली व जिला क्रिकेट संघ;
उपाध्यक्ष, भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड)

अध्यक्ष, सदस्य संघ

प्रो. डी. बी. देवधर
(महाराष्ट्र)

श्री फकरूद्दीन अली अहमद
(असम)

श्री एच. डी. सिंह
(रेल्वे खेलकूद नियंत्रण बोर्ड)

मेजर जनरल जगजीतसिंह आरोरा
(सेना खेलकूद नियंत्रण बोर्ड)

अध्यक्ष, सदस्य संघ

श्री जमतादास हरगा
(विदर्भ)

श्री एम. दत्ता रे
(अध्यक्ष, टेस्ट चयन समिति)

भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड

अवैतनिक संयुक्त सचिव

श्री एम. बी. एल. माथुर

सहायक सचिव

श्री एन. डी. करमारकर

बोर्ड के तत्वावधान में निम्नलिखित ट्रॉफियों के लिए प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं:—

रणजी ट्रॉफी:—

यह ट्रॉफी प्रतिवर्ष राष्ट्रीय विजेता दल को भेंट की जाती है। यह ट्रॉफी पटियाला के महाराजा सर भूपेन्द्र सिंह महेन्द्र बहादुर ने नवानगर के स्वर्गीय महाराजा सर रणजीत सिंहजी विभाजी की यादगार में दी थी। इस ट्रॉफी का मूल्य लगभग 7500 रुपये है।

दि इम्पीरियल टोबेको कम्पनी ट्रॉफी:—

यह ट्रॉफी प्रति वर्ष राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता के उपविजेता को प्रदान की जाती है। इसे 1946 में भारत की इम्पीरियल टोबेको कम्पनी लिमिटेड ने भेंट किया था। इसकी कीमत लगभग 1000 रुपये है।

तालिम ट्रॉफी

यह ट्रॉफी प्रति वर्ष रणजी ट्रॉफी प्रतियोगिता में पश्चिमी क्षेत्र की विजेता टीम को प्रदान की जाती है। इस ट्रॉफी को महाराष्ट्र क्रिकेट संघ ने अपने संस्थापक अध्यक्ष स्वर्गीय श्री टी० वी० तालिम की यादगार में भेंट किया था। यह करीब 1200 रुपये की कीमत की है।

मेवाड ट्रॉफी:—

यह प्रति वर्ष रणजी ट्रॉफी प्रतियोगिता में मध्य क्षेत्र की विजेता टीम को प्रदान की जाती है। यह ट्रॉफी मेवाड के महाराणा श्री भगवतसिंहजी ने मध्य क्षेत्र में क्रिकेट को प्रोत्साहन देने के लिए भेंट की थी। इसकी कीमत करीब 3500 रुपये है।

एम० डी० सौंदरराजन ट्रॉफी:—

यह ट्रॉफी प्रतिवर्ष रणजी ट्रॉफी प्रतियोगिता में दक्षिण क्षेत्र की विजेता टीम को दी जाती है। दक्षिण क्षेत्र में क्रिकेट को प्रोत्साहन देने के लिए मद्रास क्रिकेट संघ ने इसे भेंट किया था। इसकी कीमत करीब 750 रुपये है।

मोना मित्तर मेमोरियल चेलेंज कप:—

रणजी ट्रॉफी प्रतियोगिता में पूर्वी क्षेत्र के विजेता को प्रति वर्ष यह कप प्रदान किया जाता है। इसे बंगाल क्रिकेट संघ ने पूर्व क्षेत्र में क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए भेंट किया था। इसकी कीमत लगभग 3000 रुपये है।

जेड० आर० ईरानी ट्रॉफी:—

यह ट्रॉफी प्रति वर्ष राष्ट्रीय विजेता दल व शेष भारत की टीम के बीच हुए मैच में विजेता दल को प्रदान की जाती है। क्रिकेट को प्रोत्साहन

देने के लिए इसे मैसर्स स्पेन्सर्स लिमिटेड ने भेंट की। यह करीब 2000 रुपये की कीमत की है।

दलीपसिंह जी ट्रॉफी:—

यह क्षेत्रीय प्रतियोगिता मे विजेता टीम को दी जाती है। स्वर्गीय महाराजा साहब श्री दलीप सिंहजी की यादगार में भारतीय क्रिकेट नियन्त्रण बोर्ड ने यह प्रतियोगिता प्रारम्भ की है। इस ट्रॉफी की कीमत करीब 5000 रुपये है।

रोहिंटन बारिया ट्रॉफी:—

यह प्रतिवर्ष अखिल भारतीय विश्व विद्यालय प्रतियोगिता की विजेता टीम को प्रदान की जाती है। इसे मैसर्स बारिया ब्रदर्स ने अपने पुत्र की यादगार मे प्रदान किया था। यह करीब 3500 रुपये की है।

कूच बिहार ट्रॉफी:—

यह ट्रॉफी अखिल भारतीय स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के विजेता दल को प्रदान की जाती है। इसे कूच बिहार के महाराजा ने स्कूलो मे क्रिकेट को प्रोत्साहन देने के लिए भेंट किया था। इसकी कीमत करीब 500 रुपये है।

सुन्दर ट्रॉफी:—

यह ट्रॉफी अखिल भारतीय क्रिकेट स्कूल प्रतियोगिता के उपविजेता टीम को भेंट की जाती है। इसे श्री पी० के० असर ने स्वर्गीय रणजी, स्वर्गीय नवाब पटौदी, स्वर्गीय एल० अमरसिंह और स्वर्गीय डी० डी० हिंडलेकर की यादगार में प्रदान किया था। इसकी कीमत करीब 1200 रुपये है।

प्रवीण ट्रॉफी:—

यह ट्रॉफी अखिल भारतीय स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता में पश्चिम क्षेत्र के विजेता दल को भेंट की जाती है। इसे संत रियासत की महारानी ने संत रियासत के स्वर्गीय महाराजा की याद मे भेंट किया था। इस ट्रॉफी की कीमत करीब 1000 रुपये है।

पंडित रामनाथ शील्ड:—

यह वैजयन्ती रणजी ट्रॉफी प्रतियोगिता मे उत्तर क्षेत्र के विजेता को भेंट की जाती है। इसे उत्तर पंजाब क्रिकेट संघ ने उत्तर क्षेत्र में क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए प्रदान किया था। इसकी कीमत करीब 1000 रुपये है।

भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड के सदस्य संघ

उत्तर क्षेत्र :

दिल्ली व जिला क्रिकेट संघ

दिल्ली में क्रिकेट संघ की स्थापना का विचार सर्व प्रथम श्री ए० एस० डी० मैलो ने प्रस्तुत किया। उन्होंने दिल्ली के व्यापारियों से चन्दा एकत्रित किया और श्री एफ० टी० जोन्स से जो उस समय सी० पी० डब्लू० डी० भारत सरकार, नई दिल्ली के मुख्य इंजीनियर थे, एक भूमि का खण्ड प्राप्त किया। इस संघ के उद्घाटन के बाद श्री जोन्स इसके प्रथम अध्यक्ष निर्वाचित हुए। इस संघ ने कोटला फिरोजशाह मैदान तैयार किया। इसमें स्वर्गीय महाराज कुमार विजयनगरम् ने एक पेवेलियन बनवाया जिसकी आधार शिला 10 फरवरी, 1930 को तत्कालीन वाइसराय एवं गवर्नर जनरल लार्ड विलिंगडन ने रखी।

यह संघ 1934-35 से नियमित रूप से रणजी ट्रॉफी प्रतियोगिता और अखिल भारतीय स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेता आ रहा है। इसने अनेक टेस्ट मैचों का सफलतापूर्वक आयोजन किया है। इस संघ के निम्न पदाधिकारी हैं:—

अध्यक्ष	: सरदार सुरजीत सिंह मजीठिया।
उपाध्यक्ष	: श्री पी० एल० मेहता
	: श्री एस० जी० बोसमल्लिक
अवैतनिक महा सचिव	: श्री राम प्रकाश मेहरा
अवैतनिक खेल सचिव	: श्री एम० बी० एल० माथुर
अवैतनिक मनोरंजन सचिव	: श्री आर० सरन
अवैतनिक कोषाध्यक्ष	: श्री मोहन लाल मेहरा
संस्थापक अध्यक्ष	: श्री एफ० टी० जोन्स
संस्थापक सचिव	: श्री नजीर हुसैन
पता	: फिरोजशाह कोटला मैदान, विलिंगडन पेवेलियन, नई दिल्ली।
तार	: "क्रिकेट", नई दिल्ली।
फोन	: 274514

उत्तर पंजाब क्रिकेट संघ

पंजाब मे प्रारम्भ में एक ही क्रिकेट संघ था किन्तु 1921 में इसका विभाजन दो स्वतन्त्र संघो मे हो गया—उत्तर पंजाब क्रिकेट संघ व दक्षिण पंजाब क्रिकेट संघ जिसका मुख्य कार्यालय पटियाला में था। दोनों ही संघों ने भारत में क्रिकेट के विकास और लोकप्रियता में मुख्य सहयोग दिया। किन्तु देश के विभाजन ने दोनो ही संघों को छिन्न-भिन्न कर दिया। क्रिकेट प्रेमियो ने इस धक्के को धैर्यपूर्वक सहन किया और 30 अक्टूबर, 1949 मे पूर्वी पंजाब क्रिकेट संघ का निर्माण किया जिसके अध्यक्ष मेजर जनरल एस० पी० पी० थोरट और सचिव श्री एन० आर० मोहला बने। कुछ समय पश्चात् इस संघ के कार्य का फिर से विभाजन हुआ जिसके फलस्वरूप इसको फिर दो संगठनो में बांटा गया—उत्तर पंजाब क्रिकेट संघ जिसका मुख्य कार्यालय जालंधर में रखा गया और दक्षिण पंजाब क्रिकेट संघ जिसका मुख्य कार्यालय पटियाला में रहा। श्री मोहला उत्तर पंजाब क्रिकेट संघ के सचिव पद पर बने रहे और अब भी वे इस पद पर कार्य कर रहे हैं।

यह संघ निरंतर रणजी ट्रॉफी और अखिल भारतीय स्कूल प्रतियोगिता में भाग लेता आ रहा है। इसने अनेक विदेशी भ्रमणकारी दलों के साथ मैचो का आयोजन भी किया है।

भारत के इस क्षेत्र में क्रिकेट की एक विशेषता यह रही है कि सन् 1924 से लेकर आज तक प्रति वर्ष एक मैच पंजाब विश्व विद्यालय क्रिकेट टीम और पंजाब राज्यपाल एकादश के बीच आयोजित हो रहा है। मेजर जनरल गुरबक्श सिंह इस संघ के अध्यक्ष हैं।

पता : 8/5, हरदयाल रोड, जालन्धर कैंट
तार : "ई पी सी ए", जालन्धर
फोन : 24।

रेल्वे खेल कूद नियन्त्रण बोर्ड

इस बोर्ड ने देश के क्रीड़ा क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। रेल्वे के अनेक खिलाड़ियों ने विभिन्न खेलों में विशेष योग्यता का परिचय दिया है। एफ० एफ० बीड़ी रेल्वे के प्रथम व्यक्ति हैं जिन्होंने अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट मे विशेष ख्याति प्राप्त की उन्होने मद्रास की ओर से खेलते हुए ऑक्सफोर्ड विश्व विद्यालय आर्थेटिक्स के विरुद्ध 1902 मे आठ विकेट लिए जिसके कारण यह टीम केवल 83 रन बना सकी।

1924 मे बम्बई, बड़ौदा और सेन्ट्रल इण्डिया रेल्वे क्रिकेट क्लब प्रथम बार अखिल भारतीय क्रिकेट प्रतियोगिता में सम्मिलित हुई, जो दिल्ली में हुई थी, और सरलता से विजय श्री प्राप्त की।

अवैतनिक सचिव, सदस्य संघ

श्री सुरेश साहु
(विदर्भ)

श्री एस. एम. बशीर
(उत्तर प्रदेश)

डॉ. एस. के. कौल
(मध्य प्रदेश)

श्री बी. डी. गौड़
(रेल्वे खेलकूद नियंत्रण बोर्ड)

श्री एच. आर. मोहला
(उत्तर पंजाब)

अवैतनिक सचिव, सदस्य संघ

श्री एन. सी. कोले
(बंगाल)

प्रो. पी. आर. करमारकर
(मराराष्ट्र)

श्री एन. एस. आर. पन्दलू
(आन्ध्र)

श्री के. डी. हजारिका
(असम)

रेल्वे खेल कूद नियन्त्रण बोर्ड जो कि 21 अखिल भारतीय संगठनों का सदस्य है और जो प्रति वर्ष 22 खेलों में अन्तर रेल्वे प्रतियोगिता का आयोजन करता है, भारतीय क्रिकेट नियन्त्रण योर्ड की वार्षिक सामान्य बैठक में उसका सदस्य बना। यह बैठक 1957 में जालंधर में हुई थी। अगले वर्ष से ही रेल्वे ने रणजी ट्रॉफी प्रतियोगिता में भाग लेना शुरु कर दिया।

रेल्वे खेल कूद नियन्त्रण बोर्ड ने 18, 19 और 20 मार्च 1960 को उत्तर रेल्वे स्टेडियम दिल्ली मे बम्बई और शेष भारत एकादश के बीच क्रिकेट मैच का आयोजन कर रणजी ट्रॉफी के लिए राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता की रजत जयन्ती का समारोह मनाया।

इस संघ के निम्नलिखित पदाधिकारी है:—

संरक्षक	: श्री कृपाल सिंह
अध्यक्ष	: श्री एच० डी० सिंह
उपाध्यक्ष	: श्री पी० सहाय
सचिव	: श्री बी० डी० गौड़
कोषाध्यक्ष	: श्री एम० सी० सरीन
संयुक्त सचिव	: श्री० पी० के० माथुर
सहायक सचिव	: श्री० एस० एन० गोपाल
	: श्री पृथ्वीराज अयरोल
पता	: रेल भुवन, रायसीना रोड, नई दिल्ली
तार	: "रेल स्पोर्ट्स", नई दिल्ली।
फोन	: 34733।

सेना खेल-कूद नियन्त्रण बोर्ड

सेना खेल-कूद नियन्त्रण बोर्ड एक अन्तर-सेना निकाय है जो सशस्त्र सेना के तीनों विभागों यानी वायु सेना, जल सेना और थल सेना के सैनिकों के लिये खेल का आयोजन करता है।

इस बोर्ड का संगठन सर्व प्रथम 1919 में थल सेना खेल कूद बोर्ड (आर्मी स्पोर्टस कंट्रोल बोर्ड) के रूप में हुआ था। अप्रैल 1945 मे इसका पुनर्गठन किया गया और इसका नाम सेना खेल-कूद नियंत्रण बोर्ड रखा गया। इसका सचिवालय जून 1954 तक सामान्य अमला शाखा, सेना मुख्यालय (जनरल स्टाफ ब्रांच आर्मी हैडक्वार्टर्स) में ही रहा।

जून, 1954 में इस बोर्ड के प्रशासनिक ढांचे में फिर से परिवर्तन किया गया और यह निश्चय किया गया कि इस बोर्ड के अध्यक्ष और सचिव सेना के तीनों अंगो से बारी बारी से लिए जायेंगे और इनका कार्य काल 4 वर्ष का रहेगा।

इस बोर्ड का अध्यक्ष प्रधान अमला अधिकारी (प्रिंसिपल स्टाफ आफीसर) के पद का होता है। अध्यक्ष, सचिव और सहायक सचिव के अतिरिक्त सेना के तीनों अंगों से एक-एक प्रतिनिधि इस बोर्ड के सदस्य होते हैं।

इस बोर्ड के द्वारा अनेक समितियाँ गठित की गई हैं जो विभिन्न खेलों के आयोजन और नियन्त्रण आदि के विषय में प्रशासनिक सलाह देती हैं। इन समितियों के अतिरिक्त सेना के प्रत्येक अंग का अपना एक-एक मंडल है जो इस बोर्ड की देख-रेख मे कार्य करता है और अपने विभाग में खेल-कूद प्रतियोगिताओं का आयोजन करता है।

सेना की टीम रणजी ट्रॉफी प्रतियोगिता में नियमित रूप से 1949-50 से सम्मिलित हो रही है और 1956-57 और 1957-58 में उपविजेता रही है।

बोर्ड के निम्नलिखित पदाधिकारी हैं:—

अध्यक्ष : मेजर जनरल जगजीतसिंह अरोरा
थल सेना सदस्य : कर्नल बी० पी० सिंह
जल सेना सदस्य : कैप्टेन पी० एन० माथुर
वायु सेना सदस्य : एअर कमांडर सी० एल० मेहता
सचिव : ले० कर्नल हेमू अधिकारी
सहायक सचिव : लेफ्टिनेंट केहर सिंह
पता : सशस्त्र सेना मुख्यालय, डी० एच० क्यू०, नई दिल्ली।
तार : "सर्विसेज स्पोर्टस", नई दिल्ली।
फोन : 34635 व 31938।

दक्षिण पंजाब क्रिकेट संघ

इस संघ की स्थापना 1921 मे स्वर्गीय पटियाला महाराजाधिराज श्री भूपेन्द्र सिंहजी के कृपापूर्ण संरक्षण के कारण हुई। यह संघ 1934-35 से रणजी ट्रॉफी में भाग लेता आ रहा है। यह अखिल भारतीय स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता मे भी नियमित रूप से सम्मिलित होता है। 1947 में देश के विभाजन के फलस्वरूप इस संघ के कार्य-क्षेत्र में कुछ परिवर्तन करना पड़ा।

पता : रूरकेरा हाउस, पटियाला,
तार : "क्रिकेट", पटियाला।

जम्मू व काश्मीर क्रिकेट संघ

इस संघ का गठन 1957 में हुआ और सितम्बर 1958 में सिकन्दराबाद मे हुई भारतीय क्रिकेट नियन्त्रण बोर्ड की वार्षिक बैठक में वह

बोर्ड का सदस्य बना लिया गया। 1959 से इस संघ ने रणजी ट्रॉफी प्रतियोगिता मे भाग लेना शुरू कर दिया था। अब यह अखिल भारतीय स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता में भी भाग लेता है।

डॉ० कर्णसिंह इस संघ के मुख्य संरक्षक हैं, और यह उन्हीं के संरक्षण का फल है कि क्रिकेट का खेल, जो 1947 के बाद इस राज्य मे करीब समाप्त-सा हो गया था फिर से चालू किया जा सका। दूसरे राज्यों के विपरीत यहाँ क्रिकेट अप्रैल से लेकर अक्तूबर तक चलता है।

पता : द्वारा एस० पी० कालेज, श्रीनगर

फोन : 452

भारत व लंका का अन्तर-विश्व विद्यालय खेल-कूद बोर्ड

इस अंतर- विश्वविद्यालय खेल-कूद बोर्ड की स्थापना 1929-30 में सर्व प्रथम अन्तर-विश्वविद्यालय एथलेटिक बोर्ड के रूप में पटना मे हुई थी। यह एथलेटिक बोर्ड एक स्वतन्त्र संगठन था। इस बोर्ड के अन्तर्गत प्रारम्भ में क्रिकेट, फुटबाल, हाकी तथा टेनिस की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता था। धीरे-धीरे यह बोर्ड अधिक सशक्त बनता गया और 1941 मे इसने अन्तर विश्व विद्यालय खेल-कूद बोर्ड का रूप धारण कर लिया जिसकी पहली बैठक 24 मार्च 1941 को लखनऊ में हुई। इस बैठक में विभिन्न खेलों की प्रतियोगिताओ के स्थान, पात्रता खर्च, ट्रॉफियों और पुरस्कार आदि के सम्बन्ध में नियम बनाए गए। इस बोर्ड को अन्तर विश्वविद्यालय खेल-कूद प्रतियोगिताओं के आयोजन व नियन्त्रण के सम्पूर्ण अधिकार दिये गये। अब यह बोर्ड 53 विश्वविद्यालयों का एक शक्तिशाली तथा पूर्ण विकसित संगठन बन चुका है जो 15 खेल-कूद प्रतियोगिताओं का आयोजन करता है। प्रत्येक सदस्य विश्वविद्यालय इस बोर्ड को प्रति वर्ष 350 रुपये सदस्यता शुल्क के रूप में देता है।

इसके निम्नलिखित पदाधिकारी है:—

अध्यक्ष	: डाक्टर पी० पारिजा
सचिव	: डाक्टर बी० डी० लाडोइया
सहायक सचिव	: श्री जी० एम० सीविया
संस्थापक अध्यक्ष	: डाक्टर जाकिर हुसैन
संस्थापक सचिव व कोषाध्यक्ष	: प्रो० बी० के० अय्यापन पलाई

पता : राऊज एवेन्यू (तिलक पुल के समीप)
नई दिल्ली।

तार : "यूनी बोर्ड", नई दिल्ली।

फोन : 273037।

पूर्व क्षेत्र

बंगाल क्रिकेट संघ

जब 1926 में श्री गिलीगेन के नेतृत्व में प्रथम एम० सी० सी० की टीम भारत भ्रमण पर आई तब यह अनुभव किया गया कि भारत में भी क्रिकेट नियन्त्रण बोर्ड की स्थापना की जाए। इस हेतु बम्बई में एक गोष्ठी की गई जिसमें एक अस्थायी केन्द्रीय बोर्ड की स्थापना की गई और यह निश्चय किया गया कि प्रान्तीय संघो की स्थापना की जाए। कलकत्ता क्रिकेट क्लब ने पहल की और 3 फरवरी 1928 को एक ऐसे संघ की स्थापना की गई जिसका नाम "क्रिकेट एसोशियेशन ऑफ बंगाल एण्ड असम" रक्खा गया। 1943 मे असम ने अपना अलग संघ बना लिया।

बगाल क्रिकेट संघ का बंगाल जीमखाना से भी सम्बन्ध था और कई वर्षों तक बंगाल जीमखाना के पदाधिकारी ही इसका नियन्त्रण करते रहे और विभिन्न बाहरी मंडलों एवं सभाओ में इसका प्रतिनिधित्व करते रहे। बाद मे जीमखाना और बंगाल क्रिकेट बोर्ड के बीच बोर्ड के नियन्त्रण के सम्बन्ध मे कुछ विवाद खडा हो गया जो लगभग तीन वर्षो के बाद निपटा और 1943 में नए बंगाल क्रिकेट सघ का गठन किया गया जिसके निम्नलिखित पदाधिकारी थे:—

अध्यक्ष	: श्री जे० सी० मुकर्जी
उपाध्यक्ष	: श्री ए० ए० लैसली
अवैतनिक सचिव	: श्री पी० गुप्ता
अवैतनिक कोषाध्यक्ष	: श्री ए० एन० घोष

बंगाल क्रिकेट सघ प्रति वर्ष दो 'लीग' प्रतियोगिताओं का आयोजन करता है—सीनियर व जूनियर। इनमें 80 से अधिक टीमें भाग लेती हैं। इसके अतिरिक्त यह एक "नाक आउट" प्रतियोगिता का भी आयोजन करता है जिसमे 40 से ज्यादा टीमें भाग लेती हैं। स्कूलों के लिये अलग से एक 'लीग' प्रतियोगिता आयोजित की जाती है। बंगाल 1934-35 से रणजी-ट्रॉफी प्रतियोगिता में भाग लेता आ रहा है और 1938-39 मे वह राष्ट्रीय विजेता रहा था।

इसके निम्नलिखित पदाधिकारी हैं:—

अध्यक्ष	: श्री ए० एन० घोष
उपाध्यक्ष	: श्री ए० के० बोस
	: श्री डी० एन० डे
अवैतनिक सचिव	: श्री एन० सी० कोले
संस्थापक अध्यक्ष	: श्री जस्टिस एच० जी० पीयर्सन

संस्थापक अवैतनिक सचिव : श्री एम० रोबर्टसन
संस्थापक कोषाध्यक्ष : श्री डब्ल्यू० आर० एफ० रोबिन्सन
अवैतनिक कोषाध्यक्ष : श्री एन० एल० [illegible]
अवैतनिक सहायक सचिव : श्री एस० पुरी [illegible]
पता : ईडन गार्डेन्स, कलकत्ता 21
तार : "क्रिकेट", कलकत्ता
फोन : 232447 ।

बिहार क्रिकेट संघ

इस संघ ने सर्वप्रथम 1936-37 में रणजी ट्रॉफी प्रतियोगिता में भाग लिया और तब से लेकर अब तक निरन्तर इस प्रतियोगिता में शामिल होता आ रहा है। यह अखिल भारतीय स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता में भी भाग लेता है। इस संघ की स्थापना 1935 में श्री एच० एम० हेमैन की अध्यक्षता में हुई थी।

इस संघ के निम्नलिखित पदाधिकारी हैं:—

अध्यक्ष : श्री आर० बोग्नर
अवैतनिक सचिव : श्री पेरूदत्त
अवैतनिक कोषाध्यक्ष : श्री एन० सी० दास
पता : 'अष्टराग', 28 कॉन्ट्रैक्टर्स एरिया, जमशेदपुर—1
फोन : 2607 ए।

असम क्रिकेट संघ

असम क्रिकेट संघ की स्थापना 30 नवम्बर 1947 को गौहाटी में हुई थी। उस समय इसके पदाधिकारी निम्नलिखित थे—

मुख्य संरक्षक : श्री अकबर हैदरी
अध्यक्ष : लोकप्रिय गोपीनाथ बार्डोलाई
उपाध्यक्ष : श्री एम० एम० अमीन
: डाक्टर के० सी० बरुआ
अवैतनिक सचिव : श्री पुलिनचन्द्र दास
अवैतनिक कोषाध्यक्ष : श्री अन्नाराम बरुआ
अवैतनिक सहायक सचिव : श्री सुरंजन चक्रवर्ती

इस संघ के अन्तर्गत 12 जिले हैं। इन जिलों के उपसंघ अपने-अपने क्षेत्र में क्रिकेट प्रतियोगिताएं आयोजित करते हैं। यह संघ "नुरुद्दीन कप प्रतियोगिता" का आयोजन करता है।

इस संघ के निम्नलिखित पदाधिकारी हैं—

अध्यक्ष	: श्री एफ० ए० अहमद
उपाध्यक्ष	: श्री आर० जी० बरुहा
	: श्री एस० पी० बरुहा
अवैतनिक सचिव	: श्री के० डी० हजारिका
अवैतनिक कोषाध्यक्ष	: श्री जे० के० बरुहा
अवैतनिक सहायक सचिव	: श्री एस० बुरागाहैन
पता	: उजन बाजार, लेम्ब रोड, गौहाटी

उड़ीसा क्रिकेट संघ

उड़ीसा क्रिकेट संघ की स्थापना 1949 में हुई और श्री एच० के० मेहताव इसके प्रथम अध्यक्ष तथा श्री बी० सी० महन्ती इसके प्रथम अवैतनिक सचिव बनाए गये। 1949 मे इस संघ ने पहली बार रणजी ट्रॉफी प्रतियोगिता मे भाग लिया और तब से अभी तक लगातार इस प्रतियोगिता में सम्मिलित होता आ रहा है। अखिल भारतीय स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता में भी यह संघ बराबर सम्मिलित होता आ रहा है।

पता : बाराबत्ती स्टेडियम, कटक
फोन : 461

नेशनल क्रिकेट क्लब

नेशनल क्रिकेट क्लब की स्थापना 15 अगस्त, 1950 को हुई। इसी वर्ष इस संघ ने कलकत्ता क्रिकेट संघ से जमीन खरीदी और अंतरंग स्टेडियम बनाना प्रारम्भ किया और ईडन गार्डन्स कलकत्ता में रणजी स्टेडियम का निर्माण पूरा किया। यह भारतीय क्रिकेट नियन्त्रण बोर्ड का सदस्य अवश्य है पर उसके द्वारा आयोजित किसी भी प्रतियोगिता में भाग नहीं लेता।

इस संघ के निम्नलिखित पदाधिकारी हैं:—

अध्यक्ष	: श्री ए० के० सरकार
उपाध्यक्ष	: कूच विहार के महाराजा श्री जगद्वीपेन्द्र नारायण
	: भूपबहादुर
	: श्री नीरेन डे
सचिव	: श्री कल्याण सेन
कोषाध्यक्ष	: श्री ए० के० सेन
संस्थापक अध्यक्ष	: श्री जे० सी० मुकर्जी
संस्थापक सचिव	: श्री पकज गुहा
पता	: रणजी स्टेडियम, ईडन गार्डन्स, कलकत्ता—21
तार	: "स्टेडियम", कलकत्ता
फोन	: 232446

दक्षिण क्षेत्र

मद्रास क्रिकेट संघ

इस संघ की स्थापना 1930 में हुई थी और तभी से यह रणजी ट्रॉफी प्रतियोगिता में नियमित रूप से भाग ले रहा है। यह संघ 1954-55 में राष्ट्रीय प्रतियोगिता में विजयी होने का सौभाग्य भी प्राप्त कर चुका है। अखिल भारतीय स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता में भी नियमित रूप से सम्मिलित होता रहा है।

इस संघ के तत्वावधान में निम्नलिखित प्रतियोगिताओं का मद्रास राज्य में आयोजन किया जाता है:—

(1) लीग प्रतियोगिता : इस प्रतियोगिता के आयोजन के हेतु संघ तीन विभागों में विभाजित किया गया है। प्रथम व द्वितीय विभाग में तीन-तीन क्षेत्र हैं व तृतीय विभाग में दो क्षेत्र हैं। प्रत्येक विभाग में बारह-बारह दल हैं। प्रति वर्ष इस प्रतियोगिता के अन्तर्गत 528 मैच खेले जाते हैं।

(2) बूची बाबू मेमोरियल वरिष्ठ प्रतियोगिता

(3) बी० सुब्रह्मण्यम मेमोरियल वरिष्ठ प्रतियोगिता

(4) सिल्वर जुबली ट्रॉफी के लिये एम० सी० सी० स्कूल प्रतियोगिता

(5) शहर बनाम जिला स्कूल प्रतियोगिता

(6) अन्तर-जिला स्कूल प्रतियोगिता

(7) अन्तर-जिला वरिष्ठ प्रतियोगिता

(8) शहर बनाम जिला प्रतियोगिता

(9) पी० राम स्वामी चेट्टि मेमोरियल शील्ड प्रतियोगिता : इसके लिये शहर के कॉलिजों व जिलों के कॉलेजों के बीच मैच होता है।

(10) एम० जे० गोपालन मैच : इस मैच में मद्रास राज्य की टीम श्री लंका की टीम से प्रति वर्ष एक मैच खेलती है। एक वर्ष यह मैच मद्रास में होता है तो अगले वर्ष कोलम्बो में।

यह संघ स्कूल तथा कॉलेज के छात्रों के लिये नियमित रूप से प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन करता है।

इस संघ के निम्नलिखित पदाधिकारी हैं:—

अध्यक्ष	: श्री एम० ए० चिदम्बरम्
उपाध्यक्ष	: श्री बी० पट्टाभिरामन
	: श्री एम० जे० गोपालन

	: श्री आर० वी० मलगेसन
	डॉ० वी० एन० सी० राव
अवैतनिक सचिव	: श्री एस० श्रीरामन
अवैतनिक कोषाध्यक्ष	: श्री एस० अन्नादुरै
अवैतनिक सहायक सचिव	: श्री वी० पी० राघवन्
संस्थापक अध्यक्ष	: डॉ० पी० सुब्बारायन
संस्थापक सचिव	: श्री रंगाराव
पता	: कॉरपोरेशन स्टेडियम, पार्क टाउन, मद्रास—3
तार	: "क्रिकेट", मद्रास
फोन	: 55720

मैसूर राज्य क्रिकेट संघ

मैसूर राज्य क्रिकेट संघ का निर्माण 1933-34 में हुआ। इसके लिए प्रो० जे० सी० रोलो, श्री पी० मेदापा, कैप्टेन टी० मुरारि, मेजर वाई० के० मूर्ति, श्री एम० जी० विजयसारथी और कुछ अन्य व्यक्ति धन्यवाद के पात्र हैं। इस संघ के जन्म का तात्कालिक कारण यह था कि एम० सी० सी० की टीम उस समय भारत के दौरे पर थी और उसका एक मैच बंगलौर में आयोजित करना था। प्रो० जे० पी० रोलो इसके संस्थापक अध्यक्ष और श्री पी० मेदापा इसके संस्थापक सचिव थे।

1934-35 से यह संघ बराबर रणजी ट्रॉफी प्रतियोगिता में भाग ले रहा है। इस संघ ने हर विदेशी टीम के विरुद्ध मैचों का आयोजन किया है जिसमें 1964 में श्री लंका के विरुद्ध आयोजित अनौपचारिक टैस्ट मैच भी शामिल है। 1959 मे इस संघ ने अपनी शानदार रजत जयन्ती मनाई।

इस संघ के निम्नलिखित पदाधिकारी हैं:—

अध्यक्ष	: श्री एस० ए० श्रीनिवासन
उपाध्यक्ष	: कैप्टेन एम० जी० विजयसारथी
अवैतनिक सचिव	: श्री एम० चिन्नास्वामी
अवैतनिक कोषाध्यक्ष	: श्री के० सी० देसाई
पता	: सैन्ट्रल कॉलिज, ओल्ड बोयज एसोसियेशन, बंगलौर 9
फोन :	24214

हैदराबाद क्रिकेट संघ

यह संघ भारत में सबसे पहले बनने वाले संघों मे से एक है। यह 1934-35 से नियमित रूप से रणजी ट्रॉफी प्रतियोगिता मे सम्मिलित होता

आ रहा है। यह अखिल भारतीय स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता में भी लगातार भाग लेता आ रहा है। इस संघ द्वारा 1955-56 में भारत और न्यूजीलैंड के बीच टैस्ट मैच और 1965 में भारत व लंका के मध्य अनौपचारिक टैस्ट मैच का आयोजन किया गया।

इस संघ द्वारा प्रति वर्ष प्रसिद्ध मोइनुद्दौला स्वर्ण कप प्रतियोगिता का संचालन किया जाता है। इस संघ के पदाधिकारी निम्नलिखित हैं:—

संस्थापक अध्यक्ष	: नवाब तुरब यार जंग
संस्थापक उपाध्यक्ष	: कर्नल अलीरजा
संस्थापक अवैतनिक सचिव व कोषाध्यक्ष	: श्री एस० एम० हादी
पता	: महबूबिया ग्रैंड स्टैंड, फतेह मैदान, हैदराबाद-1
तार	: "हैक्रिक", हैदराबाद
फोन	: 32513

केरल क्रिकेट संघ

इस संघ का नाम पहले ट्रावनकोर कोचीन क्रिकेट संघ था किन्तु केरल राज्य के बन जाने से यह नाम बदल दिया गया। यह संघ 1951 से रणजी ट्रॉफी प्रतियोगिता में सम्मिलित हो रहा है। यह अखिल भारतीय स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता में भी भाग लेता है।

इसके निम्नलिखित पदाधिकारी हैं:—

अध्यक्ष	: श्री एम० के० के० नायर
अवैतनिक सचिव	: श्री डी० हरि
	: श्री डी० एस० मणि
अवैतनिक कोषाध्यक्ष	: श्री आर० गोपीनाथ
पता	: संस्कृत कालेज मद्रालयम्, कालेज रोड, त्रिपुनितुरा
फोन :	: 576

आन्ध्र क्रिकेट संघ

इस संघ की स्थापना 6 फरवरी 1953 को हुई और इसके अन्तर्गत आन्ध्र प्रदेश के 12 जिले आते हैं। स्वर्गीय महाराजकुमार विजयनगरम् इसके संरक्षक थे और वे कुछ वर्षों तक इसके अध्यक्ष भी रहे। यह भारतीय क्रिकेट बोर्ड द्वारा आयोजित सब प्रतियोगिताओं में सम्मिलित होता है।

इसके निम्नलिखित पदाधिकारी हैं:—

अध्यक्ष	: आल्लपल्ली के राजा
उपाध्यक्ष	: श्री एम० आर० सी० अप्पाराव

	: श्री याई० ग्रवधय्या
	: श्री जे०.चन्द्रमौलि
	: श्री वी० एस० वी० प्रसाद
	: श्री एस० याई० फोटवाल
अवैतनिक सचिव व कोषाध्यक्ष	: श्री एन० एस० आर० पन्तुलु

कर्नल सी० के० नायुडु इसके संस्थापक अध्यक्ष थे, श्री सी० शंकरराव और श्री बी० रामचन्द्र राव संस्थापक अवैतनिक सचिव थे और श्री एफ० विन्सुटेनले इसके संस्थापक कोषाध्यक्ष थे।

पता : 'श्री सदन", कोत्तपेट, गुंटूर—1

मध्य क्षेत्र

उत्तर प्रदेश क्रिकेट संघ

इस संघ का निर्माण चौथे दशक में हुआ और 22 अक्टूबर 1955 को समिति पंजीयन अधिनियम (1860 का 21 वां) के अन्तर्गत इसका पंजीकरण हुआ। संघ के मुख्य संरक्षक विजयनगर के महाराज कुमार डा० विजयानन्द थे जो 1948 से 1964 तक इस संघ के अध्यक्ष भी रहे। विजयनगरम् महाराजकुमार के अतिरिक्त महाराजा बलरामपुर, महाराजा बनारस, महाराजा टेहरी गढवाल, राजासाहब पीलीभीत और श्री पदमपत सिंघानिया भी इस संघ के संरक्षक रहे हैं।

यह संघ 1934-35 से नियमित रूप से रणजी ट्रॉफी प्रतियोगिता और अखिल भारतीय स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता में सम्मिलित होता आ रहा है। इस संघ ने भ्रमण पर आने वाली सभी विदेशी टीमों के मैचो का और कुछ टैस्ट मैचों का भी आयोजन किया है।

इस संघ के पदाधिकारियों के नाम हैं:—

अध्यक्ष	: ए० सी० चैटर्जी
उपाध्यक्ष	: डा० गौरी हरि सिंघानिया
	: श्री बी० मुकर्जी
	: श्री वीरेन्द्र स्वरूप
अवैतनिक सचिव	: श्री एस० एम० बशीर
अवैतनिक संयुक्त सचिव	: श्री डी० एस० पाण्डे
अवैतनिक कोषाध्यक्ष	: श्री राजा राम
पता	: कमता टावर, कानपुर
तार	: "बशीर", कानपुर
फोन	: 32532

मध्य प्रदेश क्रिकेट

इस संघ की स्थापना 1932 में हुई थी और तब इसका नाम मध्य भारत क्रिकेट संघ था। 1934-35 से यह संघ नियमित रूप से रणजी ट्रॉफी प्रतियोगिता में सम्मिलित हो रहा है। 1940 में होल्कर क्रिकेट संघ का गठन हुआ और तब इस संघ का कार्यभार होल्कर क्रिकेट संघ द्वारा ले लिया गया। इस संघ के संस्थापक स्वर्गीय महाराजा यशवन्तराव होल्कर थे। इस संघ ने भारतीय क्रिकेट में प्रसंशनीय स्थान प्राप्त किया है तथा चार बार यह संघ रणजी ट्रॉफी में राष्ट्रीय विजेता होने का श्रेय प्राप्त कर चुका है।

मध्य भारत प्रान्त के निर्माण के बाद होल्कर क्रिकेट संघ का नाम बदलकर मध्य भारत क्रिकेट संघ हो गया। जब 1956 में राज्यों का पुनर्गठन हुआ तब मध्य प्रदेश राज्य की स्थापना हुई और इसी के साथ इस संघ का नाम मध्य प्रदेश क्रिकेट संघ हो गया। इस संघ को विदेशों से आने वाली अधिकांश टीमों के विरुद्ध मैचों के आयोजन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है।

इस संघ के निम्नलिखित पदाधिकारी हैं:—

अध्यक्ष	: पद्म भूषण पं० कुन्जी लाल दुबे
उपाध्यक्ष	: पद्म भूषण कर्नल सी० के० नायुडू
	: श्री दीन दयाल
	: श्री इन्द्रजीत सिंह
	: श्री एच० एन० श्रीवास्तव
	: श्री एम० एन० कौल
चेयरमैन	: श्री परमानन्द भाई पटेल
अवैतनिक सचिव	: श्री एस० के० कौल
अवैतनिक कोषाध्यक्ष	: प्रो० एन० एस० दुबे
अवैतनिक संयुक्त सचिव	: श्री एन० दत्तात्रेय
	: कैप्टेन सी० टी० सर्वटे

राजस्थान क्रिकेट संघ

इस संघ की स्थापना 1931 में अजमेर में हुई और तब यह राजपूताना क्रिकेट संघ के नाम से पुकारा जाता था। यह संघ 1935-36 से रणजी ट्रॉफी प्रतियोगिता में सम्मिलित होने लगा। इस संघ द्वारा अनेक विदेशी भ्रमणकारी टीमों के मैचों का आयोजन किया गया। अजमेर में इस संघ द्वारा ही लार्ड टेनीसन की टीम भारत में प्रथम बार परास्त हुई थी।

1956 में इस संघ के मुख्य कार्यालय का स्थानान्तरण अजमेर से उदयपुर हो गया। 1956 में मेवाड़ के महाराणा भगवतसिंहजी इसके अध्यक्ष बने और अभी तक इस पद को सुशोभित किए हुए हैं। महाराणा साहब ने क्रिकेट को राजस्थान में लोकप्रिय बनाने तथा उसमें नव जीवन डालने के लिये अथक परिश्रम किया। उन्हीं के प्रयत्नों से स्वर्गीय राजकुमार दलीपसिंहजी 1959 में राजस्थान के नवयुवक खिलाड़ियों को गुरू मंत्र देने के लिये उदयपुर पधारे जिससे इन नवयुवक खिलाड़ियों को खेल की बारीकियां जानने का अवसर प्राप्त हुआ। 1959 में इस संघ का नाम राजस्थान क्रिकेट संघ हो गया।

इस संघ के पदाधिकारी है:—

अध्यक्ष	: मेवाड़ के महाराणा श्री भगवतसिंहजी
उपाध्यक्ष	: बीकानेर के महाराजा करणीसिंहजी
	: श्री पी० एम० रूंगटा
	: श्री जे० टी० एम० गिब्सन
अवैतनिक सचिव	: प्रो० एल० एन० माथुर
अवैतनिक कोषाध्यक्ष	: श्री एस० के० रूंगटा
अवैतनिक सहायक सचिव	: श्री किशन रूंगटा
पता	: भूपाल नोबल्स कॉलिज, उदयपुर।
तार	: "नोबल्स कॉलेज", उदयपुर
फोन	: 685 व 781

विदर्भ क्रिकेट संघ

15 अगस्त 1934 को मध्य प्रान्त व बरार क्रिकेट संघ के नाम से इस संघ की स्थापना हुई थी। 1948 में इस संघ का नाम मध्य प्रदेश क्रिकेट संघ कर दिया गया। परन्तु राज्यों के पुनर्गठन के फलस्वरूप 1957 में इसका नाम विदर्भ क्रिकेट संघ रखा गया। इस संघ के संस्थापक अध्यक्ष श्री चार्ल्स चीतम और संस्थापक अवैतनिक सचिव श्री सिद्दीक अली खाँ थे।

यह संघ विदर्भ प्रदेश के 8 जिलों में क्रिकेट खेल का नियन्त्रण करता है। यह संघ रणजी ट्रॉफी प्रतियोगिता के समारम्भ (1934-35) से ही नियमित रूप से इसमें सम्मिलित होता रहा है। इस संघ ने विदेशी भ्रमणकारी टीमों के विरुद्ध मैचों का आयोजन किया है। इस संघ के पास अपना अति सुन्दर तथा विशाल क्रीड़ास्थल है जिसमें दर्शकों के लिये शानदार मंडप आदि का निर्माण किया हुआ है। इस संघ के 325 से अधिक सदस्य हैं तथा 40 संस्थाएँ इससे सम्बद्ध हैं।

इस संघ के वर्तमान पदाधिकारी हैं:—

अध्यक्ष	: श्री जमुनादास डागा
उपाध्यक्ष	: श्री एम० डी० धनवते
अवैतनिक सचिव	: श्री सुरेश साहू
अवैतनिक कोषाध्यक्ष	: श्री रमेश मानकेश्वर
पता	: सिविल लाइन्स, नागपुर
तार	: "क्रिकेट", नागपुर
फोन	: 5741

पश्चिम क्षेत्र

बम्बई क्रिकेट संघ

बम्बई प्रान्तीय क्रिकेट संघ की स्थापना अप्रैल 1930 में हुई। आने वाले वर्षों में गुजरात, महाराष्ट्र और पश्चिमी भारत ने अपने-अपने संघ बना लिए और भारतीय क्रिकेट नियन्त्रण बोर्ड की सदस्यता प्राप्त करली। इसके फलस्वरूप बम्बई प्रान्तीय क्रिकेट संघ का नाम बम्बई क्रिकेट संघ हो गया।

यह संघ सन् 1934-35 से रणजी ट्रॉफी प्रतियोगिता में भाग ले रहा है। इस संघ को इस प्रतियोगिता में प्रथम राष्ट्रीय विजेता होने का श्रेय प्राप्त है। 1934-35 से लेकर 1964-65 तक यह संघ सोलह बार राष्ट्रीय विजेता होने का सम्मान प्राप्त कर चुका है। अखिल भारतीय स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता में भी इस संघ का स्थान ऊँचे दर्जे का रहा है। इस प्रतियोगिता के शुरू होने के समय से ही संघ इसमें सम्मिलित होता आ रहा है। बम्बई ने ही भारत को सबसे अधिक टैस्ट खिलाड़ी प्रदान किये हैं।

इस संघ ने 1948 में डाक्टर एच० डी० कांगा की स्मृति मे एक "लीग" प्रतियोगिता आरम्भ की जो बहुत लोकप्रिय है। इस प्रतियोगिता के लिये बम्बई को पाँच विभागों में बांटा गया है। यह प्रतियोगिता प्रति वर्ष जुलाई से लेकर अक्टूबर तक खेली जाती है। इस संघ ने एक पुस्तकालय भी खोल रखा है जिसका नाम "डाक्टर एच० डी० कांगा स्मारक पुस्तकालय" है।

इस संघ के निम्नलिखित पदाधिकारी हैं:—

अध्यक्ष	: श्री एस० के० वनखेडे
अवैतनिक सचिव	: श्री आर० जे० धारत
	: प्रो० एम० वी० चांदगडकर
पता	: ब्रेबॉर्न स्टेडियम, उत्तर स्टैंड, बम्बई
तार	: "बोमक्रिक", बम्बई
फोन	: 39585

भारतीय क्रिकेट क्लब (सीमित)

(क्रिकेट क्लब ऑफ इण्डिया लिमिटेड)

यह क्लब भारत के प्रमुख क्लबों में से एक है और विश्व में अपने प्रकार की एक सर्वोत्तम क्लब होने का दावा आसानी से कर सकती है। प्रसिद्ध ब्रेबॉर्न स्टेडियम इसी की सम्पत्ति है। यह भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड की सदस्य तो है परन्तु बोर्ड द्वारा आयोजित किसी प्रतियोगिता मे सम्मिलित नहीं होती; हालांकि इसने विदेशों से भारत भ्रमण पर आई कई टीमों के विरुद्ध मैच आयोजित किए हैं।

इस क्लब की स्थापना 8 नवम्बर, 1933 को हुई। श्री आर० ई० ग्रांट गोवन इस क्लब के संस्थापक अध्यक्ष, श्री ए० एस० डीमैलो संस्थापक अवैतनिक सचिव और श्री जेड० आर० ईरानी इसके संस्थापक कोषाध्यक्ष थे।

अपने संस्थापक अवैतनिक सचिव की यादगार मे इस क्लब ने एक बहुत ही सुन्दर "एन्थोनी डी-मैलो ट्रॉफी" भारतीय नियन्त्रण बोर्ड को भेंट की। यह ट्रॉफी अंतर्राष्ट्रीय टैस्ट श्रृंखला के विजयी दल को प्रदान की गई। (भारत वि० न्यूजीलैंड 1965)

इस क्लब के अध्यक्ष श्री होमी मोदी हैं और सचिव श्री के० के० तारापोर।

पता : क्रिकेट क्लब ऑफ इण्डिया लिमिटेड ब्रेबॉर्न स्टेडियम, पोस्ट बोक्स 930, बम्बई

तार : "स्टेडियम", बम्बई

फोन : 246201—2-3-4-5-6

महाराष्ट्र क्रिकेट संघ

इस संघ की स्थापना 18 नवम्बर 1934 को हुई थी। महाराष्ट्र के पश्चिमी और दक्षिणी जिले इस संघ के कार्य-क्षेत्र मे आते है। प्रो० डी० बी० देवधर, जिनका नाम भारतीय क्रिकेट में मशहूर है और स्वर्गीय श्री एम० जी० भावे इस संघ के महान् स्तंभ थे। भावे इस संघ के संस्थापक सचिव, श्री टी० वी० तलिया संस्थापक अध्यक्ष और श्री एच० वी० तुलपुले इस संघ के संस्थापक अवैतनिक कोषाध्यक्ष थे।

पूना की करीब 50 क्लबें और 8 जिले इस संघ के सदस्य हैं। यह संघ कई प्रतियोगिताओं का आयोजन करता है। यह स्कूल खिलाड़ियों के प्रशिक्षण की भी व्यवस्था करता है। श्री देवधर क्रिकेट स्कूल होनहार स्कूल खिलाड़ियों को चुनकर तीन वर्ष के लिये उन्हें लगातार गहन प्रशिक्षण देती

है। यह संघ प्रति दूसरे वर्ष 'निर्णायक (अंपायर) परीक्षा' का आयोजन करता है और इसके लिए कक्षाएं भी चलाता है।

यह संघ रणजी ट्रॉफी प्रतियोगिता में शुरु से ही सम्मिलत होता आ रहा है और 1939 तथा 1940 में राष्ट्रीय विजेता रहा है।

इस संघ के पदाधिकारी हैं:—

अध्यक्ष	: पद्मश्री प्रो० डी० बी० देवधर
उपाध्यक्ष	: श्री एल० आर० रूइया
	: श्री एन० डी० नागरवाला
	: डा० के० एन० जेजुरीकर
प्रधान	: श्री बी० वी० भागवत
उप प्रधान	: श्री बी० एच० तुलपुले
अवैतनिक सचिव	: श्री ए० आर० जोशी
	: प्रो० पी० आर० करमाकर
अवैतनिक कोषाध्यक्ष	: श्री बी० जी० गोरे
पता	: हीराबाग, तिलक रोड, पोस्ट बाक्स 512 पूना—2
तार	: "क्रिकेट", पूना
फोन	: 56008

बड़ौदा क्रिकेट संघ

अप्रैल 16, 1934 को "दि सेन्ट्रल बोर्ड ऑफ क्रिकेट, बड़ौदा" स्थापित हुआ था। उसी में से ही बड़ौदा क्रिकेट संघ निकला है। इस संघ ने 1937 में भारतीय क्रिकेट नियन्त्रण बोर्ड से अपना सम्बन्ध स्थापित कर लिया और उसी वर्ष से यह संघ रणजी ट्रॉफी प्रतियोगिता में भाग ले रहा है। इस संघ ने चार बार राष्ट्रीय प्रतियोगिता जीतने का गौरव प्राप्त किया है।

इस संघ ने भारतीय टैस्ट क्रिकेट को 13 खिलाड़ियों का योग दिया है। इसके अतिरिक्त तीन भारतीय टैस्ट कप्तान, जिन्होंने भारत का अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट में नेतृत्व किया, इस संघ के सदस्य थे। इस संघ को अपने अध्यक्ष, महाराजा फतहसिंह राव गायकवाड़ पर गर्व है जो 1959 मे भारतीय टीम के प्रबंधक के रूप में उसके साथ इंगलैंड गये और इस समय भारतीय क्रिकेट नियन्त्रण बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में भारतीय क्रिकेट के भाग्य विधाता हैं।

इस संघ ने अपने उनतीस वर्ष के जीवन मे कई गौरवपूर्ण कीर्तिमान स्थापित किये हैं जिनमें विजय हजारे व गुल मोहम्मद की 1947 में होल्कर

के विरुद्ध, 577 रन की साझेदारी है। यह कीर्तिमान समस्त संसार में सबसे ऊंचा है।

इस संघ के निम्नलिखित पदाधिकारी हैं:—

अध्यक्ष	: बड़ौदा महाराजा फतहसिंह राव गायकवाड़
उपाध्यक्ष	: श्री चन्द्रवदन सी० पारीख
	: श्री जी० सी० वसु
अवैतनिक सचिव	: कप्तान विजय हजारे
	: डा० ए० आर० चह्वाण
अवैतनिक कोषाध्यक्ष	: श्री आर० ए० पटेल
पता	: मोती बाग, लक्ष्मी विलास पैलेस, बड़ौदा
तार	: "क्रिकेट", बड़ौदा
फोन	: 2272

सौराष्ट्र क्रिकेट संघ

वैसे तो सौराष्ट्र क्रिकेट संघ ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में 1949 में प्रथम बार भाग लिया परन्तु इसके पहले यह नवानगर क्रिकेट संघ के रूप में और फिर वैस्टर्न इण्डिया स्पोर्ट्स एसोसियेशन के रूप मे इस प्रतियोगिता मे सम्मिलित हो चुका था। नवानगर ने 1936-37 में राष्ट्रीय प्रतियोगिता जीती और अगले वर्ष वह इस प्रतियोगिता में उप-विजेता रहा। वैस्टर्न स्टेट्स एसोसियेशन ने इस प्रतियोगिता को 1943-44 मे जीता। ध्रोल के ठाकुर साहब इस संघ के संस्थापक अध्यक्ष थे, लेफ्टिनेंट कर्नल एम० एस० समरसिंह जी इसके संस्थापक अवैतनिक सचिव रहे और श्री सी० वी० शाह संस्थापक अवैतनिक कोषाध्यक्ष।

पता : जगन्नाथ प्लाट, पोस्ट बॉक्स नं० 231, राजकोट
तार : "सौक्रिकेट", राजकोट
फोन : 688

गुजरात क्रिकेट संघ

यह संघ जो 1934 मे स्थापित किया गया था भारत के सबसे पुराने क्रिकेट संघों में गिना जाता है। रणजी ट्रॉफी प्रतियोगिता में यह संघ 1934-35 में प्रतियोगिता की शुरुआत से ही भाग लेता आ रहा है। अखिल भारतीय स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता में भी यह संघ बराबर सम्मिलित होता आ रहा है। 1965 में इस संघ ने श्रीलंका की टीम के विरुद्ध तृतीय अनौपचारिक टैस्ट का आयोजन किया। इस संघ के संस्थापक अध्यक्ष श्री चिनुभाई मेड़पोलाल थे, संस्थापक उपाध्यक्ष प्रो० वी० बी० दीवेटिया,

सदस्य संघों के 'कलर'

सदस्य संघों के 'कलर' का परिचय

भारत के कप्तान

ले. कर्नल सी. के. नायुडू

पटौदी के नवाब इफ्तीकार अली

लाला अमरनाथ

कप्तान वी. एस. हजारे
(अवैतनिक सचिव, बड़ौदा क्रिकेट संघ)

भारतीय क्रिकेट में कौन क्या है?

अधिकारी, हेमू आर०

श्री हेमू अधिकारी दाहिने हाथ के बल्लेबाज़ और दाहिनी भुजा के धीमे लेग ब्रेक गेंदबाज है। उनको एक क्रिकेट खिलाड़ी के रूप में ख्याति सर्वप्रथम रोहिंटन बेरिया ट्रॉफी के लिए खेली जाने वाली अन्तर-विश्वविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता में उनके उच्चकोटि के खेल के कारण प्राप्त हुई थी। बम्बई विश्वविद्यालय की ओर से खेलते हुए उन्होंने बनारस के विरुद्ध 123 रन, नागपुर के विरुद्ध, अपराजित 173 रन और पंजाब के विरुद्ध, अपराजित 108 और 222 रन बनाए थे।

श्री अधिकारी का जन्म 12 अगस्त 1919 को हुआ था। सन् 1936 में प्रथम श्रेणी की क्रिकेट प्रतियोगिता में सबसे पहली बार वे ... चम भारत के विरुद्ध गुजरात की ओर से खेले और दोनों पारियों मे ... ी टीम में सबसे अधिक रन बनाए। अगले वर्ष वे बड़ौदा की टीम ... ले गए और उसकी ओर से भी उन्होंने अच्छे रन बनाए। उनका ... बढ़िया खेल 1945-46 में नवानगर के विरुद्ध रहा जिसकी दोनों ... ों में उन्होंने शतक बनाए : 129 और अपराजित 151। 1950 में ... में भर्ती हो गए और तब से लेकर प्रथम श्रेणी क्रिकेट से निवृत्त होने ... रणजी ट्रॉफी प्रतियोगिता में सेना की टीम का नेतृत्व करते रहे।

५९ में आस्ट्रेलिया को हराने वाली भारतीय टीम
रामचन्द सहित
एस.तमाणे, जी.एम.गार्ड, पी.रॉय, पी.आर.उमरीग
..पटेल, एन.जे.कांट्रैक्टर ।
.सुरेन्द्रनाथ, सी.जी.बोर्डे और ए.ए.बेग ।

पटौदी के नवाब मनसूर अली

पोरबन्दर के महाराजा श्री नटवरसि
कप्तान, 1932 में इंग्लैंड भ्रमण
करने वाली भारतीय टीम

पी. आर. उमरीगर

विनू मांकड और पंकज रॉय
दोनो भारत के कप्तान रहे। इनकी 1955 मे न्यूजीलैंड
के विरूद्ध 413 रन की प्रथम विकेट की
साझेदारी विश्व कीर्तिमान है।

द्वितीय टैस्ट मैच, 1959-60, कानपुर में आस्ट्रेलिया को हराने वाली भारतीय टीम
कप्तान रामचन्द सहित

खड़े हुए(बायें से दायें): आर.बी.केनी, एन.एस.तमाणे, जी.एम.गार्ड, पी.रॉय, पी.आर.उमरीगर, जी.एस.रामचन्द, जे.एम.पटेल, एन.जे.कांट्रैक्टर ।

भूमि पर : आर.जी.नाडकर्णी, आर.सुरेन्द्रनाथ, सी.जी.बोर्डे और ए.ए.बेग ।

भारत के कप्तान

एन. जे. कांट्रैक्टर

पटौदी के नवाब मनसूर अली

पी. आर. उमरीगर

पोरबन्दर के महाराजा श्री नटवरसिंह जी
कप्तान, 1932 में इंग्लैंड भ्रमण
करने वाली भारतीय टीम

विनू मांकड और पंकज रॉय
दोनों भारत के कप्तान रहे। इनकी 1955 में न्यूजीलैंड
के विरुद्ध 413 रन की प्रथम विकेट की
साझेदारी विश्व कीर्तिमान है।

द्वितीय टैस्ट मैच, 1959-60, कानपुर में आस्ट्रेलिया को हराने वाली भारतीय टीम
कप्तान रामचन्द सहित

खड़े हुए(बायें से दायें): आर.बी.केनी, एन.एस.तमाणे, जी.एम.गार्ड, पी.रॉय, पी.आर.उमरीगर, जी.एस.रामचन्द, जे.एम.पटेल, एन.जे.कांट्रैक्टर ।

भूमि पर : आर.जी.नाडकर्णी, आर.सुरेन्द्रनाथ, सी.जी.बोर्डे और ए.ए.बेग ।

भारत के कप्तान

एन. जे. कांट्रैक्टर

पटौदी के नवाब मनसूर अली

ले. कर्नल एच. आर. अधिकारी
(अवैतनिक सचिव, सेना खेलकूद नियंत्रण बोर्ड)

गुलाम अहमद
(अवैतनिक सचिव, हैदराबाद क्रिकेट संघ)

डी. के. गायकवाड़

संस्थापक अवैतनिक सचिव श्री सी० एम० दीवान और अवैतनिक संयुक्त सचिव श्री एच० डी० देसाई थे।

इस संघ के निम्नलिखित पदाधिकारी हैं:—

अध्यक्ष	: श्री रत्तीलाल खुशालदास पटेल
उपाध्यक्ष	: श्री जयकृष्ण भाई हरिवल्लभदास
अवैतनिक सचिव	: श्री जे० जे० ठाकोर
अवैतनिक संयुक्त सचिव	: श्री नानशा ठाकोर
पता	: 535, तिलक रोड, अहमदाबाद—1
तार	: "क्रिकेट", अहमदाबाद
फोन	: 4464

भारत के टैस्ट कप्तान 1932-65

1.	सी० के० नायडू	...	4 टैस्ट मैच
2.	विजयनगरम् के महाराज कुमार	....	3 टैस्ट मैच
3.	पटौदी के नवाब इफ्तीकार अली	....	3 टैस्ट मैच
4.	लाला अमरनाथ	....	15 टैस्ट मैच
5.	वी० एस० हजारे	...	14 टैस्ट मैच
6.	वीनू मांकड	....	6 टैस्ट मैच
7.	गुलाम अहमद	....	3 टैस्ट मैच
8.	पी० आर० उमरीगर	...	8 टैस्ट मैच
9.	एच० आर० अधिकारी	....	1 टैस्ट मैच
10.	डी० के० गायकवाड	....	4 टैस्ट मैच
11.	पी० राय	...	1 टैस्ट मैच
12.	जी० एस० रामचन्द	....	5 टैस्ट मैच
13.	एन० जे० कॉन्ट्रेक्टर	...	12 टैस्ट मैच
14.	पटौदी के नवाब मंसूर अली	....	15 टैस्ट मैच

सबसे छोटी उम्र के टैस्ट कप्तान

भारत	: पटौदी के नवाब मंसूर अली : 21 वर्ष और 2 महीने, वेस्टइंडीज के विरुद्ध, ब्रिज टाउन में, मार्च, 1962
आस्ट्रेलिया	: आई० डी० क्रैग : 22 वर्ष 6 महीने, दक्षिण अफ्रीका के विरुद्ध जोहनीसबर्ग में, दिसम्बर, 1957

दक्षिण अफ्रीका	: एम० बिसेट : 22 वर्ष और 10 महीने, इंग्लैंड के विरुद्ध, जोहनीसबर्ग में 1899
इंग्लैंड	: एम० पी० बाउडेन : 23 वर्ष और 4 महीने, दक्षिण अफ्रीका के विरुद्ध, केपटाउन में, मार्च, 1889
वेस्टइण्डीज	: जी० सी० ग्रांट : 23 वर्ष और 7 महीने, आस्ट्रेलिया के विरुद्ध, एडिलेड में, 1931
न्यूजीलैंड	: जे० आर० रीड : 27 वर्ष और 8 महीने, वेस्टइण्डीज के विरुद्ध, क्राइस्ट चर्च में, फरवरी, 1956
पाकिस्तान	: ए० एच० कारदार : 27 वर्ष और 9 महीने, भारत के विरुद्ध, नई दिल्ली में, अक्टूबर, 1952

सबसे छोटी उम्र के टैस्ट खिलाड़ी

पाकिस्तान	: मुश्ताक मोहम्मद : 16 वर्ष और 70 दिन, वेस्टइण्डीज के विरुद्ध, लाहौर में, मार्च, 1959
वेस्टइण्डीज	: जे० ई० डी० सीले : 17 वर्ष और 4 महीने, इंग्लैंड के विरुद्ध, बारबेडोस में, जनवरी, 1930
आस्ट्रेलिया	: आई० डी० क्रैग : 17 वर्ष और 7 महीने, दक्षिण अफ्रीका के विरुद्ध, मेलबोर्न मे, फरवरी 1953
भारत	: वी एल० मेहरा : 17 वर्ष और 10 महीने, न्यूजीलैंड के विरुद्ध, बम्बई में, दिसम्बर, 1955
इंग्लैंड	: डी० बी० क्लोज : 18 वर्ष और 5 महीने, न्यूजीलैंड के विरुद्ध, ओल्डट्रफोर्ड मे, जुलाई 1949
न्यूजीलैंड	: डी० एल० फ्रीमैन : 18 वर्ष और 6 महीने, इंग्लैंड के विरुद्ध, क्राइस्ट चर्च मे, मार्च, 1933
दक्षिण अफ्रीका	: डब्ल्यू० ए० शैल्डर्स : 19 वर्ष और 1 महीना, इंग्लैंड के विरुद्ध, केपटाउन में, अप्रैल, 1899

भारतीय क्रिकेट में कौन क्या है?

अधिकारी, हेमू आर०

श्री हेमू अधिकारी दाहिने हाथ के बल्लेबाज और दाहिनी भुजा के धीमे लेग ब्रेक गेंदबाज हैं। उनको एक क्रिकेट खिलाड़ी के रूप में ख्याति सर्वप्रथम रोहिंटन बेरिया ट्रॉफी के लिए खेली जाने वाली अन्तर-विश्वविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता में उनके उच्चकोटि के खेल के कारण प्राप्त हुई थी। बम्बई विश्वविद्यालय की ओर से खेलते हुए उन्होने बनारस के विरुद्ध 123 रन, नागपुर के विरुद्ध, अपराजित 173 रन और पंजाब के विरुद्ध, अपराजित 108 और 222 रन बनाए थे।

श्री अधिकारी का जन्म 12 अगस्त 1919 को हुआ था। सन् 1936 में प्रथम श्रेणी की क्रिकेट प्रतियोगिता में सबसे पहली बार वे पश्चिम भारत के विरुद्ध गुजरात की ओर से खेले और दोनों पारियों मे अपनी टीम में सबसे अधिक रन बनाए। अगले वर्ष वे बड़ौदा की टीम में चले गए और उसकी ओर से भी उन्होने अच्छे रन बनाए। उनका सबसे बढ़िया खेल 1945–46 में नवानगर के विरुद्ध रहा जिसकी दोनों पारियों में उन्होंने शतक बनाए: 129 और अपराजित 151। 1950 में वे सेना में भर्ती हो गए और तब से लेकर प्रथम श्रेणी क्रिकेट से निवृत्त होने तक वे रणजी ट्रॉफी प्रतियोगिता में सेना की टीम का नेतृत्व करते रहे। बल्लेबाजी में उनका सर्वश्रेष्ठ खेल 1951–52 में राजपूताना, वर्तमान राजस्थान, के विरुद्ध रहा जिसमें उन्होंने अपराजित रह कर 230 रन बनाए थे और गेंदबाजी में उनका सर्वोत्तम खेल 1939–40 में गुजरात के विरुद्ध रहा जब कि उन्होंने केवल 2 रन देकर 3 विकेट लिए थे।

श्री अधिकारी 1941, 1943 और 1944 में बम्बई पंचकोणीय प्रतियोगिता मे हिन्दू क्लब की ओर से खेले थे।

1947–48 के आस्ट्रेलिया भ्रमण में उन्होने टैस्ट मैचों में खेलना शुरु किया था। उन्होंने कुल मिलाकर 21 टैस्ट मैच खेले हैं। आस्ट्रेलिया के विरुद्ध 1947–48 में 5; वेस्टइण्डीज के विरुद्ध 1948–49 में 5; इंग्लैंड के विरुद्ध 1951–52 में 3; इंग्लैंड के विरुद्ध 1952 में 3; पाकिस्तान के विरुद्ध 1952–53 में 2; आस्ट्रेलिया के विरुद्ध 1956–57 मे 2; और वेस्टइण्डीज के विरुद्ध 1958–59 में 1। सन् 1952 मे इंग्लैंड का दौरा करने वाली भारतीय टीम के वे उप-कप्तान रहे हैं और

अपने अन्तिम टैस्ट मैच में वे भारतीय टीम के कप्तान रहे हैं। यह टस्ट मैच दिल्ली में वेस्ट इंडीज के विरुद्ध खेला गया था। इसमें उन्होंने 63 और 40 रन बनाए थे और 68 रन देकर 3 विकेट लिए थे। टैस्ट मैचों में उन्होंने सबसे अधिक रन 114, 1948-49 में दिल्ली में वेस्टइंडीज के विरुद्ध अपराजित रह कर बनाए थे।

उन्होंने प्रथम श्रेणी के क्रिकेट मैचों में कुल 7000 से अधिक और टैस्ट मैचो मे 872 रन बनाए हैं। 1963-64 और 1964-65 में वे भारतीय टैस्ट चयन समिति के सदस्य रहे है। वे भारतीय सेना मे लेफ्टिनेन्ट कर्नल है।

अमरनाथ, लाला

अमरनाथ भारत के सर्वश्रेष्ठ सर्वोन्मुखी खिलाड़ियों मे से एक हैं। वे भारत के सबसे पहले खिलाडी हैं जिन्होंने भारत की ओर से सबसे पहली बार खेलकर एक शतक बनाया था। वे 15 टैस्ट मैचों में भारत के कप्तान रहे है और भारतीय टैस्ट चयन समिति के अध्यक्ष भी।

1933-34 से लेकर 1952-53 तक उन्होंने 24 टैस्ट खेले थे। नौ बार इंग्लैंड के विरुद्ध; पांचबार आस्ट्रेलिया के विरुद्ध; पांचबार वेस्टइण्डीज के विरुद्ध और पांचबार पाकिस्तान के विरुद्ध। उनकी कुल रन संख्या 878 और प्रतिपारी औसत 24·39 रन रहा है। उन्होंने 1481 रन देकर 32·91 के औसत से 45 विकेट लिए हैं। इंग्लैंड के विरुद्ध उनकी सर्वोत्तम बल्लेबाजी 1933-34 में बम्बई टैस्ट में रही जिसमे उन्होंने 118 रन बनाए, इसी प्रकार आस्ट्रेलिया के विरुद्ध 1947-48 के चौथे टैस्ट में 46 रन; वेस्टइण्डीज के विरुद्ध 1948-49 के पहले टेस्ट मे 62 रन और पाकिस्तान के विरुद्ध 1952-53 के लखनऊ में हुए दूसरे टैस्ट में अपराजित 61 रन बनाए जो इन देशों के विरुद्ध उनके अधिकतम रन हैं। उन्होंने टैस्ट मैचों में दो बार एक पारी में पाँच-पाँच विकेट लिए हैं। 1946 मे इंग्लैंड के विरुद्ध प्रथम टैस्ट में 116 रन देकर 5 विकेट और उसी वर्ष दूसरे टैस्ट मे 96 रन देकर 5 विकेट लिये थे।

रणजी ट्रॉफी के लिए आयोजित राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता में वे 1934-35 में इस प्रतियोगिता के प्रारम्भ से ही खेल रहे हैं। इस प्रतियोगिता मे वे 1934-35 से 1951-52 तक दक्षिण पंजाब की ओर से खेलते रहे। 1952-53 में गुजरात की ओर से, 1953-54 और 1956-57 में पटियाला की ओर से, 1954-55 में उत्तर प्रदेश की ओर से और 1955-56 मे रेलवे की ओर से खेले। इन मैचों मे उनकी यह विशेषता रही कि उन्हें इन सभी टीमों का नेतृत्व करने का गौरव प्राप्त

भारतीय टैस्ट खिलाड़ी

वी. एम. मर्चेंट

एल. अमरसिंह

एल. पी. जय

एस. वजीर अली

सी. एस. नायुडू

एस. मुश्ताक अली

अपने अन्तिम टैस्ट मैच में वे भारतीय टीम के कप्तान रहे हैं। यह टस्ट मैच दिल्ली में वेस्ट इंडीज के विरुद्ध खेला गया था। इसमें उन्होने 63 और 40 रन बनाए थे और 68 रन देकर 3 विकेट लिए थे। टैस्ट मैचों में उन्होंने सबसे अधिक रन 114, 1948–49 में दिल्ली में वेस्टइंडीज के विरुद्ध अपराजित रह कर बनाए थे।

उन्होंने *प्रथम श्रेणी के क्रिकेट मैचों में कुल 7000 से अधिक और* टैस्ट मैचों में 872 रन बनाए हैं। 1963–64 और 1964–65 मे वे भारतीय टैस्ट चयन समिति के सदस्य रहे हैं। वे भारतीय सेना में लेफ्टिनेन्ट कर्नल है।

अमरनाथ, लाला

अमरनाथ भारत के सर्वश्रेष्ठ सर्वोन्मुखी खिलाड़ियों में से एक हैं। वे भारत के सबसे पहले खिलाडी हैं जिन्होने भारत की ओर से सबसे पहली बार खेलकर एक शतक बनाया था। वे 15 टैस्ट मैचों मे भारत के कप्तान रहे हैं और भारतीय टैस्ट चयन समिति के अध्यक्ष भी।

1933–34 से लेकर 1952–53 तक उन्होने 24 टैस्ट खेले थे। नौ बार इंग्लैड के विरुद्ध; पांचवार आस्ट्रेलिया के विरुद्ध; पांचवार वेस्टइण्डीज के विरुद्ध और पांचवार पाकिस्तान के विरुद्ध। उनकी कुल रन संख्या 878 और प्रतिपारी औसत 24·39 रन रहा है। उन्होंने 1481 रन देकर 32·91 के औसत से 45 विकेट लिए हैं। इंग्लैंड के विरुद्ध उनकी सर्वोत्तम बल्लेबाजी 1933–34 में बम्बई टैस्ट में रही जिसमें उन्होने 118 रन बनाए, इसी प्रकार आस्ट्रेलिया के विरुद्ध 1947–48 के चौथे टैस्ट में 46 रन; वेस्टइण्डीज के विरुद्ध 1948–49 के पहले टेस्ट में 62 रन और पाकिस्तान के विरुद्ध 1952–53 के लखनऊ मे हुए दूसरे टैस्ट में अपराजित 61 रन बनाए जो इन देशों के विरुद्ध उनके अधिकतम रन हैं। उन्होने टैस्ट मैचों में दो बार एक पारी में पांच-पांच विकेट लिए हैं। 1946 मे इंग्लैंड के विरुद्ध प्रथम टैस्ट में 116 रन देकर 5 विकेट और उसी वर्ष दूसरे टैस्ट मे *96* रन देकर *5* विकेट लिये थे।

रणजी ट्रॉफी के लिए आयोजित राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता मे वे 1934–35 मे इस प्रतियोगिता के प्रारम्भ से ही खेल रहे हैं। इस प्रतियोगिता मे वे 1934–35 से 1951–52 तक दक्षिण पंजाब की ओर से खेलते रहे। *1952–53* में गुजरात की ओर से, *1953–54* और 1956–57 में पटियाला की ओर से, 1954–55 मे उत्तर प्रदेश की ओर से और 1955–56 मे रेलवे की ओर से खेले। इन मैचों में उनकी यह विशेषता रही कि उन्हें इन सभी टीमों का नेतृत्व करने का गौरव प्राप्त

हुआ। रणजी ट्रॉफी प्रतियोगिता में उन्होंने कुल 57 पारियाँ खेलीं जिनमें दो बार वे अपराजित रहे, 39·30 की औसत से कुल 2162 रन बटोरे और 6 शतक बनाए। उन्होंने अनेक बार शानदार गेंदबाजी भी की है, उदाहरणार्थ, 1958 में पटियाला के विरुद्ध रेलवे की ओर से खेलते हुए शून्य रन पर 4 विकेट और 1938 में सिंध के विरुद्ध दक्षिण पंजाब की ओर से खेलते हुए 2 रन देकर 4 विकेट लिए थे। इस प्रतियोगिता में उन्होंने कुल मिलाकर 14·54 के औसत से 2764 रन देकर 190 विकेट लिए हैं। लालाजी सन् 1934 से 1939 तक बम्बई चतुष्कोणीय (क्वाड्रैंगुलर) और पंचकोणीय (पेंटैंगुलर) प्रतियोगिताओं में हिन्दू क्लब की ओर से बड़ी सफलता के साथ खेलते रहे हैं।

लालाजी का जन्म 11 सितम्बर 1911 को हुआ था। वे इस समय उत्तर रेलवे में एक अधिकारी हैं।

अमरसिंह

भारत माता ने जिन सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खिलाड़ियों को उत्पन्न किया उनमें से अमरसिंह भी एक ऐसे प्रतिभाशाली खिलाड़ी थे जो अपनी युवावस्था में ही यदि कालकवलित न होते तो न जाने कितने कीर्तिमान (रेकार्ड) स्थापित कर जाते। उनका जन्म 4 दिसम्बर 1910 को और निधन 21 मई 1940 को हुआ।

श्री अमरसिंह पहले खिलाड़ी थे जिन्होंने रणजी ट्रॉफी प्रतियोगिता में 100 विकेट लिए और इसी टूर्नामेन्ट के वे दूसरे बल्लेबाज थे जिन्होंने कुल 1000 रन पूरे किए थे; और यह सब कुछ उन्होंने केवल सोलह मैचों में ही कर दिखाया था। उन्होंने 26 पारियों में 43·66 के औसत से कुल 1009 रन बनाए थे, उनमें तीन बार वे अपराजित रहे और 15·56 के औसत रन देकर 105 विकेट लिए थे। 1934–35 और 1935–36 में वे पश्चिम भारत की ओर से खेले और उसके बाद अपने दुःखद निधन तक नवानगर की ओर से खेलते रहे। अनेक मैचों में उनका सर्वोन्मुखी खेल बहुत ही शानदार रहा। सिन्ध के विरुद्ध नवानगर की ओर से खेलते हुए उन्होंने अपने पहले ही मैच में 103 और 55 रन बनाए और 48 रन देकर 6 विकेट और 35 रन देकर 4 विकेट लिए। दूसरे मैच में, जो बम्बई के विरुद्ध खेला गया था, उन्होंने 4 और अपराजित 52 रन बनाए और 62 रन देकर 6 और 101 रन देकर 2 विकेट लिए। अगले वर्ष, बड़ौदा के विरुद्ध खेलते हुए उन्होंने 66 रन बनाए और 14 रन देकर 4 विकेट और 6 रन देकर 2 विकेट लिए; तथा सिंध के विरुद्ध 86 रन बनाए और 35 रन देकर 3 विकेट और 26 रन देकर 7 विकेट लिए। इसके

बाद उन्होंने बम्बई के विरुद्ध अपराजित 140 रन बनाए और 22 रन देकर 6 विकेट और 22 रन देकर 1 विकेट लिया।

श्री अमरसिंह ने बम्बई चतुष्कोणीय प्रतियोगिता में भी अनेक बार अपना शानदार खेल दिखाया।

श्री अमरसिंह 1932 में इंग्लैंड का दौरा करने वाली भारतीय टीम के सदस्य थे और 1936 में भी वे इंग्लैंड में टैस्ट मैचों के लिए तैयार थे। उनके शानदार सर्वोन्मुखी खेल का बड़ा प्रभाव पड़ा। उन्होंने इंग्लैंड के बल्लेबाजों को लोहे के चने चबा दिए। वे इंग्लैंड के विरुद्ध पहले सात टैस्ट मैचों में खेले और उन्होंने 14 पारियों में कुल 292 रन बनाए, उनकी अधिकतम रन संख्या 51 रही। इन मैचों में उन्होंने 30.64 के औसत से कुल 858 रन देकर 28 विकेट लिए। उनकी सर्वोत्तम गेंदबाजी इन टैस्टों में रही : 1933–34 में मद्रास में 86 रनों पर 7 विकेट और 1936 में लार्ड्स में 35 रनों पर 6 विकेट।

महाराजा पटियाला के आस्ट्रेलियाई एकादश के विरुद्ध मद्रास में आयोजित चौथे अनौपचारिक टैस्ट मैच में उन्होंने भारत की ओर से सबसे अधिक 54 रन बनाए थे। इस मैच में केवल 33 रनों से भारत की विजय हुई जिसका अधिकांश श्रेय इन्हीं को है। लार्ड टैनीसन की टीम के विरुद्ध भी उनका खेल इतना ही शानदार रहा जिसमें उन्होंने पहले टैस्ट में 69 रन देकर 4 विकेट; तीसरे टैस्ट में 65 रन देकर 3 विकेट और 76 रन देकर 4 विकेट लिए। चौथे टैस्ट में 36 रन देकर 5 विकेट और 58 रन देकर 6 विकेट लिए और पांचवें टैस्ट में 47 रन देकर 5 विकेट और 95 रन देकर 4 विकेट लिए थे।

अमीर इलाही

श्री अमीर इलाही का जन्म 1 सितम्बर 1908 को हुआ था। वे पहले विकेट-रक्षक के रूप में खेलते थे पर बाद में एक तेज गेंदबाज और अन्ततः एक लेगब्रेक-व-गुगली गेंदबाज बन गए। रणजी ट्रॉफी और अन्य राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उनका खेल काफी शानदार रहा परन्तु टैस्ट मैचों में यद्यपि वे भारत और पाकिस्तान दो देशों की ओर से खेले परन्तु उन्हें बहुत कम खेलने का मौका मिला। भारत की ओर से वे केवल एक टैस्ट मैच में ही यानी 1947–48 में आस्ट्रेलिया के विरुद्ध खेल सके।

वे रणजी ट्रोफी प्रतियोगिता में उत्तर भारत, दक्षिण पंजाब और बड़ौदा की ओर से खेले। उन्होंने कुल मिलाकर 1564.1 ओवर गेंदबाजी की, इनमें 295 रनहीन यानी मेडन ओवर रहे, 24.72 के औसत से कुल 4771 रन देकर 193 विकेट लिए। बम्बई चतुष्कोणीय और पंचकोणीय

प्रतियोगिताओं में ये मुस्लिम क्लब के सर्वोत्कृष्ट गेन्दबाज थे और इन्होंने इन प्रतियोगिताओं में सबसे अधिक यानी 91 विकेट लिए। वे 7 अनौपचारिक टैस्ट मैचों में खेले थे। उन्होने अपने सबसे अधिक रन 96 सन् 1938 मे बम्बई पंचकोणीय प्रतियोगिता में हिंदू क्लब के विरुद्ध मुस्लिम क्लब की ओर से खेलते हुए बनाए थे।

वे 1936 और 1946 में इंग्लैंड का और 1947–48 में आस्ट्रेलिया का भ्रमण करने वाली भारतीय टीम के सदस्य थे। 1960 में जो पाकिस्तान की टीम भारत में खेलने आई थी, उसके भी वे सदस्य रहे हैं।

आपटे, अरविंद लक्ष्मणराव

श्री आपटे का जन्म 24 सितम्बर 1934 को बम्बई में हुआ था। उन्होने प्रथम श्रेणी के क्रिकेट मैचों मे, अपने खेल का श्रीगणेश, 1955–56 में न्यूजीलैंड के विरुद्ध भारतीय विश्वविद्यालयों की टीम मे खेलकर किया। रणजी ट्रॉफी प्रतियोगिता में वे सर्वप्रथम 1957–58 में, गुजरात के विरुद्ध बम्बई की ओर से, खेले। रणजी ट्रॉफी में उन्होंने दो बार शतक बनाए।

1959 में जो भारतीय टीम इंग्लैंड के दौरे पर गई थी उसमें वे भी शामिल थे और वहां उनकी सर्वोच्च रन संख्या 165 डर्बीशायर के विरुद्ध रही। लीड्स में उन्होंने तीसरा टैस्ट भी खेला जिसमे उन्होंने 8 और 7 रन बनाए थे।

1950–51 में वे अखिल भारतीय स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता में बम्बई स्कूल टीम की ओर से खेले थे और 1953–54, 55–56 और 58–59 में वे बम्बई विश्वविद्यालय की टीम में खेले।

श्री आपटे एक वस्त्र व्यापारी हैं।

आपटे, माधवराव लक्ष्मणराव

श्री आपटे बल्लेबाजी प्रारम्भ करने वाले एक दाहिने हाथ के अच्छे बल्लेबाज रहे हैं। उन्होंने रणजी ट्रॉफी में 1951–52 में एक शतक के साथ प्रवेश किया जबकि उन्होंने सौराष्ट्र के विरुद्ध बम्बई की ओर से 108 रन बनाए। वे रणजी ट्रॉफी में कुल 52 पारी खेले जिनमें ग्यारह बार अपराजित रहे, और उन्होंने प्रतिपारी 44·95 के औसत से कुल 1843 रन बनाए। इस प्रतियोगिता मे उनकी सर्वोच्च रन संख्या 157 बंगाल के विरुद्ध 1958–59 में रही। 1958–59 से 1961–62 के बीच उन्होंने कई मैचों में बम्बई की टीम का नेतृत्व किया।

श्री आपटे का जन्म 5 अक्तूबर 1932 को हुआ था। वे 1950–51, 51–52, 53–54 (कप्तान) और 54–55 में बम्बई विश्वविद्यालय की ओर से खेले थे। 1951–52 में वे एम० सी० सी० के विरुद्ध भारतीय विश्वविद्यालयों की टीम में भी खेले थे।

जो भारतीय टीम 1952–53 में वेस्टइंडीज और 1956 में श्री लंका गई थी उसके वे सदस्य थे। 1952 में वे पाकिस्तान के विरुद्ध दो टैस्टों में और 1952–53 में वेस्टइंडीज के विरुद्ध 5 टैस्टों में खेले। कुल 13 टैस्ट पारियों में वे दो में अपराजित रहे और उन्होंने कुल 542 रन बनाए। टैस्ट मैचों मे उनकी सर्वोच्च रन सख्या 163 वेस्टइण्डीज के विरुद्ध 1952–53 में रही। इस टैस्ट शृंखला में उन्होने पहले टैस्ट में 64 और 52 तथा दूसरे टैस्ट में 64 रन बनाए थे।

वे टेनिस, बैडमिंटन और स्क्वैश के उच्च कोटि के खिलाड़ी हैं और कपड़े का व्यापार करते हैं।

इंजीनियर, फारूख एम.

जोशीले, दाएँ हाथ के बल्लेबाज और फुर्तीले विकेट रक्षक श्री इंजीनियर का जन्म बम्बई में 25 फरवरी, 1938 को हुआ था। उन्होंने प्रथम श्रेणी के क्रिकेट में 1958–59 मे प्रवेश किया जब उनको वेस्टइण्डीज के विरुद्ध भारतीय विश्वविद्यालयों की ओर से खेलने का अवसर मिला। अगले वर्ष वे सौराष्ट्र के विरुद्ध पहली बार बम्बई की ओर से खेले और उन्होने 50 रन बनाए तथा तीन बल्लेबाजों को स्टम्प आउट किया। तबसे वे लगातार रणजी ट्रॉफी में बम्बई की ओर से और दलीप ट्रॉफी में पश्चिम क्षेत्र की ओर से खेल रहे हैं। 1964–65 में उन्होने दलीप ट्रॉफी के फाइनल मैच मे मध्य क्षेत्र के विरुद्ध लंच से पहले ही अपना शतक पूरा कर लिया था और बाद मे 142 रन बनाकर आउट हुए।

अब तक वे 11 टैस्टों में खेले हैं : 4 इंग्लैंड के विरुद्ध 1961–62 में; 3 वेस्ट इण्डीज के विरुद्ध 1962 में; और 4 न्यूजीलैंड के विरुद्ध 1965 में। उनकी सर्वोत्तम बल्लेबाजी न्यूजीलैंड के विरुद्ध मद्रास में पहले टैस्ट में रही जिसमें उन्होने 90 रन बनाए थे। उनका सर्वोत्तम विकेट रक्षण 1962 में वेस्ट इण्डीज के विरुद्ध (दो बार) और दिल्ली में न्यूजीलैंड के विरुद्ध चौथे टैस्ट में रहा जब कि प्रत्येक बार उन्होने तीन-तीन कैच लिए थे।

वे 1962 में वेस्ट इण्डीज का दौरा करने वाली भारतीय टीम के तथा 1960 में पाकिस्तान में खेलने वाली इण्डियन स्टारलेट्स की टीम के सदस्य रहे हैं। 1964 में उन्होने श्री लंका के विरुद्ध तीन अनौपचारिक टैस्ट खेले थे और हैदराबाद में खेले गए दूसरे टैस्ट में उन्होंने बड़ी तेजी से 102 रन बनाए थे।

1958–59 में वे बम्बई विश्वविद्यालय की ओर से खेल चुके हैं।

इन्दरजीत सिंहजी, के० एस०

पारी प्रारंभ करने वाले दाहिने हाथ के बल्लेबाज और विकेट रक्षक श्री इन्दरजीत सिंहजी का जन्म 15 जून 1937 को जामनगर में हुआ था। प्रथम श्रेणी के क्रिकेट में उनका प्रथम प्रवेश 1955-56 में हुआ जबकि वे महाराष्ट्र के विरुद्ध सौराष्ट्र की ओर से खेले थे। 1962-63 में उन्होंने रणजी ट्रॉफी में अपने सबसे अधिक रन (123), बड़ौदा के विरुद्ध, बनाए थे। 1960-61 में रणजी ट्रॉफी में दिल्ली और जिला टीम की ओर से विकेट रक्षण करते हुए उन्होंने 22 बल्लेबाजों को धराशायी कर दिया था और इस प्रकार रणजी ट्रॉफी में एक वर्ष में श्री ए० खन्ना के 23 बल्लेबाज आउट करने के कीतिमान से केवल एक सीढ़ी नीचे रह गए थे।

वे 1964 में आस्ट्रेलिया के विरुद्ध तीन टैस्टों में खेले थे और पहले टैस्ट में उन्होने भारत की ओर से बल्लेबाजी का श्रीगणेश किया था। टैस्टों में उन्होंने तीन बल्लेबाजों को स्टम्प आउट किया और पांच को लपका।

1957-58 से 1960-61 तक उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया था।

इब्राहिम, के० सी०

पारी प्रारम्भ करने वाले दाहिने हाथ के बल्लेबाज श्री इब्राहिम ने प्रथम श्रेणी के क्रिकेट में 1940 में प्रवेश किया जबकि उन्होने महाराष्ट्र के विरुद्ध, बम्बई की ओर से एक पारी में 61 रन बनाए थे। अगले वर्ष वे पश्चिम भारत के विरुद्ध 230 रन बनाकर भी अपराजित रहे। 1948 में उन्होंने बड़ौदा के विरुद्ध 219 रन पीटे थे। रणजी ट्रॉफी की 39 पारियों में, चार बार अपराजित रहकर उन्होने 66.54 रन प्रतिपारी के औसत से 2329 रन बनाए हैं। इनमें सात शतक भी शामिल है।

उन्होने 1948 में वेस्टइण्डीज के विरुद्ध 4 टैस्ट खेले थे। कुल आठ पारियों में उन्होने 169 रन बनाए थे जिसमें उनकी सबसे अधिक रन संख्या 85 दिल्ली टैस्ट में बनी थी।

आपका जन्म 26 जनवरी 1919 को हुआ था।

ईरानी, जे० के०

1947-48 में जो भारतीय टीम आस्ट्रेलिया के दौरे पर गई थी, उसमें श्री ईरानी भी थे। उन्होंने वहां दो टैस्ट मैचों में विकेट रक्षण किया था। इससे पहले उनको प्रथम श्रेणी के मैचों में खेलने का बहुत कम मौका मिला था।

उनका जन्म 18 अगस्त 1923 को हुआ था। रणजी ट्रॉफी में उन्होंने सर्वप्रथम 1937 में खेलना शुरू किया और सिन्ध की ओर से खेले परन्तु विकेट रक्षक के रूप में नहीं। आगे चलकर 1942 में उन्होंने पश्चिम भारत के विरुद्ध सिन्ध की ओर से विकेट रक्षण किया था। रणजी ट्रॉफी में उन्होंने अपने सबसे अधिक रन 46, 1945–46 में महाराष्ट्र के विरुद्ध सिन्ध की ओर से खेलते हुए बनाए थे। उसी वर्ष उन्होंने बम्बई के 5 विकेटों में से (जो 560 रनों पर गिरे थे) 3 को विकेट रक्षण करते हुए गिराया था।

उमरीगर, पहलान आर० 'पोली'

अत्यन्त उपयोगी और आक्रामक बल्लेबाज थी उमरीगर जिस टीम मे भी खेले उसीके लिए लाभप्रद सिद्ध हुए। वे दाहिने हाथ के सशक्त बल्लेबाज है और मौका आने पर गेंद को पीटने में कसर नहीं रखते। वे एक मध्यमगति के ओफ ब्रेक गेंदबाज रहे हैं जो नई गेंद को सफलतापूर्वक उपयोग में ला सकते थे। इसके अलावा वे एक उच्च कोटि के क्षेत्र-रक्षक भी रह चुके हैं जो आमतौर पर स्लिप में खेला करते थे। वे एक योग्य और चतुर कप्तान सिद्ध हुए है।

उनका जन्म 28 मार्च 1926 को शोलापुर (महाराष्ट्र) में हुआ था। प्रथम श्रेणी के क्रिकेट में उन्होंने प्रथम प्रवेश बम्बई पंचकोणीय प्रतियोगिता में हिन्दू क्लब के विरुद्ध पारसी क्लब की ओर से खेलकर किया। 1946–47 से 1962–63 में अपनी निवृत्ति तक वे लगातार रणजी ट्रॉफी में खेलते रहे। केवल दो वर्ष यानी 1950–51 और 51–52 में ही वे गुजरात की ओर से खेले अन्यथा वे सदा बम्बई की ओर से खेलते रहे और रणजी ट्रॉफी में उन्होंने अपनी टीम को लगातार 5 वर्षों तक विजयी बनाए रखा।

रणजी ट्रॉफी की कुल 70 पारियों में 12 बार अपराजित रहकर, उन्होंने 70·72 रन प्रति पारी के औसत से 4102 रन बनाए हैं। उनकी सर्वोच्च रन संख्या 245 रही जो उन्होंने 1957 में सौराष्ट्र के विरुद्ध बनाई थी। इसी वर्ष उन्होंने गुजरात के विरुद्ध 213 रन बनाए थे। उन्होंने कुल 14 शतक बनाए हैं। उन्होंने 19·72 रन प्रति विकेट के औसत से 2722 रन देकर 138 विकेट लिए है। 1956–57 में उन्होंने रणजी ट्रॉफी में 502 रन देकर 35 विकेट लिए थे।

वे 1952 और 1959 मे इंग्लैंड के दौरे पर गए थे। 1954–55 मे वे टीम के उपकप्तान के रूप में पाकिस्तान गए थे। 1952–53 और 1962 में उन्होंने वेस्टइण्डीज का दौरा किया था और 1956 में श्रीलंका में भारतीय टीम का नेतृत्व किया था। 1952 और 1959 के इंग्लैंड के दौरे

में उन्होंने सबसे अधिक रन बनाए थे, क्रमशः 1688 और 1826 रन। इंग्लैंड की दोनों यात्राओं में इन्होंने तीन दोहरे शतक बनाए थे। 1959 में उन्होंने केम्ब्रिज विश्वविद्यालय के विरुद्ध अपराजित रहकर 252 रन बनाए थे; आज तक कोई भी भारतीय विदेश में जाकर इतने रन नहीं बना सका है। अन्य दौरों में भी वे भारत के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज सिद्ध हुए हैं।

उन्होंने कुल 59 टैस्ट मैच खेले हैं; अब तक कोई भारतीय खिलाड़ी इतने अधिक टैस्ट मैच नही खेल सका : वेस्टइण्डीज के विरुद्ध 1948 (1), 1953 (5), 1958 (5), 1962 (5); इंग्लैंड के विरुद्ध 1951-52 (5), 1952 (4), 1959 (4), 1961-62 (4); पाकिस्तान के विरुद्ध 1952 (5), 1955 (5), 1960 (5); न्यूजीलैंड के विरुद्ध 1955 (5), और आस्ट्रेलिया के विरुद्ध 1956 (3), 1959 (3)। उन्होंने 1951-52 से लगातार 41 टैस्ट खेले हैं। उन्होंने न्यूजीलैंड के विरुद्ध चार टैस्टों में (1955-56), आस्ट्रेलिया के विरुद्ध एक टैस्ट में (1956) और वेस्टइण्डीज के विरुद्ध एक टैस्ट में (1958-59) भारत का नेतृत्व किया है। टैस्ट क्रिकेट में उनके शतक इस प्रकार हैं : इंग्लैंड के विरुद्ध—अपराजित 130, पांचवां टैस्ट, मद्रास, 1951-52; 118, चौथा टैस्ट, मेंचेस्टर 1959, और अपराजित 147, दूसरा टैस्ट कानपुर, 1961-62; वेस्टइण्डीज के विरुद्ध—117, पांचवां टैस्ट, जमैका 1953; 130, पहला टैस्ट ट्रिनिडाड, 1953; अपराजित 172, चौथा टैस्ट, ट्रिनिडाड, 1962; पाकिस्तान के विरुद्ध—177, चौथा टैस्ट, मद्रास 1960; 115 दूसरा टैस्ट, कानपुर 1960; 112, पांचवां टैस्ट, नई दिल्ली, 1960; 108, चौथा टैस्ट पेशावर, 1955; 102, तीसरा टैस्ट, बम्बई, 1952; और न्यूजीलैंड के विरुद्ध-223, पहला टैस्ट, हैदराबाद, 1955.

अपनी 94 टैस्ट पारियों में, आठ बार अपराजित रहकर, उन्होंने 42·22 रन प्रति पारी के औसत से 3631 रन बनाए है। कोई भारतीय बल्लेबाज इतने रन नहीं बना सका है। गेंदबाजी में उन्होंने 1483 रन देकर 35 विकेट लिए हैं।

उन्होंने कॉमनवेल्थ की दोनों टीमों और सिलवर जुबली ओवरसीज टीम के विरुद्ध अनौपचारिक टैस्ट खेले थे और उनमें उन्होंने कॉमनवेल्थ द्वितीय के विरुद्ध बम्बई में 130; कलकत्ता मे 93; मद्रास मे अपराजित 110, कानपुर में 57 और 63; तथा सिलवर जुबली ओवरसीज टीम के विरुद्ध कलकत्ता में अपराजित 112 और लखनऊ में 87 रन बनाए थे। एक व्यावसायिक खिलाड़ी के रूप में वे 1950 और 1951 में वेरनेय क्लब की ओर से, 1953 और 1954 में चर्च क्लब की ओर से, और 1955 में ओल्डहेम की ओर से खेले थे। उन्होंने 1948-49 में बम्बई विश्वविद्यालय का नेतृत्व

किया था। इससे पहले भी 1944-45 में वे बम्बई विश्वविद्यालय की ओर से खेल चुके थे।

उन्हें भारत सरकार की ओर से 'पद्म श्री' से सम्मानित किया गया है। वे ए० सी० सी० लिमिटेड बम्बई में अधिकारी हैं।

कारदार, अब्दुल हफीज

पाकिस्तान के प्रथम कप्तान श्री कारदार ने सर्वप्रथम 1946 में भारत की ओर से टैस्ट मैच में खेलना प्रारम्भ किया था। वे इंग्लैंड के विरुद्ध तीनो टैस्टों में खेले थे। अपनी पांच टैस्ट पारियों में कुल 80 रन बनाए थे। पहले टैस्ट में उनकी रन संख्या 43 थी जो उनके सबसे अधिक रन हैं। इंग्लैंड की टीम के इस पूरे दौरे में उन्होंने कुल 27 पारियों में, तीन बार अपराजित रहकर, 439 रन बनाए थे।

इससे एक वर्ष पहले वे आस्ट्रेलिया की सेना की टीम के विरुद्ध तीन अनौपचारिक टैस्ट खेल चुके थे। उन्होने 1943-44 और 1944-45 में रणजी ट्रॉफी में उत्तर पंजाब का प्रतिनिधित्व किया था। 1943-44 में उन्होंने पश्चिम भारत के विरुद्ध 143 रन और 1944-45 मे बम्बई के विरुद्ध 145 रन बनाए थे। उन्होंने अपनी सर्वोन्मुखी प्रतिमा 1944-45 में दिल्ली और जिला टीम के विरुद्ध प्रदर्शित की जब उन्होने 68 रन बनाए थे और 25 रन देकर 7 विकेट और 24 रन देकर 3 विकेट गिराये थे।

उनका जन्म 17 जनवरी 1925 को हुआ था। विभाजन के बाद वे पाकिस्तान चले गए और उन्होंने भारत, इंग्लैंड, आस्ट्रेलिया और वेस्टइण्डीज के विरुद्ध पाकिस्तान की टीम का नेतृत्व किया।

किशनचन्द गोगुमल

श्री किशनचन्द का जन्म कराची में 11 अप्रैल 1925 को हुआ था। वे दाहिने हाथ के बल्लेबाज और दाहिनी भुजा से लेगब्रेक गेंद फेंकने वाले गेंदबाज हैं। उन्हें छोटी आयु में ही अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिल गया था। 1940-41 में रणजी ट्रॉफी में वे सर्वप्रथम खेले थे। पश्चिम भारत के विरुद्ध सिन्ध की ओर से खेलते हुए उन्होने 50 और 33 रन बनाए थे। वे सिन्ध की ओर से 1940-41, 1941-42 और 1945-46 (कप्तान) में, पश्चिम भारत की ओर से 1942-43 और 1943-44 में, गुजरात की ओर से 1948-49 से 1951-52 तक और उसके बाद बड़ौदा की ओर से खेले थे। रणजी ट्राफी में उन्होने कुल 66 पारियों में, 18 बार अपराजित रहकर, 64.45 रन प्रतिपारी के औसत से कुल 3094 रन बनाए हैं। उन्होंने इस प्रतियोगिता में नौ शतक बनाए हैं। 1951-52 मे महाराष्ट्र के विरुद्ध

गुजरात की ओर से खेलते हुए उन्होंने अपने सबसे अधिक 181 रन बनाए थे।

बम्बई पंचकोणीय प्रतियोगिता में 1943-44 और 46 में हिन्दू क्लब की ओर से खेले थे और प्रतिवर्ष उन्होंने एक शतक बनाया था। उन्होंने 1947 में दक्षिण क्षेत्र के विरुद्ध उत्तर क्षेत्र की ओर से खेलते हुए 218 रन बनाए थे और ये रन प्रथम श्रेणी के क्रिकेट में उनके अपने सबसे अधिक रन हैं।

वे भारतीय टीम में 1945 में श्रीलंका और 1947-48 मे आस्ट्रेलिया गए थे। उन्होने कुल 5 टैस्ट मैच खेले हैं, 1947-48 में आस्ट्रेलिया के विरुद्ध 4 और 1952 में पाकिस्तान के विरुद्ध एक टैस्ट मैच में उनकी सर्वोच्च रन संख्या 44 रही जो उन्होंने सिडनी में आस्ट्रेलिया के विरुद्ध दूसरे टैस्ट में बनाई थी। उन्होंने 6 अनौपचारिक टैस्ट भी खेले थे। वे महाराजा बड़ौदा के यहां कर्मचारी हैं।

कृपालसिंह ए० जी०

श्री कृपालसिंह क्रिकेट के सुप्रसिद्ध खिलाड़ी और कोच श्री ए० जी० रामसिंह के सुयोग्य पुत्र हैं। उन्होंने टैस्ट क्रिकेट मे सर्वप्रथम प्रवेश 1955-56 में किया और न्यूजीलैंड के विरुद्ध अपराजित शतक बना कर दर्शकों को खुश कर दिया। उनका जन्म 6 अगस्त 1933 को मद्रास में हुआ था। वे दाहिने हाथ से बल्लेबाजी और दाहिनी भुजा से गेंदबाजी करते हैं। रणजी ट्रॉफी में वे सर्वप्रथम 1950-51 में हैदराबाद के विरुद्ध खेले थे। तब से वे लगातार मद्रास की ओर से रणजी ट्रॉफी मे खेल रहे हैं। 1959-60 में वे मद्रास के कप्तान रह चुके हैं। इस प्रतियोगिता में वे अब तक 2000 से ऊपर रन बना चुके है और 100 से ऊपर विकेट ले चुके हैं। 1954 की 6 पारियों मे उन्होंने 636 रन बनाए थे; उनमें त्रावणकोर कोचीन के विरुद्ध बनाए हुए 208 रन भी शामिल हैं। उसी वर्ष उनके शानदार खेल के कारण ही मद्रास पहली बार रणजी ट्रॉफी जीत सका था। 1958 की सात पारियों में दो बार अपराजित रहकर, उन्होंने 519 रन बनाये थे; 1961 में उन्होने 275 रन देकर 27 विकेट गिराए थे। उनकी सर्वोत्तम गेंदबाजी 1961-62 में हैदराबाद के विरुद्ध रही जबकि उन्होने केवल 14 रन देकर 6 बल्लेबाज परास्त कर दिए थे (पूरे मैच मे 49 रन देकर 12 विकेट लिए थे)।

दलीप ट्रॉफी मे वे प्रारम्भ से ही खेल रहे हैं और उन्होने दक्षिण क्षेत्र का नेतृत्व किया है।

उन्होंने भारतीय टीम के सदस्य के रूप मे 1956 मे श्री लंका का

और 1959 में इंग्लैंड का दौरा किया था। वे कुल मिलाकर 14 टैस्टों में खेले हैं। 4 न्यूज़ीलैंड, 3 आस्ट्रेलिया, 1 वेस्टइण्डीज और 6 इंग्लैंड के विरुद्ध : अपनी 20 टैस्ट-पारियों में, 5 बार अपराजित रहकर, उन्होंने कुल 422 रन बनाए है।

वे कॉमनवेल्थ प्रथम के विरुद्ध सम्मिलित स्कूल टीम की ओर से खेले थे। अखिल भारतीय स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता में वे 1949–50 में मद्रास की ओर से खेले थे और 1950–51 से 1954–55 तक मद्रास विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया था।

वे पैरी एण्ड कं० लिमिटेड मद्रास में एक कार्यकारी अधिकारी हैं।

कुन्दरन, बुद्धिसागर कृष्णाप्पा

पारी प्रारम्भ करने वाले दाहिने हाथ के आक्रामक बल्लेबाज, चुस्त विकेट रक्षक और उत्तम क्षेत्र रक्षक श्री कुन्दरन का जन्म 1939 में गांधी जयन्ती के दिन हुआ था। उन्होंने रणजी ट्रॉफी में अपने प्रथम प्रवेश में ही दोहरा शतक बनाया था। वे दूसरे खिलाड़ी हैं जिन्हें 265 रन बनाने का गौरव प्राप्त है। ये रन उन्होंने 1959–60 में जम्मू-कश्मीर के विरुद्ध बनाए थे। तब से वे लगातार रेलवे की ओर से खेल रहे है।

उन्होंने अपने सबसे पहले टैस्ट मैच में 1959–60 में आस्ट्रेलिया के विरुद्ध मद्रास में (चौथा टैस्ट) खेलते हुए फटाफट 71 रन बनाकर सबको अपनी ओर आकर्षित कर लिया था। 1964 में, श्री इंजीनियर को चोट लग जाने के कारण इंग्लैंड के विरुद्ध पहले टैस्ट मे उन्हें खेलने का मौका दिया गया था। उन्होंने 192 रन बना कर बड़ी शानदार बल्लेबाजी की थी; यह रन संख्या तब तक इंग्लैंड के विरुद्ध भारत की सर्वोच्च रन संख्या थी। इस टैस्ट मे उन्होंने 6 बल्लेबाजों को (4 कैच और 2 स्टम्प) धराशायी कर दिया था। इसी शानदार खेल के आधार पर उन्हे पांचों टैस्टों में खेलने का मौका मिला। नई दिल्ली में आयोजित चौथे टैस्ट मे उन्होंने फिर शतक बनाया, और इस श्रृंखला में उन्होंने दोनों टीमों मे सबसे अधिक रन 525 (10 पारियों में) बनाए। उन्होंने 14 टैस्टों की 26 पारियां खेली हैं जिनमे कुल मिलाकर 751 रन बनाए हैं। रणजी ट्रॉफी मैच में उनका सर्वोत्तम विकेट रक्षण 1959–60 मे पटियाला के विरुद्ध रहा जिसमें उन्होंने 4 कैच लिए और 4 को स्टम्प आउट किया था।

उन्होंने 1954–55 और 1955–56 (कप्तान) में अखिल भारतीय स्कूल क्रिकेट टूर्नामिण्ट में बम्बई और पश्चिम क्षेत्र की स्कूलों का प्रतिनिधित्व किया था। 1957–58 में वे बम्बई विश्वविद्यालय की ओर से खेले थे।

वे पश्चिम रेलवे, बम्बई मे काम करते हैं।

कुमार, वामन वी०

रणजी ट्रॉफी और टैस्ट क्रिकेट दोनों में ही श्री कुमार का प्रथम प्रवेश बहुत शानदार रहा। 1955-56 में आंध्र के विरुद्ध खेलते हुए उन्होंने 70 रन देकर 3 विकेट और 20 रन देकर 4 विकेट गिराए थे। 1960-61 में पाकिस्तान के विरुद्ध नई दिल्ली में अपना पहला टैस्ट खेलते हुए उन्होने 64 रन देकर 5 विकेट और 68 रन देकर 2 विकेट लिए थे।

उनका जन्म 22 जून 1935 को मद्रास में हुआ था। वे दाहिनी भुजा से लेगब्रेक-व-गुगली गेंद फेंकने में प्रवीण हैं और दाहिने हाथ से बल्लेबाजी करते हैं। रणजी ट्रॉफी में उन्होने अनेक बार बहुत शानदार खेल दिखाया है और उन्होंने 200 से ऊपर विकेट लिए है। उन्होंने 1957-58 में 14·21 के औसत से 398 रन देकर 28 विकेट; 1958-59 मे 16·43 के औसत से 493 रन देकर 33 विकेट; 1959-60 में 14·18 के औसत से 489 रन देकर 33 विकेट और 1960-61 मे 13·98 के औसत से 432 रन देकर 31 विकेट गिराए थे। उनकी सर्वोत्तम गेंदबाजी 1959-60 में हैदराबाद के विरुद्ध रही जबकि उन्होने केवल 27 रन देकर 7 बल्लेबाज परास्त कर दिए थे।

अपने पहले ही टैस्ट में वे भारत के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज सिद्ध हुए जिसमे वे पाकिस्तान के विरुद्ध खेले थे परन्तु ऐसा शानदार खेल फिर वे पाकिस्तान के विरुद्ध दूसरे टैस्ट में और 1961-62 में इंग्लैंड के विरुद्ध अपने अन्तिम टैस्ट में नहीं दिखला सके।

1952-53 और 1954-55 से 1956-57 तक वे मद्रास विश्वविद्यालय की ओर से खेलते रहे। 'इण्डियन स्टारलेट्स' के साथ वे पाकिस्तान के दौरे पर भी गए थे। वे स्टेट बैंक आफ इण्डिया के कर्मचारी हैं।

केनी, रामनाथ बी०

श्री केनी सुरक्षात्मक ढंग से खेलने वाले दाहिने हाथ के शानदार बल्लेबाज और दाहिनी भुजा से लेगब्रेक गेंद फेंकने वाले गेंदबाज हैं। प्रथम श्रेणी के क्रिकेट मे उन्होने 1950-51 मे खेलना शुरू किया था। सर्वप्रथम वे बम्बई की ओर से महाराष्ट्र के विरुद्ध खेले थे और उन्होने 52 रन बनाए थे। वे 29 मार्च 1930 को बम्बई में पैदा हुए थे और 1960-61 तक बम्बई संघ की ओर से ही खेलते रहे; उसके बाद वे बंगाल चले गए। रणजी ट्रॉफी में उन्होने 54·26 रन प्रति पारी के औसत से कुल 2062 रन बनाए हैं। उनके सर्वोत्तम खेल का वर्ष 1956 था जिसमें उन्होंने पांच पारियों में 529 रन बनाए थे और उसी वर्ष उनकी सर्वोच्च रन संख्या

218 महाराष्ट्र के विरुद्ध रही। रणजी ट्रॉफी मे उन्होंने आठ शतक बनाए है।

उन्हें पांच टैस्ट मैचों मे खेलने का अवसर मिला है। 1958-59 मे वेस्टइण्डीज के विरुद्ध (1) और 1959-60 में आस्ट्रेलिया के विरुद्ध (4)। 1953-54 मे उन्होंने सिलवर जुबली ओवरसीज टीम के विरुद्ध दो अनौपचारिक टैस्ट खेले थे। अपनी 10 टैस्ट पारियों में, एक बार अपराजित रहकर, उन्होंने कुल 245 रन बनाए जिसमें आस्ट्रेलिया के विरुद्ध अपने सबसे अधिक रन 62 लिए थे।

1948 से 1953 तक उन्होंने बम्बई विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया था। वे भारतीय विश्वविद्यालयों की ओर से 1951-52 में एम० सी० सी० के विरुद्ध खेले थे जिसमें उन्होंने 86 रन बनाए थे और 1952 मे पाकिस्तान के विरुद्ध खेले थे जिसमें उन्होंने 99 रन बनाए थे। एक व्यावसायिक खिलाडी के रूप मे उन्होंने 1961 में पेनरिथ की ओर से कम्बरलैंड लीग में भाग लिया था।

वे कलकत्ता में क्रिकेट कोच है।

कोएट्रेक्टर, नारीमन जे०

श्री कोण्ट्रेक्टर ने प्रथम श्रेणी के क्रिकेट मे अपना प्रवेश शतकीय प्रहारों के साथ ही किया। 1952 मे उन्होंने अपने पहले ही मैच की दोनो पारियो में बड़ौदा के विरुद्ध गुजरात की ओर से खेलते हुए अपराजित 102 और 152 रन बनाए थे। इस प्रकार का शानदार खेल इससे पहले केवल आस्ट्रेलिया के आर्थर मोरिस ही दिखा सके थे। परन्तु जब वे अपने खिलाड़ी जीवन के चरमोत्कर्ष पर थे तो 1962 में वेस्टइण्डीज के दौरे के समय बारबडोस के विरुद्ध बल्लेबाजी करते हुए, ग्रिफिथ की गेंद से उनके सिर i गम्भीर चोट लगी। कुछ समय तक वे जीवन और मृत्यु के बीच झूलते रहे वे स्वयं तो बच गए परन्तु आत्मविश्वास और बल्लेबाजी के कौशल क नही बचा सके।

श्री कोण्ट्रेक्टर का जन्म गोधरा में 7 मार्च 1934 को हुआ था वे पारी का प्रारम्भ करने वाले बाएँ हाथ से शानदार सुरक्षात्मक खेल खेल वाले बल्लेबाज और संकीर्ण व्यूह के क्षेत्र रक्षक हैं। 1952-53 से 1958-5 तक गुजरात की ओर से खेले थे। 1959-60 मे उन्होने रेलवे की टीम क नेतृत्व किया था। फिर गुजरात लौट आए और 1960-61 और 1961-6 मे गुजरात की टीम का नेतृत्व किया। उन्होंने रणजी ट्रॉफी में कुल 4 पारियाँ खेली हैं; दो मे अपराजित रहे हैं और 49·20 के औसत से कु मिलाकर 2116 रन बनाए हैं। उन्होंने अपने जीवन में 10 शतक बना

है। 1957 उनके चरमोत्कर्ष का वर्ष था जब कि उन्होने रणजी ट्रॉफी की पांच पारियों में 532 रन बनाए थे।

वे 31 टैस्टों में खेल चुके हैं : 9 इंग्लैंड के विरुद्ध; 7 वेस्टइण्डीज के विरुद्ध; 6 आस्ट्रेलिया के विरुद्ध; 5 पाकिस्तान के विरुद्ध; और 4 न्यूजीलैंड के विरुद्ध। वे 1960 में पाकिस्तान के विरुद्ध; 1961–62 में इंग्लैंड के विरुद्ध और 1962 मे वेस्टइण्डीज के विरुद्ध भारतीय टीम के कप्तान रहे हैं। अपनी कुल 52 टैस्ट पारियों मे, एक में अपराजित रह कर, उन्होंने कुल 1611 रन बनाए हैं। वे टैस्टों में केवल एक ही शतक बना सके जो 1959 में आस्ट्रेलिया के विरुद्ध बम्बई के तीसरे टैस्ट में बना था।

भारतीय टीम के सदस्य के रूप मे उन्होंने 1956 में श्री लंका और 1959 में इंग्लैंड का दौरा किया था। 1962 में उन्होंने वेस्टइण्डीज में भारतीय टीम का नेतृत्व किया था।

उन्हें 1952 से 1962 के बीच जो भी विदेशी टीमें भारत में आई थीं उन सबके विरुद्ध खेलने का अवसर मिला था। 1950–51 में उन्होने अखिल भारतीय स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता में बम्बई स्कूलो का प्रतिनिधित्व किया था। 1952–53, 1954–55 (कप्तान), 1955–56 और 1956–57 (कप्तान) मे वे बम्बई की ओर से खेले थे। इन चारों अवसरो पर बम्बई ने ट्रॉफी जीती थी।

वे टाटा लोकोमोटिव लिमिटेड बम्बई मे काम करते हैं।

भारत सरकार ने उन्हें 1962 में "पद्म श्री" से विभूषित किया है।

कोल्हा, एस० एच० एम०

एक शक्तिशाली बल्लेबाज और कवर पंक्ति के शानदार क्षेत्ररक्षक श्री कोल्हा 1932 में इंग्लैंड का दौरा करने वाली भारतीय टीम के सदस्य रहे हैं। इंग्लैंड के विरुद्ध, दो टैस्टों में खेल चुके हैं। 1932 मे लार्ड्स के मैदान में और 1933–34 में बम्बई में और उन्होने चारों पारियों में कुल 69 रन बनाए थे।

वे 1934–35 और 1935–36 की रणजी ट्रॉफी प्रतियोगिताओं में पश्चिम भारत की ओर से खेले थे और इसके बाद 1941–42 मे अपनी निवृत्ति तक नवानगर की ओर से खेलते रहे। उन्होंने 36 पारियो में, पांच बार अपराजित रहकर, 35 रनों के औसत से कुल 1085 रन बनाए थे। उन्होंने अपनी सर्वोत्तम बल्लेबाजी 1935–36 मे गुजरात के विरुद्ध दिखाई जब उन्होने पश्चिम भारत की ओर से खेलते हुए अपराजित रह कर 185 रन बनाए थे। बम्बई चतुष्कोणीय और पंचकोणीय प्रतियोगिताओं मे वे पारसी क्लब की ओर से खेलते थे।

गडकरी, चन्द्र वी०

श्री गडकरी का जन्म 3 फरवरी 1928 को पूना में हुआ था। वे एक उपयोगी सर्वोन्मुखी खिलाड़ी रहे हैं और दाहिने हाथ से बल्लेबाजी एवं दाहिनी भुजा से गेंदबाजी करते है तथा एक शानदार क्षेत्ररक्षक हैं। उन्होंने प्रथमश्रेणी के क्रिकेट मे अपना पहला प्रवेश, 1947–48 में, नवानगर के विरुद्ध महाराष्ट्र की ओर से खेलकर, किया। बाद मे उन्होंने सेना की नौकरी कर ली और 1950–51 से सेना की टीम में लगातार खेल रहे हैं। रणजी ट्रॉफी में उन्होंने कुल 43 पारियों में, 6 बार अपराजित रहकर, 51·10 के औसत से 1891 रन बनाए है। उनकी सर्वोच्च रन संख्या अपराजित 145 है जो उन्होने 1955–56 मे पूर्व पंजाब के विरुद्ध बनाई थी। उनकी सर्वोत्तम गेंदबाजी 1953–54 में सिलवर जुबली ओवरसीज टीम के विरुद्ध रही जबकि उन्होंने उत्तर क्षेत्र की ओर से खेलते हुए 36 रन देकर 6 विकेट लिए थे। रणजी ट्रॉफी म उनकी सर्वोत्तम गेंदबाजी 1951–52 में होल्कर के विरुद्ध रही जबकि उन्होंने 35 रन देकर 4 विकेट लिए थे।

जो भारतीय टीम 1952–53 में वेस्टइण्डीज और 1954–55 में पाकिस्तान गई थी, उसके वे सदस्य रहे हैं। उन्होने वेस्टइण्डीज के विरुद्ध तीन और पाकिस्तान के विरुद्ध भी तीन टैस्ट मैच खेले थे। अपनी 10 टैस्ट पारियों मे, 4 बार अपराजित रहकर, उन्होंने 132 रन बनाए थे। वेस्टइण्डीज के विरुद्ध उन्होने अपराजित रहकर 50 रन बनाए थे। टैस्ट मैचों मे उनकी यही सबसे अधिक रन संख्या है।

1947–48 में वे बम्बई विश्वविद्यालय की ओर से भी खेले थे।

गायकवाड, दत्ताजी राव के०

पूरी सुरक्षा के साथ दाहिने हाथ से शानदार बल्लेबाजी करने वाले और उत्कृष्ट कोटि का क्षेत्ररक्षण करने वाले श्री गायकवाड़ दाहिनी भुजा से मध्यमगति की धीमी गेंदबाजी करने में भी बहुत सफल रहे हैं। प्रथम श्रेणी के क्रिकेट मे उन्होंने सबसे पहले 1947–48 मे प्रवेश किया और काठियावाड के विरुद्ध बडौदा की ओर से खेले। तबसे वे लगातार बड़ौदा की ओर से खेलते रहे हैं। 1957–58 में वे पहली बार अपनी टीम के कप्तान हुए और उनके कुशल नेतृत्व में उनकी टीम विजयी रही। वे 1960–61 तक बडौदा की टीम के कप्तान रहे हैं। उन्होंने रणजी ट्रॉफी मे कुल 69 पारियों मे, 3 बार अपराजित रहकर, 3139 रन बनाए हैं। इस पूरे खेल में उन्होने 11 शतक और 3 दोहरे शतक बनाए थे। उनकी सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजी 1959 मे महाराष्ट्र के विरुद्ध रही जबकि उन्होंने अपराजित रहकर 249 रन बनाए थे। इसी प्रकार, उन्होंने 1957 मे बम्बई के विरुद्ध 218

रन; 1961 में गुजरात के विरुद्ध अपराजित 201, और 1949 में गुजरात के विरुद्ध 128 और अपराजित 101 रन बनाए थे।

वे 11 टैस्टों में खेल चुके है : 5 इंग्लैंड के विरुद्ध, 3 पाकिस्तान के विरुद्ध और 3 वेस्टइण्डीज के विरुद्ध। अपनी 20 टैस्ट पारियों में वे एक बार अपराजित रहे और कुल 350 रन बनाए। उन्होंने अपने सबसे अधिक रन 52, दिल्ली में 1958–59 में वेस्टइण्डीज के विरुद्ध बनाए थे। उन्होने 1952 और 1959 (कप्तान) में इंग्लैंड का और 1952–53 में वेस्टइण्डीज का दौरा किया। उन्होने अपने 1959 के इंग्लैंड के दौरे में एक हजार रन पूरे कर लिए थे।

उन्होंने 1947–48 तथा 1948–49 में बम्बई विश्वविद्यालय का और 1950–51, 1951–52 (कप्तान) और 1952–53 (कप्तान) में बड़ौदा विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया। उनका जन्म 27 अक्तूबर 1928 को हुआ था। वे महाराजा बड़ौदा के परिसहायक(ए डी सी) है।

गायकवाड़, हीरालाल जी०

बाईं भुजा से मध्यम गति की धीमी गेंद फेंकने वाले और बाएँ हाथ से आक्रामक बल्लेबाजी करने वाले श्री हीरालाल गायकवाड का जन्म 29 अगस्त 1928 को हुआ था। उन्होंने रणजी ट्रॉफी में सर्वप्रथम 1941-42 प्रवेश मे किया जबकि वे मद्रास के विरुद्ध मध्यभारत और बरार की ओर से खेले थे। अगले वर्ष वे होल्कर की टीम में चले गए और तबसे वे लगातार उसी टीम की ओर से खेलते रहे है। उस टीम का नाम होल्कर से बदलकर मध्य भारत और अतत: मध्यप्रदेश हो गया है। वे उन थोड़े से खिलाड़ियों में से एक हैं जिनको रणजी ट्रॉफी मे 200 विकेट लेने और 1000 रन बनाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। उन्होने 22·01 के औसत से कुल 227 विकेट लिए हैं और 23·52 के औसत से 1976 रन बनाए है। प्रथम श्रेणी के क्रिकेट में उनकी सर्वोच्च रन संख्या 164, बिहार के विरुद्ध 1951-52 में रही और सर्वोत्तम गेंदबाजी 1948-49 में बड़ौदा के विरुद्ध, जबकि उन्होने 67 रन देकर 7 विपक्षी बल्लेबाजो को धराशायी किया था।

उन्हे 1952 में पाकिस्तान के विरुद्ध लखनऊ मे दूसरा टस्ट खेलने का अवसर मिला था। इससे पहले भी वे 'कॉमनवेल्थ प्रथम और द्वितीय के साथ तीन अनौपचारिक टैस्ट खेल चुके थे। 1952 में इंग्लैंड का दौरा करने वाली भारतीय टीम के भी वे सदस्य रहे हैं। 1953 मे वे लंकाशायर लीग में कोल्न की ओर से खेले थे।

गार्डे, गुलाम एम०

श्री गार्डे का जन्म 12 दिसम्बर 1925 को सूरत में हुआ था। वे बाईं भुजा से मध्यम तेज गेंदबाजी करते हैं और बाएँ हाथ से बल्लेबाजी। प्रथम श्रेणी के क्रिकेट में वे सर्वप्रथम 1947-48 में काठियावाड़ के विरुद्ध बंबई की ओर से उतरे थे। 1953-54 से 55-56 के बीच ही वे गुजरात की ओर से खेले, बाकी वे बम्बई की ओर से नियमित रूप से खेल रहे हैं। रणजी ट्रॉफी में उन्होंने 17.59 के औसत से 100 विकेट लिए हैं। उनकी सर्वोत्तम गेंदबाजी 1947-48 में हैदराबाद के विरुद्ध रही जबकि उन्होंने केवल 46 रन देकर 6 विकेट लिए थे (पूरे मैच में 90 रन देकर 9 विकेट गिराए थे)। उनके लिए 1959-60 का वर्ष सबसे बढ़िया माना जाता है क्योंकि उस वर्ष उन्होंने रणजी ट्रॉफी में 15 के औसत से 31 विकेट लिए थे।

उन्हें दो टैस्ट मैचों में खेलने का अवसर मिला है। 1958-59 में वेस्टइण्डीज के विरुद्ध एक और 1959-60 में आस्ट्रेलिया के विरुद्ध एक। टैस्ट में उनकी सर्वोत्तम गेंदबाजी वेस्टइण्डीज के विरुद्ध रही जिसमें उन्होंने 88 रन देकर 3 विकेट गिराए थे।

वे महाराष्ट्र राज्य पुलिस, बंबई में उपनिरीक्षक (थानेदार) हैं।

गुप्ते, बालू पंढरीनाथ

श्री बालू गुप्ते भी अपने बड़े भाई श्री सुभाष गुप्ते के समान ही दाहिनी भुजा से लेग ब्रेक-व-गुगली गेंद फेंकने वाले गेंदबाज हैं पर उतने मारक नहीं। उनका जन्म 30 अगस्त 1934 को बंबई में हुआ था। उन्होंने प्रथम श्रेणी के क्रिकेट में प्रथम प्रवेश 1953-54 में किया जबकि वे महाराष्ट्र के विरुद्ध बंबई की ओर से खेले थे और उन्होंने 57 रन देकर तीन विकेट गिराए थे। तब से वे रणजी ट्रॉफी में लगातार बंबई की ओर से खेल रहे हैं परन्तु वे 1957-58 में बंगाल की ओर से और 1959-60 में रैल्वे की ओर से खेले थे। उनकी सर्वोत्तम गेंदबाजी 1961-62 में रही जबकि उन्होंने दिल्ली के विरुद्ध खेलते हुए, 111 रन देकर 8 विकेट (पूरे मैच में 160 रन पर 10 विकेट) लिए थे।

अब तक वे तीन टैस्टों में खेल चुके हैं: पाकिस्तान (1960), इंग्लैंड (1964) और न्यूजीलैंड (1965) तीनों के विरुद्ध एक-एक।

1956-57 में अन्तर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता के फाइनल मैच में बंबई की ओर से दिल्ली के विरुद्ध खेलते हुए उन्होंने दूसरी पारी में 116 ओवर फेंके थे और भारत में एक पारी में 100 ओवर से अधिक गेंदबाजी करने का कीर्तिमान स्थापित किया। उन्होंने 1953-54 से 1956-57 तक

और 1959-60 में बंबई विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया था। एक व्यावसायिक खिलाड़ी के रूप में वे 1957 और 1958 में नेलसन की ओर से लंकाशायर लीग में खेले थे।

वे रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया के कर्मचारी हैं।

गुप्ते, सुभाष पंढरीनाथ 'फर्जी'

दाहिनी भुजा से लेग ब्रेक-व-गुगली गेंद फेंकने वाले गेंदबाज श्री गुप्ते जब अपने उत्कर्ष की चरमावस्था में थे तो अपनी किस्म के एक सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज थे। उनका जन्म 11 दिसम्बर 1929 को हुआ था। प्रथम श्रेणी के क्रिकेट में उन्होंने सर्व प्रथम प्रवेश 1948-49 में किया जब वे मद्रास के विरुद्ध बंबई की ओर से खेले थे। 1953-54 और 1957-58 में वे बंगाल की ओर से और 1960-61 से 1963-64 तक राजस्थान की ओर से खेले थे। इसके बाद वे बंबई की ओर से खेले। रणजी ट्रॉफी में उन्होंने 18.71 के औसत से कुल 2264 रन देकर 121 विकेट लिए हैं। 1962 में उन्होंने इस प्रतियोगिता में 311 रन देकर 29 विकेट लिए थे।

अपने जीवन का सबसे पहला टैस्ट मैच उन्होने 1951-52 में इंग्लैंड के विरुद्ध कलकत्ता में खेला था। अब तक वे 36 टैस्ट मैच खेल चुके है : 8 इंग्लैंड, 10 पाकिस्तान, 10 वेस्टइण्डीज, 5 न्यूजीलैंड, और 3 आस्ट्रेलिया के विरुद्ध। उन्होने प्रति विकेट 29.54 के औसत से कुल 4402 रन देकर 149 टैस्ट विकेट गिराए हैं। गेंदबाजी में उनका सर्वोत्कृष्ट खेल 1958-59 में वेस्टइण्डीज के विरुद्ध रहा जिसमें उन्होंने 102 रन देकर 9 विकेट गिराए थे। टैस्ट मैच में उन्होंने, दो बार, एक पारी में 7 विकेट लिए थे : 1953 में वेस्टइण्डीज के विरुद्ध पोर्ट-ऑफ-स्पेन में 162 रन देकर 7 विकेट और 1955-56 में न्यूजीलैंड के विरुद्ध 128 रन देकर 7 विकेट। टैस्ट पारी में उन्होंने 12 बार 5 या अधिक विकेट लिए है।

उन्होंने सिलवर जुबली ओवरसीज टीम के विरुद्ध पांचों अनौपचारिक टैस्ट खेले थे और उस शृंखला में वे ही सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज सिद्ध हुए। उन्होने पहले टैस्ट में 91 रन देकर 8 विकेट, दूसरे टैस्ट में 95 रन देकर 6 विकेट, चौथे टैस्ट में 96 रन देकर 4 और 92 रन देकर 3 विकेट लिए थे। पाकिस्तान सेना व भावलपुर एकादश के विरुद्ध बंबई क्रिकेट संघ प्रेजीडेंट एकादश की ओर से खेलते हुए उन्होंने केवल 78 रनों पर दसों बल्लेबाज धराशायी कर दिए थे।

भारतीय टीम के सदस्य के रूप में उन्होंने 1952-53 में वेस्टइण्डीज, 1954-55 में पाकिस्तान, 1956 में श्रीलंका और 1959 में इंग्लैंड का दौरा किया था। 1961-62 में वे रोबर्ट्स की कॉमनवेल्थ टीम के सदस्य थे।

एक व्यावसायिक खिलाड़ी के रूप में वे 1954 से 56 तक रिष्टन की ओर से लंकाशायर लीग में, 1957 और 58 में हेवुड की ओर से केंद्रीय लंकाशायर लीग में, और 1960-61 में लंकास्टर की ओर से उत्तरी लीग में खेले थे।

1947-48 और 49-50 के बीच उन्होंने बंबई विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया था।

गुल मोहम्मद

श्री गुल मोहम्मद उन थोड़े से खिलाड़ियों में से हैं जिन्हें भारत और पाकिस्तान दोनों देशों के लिए खेलने का मौका मिला है। वे पिछली पंक्ति के शानदार क्षेत्ररक्षक रह चुके हैं। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में प्रथम प्रवेश 1945 में किया जब उन्होंने आस्ट्रेलिया की सेना की टीम के विरुद्ध पहले अनौपचारिक टैस्ट में 48 और तीसरे में 55 रन बनाए थे। उनका जन्म 15 अक्तूबर, 1921 को हुआ था। उन्होंने भारतीय टीम के साथ 1946 में इंग्लैंड और 1947-48 में आस्ट्रेलिया का दौरा किया था। उन्होंने एक टैस्ट इंग्लैंड में, पांच आस्ट्रेलिया में और 1952 में पाकिस्तान के विरुद्ध दो टैस्ट खेले थे।

रणजी ट्रॉफी में उनका खेल कुल मिलाकर काफी प्रभावशाली रहा। उन्होंने बारी-बारी से उत्तर भारत, पश्चिम भारत, बड़ौदा और हैदराबाद की ओर से भाग लिया। रणजी ट्रॉफी की अपनी कुल 51 पारियों में, दो बार अपराजित रहकर उन्होंने 37.58 के औसत से कुल 1842 रन बनाए। उनकी सर्वोत्कृष्ट बल्लेबाजी 1946-47 में होल्कर के विरुद्ध रही जब कि उन्होंने बड़ौदा की ओर से खेलते हुए 319 रन फटकारे थे और श्री हजारे के साथ मिलकर चौथे विकेट की साझेदारी में 577 रन बनाए थे जो कि विश्व कीर्तिमान (वर्ल्ड रेकार्ड) है।

बंबई की पंचकोणीय प्रतियोगिता में उन्होंने 1941 में मुस्लिम क्लब की ओर से हिन्दू क्लब के विरुद्ध खेलते हुए 101 रन और 1944 में 'शेष' के विरुद्ध 106 रन बनाए थे।

गुलाम अहमद

भारत के सर्वश्रेष्ठ ऑफ ब्रेक गेंदबाज श्री गुलाम अहमद का जन्म 4 जुलाई 1922 को हैदराबाद में हुआ था। वे दाहिने हाथ से बल्लेबाजी और दाहिनी भुजा से गेंदबाजी करते हैं। 1939-40 में रणजी ट्रॉफी प्रतियोगिता में उनके खेल का श्रीगणेश बहुत ही प्रभावशाली रहा जबकि उन्होंने हैदराबाद की ओर से खेलते हुए, मद्रास को 95 और 62 रन देकर

क्रमशः उनके 5 और 4 विकेट लिए थे। उन्होंने 1952-53, 53-54, 56-57, 57-58, 58-59 में रणजी ट्रॉफी प्रतियोगिता में हैदराबाद का नेतृत्व किया है। 1947 में उन्होंने मद्रास के विरुद्ध खेलते हुए, पहली पारी में 53 रन देकर 9 विकेट और दूसरी पारी में 5 विकेट लिए थे। रणजी ट्रॉफी मैचों में उन्होंने उन्नीस बार 5 या अधिक विकेट लिए हैं। इस प्रतियोगिता में उनके अन्तिम आंकड़े इस प्रकार है : 1480·3 ओवर, 384 मेडन ओवर, 3256 रन, 179 विकेट, 18·18 औसत। उनकी सर्वोच्च रन संख्या 90, मैसूर के विरुद्ध 1946-47 में रही।

1946 में वे बम्बई पंचकोणीय प्रतियोगिता में मुस्लिम क्लब की ओर से खेले थे।

उन्होंने कुल 22 टैस्ट खेले हैं : 8 पाकिस्तान, 6 इंग्लैंड, 5 वेस्टइण्डीज, 2 आस्ट्रेलिया और 1 न्यूजीलैंड के विरुद्ध। 1956-57 में न्यूजीलैंड के विरुद्ध, 1956 में आस्ट्रेलिया के विरुद्ध और 1958-59 में वेस्टइण्डीज के विरुद्ध उन्होंने भारत का नेतृत्व किया है। जो भारतीय टीमें 1952 में इंग्लैंड, 1954-55 में पाकिस्तान और 1956 में श्री लंका के दौरे पर गईं थी उनके वे सदस्य थे। वे 1952-53 में वेस्टइण्डीज और 1959 में इंग्लैंड के लिए भी चुन लिए गए थे परन्तु उन्होने निमन्त्रण अस्वीकार कर दिया। टैस्ट क्रिकेट में उनके आँकड़े इस प्रकार हैं : 941·4 ओवर, 253 मेडन ओवर, 2052 रन, 68 विकेट, 30·11 औसत। टैस्ट मैचों में उन्होंने चार बार 5 या अधिक विकेट लिए हैं। उनकी सर्वोत्तम टैस्ट गेंदबाजी 1956 में आस्ट्रेलिया के विरुद्ध रही जबकि उन्होंने 49 रन देकर आस्ट्रेलिया के 7 दिग्गज बल्लेबाजों को परास्त कर दिया था। उन्होंने अपने सबसे अधिक रन 50, पाकिस्तान के विरुद्ध, 1952 में बनाए थे।

उन्होंने कॉमनवेल्थ प्रथम के विरुद्ध एक अनौपचारिक टैस्ट मैच खेला था। सिलवर जुबली ओवरसीज टीम के विरुद्ध उन्होंने तीन मैच खेले थे जिनमें से एक में उन्होंने 42 रन देकर 7 विकेट लिए थे। रणजी ट्रॉफी की एक पारी में उन्होने अब तक सबसे अधिक ओवर फेंकने का कीर्तिमान स्थापित किया है : 1950-51 में होल्कर के विरुद्ध 92·3 ओवर। 1962 में जिस भारतीय टीम ने वेस्टइण्डीज का दौरा किया था उसके वे व्यवस्थापक (मैनेजर) थे। वे भारतीय टैस्ट चयन समिति के भी सदस्य हैं। वे आन्ध्र प्रदेश सरकार के अंतर्गत एक पदाधिकारी हैं।

गोपालन, एम० जे०

रणजी ट्रॉफी के लिए खेली जाने वाली भारत की राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता में सबसे पहली गेंद फेंकने का गौरव श्री गोपालन को मिला है।

मैसूर के विरुद्ध मद्रास की ओर से खेलते हुए उन्होंने 4 नवंबर 1934 को श्री एन० कुर्टीस के समक्ष पहली गेंद फेंकी थी। रणजी ट्रॉफी के पहले वर्ष से ही उन्होंने मद्रास की ओर से खेलना शुरू किया था और 1941-42 से 43-44 तक उन्होने अपनी टीम का नेतृत्व भी किया। उनकी सर्वोत्तम बल्लेबाजी 1940-41 में उत्तर प्रदेश के विरुद्ध रही जबकि उन्होंने अपराजित 101 रन बनाए थे। उन्होने सर्वोत्तम गेंदबाजी 1936-37 में मैसूर के विरुद्ध दिखाई जब कि उन्होंने केवल 17 रन देकर चार विकेट और 15 रन देकर 5 विकेट चटका दिए थे। इसके अलावा उन्होने अपने राज्य मद्रास की ओर से खेलते हुए अनेक बार शानदार खेल दिखाया है।

वे 1933-34 में कलकत्ता में इंग्लैंड के विरुद्ध दूसरे टैस्ट में खेले थे और उसमें उन्होंने अपराजित 11 और 7 रन बनाए थे तथा 39 रन देकर एक विकेट लिया था। 1936 में राइडर की आस्ट्रेलियाई टीम के विरुद्ध मद्रास की ओर से खेलते हुए उन्होंने केवल 23 रन देकर 6 बल्लेबाजों को और 62 रन देकर 5 बल्लेबाजों को धराशायी कर दिया था। 1938 में उन्होने लार्ड टेनीसन की टीम के विरुद्ध एक अनौपचारिक मैच खेला था। 1936 में इंग्लैंड के दौरे पर जाने वाली भारतीय टीम के भी वे सदस्य थे।

सभी प्रथम श्रेणी के मैचों में उन्होने कुल मिलाकर 184 विकेट लिए हैं और 4475 रन दिए हैं। इनमें से अकेले रणजी ट्रॉफी में उन्होने 1381 रन देकर 69 विकेट लिए हैं। रणजी ट्रॉफी में उन्होंने 49 पारियों में, 6 बार अपराजित रह कर, 1142 रन बनाए हैं और इनके समेत उन्होंने अब तक कुल 116 पारियों मे, 17 बार अपराजित रह कर, 2581 रन बनाए हैं।

वे भारत की ओर से हॉकी भी खेल चुके हैं। वे भारतीय टैस्ट चयन समिति के सदस्य रह चुके हैं। उन्हें 1961 में भारत के राष्ट्रपति द्वारा 'पद्मश्री' से विभूषित किया गया था।

गोपीनाथ, सी० डी०

दाहिने हाथ से रक्षात्मक खेल खेलने वाले शानदार बल्लेबाज श्री गोपीनाथ कई वर्षों तक मद्रास की बल्लेबाजी के मेरुदण्ड रहे हैं। उन्होंने प्रथम श्रेणी के क्रिकेट में 1949-50 में खेलना प्रारंभ किया जब कि वे मैसूर के विरुद्ध मद्रास की ओर से खेले थे। 1953-54 में वे मद्रास की टीम के कप्तान बने। रणजी ट्रॉफी में उन्होंने 52 पारियों में, छः बार अपराजित रहकर 51.06 प्रतिपारी के औसत से कुल 2349 रन बनाए हैं। उन्होने कुल सात शतक बनाए हैं और उनकी सर्वोच्च रन संख्या 234 मैसूर के विरुद्ध 1958-59 मे रही है।

उन्होंने आठ टेस्ट मैच खेले हैं : इंग्लैंड के विरुद्ध 1951-52 में तीन और 1952 में एक; पाकिस्तान के विरुद्ध 1952 में एक और 1955 में दो और आस्ट्रेलिया के विरुद्ध 1959 में एक। अपनी 12 टैस्ट पारियों में, एक में अपराजित रह कर, उन्होंने प्रति पारी 22 के औसत से कुल 242 रन बनाए हैं। 1951-52 में इंग्लैंड के विरुद्ध बंबई में उन्होने अपराजित रह कर अपने सबसे अधिक 50 रन बनाए थे। वे 1952 में इंग्लैंड और 1954-55 में पाकिस्तान जाने वाली भारतीय टीम के सदस्य रहे हैं।

वे कॉमनवेल्थ द्वितीय के विरुद्ध एक बार और सिलवर जुबली ओवरसीज टीम के विरुद्ध तीन बार अनौपचारिक टैस्ट खेल चुके हैं।

उनका जन्म 1 मार्च, 1930 को हुआ था। उन्होने 1948-49 से 1950-51 तक मद्रास विश्व विद्यालय का प्रतिनिधित्व किया था।

घोरपडे, जयसिंह एम०

श्री घोरपडे का जन्म 1930 में गांधी जयन्ती के दिन पंचगनी (महाराष्ट्र) में हुआ था। वे चश्मा लगाकर खेलते हैं। एक आक्रामक दाहिने हाथ के बल्लेबाज होने के साथ-साथ वे दाहिनी भुजा से लेगब्रेक-व-गुगली गेंद फेंकने वाले कुशल गेंदबाज और कवर पंक्ति के शानदार क्षेत्र-रक्षक भी हैं। अपनी छात्रावस्था में ही उन्होंने रणजी ट्रॉफी में खेलना प्रारम्भ कर दिया था। रणजी ट्रॉफी में उनका पहला खेल 1948–49 में गुजरात के विरुद्ध बड़ौदा की ओर से था। तब से वे लगातार बड़ौदा की ओर से खेल रहे हैं। उन्होंने रणजी ट्रॉफी में एक हजार से ऊपर रन बनाए हैं। उनकी सर्वोच्च रन संख्या 123, राजस्थान के विरुद्ध 1957–58 में रही। उनकी सर्वोत्तम गेन्दबाजी 1959–60 में गुजरात के विरुद्ध थी जिसमें उन्होने 60 रन देकर 5 विकेट लिए थे। उन्होंने 1952 में पाकिस्तान के विरुद्ध बड़ौदा की ओर से खेलते हुए 19 रन देकर 6 बल्लेबाजों को परास्त कर दिया था।

उन्होंने 8 टैस्ट खेले है : वेस्टइण्डीज के विरुद्ध 1952–53 (2); 1958–59 (1); न्यूजीलैंड के विरुद्ध 1955–56 (1); आस्ट्रेलिया के विरुद्ध 1956 (1) और इंग्लैंड के विरुद्ध 1959 (3)। 15 टैस्ट पारियों में उन्होंने कुल 229 रन बनाए हैं। वे 1952–53 में वेस्टइण्डीज और 1959 में इंग्लैंड जाने वाली भारतीय टीम के सदस्य रहे हैं।

वे 1945–46 और 1949–50 में अखिल भारतीय स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता में बड़ौदा स्कूलों की ओर से, 1949–50 में कॉमनवेल्थ प्रथम के विरुद्ध सम्मिलित स्कूल एकादश की ओर से, और 1950–51 तथा 1952–53 (कप्तान) में बड़ौदा विश्वविद्यालय की ओर से खेले थे। 1956

में वे लंकाशायर लीग में रौटैंस्टाल की ओर से खेले।

वे महाराजा बड़ौदा के परिसहायक हैं।

चन्द्रशेखर, बी० एस०

अपनी दाहिनी भुजा से धीमी घूमती हुई गेंद फेंकने वाले गेंदबाज और दाहिने हाथ के बल्लेबाज श्री चन्द्रशेखर ने अपने प्रथम श्रेणी के पहले क्रिकेट मैच में ही अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कर ली थी। उनका जन्म 17 जून 1946 को हुआ था और उन्होंने 1963–64 में रणजी ट्रॉफी के अपने पहले वर्ष के खेल में ही 12·80 के औसत से 397 रन देकर 31 विकेट लिए थे और उसी वर्ष इंग्लैंड के विरुद्ध चार टैस्ट खेले जिनमें 339 रन देकर 10 विकेट लिए। अपने सर्वप्रथम बम्बई के टैस्ट मैच में उन्होंने 67 रन देकर 4 विकेट लिए थे। वे आस्ट्रेलिया के विरुद्ध भी दूसरे और तीसरे टैस्ट में खेले और बम्बई टैस्ट में 50 रनों पर 4 विकेट और 73 रनों पर 4 विकेट लेकर उन्होंने भारत की विजय में भारी योगदान दिया था। न्यूजीलैंड के विरुद्ध वे तीसरे और चौथे टैस्ट में खेले और तीसरे टैस्ट की दूसरी पारी में उन्होंने 25 रन देकर न्यूजीलैंड के चार बल्लेबाज परास्त किए थे।

चौधुरी, एन० आर०

दाहिनी भुजा से मध्यम गति की आफ ब्रेक गेंद फेंकने वाले गेंदबाज श्री चौधुरी ने प्रथम श्रेणी के क्रिकेट में पहली बार प्रवेश 1941–42 में किया था। उसमें बंगाल के विरुद्ध बिहार की ओर से खेले थे और उन्होंने 79 रन देकर 7 विकेट और 86 रन देकर 4 विकेट लिए थे। रणजी ट्रॉफी में उन्होंने 100 से अधिक विकेट लिए हैं परन्तु पहले मैच में जैसा उनका खेल रहा था उससे अच्छा खेल वे फिर कभी नहीं दिखा सके।

उनका जन्म मई 1923 में हुआ था। उन्हें दो टैस्ट मैचों में खेलने का अवसर मिला है: पहला 1948–49 मे वेस्टइण्डीज के विरुद्ध और दूसरा 1951–52 में इंग्लैंड के विरुद्ध; परन्तु 206 रन देने के बाद भी उन्हें केवल एक विकेट मिल सका। वे पांच अनौपचारिक टैस्टों में खेल चुके हैं; दो कॉमनवेल्थ प्रथम के विरुद्ध और तीन कॉमनवेल्थ द्वितीय के विरुद्ध। 1952 में इंग्लैंड के दौरे पर जाने वाली भारतीय टीम में वे भी खेले थे और उन्होंने 744 रन देकर 24 विकेट लिए थे।

जमशेदजी, आर० जे०

श्री जमशेदजी एक सफल धीमे गेंदबाज रहे हैं परन्तु भारत ने जब टैस्ट क्रिकेट खेलना शुरू किया तब तक उनका कौशल उतार पर आ गया

था। उन्हें केवल एक ही टैस्ट में खेलने का अवसर मिला है और वह टैस्ट था 1933–34 में इंग्लैंड के विरुद्ध जिसमें उन्होंने 137 रन देकर 3 विकेट लिए थे।

1935–36 में उन्होंने बम्बई की ओर से रणजी ट्रॉफी में दो मैच खेले थे और उनमें उन्होंने 173 रन देकर 10 विकेट लिए थे। उनकी सर्वोत्तम गेंदबाजी मद्रास के विरुद्ध रही जब कि उन्होंने 18 रन देकर 3 विकेट उड़ा दिए थे।

उनका जन्म 18 नवम्बर 1892 में हुआ था। बम्बई चतुष्कोणीय प्रतियोगिता में वे पारसी क्लब की ओर से खेलते थे। उन्होंने दो मैचों में 10 से अधिक विकेट लिए है : 1922 हिन्दू में क्लब के विरुद्ध 122 रन देकर 11 विकेट और 1928 में यूरोपियन क्लब के विरुद्ध 104 रन देकर 10 विकेट।

जहाँगीर खाँ, एम०

दाहिने हाथ के बल्लेबाज और मध्यम तेज गेंद फेंकने वाले गेंदबाज श्री जहाँगीर खाँ उस भारतीय टीम के सदस्य थे जो 1932 में इंग्लैंड के दौरे पर गई थी। इस दौरे में उन्होंने केवल एक मैच लॉर्ड्स में खेला था। जब भारतीय टीम दूसरी बार इंग्लैंड गई तो वे इंग्लैंड में पढ़ रहे थे। परन्तु वे अपने देश की ओर से तीनों टैस्ट मैचों में खेल सके। टैस्ट क्रिकेट में उन्होंने अपनी कुल 7 पारियों मे 39 रन बनाए थे और 255 रन देकर 4 विकेट लिए थे।

रणजी ट्रॉफी में उन्होंने 1940–41 और 1945–46 के बीच उत्तर भारत का नेतृत्व किया। अपनी 11 पारियों में, दो बार अपराजित रहकर, उन्होने 33·33 रन प्रति पारी के औसत से 300 रन बनाए थे। उनकी सर्वोच्च रन संख्या 125 पश्चिमोत्तर सीमाप्रान्त के विरुद्ध 1941–42 में रही। उनकी सर्वोत्तम गेंदबाजी 1941–42 मे बम्बई के विरुद्ध रही जबकि उन्होने 50 रन देकर 5 विकेट गिराए थे।

वे केम्ब्रिज विश्वविद्यालय से पी-एच० डी० हैं। 1960–61 में जिस पाकिस्तानी टीम ने भारत का दौरा किया था उसके वे व्यवस्थापक (मैनेजर) थे।

जय, एल० पी०

कद में छोटे पर गेंद को बराबर पीटने वाले श्री जय पुराने भारतीय खिलाड़ियों में से हैं जो भारत के टैस्ट जगत में प्रवेश करने से पहले खेला करते थे। उन्हें केवल एक टैस्ट खेलने का मौका मिला है जो 1933–34 में इंग्लैंड के विरुद्ध बम्बई में खेला गया था। उसमें इन्होंने पहली पारी में

19 रन बनाए थे । 1936 में जो भारतीय टीम इंग्लैंड गई थी उसके श्री जय भी सदस्य थे ।

रणजी ट्रॉफी में वे 1934–35 से 1941–42 तक बम्बई की ओर से 13 बार खेले हैं जिनमें पहली 11 बार उन्होंने अपनी टीम का नेतृत्व किया है । उनके पहले नेतृत्व मे बम्बई को विजय-श्री प्राप्त हुई थी । अपनी 21 पारियों में, तीन बार अपराजित रहकर, उन्होंने 43 रन प्रति पारी के औसत से 774 रन बनाए हैं । उनकी सर्वोत्तम बल्लेबाजी 1935–36 में महाराष्ट्र के विरुद्ध रही जब कि उन्होंने 81 और 97 रन बनाए थे ।

बम्बई चतुष्कोणीय और पंचकोणीय प्रतियोगिताओं में, वे हिन्दू क्लब की ओर से खेले थे । उन्होने 1924 में मुस्लिम क्लब के विरुद्ध 156 रन, 1925 में पारसी क्लब के विरुद्ध 104 रन और 1938 में 'शेष' के विरुद्ध 103 रन बनाए थे ।

उनका जन्म 1 अप्रैल 1902 को हुआ था । उन्होंने 1926 में एम० सी० सी० के विरुद्ध और 1937–38 मे लार्ड टेनीसन की टीम के विरुद्ध बहुत बढ़िया खेल दिखाया था ।

जयसिम्हा, मोटगन्हल्ली लक्ष्मीनरसु

श्री जयसिम्हा का जन्म 3 मार्च 1939 को हुआ था । वे पारी प्रारम्भ करने वाले दाहिने हाथ के आक्रामक बल्लेबाज और दाहिनी भुजा से मध्यम गति की बाहर की ओर झूलती हुई गेंद फेंकने वाले गेंदबाज हैं । उन्होंने केवल 15 वर्ष की अवस्था मे ही 1954–55 में प्रथम श्रेणी के क्रिकेट में प्रवेश कर लिया था । रणजी ट्रॉफी में अपने पहले खेल में ही उन्होंने 90 रन बना लिए थे और हैदराबाद की ओर से खेलते हुए आंध्र के तीन बल्लेबाजों को, 51 रन देकर, परास्त कर दिया था । तब से वे लगातार हैदराबाद की ओर से खेल रहे हैं और 1959–60 से अपनी टीम का नेतृत्व कर रहे हैं । इस टूर्नामेण्ट में उन्होंने अब तक 2000 से ऊपर रन बना लिए हैं । उनकी सर्वोच्च रन संख्या 259, बंगाल के विरुद्ध 1964-65 में रही । वे 50 से अधिक विकेट ले चुके हैं । उनकी सर्वोत्तम गेंदबाजी 1959–60 में मद्रास के विरुद्ध रही है जबकि उन्होंने 45 रन देकर 7 विकेट (पूरे मैच मे 122 रन देकर 10 विकेट) गिरा दिए थे । उन्होंने दलीप ट्रॉफी में भी इस प्रतियोगिता के पहले वर्ष से ही खेलना प्रारम्भ कर दिया था । इसमे वे दक्षिण क्षेत्र की ओर से खेलते है और अब उसकी टीम का नेतृत्व करते हैं ।

उन्होंने 27 टेस्ट खेले हैं : 11 इंग्लैंड, 4 आस्ट्रेलिया, 4 पाकिस्तान, 4 वेस्टइण्डीज और 4 न्यूजीलैंड के विरुद्ध । अपनी 49 टेस्ट पारियों में, दो

बार अपराजित रहकर, उन्होंने प्रतिपारी 34·42 रन के औसत से 1618 रन लिए हैं। उन्होने अनेक टैस्ट मैचों में भारत की ओर से आक्रमण शुरु किया था और कुछ विकेट भी लिए थे। उनकी सर्वोच्च रन संख्या 127 है जो उन्होंने 1961–62 में इंग्लैंड के विरुद्ध तीसरे टैस्ट में नई दिल्ली में बनाई थी।

उन्होंने 1964 में श्रीलंका के विरुद्ध दो अनौपचारिक टैस्ट भी खेले थे और हैदराबाद मे खेले गए दूसरे टैस्ट में उन्होने 131 रन बनाए थे।

भारतीय टीम के सदस्य के रूप में उन्होंने 1959 में इंग्लैंड और 1962 में वेस्टइण्डीज का दौरा किया था। वे 'इण्डियन स्टारलेट्स' के साथ 1960 में पाकिस्तान भी गए थे।

उन्होंने अखिल भारतीय स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता में हैदराबाद और दक्षिण क्षेत्र के स्कूलों की टीम का प्रतिनिधित्व किया है। वे 1954–55 से 1956–57 तक और 1959–60 मे उस्मानिया विश्वविद्यालय की ओर से खेले थे। वे टेनिस और बेडमिण्टन के भी अच्छे खिलाड़ी हैं।

जोशी, पी० जी०

पारी प्रारम्भ करने वाले दाहिने हाथ के बल्लेबाज और शानदार विकेट-रक्षक श्री जोशी ने प्रथम श्रेणी के क्रिकेट में पहला प्रवेश 1946-47 में बड़ौदा के विरुद्ध महाराष्ट्र की ओर से खेल कर किया। वर्षों तक वे महाराष्ट्र की टीम की जान रहे।

वे 12 टैस्ट मैचों में खेले हैं : इंग्लैंड के विरुद्ध 1951-52 में (2) और 1959 में (3); पाकिस्तान के विरुद्ध 1952 मे (1) और 1960 मे (1); वेस्टइंडीज के विरुद्ध 1953 में (3), 1959 में (1) और आस्ट्रेलिया के विरुद्ध 1959 मे (1)। उन्होने अपना सर्वोत्तम खेल 1960-61 में पाकिस्तान के विरुद्ध बम्बई में पहले टैस्ट में दिखलाया था जबकि उन्होने पाकिस्तान के तीन बल्लेबाजों को तो परास्त किया ही, साथ ही उन्होने अपराजित रह कर 52 रन भी बनाए और श्री रमाकान्त देसाई के साथ मिलकर नवें विकेट की साझेदारी में 149 बहुमूल्य रनों का योग दिया।

वे चार अनौपचारिक टैस्टों में खेले थे : कॉमनवेल्थ प्रथम और सिलवर जुबली ओवरसीज टीम दोनों के विरुद्ध एक-एक और कॉमनवेल्थ द्वितीय के विरुद्ध दो मैच। 1953-54 मे वे भारतीय टीम में वेस्टइण्डीज के दौरे पर भी गए थे। प्रथम श्रेणी के क्रिकेट मे उन्होने सबसे अधिक रन अपराजित 100 कॉमनवेल्थ प्रथम के विरुद्ध मध्यप्रदेश गवर्नर एकादश की ओर से खेलते हुए बनाए थे।

उनका जन्म 27 अक्टूबर 1926 को वड़ोदा मे हुआ था। वे स्टैंडर्ड वेकम ऑयल कं० पूना के कर्मचारी हैं।

ताम्हाने, नरेन्द्र एस०

भारत के एक उत्कृष्ट और सुरक्षात्मक विकेट रक्षक श्री ताम्हाने का जन्म 4 अगस्त 1931 को बम्बई में हुआ था। उन्होंने प्रथम श्रेणी के क्रिकेट में 1951-52 में खेलना प्रारम्भ किया था जब वे एम० सी० सी० के विरुद्ध सम्मिलित विश्वविद्यालय टीम में खेले थे। इसके दो वर्ष बाद वे सर्वप्रथम रणजी ट्रॉफी में बम्बई की ओर से बड़ौदा के विरुद्ध खेले और उन्होने 28 रन बनाए तथा सात विपक्षी बल्लेबाजों को परास्त किया (6 कैच और 1 स्टंप)। रणजी ट्रॉफी में यह उनका सर्वोत्तम विकेट रक्षण रहा है। उन्होंने 1958-59 में बड़ौदा के विरुद्ध अपराजित 100 रन बनाए थे; ये ही उनकी सर्वोच्च रन संख्या है।

उन्होंने 21 टैस्ट मैच खेले हैं: 7 पाकिस्तान, 4 न्यूजीलैंड, 4 आस्ट्रेलिया, 4 वेस्टइण्डीज, और 2 इंग्लैंड के विरुद्ध। वे सिलवर जुबली ओवरसीज क्रिकेट टीम के विरुद्ध एक अनौपचारिक मैच खेले थे। वे भारतीय टीम के साथ 1954-55 मे पाकिस्तान, 1956 में श्रीलंका और 1959 मे इंग्लैंड के दौरे पर गए थे। टैस्टों मे उनका सर्वोत्तम विकेट रक्षण 1954-55 में पाकिस्तान के विरुद्ध रहा जब उन्होंने 6 बल्लेबाज (5 कैच और 1 स्टम्प) धराशायी किए थे।

उन्होंने प्रथम श्रेणी के क्रिकेट में एक हजार से ऊपर रन बनाए हैं और भारत में, विकेट रक्षण करते हुए, सबसे अधिक बल्लेबाजों को परास्त किया है। उन्होने 1952-53 और 53-54 में बम्बई विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया था। वे टाटा आइरन एण्ड स्टील कं० लि० बम्बई मे काम करते हैं।

तारापोर, के० के०

श्री तारापोर का जन्म 17 दिसम्बर 1910 को हुआ था और उन्होने प्रथम श्रेणी के क्रिकेट में 1937-38 में प्रवेश किया और नवानगर के विरुद्ध बम्बई की ओर से खेले और फिर काफी वर्षों तक बम्बई की ओर से खेलते रहे। वे बाईं भुजा के धीमे गेंदबाज हैं और उन्हें अनेक बार भारी सफलता मिली है। उनकी सर्वोत्तम गेंदबाजी 1939-40 में नवानगर के विरुद्ध रही जब उन्होने 91 रन देकर आठ विकेट लिए थे। उन्होंने 1940-41 में उत्तर भारत को 85 रन देकर 5 विकेट और 1944-45 में पश्चिम भारत को केवल 20 रन देकर 5 विकेट लिए थे। कुल मिलाकर उन्होंने रणजी ट्रॉफी मे 50 से अधिक विकेट लिए हैं।

वे 1948 में वेस्टइण्डीज के विरुद्ध एक टैस्ट मैच खेले थे। वे भारतीय क्रिकेट क्लब के सचिव हैं और भारतीय क्रिकेट नियन्त्रण बोर्ड की कई उपसमितियों के सदस्य रह चुके हैं।

दानी, हेमचन्द्र टी० 'बाल'

एक उपयोगी सर्वोन्मुखी खिलाड़ी, श्री दानी एक दाहिने हाथ के बल्लेबाज और दाहिनी भुजा के गेंदबाज हैं जो गेंद को दोनों ओर घुमा सकते हैं और नई गेंद को भीतर की ओर घुमाने में बड़े कुशल हैं। महाराष्ट्र के दुढानी गांव में 24 मई 1933 को उनका जन्म हुआ था। प्रथम श्रेणी के क्रिकेट में उन्होंने 1951-52 में प्रवेश किया था जबकि उन्होंने बड़ौदा के विरुद्ध महाराष्ट्र की ओर से खेलते हुए 33 और 55 रन बनाए थे और 24 रन देकर 3 विकेट लिए थे। वे तीन वर्षों तक महाराष्ट्र की ओर से खेलते रहे और उसके बाद 1955-56 से सेना की टीम में खेल रहे हैं जिसके वे आजकल कप्तान हैं। उन्होंने दलीप ट्रॉफी की अखिल भारतीय अन्तर क्षेत्रीय प्रतियोगिता में उत्तर क्षेत्र की टीम का नेतृत्व किया है। रणजी ट्रॉफी में अब तक उन्होंने आठ शतक बनाए हैं और उनकी रन संख्या कुल मिलाकर 2500 से अधिक हो गई है। उनकी सर्वोच्च रन संख्या अपराजित 166 है जो उन्होंने 1955-56 में दिल्ली के विरुद्ध बनाई थी। उन्होंने प्रथम श्रेणी के मैचों मे एक सौ विकेट लिए हैं। उनकी सर्वोत्तम गेंदबाजी 1959-60 में राजस्थान के विरुद्ध रही जबकि उन्होंने 35 रन देकर 5 विकेट लिए थे।

वे केवल एक टैस्ट में खेले हैं जो पाकिस्तान के विरुद्ध 1952 मे हुआ था, उसमें भी उन्होंने बल्लेबाजी नही की। 1954-55 में जिस भारतीय टीम ने पाकिस्तान का दौरा किया था, उसके वे सदस्य थे।

श्री दानी ने 1948-49 में अखिल भारतीय स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता में महाराष्ट्र स्कूलों की टीम का नेतृत्व किया था। वे 1949-50 से 1952-53 तक पूना विश्वविद्यालय की ओर से खेले थे। 1952-53 में वे अपने विश्वविद्यालय की टीम के कप्तान थे।

श्री दानी भारतीय नौ सेना मे एक पदाधिकारी हैं।

दिलावर हुसैन

एक सधे हुए और पारी प्रारम्भ करने वाले बल्लेबाज तथा बड़े सुरक्षात्मक ढंग से विकेट-रक्षण करने वाले श्री दिलावर हुसैन ने अपने पहले ही टैस्ट मैच में सिर में चोट लग जाने के बावजूद भी दोनों पारियों में आधा शतक तो पूरा कर ही लिया था। 1933-34 में इंग्लैंड के विरुद्ध कलकत्ता में आयोजित दूसरे टैस्ट में उनके सिर में गंभीर चोट लगी थी परन्तु प्राथमिक चिकित्सा के बाद उन्होंने दोनों पारियों में क्रमशः 59 और

57 रन बनाए थे। उन्हें कुल 6 टैस्ट पारियों में खेलने का मौका मिला था और प्रत्येक में उन्होंने दो अंकों में रन बनाए और कुल मिलाकर उनकी रन संख्या 254 रही। विकेट रक्षक के रूप में उन्होने सात बल्लेबाजों को परास्त किया, छः कैच लिए और एक स्टम्प आउट किया।

1936 में जो भारतीय टीम इंग्लैंड गई थी उसके सभी मैचों में वे नहीं खेल सके क्योंकि वे कैम्ब्रिज मे उच्च अध्ययन कर रहे थे, परन्तु वे ओवल में खेले गए तीसरे टैस्ट में और कुछ प्रथम श्रेणी के मैचो में खेले थे।

1934-35 में वे रणजी ट्रॉफी में मध्यभारत की ओर से खेले थे और 1938-39 में उन्होने अपनी टीम का नेतृत्व किया था। 1940 41 में वे उत्तरप्रदेश की ओर से खेले थे। उनकी सर्वोत्तम बल्लेबाजी 1938-39 में उत्तरप्रदेश के विरुद्ध रही जबकि उन्होंने मध्यभारत के लिए 70 रन बनाए थे।

उनका जन्म 19 मार्च 1907 को हुआ था। देश के विभाजन के बाद के पाकिस्तान चले गये।

दिवेचा, रमेश विट्ठलदास

दाहिनी भुजा से मध्यम गति की तेज गेंद फेंकने वाले श्री दिवेचा ने अपनी छात्रावस्था में ही ख्याति प्राप्त करली थी जबकि उनको 1950 में ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय की टीम में स्थान मिल गया था। इससे पहले 1947 में उन्होने लंदन के ग्रोवर क्रिकेट स्कूल मे प्रवेश ले लिया था। 1948 मे वे आस्ट्रेलिया के विरुद्ध नोर्थम्पटनशायर की ओर से खेले थे और पहली पारी मे उन्होंने अपनी टीम में सबसे अधिक रन 33 बनाए थे। इंग्लैंड में रहते हुए उन्होंने 1950 के अपने पहले वर्ष मे ऑक्सफोर्ड की ओर से खेलते हुए 23·26 के औसत रन देकर 52 विकेट लिए थे। अगले वर्ष भी उन्होंने 21·53 के औसत रन देकर उतने ही विकेट लिए। ऑक्सफोर्ड-कैम्ब्रिज के मैच की दो पारियों में उन्होने 36 रन देकर 2 विकेट और 62 रन देकर 7 विकेट लिए थे।

इंग्लैंड से आने के बाद वे रणजी ट्रॉफी में बंबई की ओर से खेले। बंबई की ओर से एम० सी० सी० के विरुद्ध खेलते हुए उन्होंने 74 रन देकर 6 विकेट लिए थे और उनकी इसी शानदार गेंदबाजी से प्रभावित होकर उन्हें 1951-52 में इंग्लैंड के विरुद्ध तीसरे और चौथे टैस्ट में भारतीय टीम में खेलने का मौका दिया गया। वे 1952 में इंग्लैंड के दौरे पर जाने वाली टीम के लिए भी चुने गए। उन्होंने 25·88 औसत रन देकर 50 विकेट लिए। उनकी सर्वोत्तम गेंदबाजी सर्रे और ग्लेमोर्गन के विरुद्ध रही। सर्रे के विरुद्ध उन्होने एक तिकड़ी (हैट ट्रिक) बनाई और 29 रन देकर 6 विकेट

लिए। ग्लेमोर्गन के विरुद्ध उन्होंने 74 रन देकर 8 विकेट लिए। वे दो टैस्ट मैचों में भी खेले थे और उनकी गेंदबाजी बहुत ही सही रही। मेंचेस्टर मे उनके आंकड़े थे : 45 ओवर, 12 रन-हीन ओवर, 102 रन और 3 विकेट तथा ओवल में, 33 ओवर, 9 रन-हीन ओवर, 60 रन और एक विकेट। वे 1952 में पाकिस्तान के विरुद्ध एक टैस्ट खेले थे। टैस्टों मे कुल मिलाकर उनके आंकड़े हैं : 174 ओवर, 44 रन-हीन ओवर, 361 रन और 11 विकेट।

उनका जन्म 18 अक्तूबर 1927 को हुआ था। वे एक उच्चकोटि के एथलीट रह चुके हैं। अब वे बर्मा शैल कंपनी में पदाधिकारी है।

दुर्रानी, सलीम ए०

श्री दुर्रानी पहले क्रिकेट खिलाड़ी है जिनको अर्जुन पुरस्कार (1962 में) मिला है। वे सचमुच एक प्रतिभाशाली खिलाड़ी है। वे लबे, सुशिष्ट और सुन्दर बाएँ हाथ के बल्लेबाज, बाईं भुजा से धीमी पर घूमती हुई गेंद फेंकने वाले सफल गेंदबाज और विश्वसनीय विकेट रक्षक हैं। उनका जन्म कराची में 15 अगस्त 1935 को हुआ था। उन्होंने अपनी छात्रावस्था में ही 1953-54 मे रणजी ट्रॉफी मे खेलना शुरू कर दिया था और उसमें उन्होने गुजरात के विरुद्ध सौराष्ट्र की ओर से शतकीय प्रहार किया। फिर वे तीन वर्ष तक गुजरात की ओर से खेलते रहे। तत्पश्चात् वे राजस्थान आ गए और तब से लगातार राजस्थान की ओर से ही खेल रहे हैं। उन्होंने रणजी ट्रॉफी में 1000 से ऊपर रन बना लिए है। 1958-59 में विदर्भ के विरुद्ध उन्होने अपराजित 137 रन बनाए थे और यही उनके सर्वाधिक रन है। 1961-62 में दलीप ट्रॉफी प्रतियोगिता में उन्होने पूर्वी क्षेत्र के विरुद्ध मध्य क्षेत्र की ओर से खेलते हुए 110 रन बनाए थे और 1964-65 मे दलीप ट्रॉफी प्रतियोगिता के फाइनल मैच में पश्चिम क्षेत्र के विरुद्ध 119 रन बनाए थे। उन्होने कई बार उच्च कोटि की गेंदबाजी से भी दर्शको को मुग्ध कर दिया है। 1960 में रणजी ट्रॉफी के फाइनल में उन्होंने बम्बई के विरुद्ध खेलते हुए 99 रन पर 8 विकेट गिराकर अपनी सर्वोत्तम गेंदबाजी दिखाई थी। इस वर्ष इस प्रतियोगिता में उन्होने 10.94 के औसत से रन देकर कुल 35 विकेट लिए थे।

उन्होंने 1959-60 में आस्ट्रेलिया के विरुद्ध बंबई टैस्ट खेलकर अपने टैस्ट खेल का श्रीगणेश किया। 1961-62 में इंग्लैंड के विरुद्ध उनका खेल सर्वोत्तम रहा। इस टैस्ट मे उन्होंने 27.04 के औसत से रन देकर 23 विकेट लिए थे। इतनी अच्छी गेंदबाजी दोनों टीमों में और किसी की भी नही रही थी। उन्होने 8 पारियों में 199 रन बनाए थे। 1962 मे वे भारतीय टीम

में वेस्टइण्डीज के दौरे पर गए और वहां भी उन्होंने एक बार फिर अपना सर्वोन्मुखी खेल दिखाया। पोर्ट आफ स्पेन के चौथे टैस्ट में उन्होंने 104 रन बनाए थे। अब तक वे 22 टैस्ट खेल चुके हैं जिनमें उन्होंने 863 रन बनाए हैं और 70 विकेट लिए हैं।

1951-52 में वे सौराष्ट्र स्कूलों की ओर से और 1952-53 मे वंबई स्कूलो की ओर से अखिल भारतीय स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता मे खेले थे। 1960 मे वे स्टॉकपोर्ट की ओर से लकाशायर लीग मे खेले थे।

देसाई, रमाकान्त बी०

श्री देसाई कद में काफी छोटे है और उनका डीलडौल एक तेज गेंदबाज जैसा नही है फिर भी वे दाहिनी भुजा से मध्यम तेज गेंद फेंकने वाले वस्तुतः सफल गेंदबाज हैं। उनका जन्म बंबई मे 20 जून 1939 को हुआ था। प्रथम श्रेणी के क्रिकेट मे उनका पहला प्रवेश ही बडा प्रभावशाली रहा। 1958-59 मे वेस्टइण्डीज के विरुद्ध भारतीय क्रिकेट क्लब की ओर से खेलते हुए उन्होने 60 रन देकर 5 विकेट और 68 रन देकर 3 विकेट लिए थे। इसी वर्ष उन्होने अपने पहले रणजी ट्रॉफी मैच में गुजरात के विरुद्ध खेलते हुए 11 रन देकर 3 विकेट और 28 रन देकर 4 विकेट लिए थे। अपने प्रथम श्रेणी के क्रिकेट खेल के पहले वर्ष मे ही उन्होने रणजी टॉफी मे 11.10 के औसत रन देकर 50 विकेट ले लिए थे। रणजी ट्रॉफी में उनका यह कीतिमान आज तक किसी से खंडित नही हो सका। 1959-60 मे उन्होने 402 रन देकर 34 विकेट उड़ाए थे। अगले वर्ष उन्होंने 324 रनो पर 25 विकेट लिए। उन्होने रणजी ट्रॉफी मे 471.5 ओवर मे 100 विकेट लेकर अपना कीतिमान स्थापित किया। 1964 तक रणजी ट्रॉफी में वे 13.80 के औसत से 1275 रन देकर 125 विकेट ले चुके थे और यह रणजी ट्रॉफी मे अब तक की सर्वोत्तम गेंदबाजी है। उन्होने 1960-61 में राजस्थान के विरुद्ध फाइनल मैच में 120 रन देकर 11 विकेट लिए थे; रणजी ट्रॉफी में यही उनकी सर्वोत्कृष्ट गेंदबाजी का उदाहरण है। उनकी सर्वोत्तम बल्लेबाजी भी 1962-63 के रणजी ट्रॉफी फाइनल मैच मे राजस्थान के विरुद्ध ही रही जबकि उन्होने 107 रन बनाए थे।

श्री देसाई 26 टैस्टों में खेल चुके हैं : 11 इंग्लैंड के, 5 पाकिस्तान के, 4 वेस्टइण्डीज के, 3 आस्ट्रेलिया और 3 न्यूजीलैंड के विरुद्ध। उन्होंने 36.43 के औसत से 2623 रन देकर 72 टैस्ट विकेट लिए हैं। जब वे वेस्टइण्डीज के विरुद्ध दिल्ली के कोटला फिरोजशाह मैदान मे पहली बार टैस्ट मैच मे उतरे तो उन्होंने 169 रन देकर 4 विकेट लिए जबकि न्यूजीलैंड की शक्तिशाली टीम ने 8 विकेट पर 644 रन बना लिए थे। उनकी सर्वोत्तम

गेंदबाजी न्यूजीलैंड के विरुद्ध 1965 में बम्बई में आयोजित तीसरे टैस्ट मे रही जबकि उन्होने 56 रन देकर 6 बल्लेबाजों को धराशायी कर दिया था। 1960-61 में उन्होंने पाकिस्तान के विरुद्ध बम्बई में पहले टैस्ट में 85 रन बनाए थे और श्री पी० जी० जोशी के साथ मिलकर 149 रनों की नवें विकेट की साझेदारी का कीर्तिमान स्थापित किया था। 1959 में इंग्लैंड और 1962 में वेस्टइण्डीज के दौरे पर जाने वाली भारतीय टीम के वे सदस्य रहे है।

श्री देसाई ने 1958-59 से 60-61 तक बम्बई विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया है। वे एसोसिएटेड सीमेंट कंपनीज लिमि०, बम्बई के कर्मचारी है।

नजीरअली, सैयद

श्री वजीर अली के भाई श्री नजीर अली एक बहुत अच्छे सर्वोन्मुखी खिलाड़ी रह चुके हैं। वे बहुत समय तक देश से बाहर रहे अतः उनको रणजी ट्रॉफी में 1934-35 से 41-42 तक केवल 12 मैच खेलने का मौका मिला जिनमे वे दक्षिण पंजाब और महाराष्ट्र की ओर से खेले थे। 1941-42 मे उन्होंने खेलना छोड़ दिया था। रणजी ट्रॉफी की 19 पारियों मे 33.57 रन प्रति पारी के औसत से उन्होंने कुल 638 रन बनाए थे। उन्होंने 1938-39 में राजपुताना के विरुद्ध 106 और 1939-40 में महाराष्ट्र के विरुद्ध 151 रन बनाए थे। गेंदबाजी मे उन्होंने 396 रन देकर 18 विकेट लिए थे।

वे उस भारतीय टीम के सदस्य थे जो 1932 में इंग्लैंड खेलने गई थी। उन्होंने लार्ड्स के टैस्ट मैच मे 13 और 6 रन बनाए थे। 1933-34 में इंग्लैंड के विरुद्ध मद्रास टैस्ट में उन्होंने 3 और 8 रन बनाए थे तथा दूसरी पारी में 83 रन देकर 4 विकेट लिए थे।

बम्बई चतुष्कोणीय और पंचकोणीय प्रतियोगिताओं मे वे मुस्लिम क्लब की ओर से खेलते थे। 1934 में उन्होंने पारसी क्लब के विरुद्ध 197 और 1935 मे हिन्दू क्लब के विरुद्ध अपराजित 100 रन बनाए थे।

वे पाकिस्तान सरकार में अधिकारी हैं।

नवले, जे० जी०

श्री नवले वह भारतीय बल्लेबाज है जिन्हे सर्वप्रथम टैस्ट मैच मे बल्लेबाजी करने का गौरव मिला था। वे विश्वसनीय पारी प्रारंभ करने वाले बल्लेबाज और शानदार विकेट रक्षक रह चुके है। उन्होंने 1932 में केवल लार्ड्स में ही भारत की पारी का प्रारंभ किया था और उसमें 12 और 13 रन बनाए थे। 1933-34 में उन्होने बम्बई में इंग्लैंड के विरुद्ध पहला टैस्ट खेला था और उसमें 13 और 4 रन बना सके थे।

उनका जन्म 7 दिसंबर 1902 को हुआ था। जब भारत ने टैस्ट क्रिकेट मे प्रवेश किया था। तब तक श्री नवले का सर्वोत्तम खेल लगभग समाप्त हो चुका था; फिर भी 1932 में इंग्लैंड में भारत की ओर से खेलते हुए उन्होंने अपने कुशल विकेट-रक्षरण से सबको प्रभावित कर दिया था। बबई चतुष्कोणीय प्रतियोगिता में वे हिन्दू क्लब की ओर से खेलते थे और रणजी ट्रॉफी मे ग्वालियर की ओर से। उनकी सर्वोत्तम बल्लेबाजी 1926-27 मे रही जबकि उन्होंने बंबई में एम० सी० सी० के विरुद्ध 71 और 51 रन बनाए थे।

वे पुंताम्बा चीनी मिल में सुरक्षा अधिकारी हैं।

नाऊमल, जाऊमल

पारी प्रारंभ करने वाले दाहिने हाथ के बल्लेबाज, श्री नाऊमल ने इंग्लैंड के विरुद्ध भारत की ओर से तीन टैस्ट मैचों में पारी प्रारंभ की थी: 1932 में लार्ड्स में और 1933-34 में कलकत्ता तथा मद्रास में। टैस्ट मैचों में उन्होने कुल 108 रन बनाए थे और कलकत्ता टैस्ट मे वे अपने सबसे अधिक रन 43 बना सके। मद्रास टैस्ट की पहली पारी में ही उनके सिर मे गंभीर चोट लग जाने से वे केवल 5 रन बनाकर बीच में ही निवृत्त हो गए।

उनका जन्म 17 अप्रैल 1904 को हुआ था। रणजी ट्रॉफी में वे 1934-35 से 1944-45 तक सिंध की ओर से खेले थे। अपनी 23 पारियों मे उन्होंने 43·25 रन प्रति पारी के औसत से 865 रन बनाए थे। उनकी सर्वोच्च रन संख्या अपराजित 203 है जो उन्होंने 1938-39 में नवानगर के विरुद्ध बनाई थी। 1937-38 में उन्होने सिंध का नेतृत्व किया था। वे एक उपयोगी धीमे गेंदबाज भी थे। बंबई चतुष्कोणीय प्रतियोगिता में वे हिन्दू क्लब की ओर से खेलते थे। वे कराची (पाकिस्तान) में रहते हैं।

नाडकर्णी, रमेशचन्द्र जी० 'बापू'

श्री नाडकर्णी बहुत ही विश्वसनीय सर्वोन्मुखी खिलाड़ी हैं। वे बाएं हाथ के बल्लेबाज है और बाएं भुजा से गेंदबाजी करते हैं। प्रथम श्रेणी के क्रिकेट मे उनका खेल बहुत प्रभावशाली रहा है। अनेक बार उन्होंने अपनी टीम की मंझधार में डगमगाती नौका को किनारे लगाया है।

उनका जन्म 14 अप्रैल 1933 को नासिक में हुआ था। प्रथम श्रेणी के क्रिकेट में उन्होंने प्रथम प्रवेश 1951-52 में किया था जबकि उन्होंने बड़ौदा के विरुद्ध महाराष्ट्र की ओर से खेलते हुए, 35 रन देकर, 2 विकेट लिए थे। 1955-56 से 1959-60 तक वे महाराष्ट्र के कप्तान रहे थे।

1960-61 में वे बम्बई आगए और तब से लगातार बम्बई की ओर से खेल रहे हैं। 1963-64 से उनके नेतृत्व में बम्बई की टीम बराबर विजयी हो रही है।

रणजी ट्रॉफी में उन्होंने 3000 से ऊपर रन बनाए हैं जिनमे 10 शतक शामिल हैं। इस प्रतियोगिता में उनकी बल्लेबाजी कई बार बहुत शानदार रही है जैसे, 1960 में बम्बई की ओर से दिल्ली के विरुद्ध अपराजित 283 रन, 1962 में बम्बई की ओर से राजस्थान के विरुद्ध 219 रन और 1957 में महाराष्ट्र की ओर से सौराष्ट्र के विरुद्ध अपराजित 201 रन। 1960 में, पांच पारियों में दो बार अपराजित रहकर, उन्होंने 531 रन बटोरे थे। 1963 मे उन्होंने कुल 281 ओवर फेंके जिनमें 163 रन-हीन थे और 305 रन देकर 31 विकेट लिए थे।

वे 33 टैस्टों में खेले हैं: 5 न्यूजीलैंड, 6 वेस्टइण्डीज, 10 इंग्लैंड, 8 आस्ट्रेलिया और 4 पाकिस्तान के विरुद्ध। अपनी 54 टैस्ट पारियो मे, 11 बार अपराजित रहकर, उन्होंने 1265 रन बनाए हैं। उनका सर्वोत्तम खेल 1964 में इंग्लैंड के विरुद्ध रहा था जबकि आठ पारियो में, 5 बार अपराजित रहकर, 98 रन प्रति पारी के औसत से उन्होने 294 रन बनाए थे। कानपुर में खेले गए अन्तिम टैस्ट मे जब भारत की नैय्या डगमगाने लगी तो उन्होने ही अपराजित 122 रन बनाकर उसे उबारा था। उनकी सर्वोत्तम गेंदबाजी 1964 में आस्ट्रेलिया के विरुद्ध रही जब कि उन्होने मद्रास टैस्ट में 31 रन देकर 5 विकेट और 91 रन देकर 6 विकेट लिए थे। वे उन भारतीय टीमों के सदस्य थे जो 1956 में श्रीलंका, 1959 मे इंग्लैंड और 1962 में वेस्टइण्डीज खेलने गई थी।

उन्होंने 1949-50, 51-52, 53-54 और 54-55 (कप्तान) में पूना विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया था। वे बैडमिंटन के भी अच्छे खिलाड़ी हैं और ए० सी० सी० बम्बई में काम करते हैं।

नायुडू, कोट्टारि कनकैया

भारत के प्रथम टैस्ट कप्तान श्री सी० के० नायुडू का स्थान विश्व के अत्यन्त सजीव क्रिकेट खिलाड़ियों मे रहा है। जब भारत ने टैस्ट मैचों में खेलना प्रारंभ किया तो श्री नायुडू की आयु 37 वर्ष की थी और टैस्ट मैच भी बहुत कम और लम्बे अर्से के बाद होते थे। अतः श्री नायुडू को केवल 7 टैस्ट खेलने का अवसर मिला। ये सातों मैच इंग्लैंड के विरुद्ध खेले गए थे। पहले चारों मैचों में उन्होंने भारत का नेतृत्व किया। कुल 14 पारियों में उन्होने 350 रन बनाए थे। 1936 में ओवल में खेले गए तीसरे टैस्ट में उनकी सर्वोच्च रन संख्या 81 बनी थी। उनके विषय में सबसे उल्लेखनीय

बात यह है कि उन्होंने चालीस वर्षों तक प्रथम दर्जे का क्रिकेट खेला और उनके खेल में इतना अधिक आकर्षण था कि वे जहाँ भी खेलते थे वहाँ दूर दूर से दर्शकों की भीड़ उमड़ पड़ती थी।

उनका जन्म 31 अक्टूबर 1895 को नागपुर में हुआ था। प्रथम श्रेणी के क्रिकेट में उन्होने 1916 में खेलना प्रारंभ किया था जबकि वे बंबई चतुष्कोणीय प्रतियोगिता में हिन्दू क्लब की ओर से यूरोपीय क्लब के विरुद्ध खेले थे। चतुष्कोणीय और पंचकोणीय प्रतियोगिताओं में वे 1939 तक लगातार खेलते रहे। बम्बई चतुष्कोणीय प्रतियोगिता में उन्होंने सबसे अधिक रन बनाए हैं जिनमें ये 5 शतक भी शामिल हैं : 1920 में यूरोपीय क्लब के विरुद्ध 121; 1924 में यूरोपीय क्लब के विरुद्ध 135; 1929 में मुस्लिम क्लब के विरुद्ध 155; 1935 में मुस्लिम क्लब के विरुद्ध 101 और पारसी क्लब के विरुद्ध 129 रन।

वे रणजी ट्रॉफी प्रतियोगिता में उसके प्रारम्भ यानी 1934-35 से ही खेले हैं। 1934-35 से 1952-53 तक मध्य भारत (जो बाद में होल्कर और अब मध्यप्रदेश कहलाता है) की ओर से, 1953-54 में आंध्र की ओर से और 1956-57 मे उत्तर प्रदेश की ओर से खेले थे। रणजी ट्रॉफी में जब-जब वे खेले हैं तब-तब उन्होने अपनी टीम का नेतृत्व किया है—यह उनकी विशेषता रही है। अन्तिमबार जब वे रणजी ट्रॉफी मे खेले तो उनकी आयु 62 वर्ष की थी और उसमें उन्होंने विदर्भ के विरुद्ध 25, राजस्थान के विरुद्ध 84, और बम्बई के विरुद्ध 22 और 55 रन बनाए थे। जरा कल्पना तो कीजिए कि 62 साल बूढ़े बल्लेबाज ने श्री वीनू मांकड जैसे विख्यात गेंदबाज की गेंद पर लगातार छक्के किस प्रकार उड़ाए होंगे। वे जब बड़े आराम से छक्के लगाते थे तो दर्शक प्रसन्नता से आत्मविभोर हो जाते थे।

वे चार अनौपचारिक टेस्टों में खेले थे : दो एम० सी० सी० के विरुद्ध 1926-27 में और दो महाराजा पटियाला की आस्ट्रेलियाई टीम के विरुद्ध 1935-36 में।

भारतीय टीम के सदस्य के रूप में 1932 और 1936 मे इंग्लैंड भी गए थे। पहले दौरे में उन्होने 40.45 रन प्रति पारी के औसत से, 6 शतकों सहित, 1618 रन बनाए थे और 25.53 रन के औसत से 65 विकेट गिराए थे। अपने दूसरे दौर में, 26.23 के औसत से उन्होने 1102 रन बनाए थे और 31.78 प्रति विकेट के औसत से 51 विकेट लिए थे।

प्रथम श्रेणी के क्रिकेट में उन्होंने 36.43 रन प्रति पारी के औसत से कुल 8781 रन बनाए और 299 विकेट लिए थे। रणजी ट्रॉफी में

उन्होंने 2000 से ऊपर रन बनाए हैं और 100 से ऊपर विकेट लिए हैं। उन्होंने 1926 मे एम० सी० सी० के विरुद्ध बम्बई मे हिन्दू क्लब की ओर से खेलते हुए 153 रन बनाने मे 11 छक्के उड़ाए थे। एक पारी में सबसे *अधिक छक्के लगाने का उनका यह कीर्तिमान अभी तक किसी से नही टूटा* है। वे भारत के पहले खिलाडी हैं जिनको विज़्डन के पाँच खिलाड़ियों में स्थान मिला है। यह स्थान उन्हें 1933 में दिया गया था।

वे भारतीय टैस्ट चयन समिति के अध्यक्ष रहे हैं। उन्हें लेफ्टिनेंट कर्नल का ओहदा मिला हुआ है। वे अपने समय के एक जाने-माने टेनिस और हॉकी के खिलाड़ी और प्रसिद्ध एथलीट रह चुके है। खेल जगत् में उनकी प्रशंसनीय सेवाओं को ध्यान में रखते हुए भारत सरकार ने उन्हें 1955 में 'पद्म भूषण' से सम्मानित किया था।

नायुडू, सी० एस०

श्री सी० के० नायुडू के भाई श्री सी० एस० नायुडू दाहिनी भुजा से लेग ब्रेक-व-गुगली गेंद फेंकने वाले प्रतिभावान और सफल गेंदबाज रहे हैं। क्षेत्र रक्षण में तो उनका कोई सानी नही रहा। वे बड़ी सफलता के साथ अपना लम्बा हत्था इस्तेमाल करते थे।

उनका जन्म 14 अप्रैल 1914 को हुआ था। प्रथम श्रेणी के क्रिकेट में उन्होंने सर्व प्रथम 1933-34 में खेलना प्रारम्भ किया जबकि वे एम० सी० सी० के विरुद्ध खेले थे। जब उन्होने पहले टैस्ट में प्रवेश किया तो वे केवल 19 साल के थे। उन्होंने दूसरा टैस्ट इंग्लैंड के विरुद्ध कलकत्ता में खेला जिसमें उन्होने 36 रन बनाए थे। कुल मिलाकर उन्होने 1933-34 से 1951-52 तक 7 टैस्ट इंग्लैंड के विरुद्ध और 4 टैस्ट आस्ट्रेलिया के विरुद्ध खेले थे।

उन्होंने 12 अनौपचारिक टैस्ट भी खेले: 1935 में महाराजा पटियाला की आस्ट्रेलियाई टीम के विरुद्ध (1); 1945 मे आस्ट्रेलिया की सेना की टीम के विरुद्ध (3); 1949-50 में कॉमनवेल्थ प्रथम के विरुद्ध (4) और 1950-51 में कॉमनवेल्थ द्वितीय के विरुद्ध 4 टैस्ट। भारतीय टीमो के सदस्य के रूप में उन्होंने 1936 और 1946 में इंग्लैंड का, 1945 में श्रीलंका का और 1947-48 में आस्ट्रेलिया का भ्रमण किया था।

वे रणजी ट्रॉफी में 1934-35 से 1960-61 तक खेलते रहे हैं। उन्होने 1934-35 और 35-36 तथा 44-45 से 49-50 तक मध्यभारत (जो आगे चलकर होल्कर और अब मध्यप्रदेश कहलाता है) का प्रतिनिधित्व किया और 1960-61 मे उसके कप्तान रहे: 1939-40 से 43-44 तक बड़ौदा की ओर से, 1950-51 और 51-52 (कप्तान) में बंगाल की

ओर से; 53-54 में आंध्र की ओर से और 56-57 से 58-59 तक उत्तर प्रदेश की ओर से खेले थे। उन्होंने अनेक बार अति उत्कृष्ट खेल दिखाया है। अपनी 87 पारियों में, 3 बार अपराजित रहकर, उन्होंने 30·25 के औसत से 2541 रन बनाए हैं। उनके सबसे अधिक रन 127 हैं। उन्होंने कुल 2282·1 ओवर गेंदबाजी की है जिसमें 391 रनहीन ओवर रहे हैं; 23·49 के औसत से 6931 रन देकर कुल 295 विकेट गिराए हैं। उनकी सर्वोत्तम गेंदबाजी 1957-58 में विदर्भ के विरुद्ध उत्तर प्रदेश की ओर से खेलते हुए रही थी जबकि उन्होंने कुल 13 (85 रन देकर 7 और 69 रन देकर 6) विकेट लिए थे। रणजी ट्रॉफी मैचों में उन्होंने साठ बार 10 या अधिक विकेट गिराए हैं। कुल मिलाकर उनका सर्वोत्तम खेल 1942-43 में राजस्थान के विरुद्ध रहा जबकि उन्होंने बड़ौदा की ओर से खेलते हुए 127 रन बनाए थे और 20 रन देकर 5 विकेट और 36 रन देकर 7 विकेट गिराए थे।

बम्बई चतुष्कोणीय और पंचकोणीय प्रतियोगिताओं में वे हिन्दू क्लब की ओर से खेलते थे। उनकी सर्वोत्तम बल्लेबाजी 1939 में रही जब उन्होंने पारसी क्लब के विरुद्ध 126 रन बनाए थे। उन्होने 1935 में मुस्लिम क्लब को 97 रन देकर उनके 8 विकेट, 1939 में यूरोपीय क्लब को 64 रन देकर उनके 12 विकेट और उसी वर्ष मुस्लिम क्लब को 142 रन देकर उनके 11 विकेट लिए थे।

श्री नायुडु भारत के प्रथम बल्लेबाज हैं जिन्होने प्रथम श्रेणी के क्रिकेट मे 500 से ऊपर विकेट (522, औसत 26·87 रन प्रति विकेट) लिए है। उन्हे एक मैच मे संसार में सबसे अधिक ओवर फेंकने का गौरव प्राप्त है : 1944-45 में बम्बई के विरुद्ध 152·5 ओवर। रणजी ट्रॉफी में उन्होंने सबसे अधिक विकेट (295) लिए हैं। प्रथम श्रेणी के क्रिकेट में उन्होंने प्रति पारी 24·13 के औसत से 4827 रन लिए हैं। वे एक व्यावसायिक खिलाड़ी के रूप में लंकाशायर लीग में 1951 से 53 तक और 1958 मे साउथ शील्ड के लिए खेले थे।

वे मध्य प्रदेश क्रिकेट संघ के कोच हैं।

न्यालचन्द शाह

बाईं भुजा से मध्यम गति की भीतर की ओर झूमती हुई गेंद फेंकने मे चतुर श्री न्यालचन्द मैटिंग विकेट पर खेलने में अधिक खतरनाक साबित हुए हैं। वे गेंदबाजी में गेंद को दोनों ओर बड़ी खूबी से घुमा सकते हैं। वे बाएँ हाथ से बल्लेबाजी भी करते हैं। उनका जन्म ध्रागधरा में 14 सितम्बर 1919 को हुआ था। उन्होंने प्रथम श्रेणी के क्रिकेट में खेलना

1939-40 में प्रारंभ किया था जबकि वे सिंध के विरुद्ध पश्चिम भारत की ओर से खेले थे। 1951-52 और 52-53 में वे गुजरात की ओर से खेले थे और 54-55, 55-56 और 61-62 में उन्होंने सौराष्ट्र का नेतृत्व किया था। उन्होंने प्रथम श्रेणी के क्रिकेट में 200 से ऊपर विकेट लिए हैं। उनकी सर्वोत्तम गेंदबाजी 1961-62 में बड़ौदा के विरुद्ध रही जबकि उन्होंने केवल 32 रन देकर 7 विकेट गिराए थे और उसमे एक तिकड़ी (हैट ट्रिक) बनाई थी।

वे 1952 में पाकिस्तान के विरुद्ध लखनऊ में दूसरे टैस्ट में खेले थे और उन्होंने 97 रन देकर 3 विकेट लिए थे।

वे लोक कर्म विभाग राजकोट में नक्शानवीस हैं

निसार, मोहम्मद

श्री निसार भारत के अब तक के गेन्दबाजों में सबसे अधिक तेज गेंद फेंकने वाले सर्वोत्तम गेंदबाज थे और अपने समय में नई गेंद फेंकने में सबसे अधिक कुशल थे। उनका कद 6'–2" था और शरीर बहुत गठीला था। वे बड़ी सफलता के साथ गेंद को दोनों ओर घुमा देते थे।

1932 और 1934 में जो भारतीय टीम इंग्लैंड खेलने गई थी उसके वे सदस्य थे। वहां जाकर उन्होने इतने जोश-खरोश के साथ गेंदबाजी की कि विपक्षी बल्लेबाजों के कलेजे कांप उठे। भारत के पहले ही टैस्ट में जो 1932 में खेला गया था, उन्होंने इंग्लैड के पारी प्रारम्भ करने वाले सटक्लिफ और होम्स के जोड़े की गिल्लियां क्रमश: 3 और 6 रनों पर ही उड़ा दी। उस टैस्ट मे उन्होंने 93 रन देकर 5 बल्लेबाज परास्त कर दिए थे। टैस्ट मैचों मे फिर दो बार उन्होंने एक पारी में 5 विकेट लिए थे: 1934–35 में बम्बई टैस्ट में 90 रन देकर 5 विकेट और 1936 मे ओवल के तीसरे टैस्ट में 120 रन देकर 5 विकेट। इंग्लैंड के विरुद्ध उन्होने 6 टैस्ट मैच खेले थे और उनमें उन्होंने कुल मिलाकर 707 रन देकर 25 विकेट गिराए थे।

महाराजा पटियाला की आस्ट्रेलियाई टीम के विरुद्ध उन्होंने जितने भी अनौपचारिक मैच खेले थे उन सबमें उनकी गेंदबाजी बहुत ही खतरनाक रही थी। उन्होने पहले टैस्ट में 72 रन देकर 6 विकेट, दूसरे में 36 रन देकर 6 विकेट, तीसरे में 72 रन देकर 4 विकेट और 80 रन देकर 4 विकेट तथा चौथे और अन्तिम टैस्ट में 61 रन देकर 5 विकेट और 36 रन देकर 6 विकेट गिराए थे।

लार्ड टेनीसन की टीम के विरुद्ध तीसरे अनौपचारिक टैस्ट मे उन्होंने 79 रन देकर 5 विकेट लिए थे।

उनका जन्म 1 अगस्त 1910 को हुआ था। वे रणजी ट्रॉफी में दक्षिण पंजाब की ओर से खेला करते थे। उन्होंने तीन बार 5 या अधिक विकेट गिराए थे। उनका सर्वोत्तम खेल 1938–39 में सिन्ध के विरुद्ध रहा जबकि उन्होंने केवल 17 रन देकर 6 बल्लेबाज धराशायी कर दिए थे। एक साल वे उत्तर प्रदेश की ओर से भी खेले थे और तब उन्होंने उस टीम का नेतृत्व भी किया था। रणजी ट्रॉफी में कुल मिलाकर उन्होंने 464 रन देकर 32 विकेट लिए थे।

बम्बई चतुष्कोणीय और पंचकोणीय प्रतियोगिताओं में, वे मुस्लिम क्लब की ओर से खेलते थे। उनकी गेंदबाजी बहुत सफल रही थी। उन्होंने 13·56 के औसत से 678 रन देकर 50 विकेट गिराए थे।

उनकी सर्वोच्च रन संख्या अपराजित 37, 1934–35 में उत्तर प्रदेश के विरुद्ध, दक्षिणी पजाब की ओर से खेलते हुए बनी थी।

देश के विभाजन से पहले वे भारतीय रेलवे में एक अधिकारी थे। फिर वे पाकिस्तान चले गए और वहाँ 11 मार्च 1963 को उनकी मृत्यु हो गई।

पंजाबी, पन्नालाल होतचन्द

श्री पंजाबी ने 1953–54 में, सिलवर जुबली ओवरसीज टीम के विरुद्ध, एक अनौपचारिक टैस्ट मे प्रथम प्रवेश में ही शतक बना कर ख्याति प्राप्त कर ली थी। 1954–55 में वे भारतीय टीम के साथ पाकिस्तान गए। वहा वे पांचों टैस्टों मे खेले और उन्होने 10 पारियों में कुल 164 रन बनाए। उनकी सबसे अधिक रन संख्या 33 रही।

श्री पंजाबी का जन्म 20 सितम्बर 1921 को कराची में हुआ था। वे दाहिने हाथ के बल्लेबाज हैं। प्रथम श्रेणी के क्रिकेट में उन्होंने 1943–44 में खेलना शुरू किया था जबकि वे गुजरात के विरुद्ध सिन्ध की ओर से खेले थे। देश के विभाजन के बाद वे गुजरात आ गए और 1952–53 के बाद वे गुजरात की ओर से खेले। प्रथम श्रेणी के क्रिकेट मे उन्होने 2000 से ऊपर रन बनाए है। उनकी सर्वोत्तम बल्लेबाजी 1959–60 में सौराष्ट्र के विरुद्ध रही जबकि उन्होंने अपराजित 224 रन बनाए थे। वे वर्मा शैल कपनी के उड्डयन विभाग, बम्बई मे काम करते हैं।

पटियाला, महाराजा श्री यादवेन्द्र सिंहजी

अखिल भारतीय खेल–कूद परिषद् के भूतपूर्व अध्यक्ष महाराजा श्री यादवेन्द्र सिंहजी पटियाला के राजवंश को सुशोभित करते है। उनके तेजस्वी पिता स्व० महाराजा श्री भूपेन्द्र सिंहजी भारतीय क्रिकेट नियन्त्रण बोर्ड के संस्थापकों में से थे और उन्होने ही रणजी ट्रॉफी प्रदान की थी। इस ट्रॉफी

की जो प्रतिकृति प्रतिवर्ष विजेता टीम को प्रदान की जाती है वह भी इसी राजवंश से भेंट स्वरूप मिली है।

दाहिने हाथ के आक्रामक बल्लेबाज और दाहिनी भुजा से मध्यम गति की गेंद फेंकने वाले महाराजा पटियाला ने 1933-34 मे इंग्लैंड के विरुद्ध तीसरा टैस्ट मैच खेला था और उसमे उन्होंने 24 और 60 रन बनाए थे जो उस खेल में भारत की ओर से सर्वोच्च रन संख्या थी। 1935 में जैक राइडर के नेतृत्व में जो आस्ट्रेलियाई टीम भारत आई थी उसके विरुद्ध बम्बई मे प्रथम अनौपचारिक टैस्ट में उन्होने भारत का नेतृत्व किया था। लार्ड टेनीसन की टीम के विरुद्ध भी उन्होने दो अनौपचारिक टैस्ट खेले थे।

उन्होंने 1935-36 में अपने पिता के नेतृत्व में रणजी ट्रॉफी मे पहली बार प्रवेश किया और दक्षिण पंजाब के विरुद्ध खेले। दूसरे वर्ष टीम का नेतृत्व उनको प्रदान किया गया और उन्होने उत्तर प्रदेश के विरुद्ध अपराजित 102 रन बनाकर अपने पद को सम्मानित किया। पश्चिमोत्तर सीमा प्रान्त के विरुद्ध उन्होने 1937-38 में 79 और 1938-39 मे 75 रन बनाए थे।

बम्बई चतुष्कोणीय प्रतियोगिता में वे हिन्दू क्लब की ओर से खेला करते थे।

पटेल, जसु एम०

आस्ट्रेलिया के विरुद्ध प्रथम टैस्ट में भारत को जिताने में श्री पटेल का प्रमुख हाथ था। 1959-60 मे कानपुर मे आयोजित दूसरे टैस्ट में उन्होने प्रथम पारी में केवल 69 रन देकर आस्ट्रेलिया के 9 बल्लेबाजों को धराशायी कर दिया था और दूसरी बार 55 रन देकर 5 बल्लेबाजों को परास्त कर दिखाया था। इस उत्तम खेल को भारत सरकार की ओर से भी मान्यता मिली और 1960 में श्री पटेल को 'पद्म श्री' से सम्मानित किया गया।

उन्होंने 7 टैस्ट मैच खेले है : 1955 में पाकिस्तान और न्यूजीलैंड दोनों के विरुद्ध एक-एक, आस्ट्रेलिया के विरुद्ध 1956 में दो और 1959 में तीन। भारतीय टैस्ट गेंदबाजी में उनका औसत सर्वश्रेष्ठ रहा है। 21·93 प्रति विकेट के औसत से 636 रन देकर 29 विकेट गिराए हैं।

उनका जन्म 26 नवम्बर 1924 को अहमदाबाद में हुआ था। ये दाहिनी भुजा के ऑफ स्पिनर कई वर्षों तक गुजरात की टीम के मेरुदण्ड रहे है। मैटिंग विकेट पर उन्हें अधिक सफलता मिली है। प्रथम श्रेणी के क्रिकेट मे उन्होने 1943-44 मे प्रवेश किया था जब वे सिंध के विरुद्ध खेले थे और उन्होने 32 रन देकर 3 विकेट लिए थे। उन्होने दो बार प्रति पारी आठ विकेट गिराए हैं : 1950 में सेना के विरुद्ध, 53 रन देकर, 8 विकेट (पूरे मैच

में 81 रन देकर 13 विकेट) और 1960 में सौराष्ट्र के विरुद्ध 21 रन देकर 8 विकेट। 1950 की रणजी ट्रॉफी प्रतियोगिता में उन्होंने 421 रन देकर 29 विकेट लिए थे। रणजी ट्रॉफी में कुल मिलाकर उन्होंने 2827 रन देकर 140 विकेट लिए हैं।

वे दाहिने हाथ के बल्लेबाज हैं। उन्होंने 1950-51 में होल्कर के विरुद्ध 152 रन बनाए थे। यही उनकी सर्वोच्च रन संख्या है।

1954-55 में वे भारतीय टीम के साथ पाकिस्तान गए और उनकी गेंदबाजी सर्वश्रेष्ठ रही : 10·68 रन प्रति विकेट के औसत से रन देकर उन्होंने 35 विकेट लिए थे।

वे बम्बई विश्वविद्यालय के भी खिलाड़ी रह चुके हैं। अब वे हार्ड काशल वॉड एण्ड कं० अहमदाबाद के विक्रय प्रतिनिधि हैं।

पटौदी, नवाब इफ्तिकार अली

नवाब पटौदी ने अपने जीवन के पहले टैस्ट में ही शतक बनाकर मानो रणजी और दलीपजी की बराबरी की थी। 1932 में आस्ट्रेलिया के विरुद्ध इंग्लैंड की ओर से खेलते हुए उन्होने पहले ही टैस्ट मे एक शतक जमाया था। उन्होंने लगातार दो शतकों के साथ अपना दौरा प्रारम्भ किया। यद्यपि दूसरे टैस्ट के बाद वे नही खेल सके तथापि पूरे दौरे में उनका खेल काफी प्रभावशाली रहा।

उनका जन्म 17 मार्च 1910 को हुआ था। छोटी आयु में ही वे एक उत्कृष्ट कोटि के बल्लेबाज बन गए थे। 1929 में जब उन्होने ऑक्सफोर्ड की ओर से पहली बार मैदान में प्रवेश किया तब उन्होने शतक बनाया था। 1931 मे ऑक्सफोर्ड-केम्ब्रिज के मैच में वे 238 रन बनाकर भी अपराजित रहे थे। यह रन संख्या आज भी वहाँ बल्लेबाजी का अखण्ड कीर्तिमान है।

1932 में जो भारतीय टीम इंग्लैंड खेलने गई थी उसमें खेलने के लिए उन्हें कप्तान बनने का लालच दिया गया था परन्तु उन्होने इनकार कर दिया क्योंकि वे इंग्लैंड की ओर से खेलना चाहते थे।

वे 1933 मे आस्ट्रेलिया के दौरे से इंग्लैंड लौटे थे। वहाँ आकर उन्होने केन्ट के विरुद्ध 224; इसेक्स के विरुद्ध अपराजित 231, सोमरसेट के विरुद्ध 222 और वैस्टइंडीज के विरुद्ध अपराजित 162 रन बनाए थे। इंग्लैंड और वैस्टइण्डीज के बीच टैस्ट मैच शुरू होने से पहले ही उनका स्वास्थ्य गिर गया था। इसके बाद वे केवल एक बार 1934 में आस्ट्रेलिया के विरुद्ध टैस्ट मैच में उतरे थे परन्तु इसके बाद वे बहुत कम खेल सके।

1945-46 की रणजी ट्रॉफी प्रतियोगिता में वे पश्चिम पंजाब की

ओर से दिल्ली और जिला क्रिकेट संघ के विरुद्ध खेले थे और क्षेत्रीय चतुष्कोणीय प्रतियोगिता में उन्होने उत्तर क्षेत्र का नेतृत्व किया था।

वे 1946 मे इंग्लैंड में भारतीय टीम के नेता थे। इस दौरे में उनका स्वास्थ्य ठीक नही था फिर भी उन्होंने अपनी 26 पारियों में, 5 बार अपराजित रह कर, 46·52 रन प्रति पारी के औसत से कुल 977 रन बना लिए थे। उन्होने केम्ब्रिज के विरुद्ध 121, डर्बीशायर के विरुद्ध 193, ससेक्स के विरुद्ध अपराजित 110 और नोटिंघमशायर के विरुद्ध अपराजित 101 रन बनाए थे। टैस्ट मैचों में उनकी बल्लेबाजी निराशाजनक रही।

मौत के निर्दयी हाथों ने इस रंग-बिरंगी जिन्दगी को 5 जनवरी 1952 को काट दिया। एक पोलो खेल के तत्काल बाद उनके प्राण पखेरू उड़ गए।

पटौदी, नवाब मंसूर अली

श्री पटौदी ने वेस्टइंडीज के विरुद्ध तीसरे टैस्ट में केवल 21 वर्ष की आयु मे भारत का नेतृत्व किया था। आज तक किसी भी खिलाड़ी को इतनी कम आयु में टैस्ट कप्तान बनने का सौभाग्य नही मिला है। श्री पटौदी भी अपने यशस्वी पिता के कदमों पर ही चले और भारत के कप्तान बने। उनका जन्म 5 जनवरी 1941 को भोपाल में हुआ था और उनकी शिक्षा-दीक्षा इंग्लैंड में हुई थी। प्रथम श्रेणी के क्रिकेट में उन्होंने 1959 में प्रवेश किया था जब कि वे छात्रावस्था मे ही सोमरसेट के विरुद्ध ससेक्स की ओर से खेले थे। 1960-61 में वे रणजी ट्रॉफी में दिल्ली की ओर से उत्तर पंजाब के विरुद्ध खेले। अगले ही वर्ष उन्होंने टैस्ट क्रिकेट में भी प्रवेश कर लिया और इंग्लैंड के विरुद्ध दिल्ली में आयोजित तीसरे टैस्ट में खेले। इसी शृंखला के तीसरे मद्रास टैस्ट में उन्होंने एक शतक बना डाला। 1962 में जो भारतीय टीम वेस्टइंडीज गई उसके वे कप्तान बने और उप-कप्तान कॉण्ट्रैक्टर को सिर में गंभीर चोट लग जाने के कारण शेष तीन टैस्टों मे उन्होंने भारत का नेतृत्व किया। तबसे वे 1964 में इंग्लैंड के विरुद्ध, 1964 मे आस्ट्रेलिया के विरुद्ध, और 1965 में न्यूजीलैंड में विरुद्ध भारत के कप्तान रहे हैं।

श्री पटौदी एक शानदार, आक्रामक, दाहिने हाथ के बल्लेबाज और भारत के श्रेष्ठ क्षेत्र-रक्षकों में से एक हैं। अब तक उन्होने 18 टैस्ट खेले हैं और 31 पारियों में, 2 बार अपराजित रहकर, उन्होंने 1231 रन बनाए हैं। उन्होने पांच टैस्ट शतक बनाए हैं: 1961 मे इंग्लैंड के विरुद्ध पांचवें टैस्ट मे 103; 1964 मे इंग्लैंड के विरुद्ध चौथे टैस्ट में अपराजित 203; 1964 में आस्ट्रेलिया के विरुद्ध पहले टैस्ट में अपराजित 128 और दूसरे टैस्ट मे 153 तथा 1965 मे न्यूजीलैंड के विरुद्ध चौथे टैस्ट में 113 रन।

1961 मे जब ई० डब्लू० स्वाण्टन की टीम ने वेस्टइंडीज का दौरा

किया था तो श्री पटौदी भी उसके सदस्य थे। एक मैच में उन्होंने दो शतकीय प्रहार किए थे : 1961 में यॉर्कशायर के विरुद्ध ससेक्स की ओर से 106 और अपराजित 103 तथा इसके बाद मिडिलसेक्स के विरुद्ध 144 रन।

वे प्रथम भारतीय हैं जिन्हें ऑक्सफोर्ड का कप्तान बनने का गौरव प्राप्त हुआ। परन्तु 1951 की गर्मियों में, जब उनका खेल चोटी पर था, एक कार दुर्घटना के कारण वे विश्वविद्यालय मैच में नहीं खेल सके।

रणजी ट्रॉफी में उन्होंने दिल्ली की टीम का नेतृत्व किया है और 1963–64 मे दलीप ट्रॉफी में वे उत्तर क्षेत्र की ओर से खेले जिसमें उन्होंने दक्षिण क्षेत्र के विरुद्ध 141 रन बनाए थे।

पाटणकर, चन्द्रकान्त टी०

श्री पाटणकर एक दाहिने हाथ के बल्लेबाज और विकेट-रक्षक हैं। उनका जन्म 24 नवम्बर 1930 को हुआ था और उन्होने प्रथम श्रेणी के क्रिकेट में पहला प्रवेश 1949–50 में किया था जब कि वे कॉमनवेल्थ प्रथम के विरुद्ध बम्बई की ओर से खेले थे। वे कॉमनवेल्थ द्वितीय के विरुद्ध भी खेले थे और उन्होने 1953–54 में सिलवर जुबली ओवरसीज टीम के विरुद्ध सम्मिलित विश्वविद्यालय टीम का नेतृत्व किया था।

1953-54 मे वे पहली बार रणजी ट्रॉफी में खेले थे जिसमे बम्बई की ओर से विकेट रक्षण करते हुए, उन्होंने मद्रास के चार बल्लेबाजों को धराशायी कर दिया था। यही उनका सर्वश्रेष्ठ विकेट-रक्षण रहा है। वे 1955–56 में न्यूजीलैंड के विरुद्ध कलकत्ता के चौथे टैस्ट में खेले थे और उन्होंने चार बल्लेबाजो को (3 कै० और 1 स्टम्प) परास्त किया था।

वे 1949–50 से 1953–54 तक बम्बई विश्वविद्यालय के खिलाड़ी रहे हैं। वे बी० ई० एस० टी० अण्डरटेकिंग, बम्बई में काम करते हैं।

पाटिल, सदाशिव आर०

श्री पाटिल का जन्म 10 अक्टूबर 1933 को कोल्हापुर में हुआ था। वे दाहिनी भुजा से मध्यम तेज गेंद फेंकने वाले और दाहिने हाथ के आक्रामक बल्लेबाज रह चुके हैं। उन्होने रणजी ट्रॉफी में खेलना 1952-53 में शुरु किया था जब वे महाराष्ट्र के विरुद्ध खेले थे और उन्होने 45 रन देकर 5 विकेट तथा 68 रन देकर 3 विकेट लिए थे। प्रथम श्रेणी के क्रिकेट में यही अब तक उनकी सर्वोत्तम गेंदबाजी रही है।

उन्होंने 1955–56 में बम्बई में न्यूजीलैंड के विरुद्ध दूसरा टैस्ट खेला था और उन्होने दोनों पारियों में श्री रीड को क्रमशः 36 और 15 रनो पर परास्त कर दिया था तथा स्वयं 14 रन बना कर अपराजित रहे थे।

उनकी सर्वोत्तम रन संख्या 69 है जो उन्होंने 1956-57 में बम्बई के विरुद्ध महाराष्ट्र की ओर से खेलते हुए बनाई थी। वे एक व्यावसायिक खिलाड़ी के रूप में, 1956 में उत्तरी स्टैफॉर्डशायर लीग में नांटविच की ओर से और 1959 में चर्च की ओर से तथा 1961 में वेकप की ओर से खेले थे।

वे टाटा उद्योग, बम्बई में काम करते हैं।

पालिया, पी० ई०

श्री पालिया ने रणजी ट्रॉफी में उतने ही रन बनाए हैं जितने उन्होंने इस प्रतियोगिता में गेंदबाजी करते हुए दिए हैं। अपनी 29 पारियों में, एक बार अपराजित रह कर, उन्होंने 1156 रन बनाए हैं। गेंदबाजी करते हुए इन्होंने इस प्रतियोगिता में 1156 रन देकर 57 विकेट लिए हैं।

उनका जन्म 5 सितम्बर 1910 को हुआ था। रणजी ट्रॉफी में वे 1934-35 से 1942-43 तक उत्तर प्रदेश की ओर से खेले थे जिनमें 6 वर्ष तक उन्होंने अपनी टीम का नेतृत्व किया था। 1937-38 मे वे बम्बई की ओर से खेले थे। उनकी सर्वोच्च रन संख्या 216 है जो उन्होंने 1939-40 में उत्तर प्रदेश के लिए महाराष्ट्र के विरुद्ध बनाई थी। इस प्रतियोगिता में उन्होंने दो और शतक बनाए थे : उत्तर भारत के विरुद्ध 128 और मद्रास के विरुद्ध अपराजित 110 रन। उनकी सर्वोत्तम गेंदबाजी 1936-37 में दिल्ली और जिला क्रिकेट संघ के विरुद्ध रही जब कि उन्होंने 70 रन देकर 4 विकेट और 35 रन देकर 4 विकेट लिए थे।

वे बाएँ हाथ के आक्रामक बल्लेबाज और बाईं भुजा के धीमे गेंदबाज रहे हैं। भारतीय टीम के सदस्य के रूप में उन्होंने 1932 और 1936 में इंग्लैंड का दौरा किया था। उन्हें दो टैस्ट मैचों मे खेलने का अवसर मिला था जिनमें उन्होने चार पारियों में 29 रन बनाए थे।

प्रसन्ना, ई० ए० एस०

1961-62 में एम० सी० सी० के विरुद्ध दक्षिण क्षेत्र की ओर से शानदार गेंदबाजी (56 रन देकर 6 विकेट) के कारण श्री प्रसन्ना प्रकाश मे आए और उसके फलस्वरूप उनको इंग्लैंड के विरुद्ध मद्रास के पाँचवे टैस्ट में और 1962 में वेस्टइण्डीज के दौरे पर जाने वाली भारतीय टीम में स्थान मिला। वे वेस्टइण्डीज में दूसरे टैस्ट मे खेले और उन्होंने 122 रन देकर 3 विकेट लिए।

श्री प्रसन्ना का जन्म 22 मई 1940 को हुआ था। वे दाहिनी भुजा से आफ ब्रेक गेंद फेंकते हैं और दाहिने हाथ से बल्लेबाजी करते हैं। रणजी ट्रॉफी मे उन्होने 1961-62 में खेलना शुरु किया था जबकि उन्होंने हैदराबाद

के विरुद्ध मैसूर की ओर से खेलते हुए 26 रन बनाए थे और 15 रन देकर 3 विकेट तथा 65 रन देकर 2 विकेट लिए थे। रणजी ट्रॉफी में उनकी सर्वोत्तम गेंदबाजी 1961-52 मे मद्रास के विरुद्ध रही जबकि उन्होंने 38 रन देकर 4 विकेट लिए थे। दलीप ट्रॉफी में वे दक्षिण क्षेत्र की ओर से खेल चुके हैं।

फड़कर, दत्तात्रेय गजानन

श्री फड़कर भारत के एक उच्चकोटि के सर्वोन्मुख खिलाड़ी रहे हैं। वे दाएँ हाथ के शक्तिशाली बल्लेबाज और दाहिनी भुजा के मध्यम तेज गेंदबाज तथा उत्तम निकटवर्ती क्षेत्ररक्षक रह चुके हैं। उनका जन्म 12 दिसम्बर 1925 को बम्बई में हुआ था। प्रथम श्रेणी के क्रिकेट में उन्होंने 1942-43 में प्रवेश किया था और बड़ौदा के विरुद्ध महाराष्ट्र की ओर से खेले थे। वे 1944-45 से 1951-52 तक बम्बई की ओर से खेले और 1950-51 में बम्बई के कप्तान रहे। वे 1954-55 मे बंगाल की ओर से खेले थे और उसके बाद रेलवे की ओर से। कुल 47 पारियों में, 6 बार अपराजित रहकर, उन्होंने 46.82 के औसत से 1920 रन बनाए है। उनकी सर्वोत्तम बल्लेबाजी 1950 मे महाराष्ट्र के विरुद्ध रही जबकि उन्होंने बम्बई की ओर से खेलते हुए 217 रन बनाए थे। 1948 मे उन्होंने फिर महाराष्ट्र के विरुद्ध दोनों पारियों मे शतक यानी 131 और 160 रन बनाए थे। उन्होंने 1588 रन देकर 216 विकेट लिए हैं। रणजी ट्रॉफी के तीन वर्षों में उन्होंने 25 से अधिक विकेट लिए थे, अर्थात् 1948-49 में 617 रन देकर 29 विकेट, 1951-52 मे 302 रन देकर 32 विकेट और 1958-59 में 313 रन देकर 26 विकेट लिए थे। उनकी सर्वोत्तम गेंदबाजी 1951-52 में मैसूर के विरुद्ध रही जबकि उन्होंने केवल 8 रन देकर 5 विकेट गिरा दिए थे।

भारतीय टीम के सदस्य के रूप में 1947-48 मे आस्ट्रेलिया, 1952 में इंग्लैंड, 1952-53 मे वेस्टइण्डीज और 1954-55 में पाकिस्तान गए थे। उन्होंने 31 टैस्ट खेले हैं: 5 आस्ट्रेलिया, 8 वेस्टइण्डीज, 8 इंग्लैंड, 6 पाकिस्तान और 4 न्यूजीलैंड के विरुद्ध। अपनी 45 टैस्ट पारियों में 7 बार अपराजित रहकर उन्होंने प्रतिपारी 32.34 के औसत से 1229 रन बनाए हैं। 1947-48 मे एडीलेड में आस्ट्रेलिया के विरुद्ध खेले गए चौथे टैस्ट मे उन्होंने 123 रन और 1951-52 में कलकत्ता मे इंग्लैंड के विरुद्ध खेले गए तीसरे टैस्ट में 115 रन बनाए थे। टैस्ट मैचों में उन्होंने 36.85 के औसत से 2285 रन देकर 62 विकेट गिराए हैं। उन्होंने तीन बार पाँच से अधिक विकेट लिए हैं: 1948-49 मे वेस्टइण्डीज के विरुद्ध चौथे टैस्ट मे 159 रन देकर 7 विकेट, 1953 में वेस्टइण्डीज के विरुद्ध दूसरे टैस्ट में 64 रन देकर

5 विकेट और 1952 में पाकिस्तान के विरुद्ध तीसरे टैस्ट में 72 रन देकर 5 विकेट लिए थे। उनकी सर्वोत्तम गेंदबाजी 1947-48 में आस्ट्रेलिया के विरुद्ध दूसरे टैस्ट में रही जबकि उन्होंने 14 रन देकर 3 विकेट लिए थे।

उन्होंने 13 अनौपचारिक टैस्ट भी खेले हैं : 1 आस्ट्रेलियाई सेना, 5 कॉमनवेल्थ प्रथम, 5 कॉमनवेल्थ द्वितीय और 2 सिलवर जुबली ओवरसीज टीम के विरुद्ध। उन्होंने कई बार बहुत सुन्दर खेल दिखाया है, जैसे—कॉमनवेल्थ प्रथम के विरुद्ध पहले टैस्ट में 110 रन, और दूसरे टैस्ट में अपराजित 78 रन बनाए; पांचवें टैस्ट में 89 रन देकर 4 विकेट और 28 रन देकर 3 विकेट लिए; कॉमनवेल्थ द्वितीय के विरुद्ध चौथे टैस्ट में 61 रन बनाए और 99 रन देकर 5 विकेट लिए, इसी प्रकार सिलवर जुबली ओवरसीज टीम के विरुद्ध पांचवें टैस्ट में 63 रन बनाए और केवल 8 रन देकर तीन विकेट लिए।

वे केन्द्रीय लंकाशायर लीग में रोकडेल क्रिकेट क्लब की ओर से खेलते थे। वे भारतीय रेलवे में कर्मचारी हैं।

बनर्जी, एस०

श्री बनर्जी का जन्म 1 नवम्बर 1919 को हुआ था। वे एक दाहिने हाथ के सधे हुए बल्लेबाज और दाहिनी भुजा से मध्यम गति की गेंद फेंकने वाले अच्छे गेंदबाज हैं। उन्होंने प्रथम श्रेणी के क्रिकेट में पहला प्रवेश दिसम्बर 1939 में किया था जब वे बंगाल के विरुद्ध बिहार की ओर से खेले। उन्होंने अपनी टीम की ओर से पारी की शुरुआत की और दोनों ही पारियों में सबसे अधिक रन यानी 48 और 26, बनाए तथा 33 रन देकर 3 विकेट लिए। 1940-41में उन्होंने 7 रन देकर बंगाल के तीन बल्लेबाजों को परास्त किया था। अगले वर्ष उन्होंने बंगाल के विरुद्ध 73 और अपराजित 22 रन बनाए थे। 1943-44 में उन्होने बंगाल के विरुद्ध एक अपराजित शतक (101) बनाया।

उन दिनों रणजी ट्रॉफी प्रतियोगिता 'नोक आउट' पद्धति से खेली जाती थी और हर बार बिहार पहले ही मैच मे बगाल से पराजित होकर, प्रतियोगिता से बाहर हो जाता था अतः बिहार की टीम के सर्वोन्मुख खिलाड़ी श्री बनर्जी को प्रथम श्रेणी के मैच में खेलने का अधिक अवसर नही मिल सका। यही हालत उस समय भी हुई जबकि वे उत्तर प्रदेश की ओर से खेले जिसमें उन्होंने आसाम के विरुद्ध अपराजित 70 रन बनाए थे और 1950-51 मे 82 रन देकर होल्कर के 5 विकेट लिए थे।

वे वेस्टइण्डीज के विरुद्ध तीसरे कलकत्ता टैस्ट में भी खेले थे और पहली पारी में उन्होंने 120 रन देकर 4 विकेट लिए थे।

बनर्जी, एस० एन०

श्री बनर्जी वस्तुतः दाहिने हाथ के तेज गेंदबाज थे परन्तु जब उनका खेल सर्वोच्च स्तर पर था तो निसार और अमरसिंह ने उनको निष्प्रभ कर दिया। उनका जन्म 3 अक्टूबर 1911 को कलकत्ता में हुआ था। उन्होंने रणजी ट्रॉफी मे प्रथम प्रवेश 1935-36 में किया जबकि वे मध्यभारत के विरुद्ध बंगाल की ओर से खेले थे। 1937–38 से 1941-42 तक वे नवानगर की ओर से खेले और 1942–43 से लेकर 1952–53 तक उन्होंने बिहार का नेतृत्व किया। रणजी ट्रॉफी मे उन्होंने 946 ओवर गेंदबाजी की। इनमे 178 ओवर रन-हीन रहे और उन्होंने 21·44 के औसत से 2831 रन देकर 132 विकेट लिए। उनकी सर्वोत्तम गेंदबाजी महाराष्ट्र के विरुद्ध रही जबकि उन्होंने कुल 25 रन देकर 8 विकेट लिए थे।

वे दाहिने हाथ के अच्छे बल्लेबाज भी रहे हैं। उन्होने कई पारियों की शुरुआत भी की है और उनकी बल्लेबाजी अनेक बार उच्चकोटि की रही है। 1936 और 1946 में इंग्लैंड का और 1945 में श्री लंका का दौरा करने वाली भारतीय टीम के वे सदस्य थे। इंग्लैंड के अपने दूसरे दौरे में उन्होंने इग्लैंड और भारत के अन्तिम विकेट का नया कीतिमान (249 रन) स्थापित किया जबकि उन्होंने श्री सी० टी० सरवटे के साथ खेलते हुए, सर्रे के विरुद्ध 121 रन बनाए थे। उनकी सर्वोच्च रन संख्या 138, 1952–53 में बंगाल के विरुद्ध बिहार की ओर से खेलते हुए बनी थी। उन्होने रणजी ट्रॉफी की 64 पारियों में कुल 1638 रन बनाए हैं और उनमें से सात मे अपराजित रहे हैं।

बाका जिलानी

रणजी ट्रॉफी में सर्व प्रथम तिकड़ी (हैटट्रिक) बनाने वाले श्री बाका जिलानी दाहिनी भुजा से मध्यम गति की तेज बाल फेंकने वाले एक गेंदबाज और दाहिने हाथ के बल्लेबाज थे। 1934–35 में रणजी ट्रॉफी के पहले ही मैच में खेलते हुए उन्होने दक्षिण पंजाब के विरुद्ध दूसरी पारी में तिकड़ी बनाई और केवल 7 रन देकर 5 विकेट लिए। पहली पारी में उन्होने 64 रन देकर चार विकेट लिए थे।

रणजी ट्रॉफी मे उन्होंने कुल सात मैच खेले जिनमें कुल 450 रन देकर 27 विकेट लिए और 14 पारियों मे, एक बार अपराजित रहकर, कुल 284 रन बनाए। उनकी सर्वोत्तम बल्लेबाजी 1935-36 में दिल्ली और जिला संघ के विरुद्ध तथा 1937–38 मे उनके रणजी ट्रॉफी के अन्तिम मैच में दक्षिण पंजाब के विरुद्ध रही थी जबकि उन्होने क्रमशः 76 और 74 रन बनाए थे।

1936 में इंग्लैंड का दौरा करने वाली भारतीय टीम के वे सदस्य थे और वहां ओवल के तीसरे टैस्ट में खेले थे। उन्होंने 1935 में आस्ट्रेलियाई टीम के विरुद्ध दो अनौपचारिक टैस्ट मैचों में भी भाग लिया था और कलकत्ते में आयोजित दूसरे मैच में 15 रन देकर 3 विकेट लिए थे।

उन्होंने बम्बई चतुष्कोणीय प्रतियोगिता में मुस्लिम क्लब का प्रतिनिधित्व किया था। उनका जन्म 20 जुलाई 1911 को हुआ था और छोटी आयु में ही असामयिक मृत्यु 2 जुलाई 1941 को हुई।

बेग, अब्बास अली

श्री बेग 1959 में इंग्लैंड का भ्रमण करने वाली भारतीय टीम के नियमित सदस्य नहीं थे फिर भी मेंचेस्टर में आयोजित चौथे टैस्ट में उन्हें भारत की ओर से खिलाया गया और टैस्ट मैचों में उनका यह पहला ही खेल बहुत शानदार रहा। इंग्लैंड के भीषण आक्रमणकारी ट्रूमैन और उसके सहयोगियों का श्री बेग ने डटकर सामना किया और यद्यपि वे प्रथम प्रयास में केवल 26 रन बना सके परन्तु दूसरे प्रयास में उन्होंने शानदार शतकीय प्रहार किया और 112 रन बनाए। वे एक आक्रामक दाहिने हाथ के बल्लेबाज हैं और गेंद को पीटने में कोई कसर नहीं रखते। परन्तु बाद के मैचों में उनका स्तर वही नहीं रह सका। अब तक उन्होंने 14 टैस्ट पारियां खेली हैं जिनमें उन्होंने 26·85 के औसत से कुल 376 रन बनाए हैं। वे अब तक आठ टैस्ट मैच खेल चुके हैं : इंग्लैंड के विरुद्ध 1959 में 2, आस्ट्रेलिया के विरुद्ध 1959 में 3, और पाकिस्तान के विरुद्ध 1960 में 3।

श्री बेग का जन्म 19 मार्च 1939 को हुआ था। वे रणजी ट्रॉफी प्रतियोगिता में हैदराबाद की ओर से खेलते हैं।

बोर्डे, चन्द्रकान्त गुलाबराव

एक अत्यन्त उपयोगी सर्वोन्मुखी खिलाड़ी श्री बोर्डे ने रणजी ट्रॉफी में अब तक 2000 से ऊपर रन बना लिये हैं और 100 से ऊपर विकेट ले लिये हैं। इनका जन्म 21 जुलाई 1934 को पूना में हुआ था। वे दाहिने हाथ के बल्लेबाज और दाहिनी भुजा से लेग ब्रेक व गुगली गेंद फेंकने वाले गेंदबाज तथा शानदार क्षेत्र-रक्षक हैं। 1952–53 में जब वे स्कूल में पढ़ते थे तब ही उन्होंने रणजी ट्रॉफी प्रतियोगिता में सर्वप्रथम प्रवेश कर लिया था और बम्बई की तगड़ी टीम के विरुद्ध 55 और अपराजित 61 रन बनाए थे। 1954–55 में वे बड़ौदा आ गए और तबसे लेकर 1963–64 तक बड़ौदा की टीम में खेलते रहे जिसमें उन्होंने 1961–62 से 1963–64 तक उस टीम का नेतृत्व भी किया। 1964–65 में वे पुनः महाराष्ट्र की टीम में आ गए और उसके कप्तान बने। अब तक उन्होंने रणजी

ट्रॉफी प्रतियोगिता में 10 शतक बनाए हैं और अनेक बार शानदार खेल दिखाया है। उन्होंने सर्वोच्च रन संख्या 154, महाराष्ट्र के विरुद्ध 1959-60 में बड़ौदा की ओर से खेलते हुए बनाई थी और उनकी सर्वोत्तम गेंदबाजी 1958-59 में महाराष्ट्र के विरुद्ध रही जबकि उन्होंने 44 रन देकर 7 विकेट लिए थे।

श्री बोर्डे 40 टैस्ट मैचों में खेले हैं : 14 इंग्लैंड के विरुद्ध; 9 वेस्ट-इण्डीज के विरुद्ध; 8 आस्ट्रेलिया के विरुद्ध; 5 पाकिस्तान के विरुद्ध और 4 न्यूजलैंड के विरुद्ध। कुल 69 टैस्ट पारियों में उन्होने, 8 बार अपराजित रह कर, 2285 रन बनाए हैं। उन्होने 1998 रन देकर 43 टैस्ट विकेट लिए हैं। उन्होने पाकिस्तान के विरुद्ध (177 रन, चौथा टैस्ट, मद्रास, 1960) और न्यूजीलैंड के विरुद्ध (108 रन, तीसरा टैस्ट, बम्बई 1965) शतक बनाए हैं। परन्तु उनकी सर्वोत्तम बल्लेबाजी 1958में नई दिल्ली में,वेस्टइण्डीज के विरुद्ध पाचवें टैस्ट मैच में रही जबकि उन्होंने 109 और 96 रन बनाए थे। उन्होंने अपनी टीम की डूबती नैया को न जाने कितनी बार किनारे लगाया है। उनकी सर्वोत्तम गेंदबाजी 1960-61 में पाकिस्तान के विरुद्ध रही जब उन्होने 21 रन देकर 4 विकेट लिये थे।

वे 1959 में इंग्लैंड और1962 में वेस्टइण्डीज का भ्रमण करने वाली भारतीय टीम के सदस्य थे।

वे एक व्यावसायिक खिलाड़ी के रूप में 1957 और 1958 में लंकाशायर लीग मे वरनेथ की ओर से और 1960 से 1962 तक रौस्टस्टाल की ओर से खेल चुके हैं।

भंडारी, प्रकाश

श्री भंडारी की प्रतिभा 1951-52 में अखिल भारतीय स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता में दिल्ली स्कूल टीम की ओर से खेलते हुए प्रकाश में आई थी। अगले वर्ष उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय मे प्रवेश किया और 1956-57 तक उसकी ओर से खेलते रहे; अन्तिम वर्ष में विश्वविद्यालय की टीम का नेतृत्व भी किया। उनका जन्म 27 नवम्बर 1935 को दिल्ली मे हुआ था और 1952-53 मे उन्होने अन्तरविश्वविद्यालय और रणजी ट्रॉफी प्रतियोगिताओं मे एक साथ प्रवेश किया। 1957-58 में उन्होंने रणजी ट्रॉफी मे दिल्ली की टीम की बागडोर सम्भाली थी।

वे एक दाहिने हाथ के आक्रामक बल्लेबाज, दाहिनी भुजा से ऑफब्रेक गेंद फेंकने वाले गेंदबाज और एक उच्चकोटि के क्षेत्र-रक्षक रहे हैं। वे 1958-59 मे बंगाल स्थानान्तरित कर दिए गए। उन्होंने रणजी ट्रॉफी मे 1000 से ऊपर रन बनाए हैं। उनकी सर्वोत्तम बल्लेबाजी 1957 में

भारतीय टेस्ट खिलाड़ी

जे. एम. पटेल

जी. किशनचन्द

सी. टी. सरवटे और एस. एन. बनर्जी ने सर्रे के विरुद्ध *1946* में अंतिम विकेट की साझेदारी में 249 रन जोड़े, जो कि इंग्लैंड में कीतिमान है।

भारतीय टैस्ट खिलाड़ी

आर. जी. नाडकर्णी

एस. पी. गुप्ते

पी. जी. जोशी

सी. जी. बोर्डे

आर. बी. केनी

एम. एल. जयसिम्हा

पटियाला के विरुद्ध रही जबकि उन्होंने दिल्ली की ओर से 227 रन बनाए थे। 1961-62 में उन्होंने रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल में राजस्थान के विरुद्ध बंगाल की ओर से खेलते हुए लंच से पहले ही एक शतक बना लिया था। उन्होंने रणजी ट्रॉफी में 50 से अधिक विकेट लिए हैं। उनकी सर्वोत्तम गेंदबाजी 1957-58 में पटियाला के विरुद्ध रही जिसमें उन्होंने 47 रन देकर 5 विकेट लिए थे। उन्होंने 1955-56 में भारतीय विश्वविद्यालयों की ओर से न्यूजीलैंड के विरुद्ध खेलते हुए 50 रन देकर 6 विकेट लिए थे।

श्री भंडारी 1954-55 में पाकिस्तान और 1956 में श्रीलंका का दौरा करने वाली भारतीय टीम के सदस्य रहे हैं। वे कुल तीन टैस्ट मैचों में खेले हैं: 1955 और 1956 में पाकिस्तान, न्यूजीलैंड और आस्ट्रेलिया तीनों के विरुद्ध एक-एक। टैस्ट मैचों में उनकी सर्वोच्च रन संख्या 39, न्यूजीलैंड के विरुद्ध रही। उन्होने सिलवर जुबली ओवरसीज टीम के विरुद्ध एक अनौपचारिक टैस्ट भी खेला था।

मंत्री, माधवजी कृष्णाजी

श्री मत्री का जन्म 1 सितम्बर 1921 को नासिक में हुआ था। प्रथम श्रेणी के क्रिकेट में अपने श्रीगणेश मे ही उन्होने अपना कीर्तिमान स्थापित कर दिया। 1941-42 में उत्तर भारत के विरुद्ध बम्बई की ओर से विकेट-रक्षण करते हुए उन्होने 9 बल्लेबाजों को धराशायी कर दिया था। वे दाहिने हाथ के सशक्त बल्लेबाज और सुरक्षात्मक विकेट रक्षक रहे हैं। 1942-43 मे वे महाराष्ट्र की ओर से खेले थे। इसके बाद वे फिर बम्बई आ गए और 1949-50, 1951-52, 1955-56 और 1956-57 मे उन्होने बम्बई की टीम का नेतृत्व किया। रणजी ट्रॉफी की 62 पारियों में, सात बार अपराजित रहकर, उन्होने 50·67 रन प्रतिपारी के औसत से कुल मिलाकर 2787 रन बनाए है। उनकी सर्वोच्च रन संख्या 200 1948-49 मे महाराष्ट्र के विरुद्ध रही।

उन्होंने चार टैस्ट मैच खेले हैं: इंग्लैंड के विरुद्ध 1951-52 में (1), 1952 में (2) और पाकिस्तान के विरुद्ध 1955 में (1)। जो भारतीय टीम 1952 में इंग्लैंड और 1954-55 में पाकिस्तान गई थी उसके वे सदस्य थे। टैस्ट में उनकी सबसे अधिक रन संख्या 39 इंग्लैंड के विरुद्ध 1951-52 मे बम्बई मे खेले गए दूसरे टैस्ट में रही। 1952 में लार्ड्स के मैदान में आयोजित दूसरे टैस्ट में उन्होंने एक को स्टम्प आउट और तीन को विकेट के पीछे कैच आउट किया था।

वे कॉमनवेल्थ प्रथम के विरुद्ध चार अनौपचारिक टैस्ट मैचों में खेले थे, जिनमें से दिल्ली में खेले गए प्रथम टैस्ट में उन्होने 54 रन बनाए थे। उन्होंने 1939-40 से 1945-46 तक बम्बई विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व

किया था। इनमें से अन्तिम दो वर्षों में वे अपनी टीम के कप्तान भी रहे थे। इसी अवधि में वे 1945 में आस्ट्रेलिया की सेना टीम के विरुद्ध सम्मिलित विश्वविद्यालय टीम में भी खेले थे।

वे भारतीय टैस्ट चयन समिति के सदस्य हैं और ए० सी० सी० लिमि० बम्बई में काम करते हैं।

मर्चेंट, विजय माधवजी

क्रिकेट की कला में प्रवीण श्री मर्चेंट विश्वस्तर के बल्लेबाज रहे हैं। प्रथम श्रेणी के क्रिकेट में उन्होंने प्रतिपारी 72·75 के औसत से रन बनाए हैं और इस प्रकार विश्व में केवल ब्रेडमैन के बाद ही उनका नम्बर आता है। उन्होंने कुल 221 पारियां खेली थीं जिनमें 44 बार अपराजित रहे थे। रणजी ट्रॉफी की राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता में उनकी रन संख्या सभी बल्लेबाजों से बहुत अधिक रही है। 1936 और 1946 के इंग्लैंड के दौरे में उनकी बल्लेबाजी भारतीय खिलाड़ियों में सर्वोत्तम रही। टैस्ट मैचों में उनकी बल्लेबाजी बहुत ही सधी हुई रही है।

1933–34 से 1951–52 के बीच उन्होंने दस टैस्ट मैच खेले थे जो सभी इंग्लैंड के विरुद्ध थे। कुल 18 पारियों में उन्होंने तीन शतक सहित 859 रन बनाए थे। टैस्ट क्रिकेट में उनकी सर्वोच्च रन संख्या 154, 1951–52 में नई दिल्ली में बनी थी। इसके बाद उन्होंने कोई टैस्ट नहीं खेला।

रणजी ट्रॉफी की कुल 47 पारियों में 10 बार अपराजित रह कर उन्होंने प्रतिपारी 98·35 रन के औसत से 3631 रन बनाए हैं। सोलह बार उनकी रन संख्या 99 से ऊपर पहुँची थी। उनकी उल्लेखनीय बल्लेबाजी है: 1943 में महाराष्ट्र के विरुद्ध 359; 1944 में होल्कर के विरुद्ध 278; 1945 में सिन्ध के विरुद्ध अपराजित 234; 1944 में पश्चिम भारत के विरुद्ध 217 और 1947 में इतने ही रन हैदराबाद के विरुद्ध भी रहे। रणजी ट्रॉफी में उन्होंने 1934–35 में बम्बई की ओर से खेलना प्रारम्भ किया था और 1941–42 से वे बम्बई की टीम के कप्तान रहे।

1936 में इंग्लैंड के दौरे में उनकी औसत रन संख्या भारतीयों में सबसे ऊपर रही। उन्होंने अपनी बल्लेबाजी का क्रम बदल दिया और अपने आप को भारत का सर्वोत्कृष्ट पारी प्रारम्भ करने वाला बल्लेबाज सिद्ध कर दिया। मैंचेस्टर में खेले गए दूसरे टैस्ट में उन्होंने 114 रन बनाकर भारत को निश्चित हार से बचा लिया और श्री मुश्ताक अली के साथ मिलकर प्रथम विकेट की साझेदारी में 205 रनों का योग दिया।

1946 में इंग्लैंड की भीगती हुई गर्मियों में उनका खेल वास्तव में बहुत ही आकर्षक रहा। उन्होंने 8 शतक बनाए जिनमें दो दोहरे शतक थे।

लंकाशायर के विरुद्ध अपराजित 242 और ससेक्स के विरुद्ध 205 रन बनाए। 45 पारियों में, 10 बार अपराजित रहकर, 75·14 रन प्रतिपारी के औसत से 2630 रन बनाए थे। इस टैस्ट श्रृंखला में भारत की ओर से केवल वे ही शतक बना पाए थे : ओवल में तीसरे टैस्ट में 128 रन।

उन्होंने अस्वस्थता के कारण 1947–48 में आस्ट्रेलिया के विरुद्ध भारत का कप्तान बनने से इनकार कर दिया था।

1951–52 में वे इंग्लैंड के विरुद्ध पहले दिल्ली टैस्ट में केवल एक पारी खेले थे और उसमें उन्होंने 154 रन बनाए थे।

उन्होंने 1937–38 में लार्ड टेनीसन की टीम के विरुद्ध, 1945 में आस्ट्रेलिया की सेना की टीम के विरुद्ध और कॉमनवैल्थ टीमों के विरुद्ध अनौपचारिक टैस्ट मैचों में भारत का नेतृत्व किया था। इन मैचों में उन्होंने बहुत शानदार बल्लेबाजी दिखाई थी। इनमें कलकत्ता में आस्ट्रेलिया की सेना की टीम के विरुद्ध अपराजित 155 रन और मद्रास में कॉमनवैल्थ द्वितीय के विरुद्ध 107 रन विशेष उल्लेखनीय हैं।

बम्बई चतुष्कोणीय और पंचकोणीय प्रतियोगिताओं में वे हिन्दू क्लब की ओर से खेलते थे। उनमें भी उन्होंने अनेक शानदार पारियां खेली थी; जैसे, 1936 में यूरोपीय क्लब के विरुद्ध 103; 1938 में यूरोपीय क्लब के विरुद्ध अपराजित 107; 1939 में फिर यूरोपीय क्लब के विरुद्ध 192; 1941 में मुस्लिम क्लब के विरुद्ध अपराजित 243 और पारसी क्लब के विरुद्ध 221; 1943 में 'शेष' के विरुद्ध अपराजित 250 और 1944 में पारसी क्लब के विरुद्ध अपराजित 221 रन।

वे बम्बई के बहुत बड़े व्यापारी है। रेडियो पर खेल का आँखों देखा हाल सुनाते हुए अच्छी जानकारी देने वाले कुशल टीकाकार और खेल-कूद विषय के लेखक हैं। वे अखिल भारतीय खेलकूद परिषद के उपाध्यक्ष भी हैं।

माँजरेकर, विजय लक्ष्मण

श्री माँजरेकर तकनीकी दृष्टि से भारत के एक सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज हैं। वे दाहिने हाथ से खेलते है। वे सुरक्षात्मक ढंग से बल्लेबाजी करते हुए भी गेंद बहुत पीटते हैं। वे भारत के दूसरे बल्लेबाज हैं जिन्होंने टैस्ट क्रिकेट में 3000 से ऊपर रन बनाए हैं। अपने 55 टैस्ट मैचों में उन्होंने 39.13 रन के औसत से कुल 3209 रन बनाए हैं। इनमे 7 शतक भी शामिल है।

उनका जन्म बम्बई में 26 सितम्बर 1931 को हुआ था। उन्होंने छात्रावस्था में ही क्रिकेट के अच्छे खिलाड़ी के रूप में अपना नाम कमा लिया था। उन्होंने अखिल भारतीय स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता में बम्बई स्कूलों की टीम का नेतृत्व किया था और छात्रावस्था में ही रणजी ट्रॉफी में खेलना शुरू

कर दिया था। उन्होंने रणजी ट्रॉफी में अपना सबसे पहला मैच 1949-50 में बड़ौदा के विरुद्ध बम्बई की ओर से खेला था। इसी वर्ष उन्होंने कॉमनवेल्थ प्रथम के विरुद्ध बम्बई की ओर से खेलते हुए 69 रन और सम्मिलित स्कूल टीम की ओर से खेलते हुए 91 रन बनाए थे।

रणजी ट्रॉफी में वे विभिन्न पाँच संघों की ओर से खेले हैं : बम्बई की ओर से 1949-50 से 1952-53 तक और फिर 1955-56 में; बंगाल की ओर से 1953-54 में, आन्ध्र की ओर से 1956-57 में, उत्तर प्रदेश की ओर से 1957-58 में और राजस्थान की ओर से 1958-59 से खेल रहे है। रणजी ट्रॉफी में उन्होने दश शतक बनाए हैं और कुल मिलाकर 2500 से ऊपर रन लिए हैं। इस प्रतियोगिता में उनकी सर्वोच्च रन संख्या 186, मध्यप्रदेश के विरुद्ध 1957-58 में उत्तरप्रदेश की ओर से खेलते हुए बनी थी।

उन्होने टैस्ट मैचों में सर्वप्रथम 1951-52 में खेलना शुरू किया था और वे सबसे पहले कलकत्ता में इंग्लैंड के विरुद्ध खेले थे जिसमें उन्होंने 48 रन बनाए थे। तब से लेकर उन्होंने कुल 55 टैस्ट खेले हैं : इंग्लैंड के विरुद्ध 17; वेस्टइण्डीज के विरुद्ध 13; पाकिस्तान के विरुद्ध 13; आस्ट्रेलिया के विरुद्ध 6; और न्यूजीलैंड के विरुद्ध 6, टैस्ट मैचो में उन्होंने तीन बार 100 से ऊपर रन बनाए है : इंग्लैंड के विरुद्ध: 1952 में, लीड्स में 133; 1961-62 में नई दिल्ली में अपराजित 189 और 1964 में मद्रास में 108; वेस्टइण्डीज के विरुद्ध : 1953 में जमैका में 118; न्यूजीलैंड के विरुद्ध : 1955 में हैदराबाद में 118 और नई दिल्ली में 177 तथा 1965 मे मद्रास मे अपराजित 102 रन। इंग्लैंड के विरुद्ध 1961-62 की टैस्ट शृंखला में उन्होने कुल मिलाकर 586 रन (औसत 83·11) बनाए थे; एक टैस्ट शृंखला मे कोई भी भारतीय बल्लेबाज अब तक इतने रन नहीं बना सका है।

उन्होंने कॉमनवेल्थ द्वितीय के विरुद्ध एक और सिलवर जुबली ओवरसीज टीम के विरुद्ध चार अनौपचारिक टैस्ट खेले हैं।

दलीप ट्रॉफी की अखिल भारतीय अन्तरक्षेत्रीय प्रतियोगिता से वे उसके प्रारम्भ से मध्य क्षेत्र की ओर से ही खेल रहे हैं और इस प्रतियोगिता में उन्होंने दो शतक बनाए हैं।

वे उन भारतीय टीमों के सदस्य रह चुके हैं जो 1952 और 1959 मे इंग्लैंड; 1952-53 और 1962 में वेस्टइण्डीज, 1954-55 मे पाकिस्तान और 1956 मे श्रीलंका खेलने गई थी। 1952 में इंग्लैंड के दौरे मे उन्होंने 1000 रन पूरे कर लिए थे परन्तु 1954 के इंग्लैंड के दौरे में घुटने की चोट के कारण वे केवल 14 पारियाँ ही खेल सके और उनमें उन्होंने प्रतिपारी 83·71 के औसत से कुल 586 रन बनाए थे। 1959 में उन्होंने कॉमनवेल्थ

विश्वविद्यालय के विरुद्ध अपराजित 204 रन बनाए थे जो प्रथम श्रेणी के क्रिकेट में उनके अधिक से अधिक रन हैं।

वे 1956-57 और 58 में केन्द्रीय लंकाशायर लीग में काशल्टन मूर की ओर से एक व्यावसायिक खिलाड़ी के रूप में भी खेले थे। भारतीय क्रिकेट नियन्त्रण बोर्ड ने उन्हें एक व्यावसायिक खिलाड़ी के रूप में पंजीकृत (रजिस्टर) कर रखा है।

मॉंकड, वीनू मुलवन्तराय

श्री मांकड का नाम भारत के ही नहीं, अपितु समस्त विश्व के सर्वोन्मुख प्रतिभावान खिलाड़ियों में लिया जाता है। वे पारी प्रारम्भ करने वाले दाहिने हाथ के बल्लेबाज और बाईं भुजा से धीमी गेंदबाजी करने वाले एक ऐसे उत्कृष्ट खिलाड़ी है जिन्हें अनेक क्षेत्रों में 'प्रथम' रहने का गौरव प्राप्त है। वे पहले भारतीय खिलाड़ी हैं जो विदेशी दौरे में दोहरा शतक बना सके हैं; अब तक दूसरा कोई खिलाड़ी यह गौरव प्राप्त नहीं कर सका। 1946 में इंग्लैंड के दौरे में उन्होंने 1120 रन बनाए थे और 129 विकेट लिए थे। वे ही एक ऐसे भारतीय खिलाड़ी हैं जिन्होंने टैस्ट मैचों मे दो दोहरे शतक बनाए हैं : न्यूजीलैंड के विरुद्ध 1955-56 में बम्बई में दूसरे टैस्ट में 223 और मद्रास में पांचवें टैस्ट में 231 रन। उन्होने टैस्टों में शीघ्रातिशीघ्र 1000 रन बनाने और 100 विकेट गिराने का कीर्तिमान स्थापित किया है। 1962 में उन्होंने केवल 23 टैस्टों में ही यह गौरव प्राप्त कर लिया था। श्री पंकज रॉय के साथ 1955-56 में न्यूजीलैंड के विरुद्ध मद्रास में प्रथम विकेट को साझेदारी में खेलते हुए 413 रन बनाकर, उन्होने विश्व में प्रथम विकेट की साझेदारी का कीर्तिमान स्थापित किया है। वे ही प्रथम भारतीय खिलाड़ी हैं जिन्होंने टैस्ट क्रिकेट में 100 विकेट गिराए हैं। अभी तक कोई भी भारतीय उनके विकेट यानी 162 से अधिक विकेट नहीं गिरा सका है।

उनका जन्म 12 अप्रैल 1957 को हुआ था। 1937-38 में लार्ड टेनीसन की टीम के विरुद्ध खेलते हुए वे पहली बार चमके थे। मद्रास में आयोजित चौथे अनौपचारिक टैस्ट में उन्होने भारत की ओर से सबसे अधिक रन बनाए थे और सबसे अधिक विकेट लिए थे तथा उनकी रन संख्या अपराजित 113 रही थी।

उन्होने कुल 44 टैस्ट मैच खेले हैं : इंग्लैंड के विरुद्ध 11, आस्ट्रेलिया के विरुद्ध 8, वेस्टइण्डीज के विरुद्ध 12, पाकिस्तान के विरुद्ध 9, और न्यूजीलैंड के विरुद्ध 4 मैच। भारतीय टीम के सदस्य के रूप में वे 1945 में श्रीलंका, 1946 में इंग्लैंड, 1947-48 में आस्ट्रेलिया, 1952-53 (उप कप्तान) वेस्टइण्डीज और 1954-55 (कप्तान) में पाकिस्तान गए थे। वे 1958-59 में वेस्ट-इण्डीज के विरुद्ध मद्रास में चौथे टैस्ट में भारत के कप्तान थे। कुल 72 टैस्ट

पारियों में, 5 वार अपराजित रहकर, उन्होंने 31·47 रन के औसत से कुल मिलाकर 2109 रन बनाए हैं। न्यूजीलैंड के विरुद्ध अपने दो दोहरे शतकों के अतिरिक्त उन्होने मेलवोर्न के तीसरे टैस्ट में 116 रन बनाए थे और पांचवें टैस्ट में 1947–48 में आस्ट्रेलिया के विरुद्ध मेलवोर्न में ही 111 रन और 1952 मे लार्ड्स के मैदान में इंग्लैंड के विरुद्ध 184 रन बनाए थे।

उन्होने 32·31 रन प्रति विकेट के औसत से 5235 रन देकर 162 टैस्ट विकेट लिए है। उन्होंने अनेक वार बहुत शानदार गेंदबाजी दिखाई है; जैसे 1951-52 मे इंग्लैंड के विरुद्ध मद्रास मे पांचवें टैस्ट में 55 रन देकर 8 विकेट और 53 रन देकर 4 विकेट और 1952 में पाकिस्तान के विरुद्ध दिल्ली मे पहले टैस्ट में 52 रन देकर 8 विकेट और 59 रन देकर 5 विकेट लिए थे। उनका सबसे बढ़िया सर्वोन्मुख खेल 1952 मे इंग्लैंड के विरुद्ध दूसरे टैस्ट में रहा था जबकि उन्होने 72 और 184 रन बनाए थे और 196 रन देकर 8 विकेट लिए थे।

वे 16 अनौपचारिक टैस्ट भी खेले हैं: लार्ड टेनीसन की टीम के विरुद्ध 4; आस्ट्रेलिया की सेना की टीम के विरुद्ध 2; कॉमनवेल्थ प्रथम के विरुद्ध 4; कॉमनवेल्थ द्वितीय के विरुद्ध 5; और सिलवर जुबली ओवरसीज टीम के विरुद्ध एक, जिसमें उन्होने 154 रन बनाये थे।

बम्बई की पचकोणीय और चतुष्कोणीय प्रतियोगिताओं मे वे हिंदू क्लब की ओर से खेलते थे और उन्होने 1939 मे यूरोपियों के विरुद्ध 133 तथा 1944 में पारसियों के विरुद्ध 128 रन बनाए थे।

रणजी ट्रॉफी में उन्होने प्रथम प्रवेश 1935-36 में किया था जब वे बम्बई के विरुद्ध पश्चिम भारत की ओर से खेले थे। वे 1936-37 से 1941-1942 तक नवानगर की ओर से; 1943-44 में महाराष्ट्र की ओर से; 1944-45 से 46-47 तक और 50-51 में (कप्तान) गुजरात की ओर से; 48-49 में बगाल की ओर से; 51-52, 53-54 और 55-56 मे बम्बई की ओर से तथा 56-57 से 61-62 तक राजस्थान की ओर से खेले थे और 59-60 और 60-61 में राजस्थान की टीम का नेतृत्व किया था। कुल 87 पारियों मे, दो वार अपराजित रहकर, प्रतिपारी 36·74 रन के औसत से उन्होने कुल 3123 रन बनाए हैं। उन्होने 1957-58 मे विदर्भ के विरुद्ध एक दोहरा शतक (221) बनाया था और इसके अलावा 8 शतक और बनाए हैं। गेंदबाजी मे उन्होने 21·85 के औसत से 3936 रन देकर 180 विकेट लिए है। उनकी सर्वोत्तम गेंदवाजी 1958-59 में विदर्भ के विरुद्ध रही थी जब कि उन्होने कुल 27 रन देकर 6 विकेट गिरा दिए थे।

एक व्यावसायिक खिलाड़ी के रूप में वे केन्द्रीय लंकाशायर लीग की 1949 से 1951 तक काशलटन मूर की ओर से, लंकाशायर लीग में 1952 से 1955 तक हसलिंग्डन की ओर से तथा बोल्टन लीग में 1960 और 1961 में टोंग की ओर से खेले थे।

माका ई. एस.

विकेट-रक्षक और पारी प्रारम्भ करने वाले बल्लेबाज श्री माका का जन्म 5 मार्च 1922 को हुआ था। वे रणजी ट्रॉफी में गुजरात की ओर से खेलते थे। वे एक ऐसे विकेट रक्षक थे जिन्होंने अपने खेल के बल पर बड़े-बड़े क्रिकेट मैचों में अपना स्थान बनाया था। उन्होंने 1953 में सौराष्ट्र के विरुद्ध खेलते हुए 6 विपक्षी खिलाड़ियों को आउट कर दिया था जो उनका सर्वश्रेष्ठ खेल रहा।

वे 1953 में भारतीय टीम के साथ वेस्टइण्डीज खेलने गए थे और वहाँ उन्होंने एक टैस्ट मैच खेला था। इससे पहले 1952 में उन्होंने पाकिस्तान के विरुद्ध एक टैस्ट मैच खेला था। 1945 में उन्होंने आस्ट्रेलिया की सेना की टीम के विरुद्ध भी एक अनौपचारिक टैस्ट खेला था।

मिल्खासिंह, ए. जी.

सुप्रसिद्ध क्रिकेट खिलाड़ी श्री ए० जी० रामसिंह के द्वितीय सुपुत्र श्री मिल्खासिंह का जन्म सन् 1941 के अन्तिम दिन मद्रास में हुआ था। अपने पिताजी की देख-रेख में लालित-पालित और प्रशिक्षित श्री मिल्खासिंह ने छोटी आयु में ही अपनी प्रतिभा का परिचय दे दिया था। 1958-59 में ये पहली बार रणजी ट्रॉफी में उतरे और उसमें उन्होंने केरल के विरुद्ध 63 और 31 रन बनाए। दिलीप ट्रॉफी में तो वे सबसे पहले खिलाड़ी थे जिन्होंने 1961-62 में उत्तर क्षेत्र के विरुद्ध दक्षिण क्षेत्र की ओर से खेलते हुए एक शतक (151 रन) बनाया था। 1958-59 के बाद जो भी विदेशी टीमें भारत में आईं उनके विरुद्ध वे भारतीय विश्वविद्यालय टीम में खेले। 1960 में जो 'इण्डियन स्टारलेट' टीम पाकिस्तान गई थी उसमें वे भी गए थे और पाँच मैचों में से तीन में उन्होंने शतक बनाये थे। इससे पहले भी अखिल भारतीय स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता में मद्रास और दक्षिण क्षेत्र की ओर से खेलते हुए उन्होंने बहुत शानदार खेल दिखाया था।

उन्होंने कुल तीन टैस्ट मैच खेले हैं: 1959-60 में आस्ट्रेलिया के विरुद्ध (1), 1960-61 में पाकिस्तान के विरुद्ध (1) और 1961-62 में इंग्लैंड के विरुद्ध (1), परन्तु 6 पारियों में वे केवल 92 रन बना सके हैं।

वे मद्रास विश्वविद्यालय के छात्र हैं।

मुद्दैया, वी. एम.

दाहिनी भुजा से ओफ ब्रेक गेंद फेंकने वाले गेंदबाज और दाहिने हाथ के बल्लेबाज श्री मुद्दैया ने प्रथम श्रेणी के क्रिकेट में 1949-50 में खेलना प्रारम्भ किया और अपने प्रथम प्रवेश में ही, पश्चिम पंजाब के विरुद्ध सेना की ओर से खेलते हुए 54 रन देकर 8 विकेट और 53 रन देकर 4 विकेट गिराकर क्रिकेट-जगत् में सनसनी पैदा कर दी। प्रथम श्रेणी के क्रिकेट में यही खेल आज तक उनका सर्वोत्तम खेल रहा है हालांकि वे रणजी ट्रॉफी में 100 से ऊपर विकेट ले चुके हैं।

उनका जन्म बंगलौर में 8 जून 1929 को हुआ था, परन्तु अपने राज्य की टीम में वे बहुत बाद में जाकर 1951-52 में खेले। वे लगातार सेना की टीम में खेलते आ रहे हैं और 1960-61 से उसके कप्तान हैं। दलीप ट्रॉफी में वे उत्तर क्षेत्र की ओर से भी खेले हैं।

उन्होंने दो टैस्ट मैच खेले हैं: 1959-60 में आस्ट्रेलिया के विरुद्ध और 1960-61 में पाकिस्तान के विरुद्ध। 1959 में जो भारतीय टीम इंग्लैंड खेलने गई थी उसमें वे भी थे और वहां उन्होंने 29.46 के औसत से रन देकर 30 विकेट लिये थे। प्रथम श्रेणी के क्रिकेट में उनकी सर्वोच्च संख्या 67 दिल्ली के विरुद्ध 1961-62 में रही है।

वे भारतीय वायु सेना में एक अधिकारी हैं।

मुश्ताकअली, सैयद

दाहिने हाथ के बल्लेबाज और बाईं भुजा के धीमे गेंदबाज श्री मुश्ताक अली अपने शानदार, जोशीले और नए ढंग के खेल के कारण भारत के बहुत लोकप्रिय खिलाड़ी रहे हैं। उन्होंने संभवतः बहुत अधिक रन न बनाए हों परन्तु उन्होंने जिस तरीके से रन बनाए है वह वास्तव में दर्शकों के लिए बहुत आनन्ददायक रहा है।

उनका जन्म 17 दिसम्बर 1914 को हुआ था। वे सर्वप्रथम 1933 में एम० सी० सी० के विरुद्ध वायसराय एकादश में खेले थे। तब से वे लगातार लगभग 25 साल से प्रथम श्रेणी के क्रिकेट में भाग लेते रहे। उन्होंने 11 टैस्ट मैच खेले: 8 इंग्लैंड के विरुद्ध और 1948 में 3 वेस्टइण्डीज के विरुद्ध। विदेश में जाकर शतक बनाने वाले वे पहले भारतीय हैं; उन्होंने 1936 में इंग्लैंड के विरुद्ध मैंचेस्टर में 112 रन बनाए थे। उन्होंने टैस्ट में दूसरा शतक (106) वेस्टइण्डीज के विरुद्ध कलकत्ता में बनाया था। अपनी 20 टैस्ट पारियों में, एक बार अपराजित रहकर उन्होंने 612 रन बनाए हैं। 1936 और 1946 मे वे भारतीय टीम

के सदस्य के रूप में इंग्लैंड गए थे। अपने पहले ही दौरे में उन्होंने एक हजार रन पूरे कर लिए थे।

वे 16 अनौपचारिक टैस्टों में खेल चुके हैं। लार्ड टेनीसन की टीम के विरुद्ध कलकत्ता के तीसरे टैस्ट में उन्होंने 101 रन और कॉमनवेल्थ प्रथम के विरुद्ध कानपुर के चौथे टैस्ट में 129 रन बनाए थे।

बंबई चतुष्कोणीय और पंचकोणीय प्रतियोगिता में मुस्लिम क्लब की ओर से खेलते हुए, उन्होंने 1937 में यूरोपीय क्लब के विरुद्ध 135, 1938 में यूरोपीय क्लब के विरुद्ध 157 और 1940 में 'शेष' के विरुद्ध 110 रन बनाए थे। 1944 में उन्होंने अपनी टीम का नेतृत्व किया था।

रणजी ट्रॉफी प्रतियोगिता में वे 1934-35 से लेकर 1957-58 तक खेले थे। 1940-41 में उन्होंने गुजरात का नेतृत्व किया और 1956-57 मे वे उत्तर प्रदेश की ओर से खेले। शेष सभी वर्षों में वे मध्य-प्रदेश की ओर से खेले थे जो पहले मध्य भारत और बाद में होल्कर के नाम से प्रसिद्ध था। वे मध्य-प्रदेश के कप्तान भी रहे हैं। रणजी ट्रॉफी में 5000 रन बनाने वाले ये दूसरे बल्लेबाज हैं। अपनी 108 पारियों में, 6 बार अपराजित रहकर, 19.14 रन प्रति पारी के औसत से उन्होंने कुल 5013 रन बनाए हैं। इस रन संख्या में 17 शतक भी शामिल हैं। उनकी सर्वोच्च रन संख्या 233 रही है जो उन्होंने 1947 में होल्कर की ओर से खेलते हुए उत्तर प्रदेश के विरुद्ध बनाई थी। 1943-44 में रणजी ट्रॉफी के फाइनल मैच मे उन्होंने बंबई के विरुद्ध दोनों पारियों में शतक (109 और 130 रन) बनाए थे। 1950 में उन्होने लगातार चार पारियो में शतक बनाए थे: उत्तर प्रदेश के विरुद्ध 125; बंगाल के विरुद्ध अपराजित 100; हैदराबाद के विरुद्ध 100 और गुजरात के विरुद्ध 187 रन। उन्होने रणजी ट्रॉफी में 63 कैच लिए हैं। अब तक इतने कैच कोई दूसरा खिलाड़ी नही ले सका है।

उन्होंने प्रथम श्रेणी के क्रिकेट में 37.11 रन प्रति पारी के औसत से कुल 10884 रन बनाए हैं और 88 विकेट (औसत 36.14) लिए हैं जिनमे रणजी ट्रॉफी के 54 विकेट (औसत 29.87) भी शामिल हैं। उनकी सर्वोत्तम गेंदबाजी 1939-40 में उत्तर प्रदेश के विरुद्ध रही जिसमें उन्होंने होल्कर की ओर से खेलते हुए 108 रन देकर 7 विकेट लिए थे।

श्री मुश्ताक अली को राष्ट्रपति द्वारा 'पद्मश्री' से सम्मानित किया जा चुका है। वे महाराजा होल्कर के निजी कर्मचारियों में से हैं।

मेहरा, विजय एल०

पारी प्रारम्भ करने वाले सशक्त बल्लेबाज श्री मेहरा को सबसे छोटी आयु में भारत की ओर से खेलने का गौरव प्राप्त है। उनका जन्म 12 मार्च

1938 को अमृतसर में हुआ था। जब वे केवल 17 वर्ष और 265 दिन के थे तभी उनको 1955-56 में न्यूजीलैंड के विरुद्ध पहला टैस्ट खेलने का अवसर मिला; और इससे भी पहले 1953-54 में जब वे मुश्किल से 15 वर्ष के ही हुए होंगे कि उनको सिलवर जुबली ओवरसीज टीम के विरुद्ध उत्तरी क्षेत्र की ओर से खेलाया गया। उसी वर्ष उन्होंने रणजी ट्रॉफी में भी सर्वप्रथम प्रवेश किया और सेना के विरुद्ध पूर्वी पंजाब की ओर से खेलते हुए उन्होंने 53 रन बनाए। वे 1953-54 से 1957-58 तक पूर्वी पजाब की ओर से, 1958-59 से 1962-63 तक रेलवे की ओर से और इसके बाद दिल्ली की ओर से खेले। दलीप ट्रॉफी प्रतियोगिता के पहले दो वर्षों में उन्होंने उत्तरी क्षेत्र की टीम का नेतृत्व किया। प्रथम श्रेणी के क्रिकेट मे उनकी सर्वोच्च रन संख्या अपराजित 167 रही जो उन्होंने 1963-64 में सेना के विरुद्ध दिल्ली की ओर से खेलते हुए बनाई थी। यही उनके लिए रणजी ट्रॉफी में सर्वोत्तम वर्ष रहा जबकि उन्होंने 60.10 रन प्रति पारी के औसत से कुल 601 रन बनाए थे। रणजी ट्रॉफी मे वे अब तक 2000 से ऊपर रन बना चुके हैं।

अब तक उन्होने 6 टैस्ट खेले हैं: 1955-56 मे न्यूजीलैंड के विरुद्ध (2), 1961-62 में इंग्लैंड के विरुद्ध (1); और 1962 में वेस्टइण्डीज के विरुद्ध (3); 1962 मे जो भारतीय टीम वेस्टइण्डीज खेलने गई थी उसके श्री मेहरा सदस्य थे। वे 1960 में इंडियन स्टारलेट्स के साथ पाकिस्तान भी गए थे और उन्होने वहां पाकिस्तान ईग्लेट्स के विरुद्ध 102 रन बनाए थे।

1953-54 में उन्होने अखिल भारतीय स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता में पंजाब स्कूलों का और उत्तरी क्षेत्र की स्कूलो (कप्तान) का प्रतिनिधित्व किया था। 1954-55 से 57-58 तक वे पंजाब विश्वविद्यालय की ओर से खेले थे और अन्तिम दो वर्षों मे वे अपनी टीम के कप्तान भी रहे।

वे उत्तर रेलवे के कर्मचारी हैं।

मेहरोमजी, के. आर.

श्री मेहरोमजी 1936 में जो भारतीय टीम इंग्लैंड खेलने गई थी उसके साथ गए थे और वे मैंचेस्टर में दूसरे टैस्ट में खेले थे। वे पारी प्रारम्भ करने वाले दाहिने हाथ के बल्लेबाज और चुस्त विकेट रक्षक थे। उनका जन्म 9 अगस्त 1911 को हुआ था। रणजी ट्रॉफी में वे पश्चिम भारत की ओर से खेलते थे। विकेट-रक्षक के रूप में उन्होंने अपना सर्वोत्तम खेल 1934-35 में सिंध के विरुद्ध दिखलाया था जिसमें उन्होंने 6 बल्लेबाज (5 कैच, 1 स्टम्प) परास्त किए थे। इसी मैच में पहली पारी में उन्होंने अपराजित रहकर 25 रन बनाए थे।

बंबई चतुष्कोणीय प्रतियोगिता मे वे पारसी क्लब की ओर से खेलते थे। 1935 में वे महाराजा पटियाला की आस्ट्रेलियाई टीम के विरुद्ध भी खेले थे।

मोदी, रूसी शेरियार

सुरक्षात्मक ढंग से खेलते हुए चौके और छक्के जमाने वाले दाहिने हाथ के शानदार बल्लेबाज श्री मोदी पहले खिलाड़ी हैं जिन्होंने रणजी ट्रॉफी के एक खेल-वर्ष में एक हजार रन बनाए थे : उन्होंने 1944 में, 7 पारियों में दो बार अपराजित रहकर, 1008 रन लिए थे। वे दाहिनी भुजा से मध्यम गति की भीतर की ओर झूलती हुई गेंद फेंकने में बहुत कुशल है। उन्होंने लगातार 5 मैचों में 99 से ऊपर रन बनाए हैं।

उनका जन्म सूरत में 11 नवम्बर 1924 को हुआ था। प्रथम श्रेणी के मैचो में उन्होंने 1942-43 मे खेलना प्रारम्भ किया जबकि उन्होने बंबई पंचकोणीय प्रतियोगिता मे पारसी क्लब की ओर से यूरोपीय क्लब के विरुद्ध खेलते हुए 144 रन बनाए थे। इसी टीम के विरुद्ध उन्होने 1944 में 215 रन बनाए थे।

रणजी ट्रॉफी में उन्होंने 1943-44 में खेलना प्रारम्भ किया था। पहले ही वर्ष बंबई की ओर से खेलते हुए उन्होने महाराष्ट्र के विरुद्ध 168 और पश्चिम भारत के विरुद्ध 128 रन बनाए थे। उन्होंने 1944-45 में सिंध के विरुद्ध 160, पश्चिम भारत के विरुद्ध 210, बड़ौदा के विरुद्ध अपराजित 245 और अपराजित 31, उत्तर भारत के विरुद्ध 113 और होल्कर के विरुद्ध 98 और 151 रन बनाए थे। इस प्रतियोगिता मे उन्होंने अपनी 37 पारियों में, 4 बार अपराजित रहकर 81.69 रन प्रति पारी के औसत से कुल 2696 रन बनाए हैं। उनके रनों का औसत केवल श्री मर्चेन्ट को छोडकर बाकी सब बल्लेबाजों से अधिक है। उनकी सर्वोत्तम गेंदबाजी 1946-47 में नवानगर के विरुद्ध रही जबकि उन्होंने केवल 25 रन देकर 5 विकेट गिरा दिए थे।

वे भारतीय टीम के साथ 1945 में श्रीलंका गए और 1946 में इंग्लैंड, जहाँ लार्ड्स के मैदान में पहली बार उतरते ही उन्होंने अपराजित 57 रन बनाए थे। उन्होंने दस टैस्ट मैच खेले हैं : 1946 में इंग्लैंड के विरुद्ध (3); 1948-49 में वेस्टइण्डीज के विरुद्ध (5); 1951-52 में इंग्लैंड के विरुद्ध (1), और 1952 में पाकिस्तान के विरुद्ध (1)। अपनी 17 टैस्ट पारियों में, एक बार अपराजित रहकर, उन्होने 46 रन प्रतिपारी के औसत से कुल 736 रन बनाए हैं। उन्होने केवल एक शतक बनाया है जबकि उन्होने वेस्टइण्डीज के विरुद्ध बंबई में दूसरे टैस्ट मे खेलते हुए 112 रन बनाए थे।

1947-48 में वे आस्ट्रेलिया के दौरे के लिए चुन लिए गए थे परन्तु वहाँ जा न सके।

उन्होंने नौ अनौपचारिक टैस्ट खेले हैं: 1945 में आस्ट्रेलिया की सेना की टीम के विरुद्ध (3), 1949-50 में कॉमनवेल्थ प्रथम के विरुद्ध (5), और 1950-51 में कामनवेल्थ द्वितीय के विरुद्ध (1)। आस्ट्रेलिया की सेना की टीम के विरुद्ध मद्रास में खेले गए तीसरे टैस्ट में उन्होंने 203 रन बनाए थे। इससे पहले जब वे विदेशी भ्रमणकारी टीम (आस्ट्रेलिया की सेना की टीम) के विरुद्ध सबसे पहली बार बम्बई में मैदान में उतरे तो उन्होंने 168 रन बनाए थे। प्रथम श्रेणी के क्रिकेट में उनकी कुल रन संख्या 6827 है और उनका प्रतिपारी औसत 55·95 रन। इसमें उनके 4 दोहरे शतक और 15 शतक शामिल हैं। उन्होंने 1941-42 से 46-47 तक बम्बई विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया था। उसमें अन्तिम वर्ष वे उस टीम के कप्तान रहे थे। वे बम्बई विश्वविद्यालय में लान टेनिस और टेबल टेनिस के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रहे हैं। वे ए०सी०सी० लिमिटेड कलकत्ता में एक अधिकारी हैं।

रंगाचारी, सी० आर०

श्री रंगाचारी मध्यम तेज गेंद फेंकने वाले दाहिनी भुजा के एक ऐसे गेंदबाज रहे है जो गेंद को दोनो ओर घुमा सकते थे। वे उस भारतीय टीम के सदस्य थे जो 1947 में आस्ट्रेलिया के दौरे पर गई थी। उन्होंने दो टैस्ट मैच खेले थे। एडीलेड के चौथे टैस्ट मे जहाँ आस्ट्रेलिया ने 674 रन इकट्ठे कर लिए थे, श्री रंगाचारी ने 141 रन देकर 4 विकेट लिए थे। उन्होने 1948 मे वेस्टइण्डोज के विरुद्ध दो टैस्ट मैच खेले थे। दिल्ली में खेले गए पहले टैस्ट मे वेस्टइण्डीज ने 631 रन पीट लिए थे। विपक्षियो के ऐसे सबल आक्रमण के विरुद्ध श्री रंगाचारी ने 107 रन देकर 5 विकेट लिए थे।

उन्होंने आस्ट्रेलियाई सेना एकादश और कॉमनवेल्थ प्रथम के विरुद्ध एक-एक अनौपचारिक टैस्ट खेला था।

उनका जन्म 14 अप्रैल 1916 को हुआ था। उन्होंने प्रथम श्रेणी के क्रिकेट में 1938-39 में खेलना शुरू किया था जबकि उन्होंने मद्रास की ओर से हैदराबाद के विरुद्ध खेलते हुए, 26 रन देकर 3 विकेट और 43 रन देकर 2 विकेट लिए थे। उन्होंने रणजी ट्रॉफी मे अनेक बार उत्कृष्ट खेल दिखाया है; जैसे, 1940-41 में उत्तर प्रदेश के विरुद्ध 75 रन पर 5 विकेट; 1941-42 में मैसूर के विरुद्ध 36 रन पर 5 विकेट; 1943-44 में हैदराबाद के विरुद्ध 64 रन पर 5 विकेट; 1944-45 में हैदराबाद के

विरुद्ध 46 रन पर 5 विकेट; 1947-48 में मैसूर के विरुद्ध 34 रन पर 7 विकेट और 1949-50 में हैदराबाद के विरुद्ध 44 रन पर 6 विकेट।

रणजी ट्रॉफी में उन्होंने 21·26 रन प्रति विकेट के औसत से 2263 रन देकर 104 विकेट गिराए हैं।

रंजने, वसन्त बी०

श्री रंजने का जन्म जुलाई 1937 में पूना में हुआ था। उन्होंने 1956-57 में रणजी ट्रॉफी के अपने पहले ही खेल में महाराष्ट्र की ओर से सौराष्ट्र के विरुद्ध खेलते हुए एक तिकड़ी (हेटट्रिक) बनाकर सनसनी पैदा कर दी थी। इसी मैच में उन्होंने केवल 35 रन देकर सौराष्ट्र के 9 बल्लेबाजों को परास्त कर दिया था। (पूरे मैच में 71 रन देकर 13 विकेट गिराए थे)। वे एक दाहिनी भुजा के मध्यम तेज गेंदबाज हैं जो गेंद को दोनों ओर घुमा सकते हैं। वे दाहिने हाथ से बल्लेबाजी करते हैं।

अभी तक वे सात टैस्टों में खेले हैं : 2 वेस्टइण्डीज, 4 इंग्लैंड और 1 आस्ट्रेलिया के विरुद्ध। उन्होंने 649 रन देकर 19 टैस्ट विकेट गिराए हैं। उनका सर्वोत्तम खेल 1962 में वेस्टइण्डीज के विरुद्ध रहा जब उन्होंने 72 रन देकर 4 विकेट लिए थे। 1956 के बाद जितनी भी विदेशी टीमें भारत आई हैं वे उन सबके विरुद्ध खेले हैं।

वे गोलाबारूद फैक्ट्री, पूना में काम करते हैं।

राजेन्द्रनाथ

दाहिने हाथ के बल्लेबाज और विकेट-रक्षक, श्री राजेन्द्रनाथ का जन्म 7 जनवरी 1928 को हुआ था। उन्होंने 1950-51में कॉमनवेल्थ द्वितीय के विरुद्ध तीन अनौपचारिक टैस्टों समेत 6 मैच खेले थे। बंबई गवर्नर एकादश की ओर से खेलते हुए उन्होंने 57 रन बनाए थे। उसी वर्ष उन्होने बिहार की ओर से उड़ीसा के विरुद्ध 136 रन और अगले वर्ष उत्तर प्रदेश के विरुद्ध 76 रन बनाए थे।

वे 1952 में पाकिस्तान के विरुद्ध बम्बई में तीसरे टैस्ट में खेले थे जिसमें भारत 10 विकेट से विजयी हुआ था। उन्हें बल्लेबाजी करने का मौका नही मिला परन्तु उन्होंने एक कैच लिया और तीन बल्लेबाजों को स्टम्प आउट किया था।

राजेन्द्रपाल

दाहिनी भुजा के मध्यम तेज गेंदबाज और दाहिने हाथ के बल्लेबाज श्री राजेन्द्रपाल का जन्म 18 नवम्बर 1938 को हुआ था। उन्होने प्रथम श्रेणी का मैच सर्व प्रथम 1954-55 में सेना के विरुद्ध दिल्ली की ओर से खेला था। तब से वे रणजी ट्रॉफी में लगातार दिल्ली की ओर से

बल्लेबाजी का श्रीगणेश करते आ रहे हैं और उन्होंने 150 से ऊपर विकेट लिए है। 1959 में इस प्रतियोगिता में उन्होंने 16·57 प्रति विकेट के औसत से 431 रन देकर 26 विकेट, 1960 में 14·33 के औसत से 387 रन देकर 27 विकेट और 1961 में 19·85 के औसत से 556 रन देकर 28 विकेट लिए थे। 1960-61 में वे दिल्ली की टीम के कप्तान रहे थे। उनकी सर्वोत्तम गेंदबाजी 1959-60 में रेलवे के विरुद्ध रही जबकि उन्होने केवल 54 रन देकर 8 विकेट (पूरे मैच में 179 रन देकर 12 विकेट) गिराए थे।

वे 1964 में इंग्लैंड के विरुद्ध बंबई मे दूसरा टैस्ट खेले थे।

अखिल भारतीय स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता में वे 1952-53 में उत्तर क्षेत्र की ओर से और 1954-55 से 1956-57 तक दिल्ली विश्वविद्यालय की ओर से खेले थे और 1959-60 में दिल्ली विश्वविद्यालय की टीम का नेतृत्व किया था। दलीप ट्रॉफी में वे उत्तर क्षेत्र की ओर से खेलते हैं।

वे स्टेट बैंक आफ इण्डिया, दिल्ली में काम करते हैं।

रांगणेकर, के० एम०

बाएँ हाथ के आक्रामक बल्लेबाज श्री रांगणेकर का जन्म 27 जून 1917 को हुआ था और उन्होंने रणजी ट्रॉफी में खेलना 1939 से शुरू किया था। उन्होंने अपने पहले ही खेल में पश्चिम भारत के विरुद्ध महाराष्ट्र की ओर से खेलते हुए शतक बनाया था। वे बारी-बारी से बंबई और होल्कर की ओर से खेला करते थे। 1940 में उन्होंने महाराष्ट्र के विरुद्ध बंबई की ओर से खेलते हुए 202 रन और 1950 में हैदराबाद के विरुद्ध होल्कर की ओर से खेलते हुए 217 रन बनाए थे। रणजी ट्रॉफी की 56 पारियो में, चार बार अपराजित रहकर, उन्होने 8 शतकों सहित 49 रन प्रति पारी के औसत से 2548 रन बनाए हैं।

बंबई पंचकोणीय प्रतियोगिता में वे हिन्दू क्लब की ओर से खेलते थे और उन्होंने 1941 में पारसी क्लब के विरुद्ध 117 रन बनाए थे।

भारतीय टीम के सदस्य के रूप मे वे 1947-48 में आस्ट्रेलिया गए थे और वहीं उन्होंने तीन टैस्ट मैच खेले थे।

वे भारतीय क्रिकेट नियन्त्रण बोर्ड के उप-अध्यक्ष हैं।

रामजी, एल०

अत्यन्त सुगठित शरीर वाले श्री रामजी वस्तुतः एक तेज गेंदबाज और सशक्त बल्लेबाज थे। उनके बम्परों के सामने बड़े-बड़े बल्लेबाज कांप उठते थे। 1926-27 और 1933-34 में वे एम. सी. सी. के विरुद्ध खेले

थे। वे केवल एक ही टैस्ट मैच में खेले थे जो 1933-34 में बम्बई में इंग्लैंड के विरुद्ध खेला गया था परन्तु उनका खेल वैसा नहीं रह सका जैसा कि उनका नाम था। उन्होंने 64 रन दिए पर एक भी विकेट नहीं ले सके। बल्लेबाजी में भी वे केवल 1 और शून्य पर ही धराशायी हो गए।

रणजी ट्रॉफी में भी वे केवल एक वर्ष ही खेले। 1934-35 में पश्चिम भारत की ओर से खेलते हुए उन्होंने सिन्ध के विरुद्ध 26 रन बनाए थे और बम्बई के विरुद्ध खेलते हुए, 29 रन देकर 4 विकेट लिए थे। बम्बई चतुष्कोणीय प्रतियोगिता में वे हिन्दू क्लब की ओर से खेलते थे। उन मैचों में उन्होंने दो बार 10 से अधिक विकेट लिए थे। 1927 में यूरोपीय क्लब के विरुद्ध 133 रन देकर, 13 विकेट और 1929 मे मुस्लिम क्लब के विरुद्ध 81 रन देकर 10 विकेट।

वे श्री एल. अमरसिंह के बड़े भाई थे। उनका देहान्त 20 दिसम्बर 1948 को हो गया।

रामचन्द, गुलाबराय, एस०

श्री रामचन्द को रणजी ट्रॉफी के फाइनल में लगातार चार वर्षों तक शतक बनाने का गौरव प्राप्त है। 1962-63 में रणजी ट्रॉफी फाइनल में राजस्थान के विरुद्ध अपराजित शतक बनाकर उन्होने प्रथम श्रेणी के क्रिकेट से संन्यास ले लिया।

चौड़े कंधों और गठीले शरीर वाले श्री रामचन्द दाहिने हाथ के आक्रामक बल्लेबाज रहे हैं जो गेंद पीटने की ओर अधिक ध्यान रखते थे। वे दाहिनी भुजा से मध्यम गति की तेज़ गेंद फेंकनेवाले गेंदबाज और शानदार क्षेत्र-रक्षक भी रह चुके हैं।

उनका जन्म 26 जुलाई 1927 को कराची में हुआ था। उन्होंने प्रथम श्रेणी के क्रिकेट मे 1945-46 मे खेलना शुरू किया और सर्वप्रथम महाराष्ट्र के विरुद्ध सिन्ध की ओर से खेले। 1948-49 से 1955-56 तक वे बम्बई की ओर से खेले और 1957 से 1662-63 में अपनी खेल-निवृत्ति तक कई मैचों में अपनी टीम के कप्तान रहे। 1956-57 में वे राजस्थान की ओर से खेले थे। उन्होंने रणजी ट्रॉफी में 10 शतक बनाए हैं। उनकी सर्वोत्तम बल्लेबाजी 1950 में महाराष्ट्र के विरुद्ध रही जबकि उन्होंने बम्बई की ओर से खेलते हुए अपराजित 230 रन बनाए थे। रणजी ट्रॉफी की कुल 52 पारियों में 18 बार अपराजित रहकर, प्रति पारी 75·55 रनो के शानदार औसत से, 2569 रन बनाए हैं। उनकी सर्वोत्तम गेंदबाजी 1959 मे सौराष्ट्र के विरुद्ध रही जबकि उन्होंने बम्बई की ओर से खेलते हुए केवल 12 रन देकर 8 बल्लेबाज धराशायी कर दिखाए थे।

उन्होंने 33 टैस्ट खेले हैं : 4 इंग्लैंड, 8 पाकिस्तान, 8 वेस्टइण्डीज, 5 न्यूज़ीलैंड और 8 आस्ट्रेलिया के विरुद्ध। उन्होंने 1959 में आस्ट्रेलिया के विरुद्ध सभी टैस्टों में भारत का नेतृत्व किया था और उन्हीं के नेतृत्व में भारत ने कानपुर के पहले टैस्ट में आस्ट्रेलिया को पछाड़ दिया था। अपनी 53 टैस्ट पारियों में, 5 बार अपराजित रहकर, उन्होंने कुल 1180 रन बनाए हैं जिनमें दो शतक भी शामिल हैं : आस्ट्रेलिया के विरुद्ध 109 और न्यूज़ीलैंड के विरुद्ध अपराजित 106 रन। उन्होंने कुल 1894 रन देकर 41 टैस्ट विकेट लिए हैं। उनकी सर्वोत्तम गेंदबाजी 1954-55 में पाकिस्तान के विरुद्ध रही जबकि उन्होंने केवल 49 रन देकर 6 विकेट लिये थे।

वे भारतीय टीम में 1952 में इंग्लैंड, 1952-53 में वेस्टइण्डीज, 1954-55 में पाकिस्तान और 1956 में श्रीलंका गए थे।

वे कॉमनवेल्थ द्वितीय के विरुद्ध एक अनौपचारिक टैस्ट में खेले थे। वे सिलवर जुबली ओवरसीज टीम के विरुद्ध पांचों अनौपचारिक टैस्टों में खेले थे और उन्होंने दिल्ली के पहले टैस्ट में 119 रन, कलकत्ता के तीसरे टैस्ट में 111 रन और मद्रास के चौथे टैस्ट में 96 रन बनाए थे।

1948-49 और 1949-50 में वे बम्बई विश्वविद्यालय के खिलाड़ी रहे थे। वे लंकाशायर लीग में 1953 में फरनैस की ओर से, 1954 और 1955 में नांटविच की ओर से तथा 1056 में नॉर्थ स्टैफोर्डशायर लीग में क्रीव की ओर से खेले थे।

वे एयर इण्डिया इंटरनेशनल, बंबई में काम करते हैं।

रामस्वामी, सी०

श्री रामस्वामी का जन्म 18 जून 1896 को हुआ था। जब टैस्ट मैच में खेलने का उन्हें सर्व प्रथम मौका मिला तो उनकी आयु चालीस वर्ष की थी। जो भारतीय टीम 1936 में इंग्लैंड खेलने गई थी, उसके वे सदस्य थे। वहां वे दो टैस्ट मैचों में खेले थे : उन्होंने दूसरे टैस्ट में 40 और 60 रन और तीसरे टैस्ट में 29 और अपराजित 41 रन बनाए थे। उनकी टैस्ट पारियों का औसत 56·66 रन रहा है। उन्होंने 1936 के इंग्लैंड के दौरे में बल्लेबाज के रूप में अपनी ख्याति और भी बढ़ाली थी क्योंकि उन्होंने वहां लंकाशायर के विरुद्ध शानदार बल्लेबाजी में अपराजित 127 रन बनाए थे।

1926-27 में एम. सी. सी. के विरुद्ध मद्रास की ओर से खेलते हुए उन्होंने 80 रन और महाराजा पटियाला की आस्ट्रेलियाई टीम के विरुद्ध अपराजित 48 और 82 रन बनाए थे।

वे बाएँ हाथ के बल्लेबाज हैं। वे रणजी ट्रॉफी में 1934–35 से 1941–42 तक बंगाल की ओर से खेले थे। 1939-40 में वे अपनी टीम के कप्तान रहे थे। अपनी 25 पारियों में उन्होने एक बार अपराजित रह कर कुल 401 रन बनाए थे। उनकी सर्वोच्च रन संख्या 63 रही है जो उन्होंने 1935–36 में मैसूर के विरुद्ध बनाई थी।

वे टेनिस के भी खिलाड़ी रहे हैं। केम्ब्रिज में पढते हुए वे विम्बलडन में खेले थे जो एक टेनिस खिलाड़ी के लिए संसार में सबसे अधिक सम्मानप्रद है। उन्होने भारत में और विदेश मे भी अनेक टेनिस प्रतियोगिताएँ जीती हैं और वे 1921 में भारत की ओर से डेविस कप मे रूमानिया और बेल्जियम के विरुद्ध खेले थे।

वे कुछ समय तक भारतीय क्रिकेट नियन्त्रण बोर्ड की टैस्ट चयन समिति के सदस्य रह चुके हैं। 1952–53 में जो भारतीय टीम वेस्टइण्डीज के दौरे पर गई थी, वे उसके व्यवस्थापक थे।

रायसिंह

दाएँ हाथ के शक्तिशाली बल्लेबाज श्री रायसिंह उस भारतीय टीम के सदस्य थे जो 1947–48 में आस्ट्रेलिया के दौरे पर गई थी और उन्होने वहाँ एक टैस्ट खेला था। इस दौरे से पहले वे मर्चेंट एकादश और महाराजा पटियाला एकादश के बीच दिल्ली में खेले गए, चयन-मैच में खेले थे और उसमें उन्होंने महाराजा पटियाला एकादश की ओर से शानदार 158 रन बनाए थे। परन्तु दौरे के लिए उनका चुनाव तभी हुआ जब इस टीम के चार खिलाड़ी हताहत हो गए थे।

उनका जन्म 24 फरवरी 1922 को हुआ था। रणजी ट्रॉफी में वे दक्षिण पंजाब की ओर से खेलते थे। उनकी सर्वोत्तम बल्लेबाजी 1945–46 मे रही जबकि उन्होंने चार पारियों में 303 रन बनाए और उन्हीं में दो शतक : दिल्ली और जिला क्रिकेट संघ के विरुद्ध 132 रन और उत्तर भारत के विरुद्ध 117 रन। वे प्रिंसेस XI की ओर से आस्ट्रेलियाई सेना की टीम के विरुद्ध दिल्ली में खेले थे।

रॉय, पंकज

श्री रॉय ने प्रथम श्रेणी के क्रिकेट में 1946–47 मे बड़ी शान के साथ पहली बार प्रवेश किया और उत्तर प्रदेश के विरुद्ध बंगाल की ओर से खेलते हुए अपराजित शतक बनाकर उन्होंने भारतीय टैस्ट क्रिकेट में अपने भावी प्रवेश की सूचना दे दी। तेजी से रन बनाने मे वे बहुत कुशल रहे हैं। उन्होंने इंग्लैंड के विरुद्ध अपनी पहली टैस्ट श्रृंखला में ही दो शतक बना डाले थे। रणजी ट्रॉफी में उन्होंने दो मैचों मे दोनों पारियों में शतक

बनाए हैं : 1953 में उड़ीसा के विरुद्ध 170 और 143 रन; और 1962 में हैदराबाद के विरुद्ध 112 और 118 रन। रणजी ट्रॉफी मे उन्होंने अब तक 4500 से अधिक रन बनाए हैं जिनमें उनके 19 शतक शामिल हैं। उनकी सर्वोच्च रन संख्या 202 है जो उन्होने 1963 में उड़ीसा के विरुद्ध बनाई थी।

उन्होंने 43 टैस्ट मैच खेले है : 14 इंग्लैंड, 9 पाकिस्तान, 9 वेस्ट-इण्डीज, 3 न्यूजीलैंड और 8 आस्ट्रेलिया के विरुद्ध। अपनी 79 पारियों में, चार बार अपराजित रहकर, उन्होंने 32·54 रन प्रतिपारी के औसत से कुल 2441 रन बनाए है। जिन पारियो में उन्होंने 99 से ऊपर रन बनाए थे वे है : 1951–52 में इंग्लैंड के विरुद्ध 140 और 111; 1953 में जमैका में वेस्टइण्डीज के विरुद्ध 150; और 1955 में न्यूजीलैंड के विरुद्ध 173 और 100 रन। उन्होंने श्री वीनू मांकड के साथ मिलकर, 1955 में न्यूजीलैंड के विरुद्ध मद्रास के पांचवें टैस्ट में, 413 रन बनाकर प्रथम विकेट की साझेदारी का कीतिमान स्थापित किया था। उन्होंने 1952 और 1959 में इंग्लैंड का, 1952–53 मे वेस्टइण्डीज का और 1954–55 में पाकिस्तान का दौरा किया था। उन्होंने 1959 मे लार्ड्स के दूसरे टैस्ट में भारत का नेतृत्व किया था। उन्होंने सिलवर जुबली ओवरसीज टीम के विरुद्ध चार अनौपचारिक टैस्ट खेले थे और मद्रास के चौथे टैस्ट में 141 रन बनाए थे।

उनका जन्म 31 मई 1928 को कलकत्ता में हुआ था। 1955-56 से वे बंगाल का नेतृत्व कर रहे है। वे दलीप ट्रॉफी मे प्रारम्भ से ही पूर्व क्षेत्र की टीम का नेतृत्व करते आ रहे हैं और वे सबसे सधे हुए बल्लेबाज सिद्ध हुए हैं।

वे एक व्यापारी हैं और फुटबॉल के भी अच्छे खिलाड़ी रहे हैं।

रेगे, एम० आर०

श्री रेगे का जन्म 18 मार्च 1924 को हुआ था। इस पारी प्रारम्भ करने वाले दाहिने हाथ के बल्लेबाज ने प्रथम श्रेणी के क्रिकेट मे 1944-45 में प्रवेश किया था जबकि उन्होंने महाराष्ट्र की ओर से नवानगर के विरुद्ध खेलते हुए 52 और 25 रन बनाए थे। महाराष्ट्र की ओर से उन्होंने अनेक बार शानदार खेल दिखलाया है। 1953–54 में उन्होंने गुजरात के विरुद्ध अपराजित 164 रन बनाए थे जो उनकी सर्वोच्च रन संख्या है। गेंदबाज के रूप में भी वे बहुत उपयोगी सिद्ध हुए हैं और उन्होंने कई बार बहुत अच्छी गेंदबाजी की है।

वे 1948 में वेस्टइण्डीज के विरुद्ध एक टैस्ट खेले थे। कॉमनवेल्थ

द्वितीय के विरुद्ध भी वे दो अनौपचारिक टैस्टों में खेले थे और कलकत्ता के तीसरे टैस्ट में उन्होंने अपनी सर्वोत्तम बल्लेबाजी (48 रन) दिखाई थी।

लालसिंह

उच्च कोटि के क्षेत्र-रक्षक और दाहिने हाथ से जोरदार बल्लेबाजी करने वाले श्री लालसिंह का जन्म 16 दिसम्बर 1909 को हुआ था। जो भारतीय टीम 1932 मे इंग्लैंड खेलने गई थी, वे उसके सदस्य थे। वे लार्ड्स के टैस्ट में खेले थे और उन्होने 15 और 29 रन बनाए थे। अपने अति उत्तम क्षेत्र-रक्षण से उन्होंने दर्शकों को बहुत प्रभावित किया था।

1934–35 में वे दक्षिण पंजाब की ओर से रणजी ट्रॉफी मे खेले और उन्होंने पहले ही मैच में उत्तर प्रदेश के विरुद्ध 57 रन बनाये परन्तु दूसरे मैच में उत्तर भारत के विरुद्ध खेलते हुए वे केवल 4 और 1 रन बना कर परास्त हो गए।

1935 मे वे महाराजा पटियाला की आस्ट्रेलियाई टीम के विरुद्ध एक अनौपचारिक टैस्ट भी खेले थे।

वजीर अली, सैयद

पारी प्रारम्भ करनेवाले शानदार सुरक्षात्मक बल्लेबाज श्री वजीर अली का जन्म 15 सितम्बर 1903 को हुआ था। वे तीसरे और चौथे दशक मे बहुत ही लोकप्रिय खिलाड़ी रहे थे। उन्होंने 1932 और 1936 मे भारतीय टीम के सदस्य के रूप में इंग्लैंड की यात्रा की थी। वे इंग्लैंड के विरुद्ध पहले सात टैस्टों मे खेले थे और 14 पारियों मे उन्होने 237 रन बनाए थे। उनकी सर्वोच्च रन संख्या 42 रही थी।

रणजी ट्रॉफी मे वे 1934–35 से 1939–40 तक मध्य भारत (अब मध्य प्रदेश) और पंजाब की ओर से खेले थे। उन्होंने दोनों टीमों का नेतृत्व भी किया था। रणजी ट्रॉफी की 18 पारियों में, तीन बार अपराजित रहकर उन्होंने 644 रन बनाए थे। उनकी उच्चतम रन संख्या अपराजित 222 थी जो उन्होंने 1939 की फरवरी मे बंगाल के विरुद्ध दक्षिण पंजाब की ओर से खेलते हुए बनाई थी।

उन्होंने बंबई चतुष्कोणीय और पंचकोणीय प्रतियोगिताओं में भी शानदार खेल दिखाया था और अपनी टीम का नेतृत्व भी किया था। उन्होंने पाँच शतक बनाए थे: 1924 में हिन्दू क्लब के विरुद्ध 197 रन, 1927 में पारसी क्लब के विरुद्ध 105 रन, 1935 में यूरोपीय क्लब के विरुद्ध 148 और हिन्दू क्लब के विरुद्ध 108 तथा 1938 में यूरोपीय क्लब के विरुद्ध 112 रन बनाए थे।

श्री वजीर अली विभाजन के बाद पाकिस्तान चले गये थे जहाँ

17 जून 1950 को उनका देहान्त हो गया। उनके सुपुत्र श्री खालिद वज़ीर पाकिस्तान की ओर से खेलते हैं।

विजयनगरम्, महाराजकुमार डॉ॰ विजय आनन्द, एल-एल. डी.

महाराजकुमार विजयनगरम् को टैस्ट क्रिकेट में भारत का नेतृत्व करने और भारतीय क्रिकेट नियन्त्रण बोर्ड के अध्यक्ष का पद धारण करने का गौरव प्राप्त है। वे 'विज्जी' के नाम से अधिक लोकप्रिय हैं। जो भारतीय टीम 1936 मे इंग्लैंड गई थी उसके वे कप्तान थे और 1955-56 तथा 1956-57 में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के अध्यक्ष रहे थे। उन्होंने लंदन मे आयोजित इम्पीरियल क्रिकेट कान्फ्रेंस में भारत का प्रतिनिधित्व किया था।

दाहिने हाथ के बल्लेबाज "विज्जी" ने 1936 में तीनों टैस्ट मैचों मे भारत का नेतृत्व किया था। 1942 में जो भारतीय टीम इंग्लैंड के दौरे पर गई थी उसके लिए भी उनका चयन हो गया था परन्तु अस्वस्थता के कारण वे नही जा सके। उनके नेतृत्व में विजयनगरम् एकादश ने 1933-34 में बनारस मे जारडीन की एम. सी. सी. टीम को पछाड़ दिया था। इस टीम को अपने दौरे मे केवल एक यही हार मिली थी। 1934-35 में 'विज्जी' ने रणजी ट्रॉफी में उत्तर प्रदेश का नेतृत्व किया।

उन्होंने सर्वश्री जे. बी. होब्स और हर्बर्ट सटक्लिफ को भारत बुलाया और उनके साथ अपनी टीम बनाकर पूरे देश मे दौरा करते हुए अनेक मैच खेले। इससे अनेक नवयुवक खिलाड़ियों को विश्व ख्याति-प्राप्त पारी प्रारंभ करने वाले जोड़े के साथ खेलने का अवसर मिला। 1935 में उन्होंने वेस्टइण्डीज के प्रसिद्ध खिलाड़ी श्री लीयरी कोन्स्टेन्टाइन को भारत में मैच खेलने के लिए बुलाया था। विज्जी कई वर्षो तक उत्तर प्रदेश क्रिकेट संघ के अध्यक्ष रहे थे।

वे एक बड़े निशानेबाज थे और उन्होंने बहुत से बाघ और अन्य जंगली जानवरों का शिकार किया था। वे रेडियो टीकाकार और लेखक के रूप मे भी वहुत प्रसिद्ध थे। एक मेजवान के रूप मे भी उनकी बराबरी करने वाले बहुत कम मिलेंगे। वे उत्तर प्रदेश विधान सभा और संसद के सदस्य रहे थे।

भारत के राष्ट्रपति ने 1957 मे उन्हें "पद्म भूषण" से सम्मानित करके खेलकूद के क्षेत्र में उनकी अनुकरणीय सेवाओं को मान्यता प्रदान की थी।

वे लेफ्टिनेंट कर्नल थे। वे अखिल भारतीय खेल कूद परिषद् के उपाध्यक्ष भी रहे थे। वे 2 दिसम्बर 1965 को सोने के बाद फिर नहीं उठे।

वेंकट राघवन

1965 में न्यूज़ीलैंड के विरुद्ध दिल्ली के चौथे टैस्ट में भारत को विजय-श्री दिलाने में श्री वेंकट राघवन ने भारी योगदान दिया था। पहली पारी में उन्होंने केवल 72 रन देकर 8 विपक्षी बल्लेबाज धराशायी कर दिए

थे। अब तक कोई भारतीय गेंदबाज न्यूजीलैंड के विरुद्ध इतना शानदार खेल नहीं दिखा सका है। दूसरी पारी में उन्होंने 80 रन देकर 4 विकेट लिए थे। कीवस के विरुद्ध चारों टैस्टों में भी उनकी गेंदबाजी बहुत सधी हुई थी और उन्होंने अपनी पहली टैस्ट शृंखला में 19 रन प्रति विकेट के औसत से, 399 रन देकर 21 विकेट लिए थे। इसी खेल के फलस्वरूप, टैस्ट मैचों में, उनकी गेंदबाजी का औसत भारत में सर्वश्रेष्ठ रहा है।

वे दाहिनी भुजा के ऑफ स्पिन गेंदबाज और दाहिने हाथ के बल्लेबाज हैं। रणजी ट्रॉफी में उन्होंने सर्वप्रथम 1963-64 में मद्रास की ओर से खेलना शुरु किया था। मद्रास विश्वविद्यालय की क्रिकेट टीम के वे सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी हैं और इंजीनियरी के छात्र हैं।

शिंदे, एस. जी.

श्री शिंदे दाहिनी भुजा से तेगब्रेक-व-गुगली गेंद फेंकने वाले अच्छे गेंदबाज थे जो रणजी ट्रॉफी में महाराष्ट्र और बम्बई की ओर से खेला करते थे। प्रथमश्रेणी के क्रिकेट में उन्होंने 1940-41 में प्रवेश किया था और मद्रास के विरुद्ध महाराष्ट्र की ओर से खेले थे। वे महाराष्ट्र की ओर से 1946 तक खेलते रहे। तब तक उनका सर्वोत्तम खेल था: 1944-45 में नवानगर के विरुद्ध खेलते हुए 17 रन देकर 5 विकेट और 21 रन देकर 4 विकेट। बम्बई के लिए उनकी सर्वोत्तम गेंदबाजी थी: 1950 में गुजरात के विरुद्ध, 162 रन देकर 8 विकेट।

वे भारतीय टीम के साथ 1946 और 1952 में इंग्लैंड गए थे। वे सात टैस्ट मैचों में खेले थे: इंग्लैंड के विरुद्ध 1946 (1), 1951-52 (3), 1952 (2) और वेस्टइण्डीज के विरुद्ध 1948 (1), उनकी सर्वोत्तम गेंदबाजी 1951-52 में इंग्लैंड के विरुद्ध पहले दिल्ली टैस्ट में रही जब उन्होंने 91 रन देकर 6 विकेट लिए थे। कुल मिलाकर उन्होंने 59·75 प्रति विकेट के औसत से 717 रन देकर 12 टैस्ट विकेट लिए थे।

उनका जन्म 18 अगस्त 1923 को हुआ था और छोटी आयु में ही उनकी मृत्यु 22 जून 1955 को हो गई।

शोधन, डी. एच.

श्री शोधन उन थोड़े से खिलाड़ियों में से हैं जिन्होंने अपने पहले टैस्ट में ही शतक बनाकर दिखा दिया था। देश में उनकी टैस्ट बल्लेबाजी की औसत भी सर्वोच्च रही फिर भी उन्हें अपने जीवन में केवल तीन टैस्ट मैच खेलने का ही अवसर मिला। श्री शोधन बाएँ हाथ के सशक्त बल्लेबाज और बाईं भुजा के मध्यम गति के गेंदबाज रहे हैं।

पाकिस्तान के विरुद्ध पाँचवें टैस्ट में उन्होंने 110 रन बनाए थे। वे 1952-53 मे भारतीय टीम के साथ वेस्टइण्डीज गए थे और वहाँ उन्होंने कुल दो टैस्ट खेले थे। पहले टैस्ट में 45 रन बनाए थे। चार टैस्ट पारियो में, एक बार अपराजित रहकर, उन्होंने 60·33 रन प्रतिपारी के औसत से कुल 181 रन बनाए थे।

उनका जन्म अहमदाबाद में 10 अक्तूबर 1928 को हुआ था। प्रथम श्रेणी के क्रिकेट मे उन्होंने प्रथम प्रवेश 1946-47 मे किया जब उन्होंने गुजरात की ओर से खेलते हुए, काठियावाड़ के, 45 रन देकर, 4 विकेट और 47 रन देकर, 3 विकेट लिए थे। प्रथम श्रेणी के क्रिकेट मे यही उनकी सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी रही है। प्रथम श्रेणी के क्रिकेट में उन्होंने 1000 से ऊपर रन बनाए हैं। 1957 मे महाराष्ट्र के विरुद्ध बडोदा की ओर से खेलते हुए उन्होंने अपने सबसे अधिक रन 261 बनाए थे। उन्होंने 1952-53 में गुजरात का नेतृत्व किया था।

वे भारतीय विश्वविद्यालय टीम की ओर से 1951-52 में कॉमनवेल्थ प्रथम और एम०सी०सी० के विरुद्ध तथा सिलवर जुबली ओवरसीज टीम के विरुद्ध खेले थे। वे बम्बई विश्वविद्यालय की ओर से 1948-49 और 1949-50 मे तथा गुजरात विश्वविद्यालय की ओर से 1953-54 में खेले थे।

सरदेसाई, दिलीप नारायण

अपनी निर्दोष तकनीक के कारण, दाहिने हाथ के बल्लेबाज श्री सरदेसाई न्यूजीलैंड के विरुद्ध टैस्ट मे लगातार दो शतक बनाकर भारत के एक सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज बन गए। 1965 मे बम्बई मे खेले गए तीसरे टैस्ट मे वे लगातार तीन दिन तक बल्लेबाजी करते रहे, उन्होंने 200 रन बनाए पर न्यूजीलैंड का कोई भी माई का लाल गेंदबाज उन्हे पराजित नहीं कर सका। इससे भारत अपनी निश्चित हार से ही नहीं बचा अपितु विजय के बहुत पास आ पहुँचा था। दिल्ली के दूसरे टैस्ट में उन्होंने 127 मिनट मे फटाफट शतक बनाकर अपना नाम शूरवीरो मे लिखा दिया। इससे एक वर्ष पहले भी जब वे इंग्लैंड के विरुद्ध खेले थे तो उन्होंने बहुत सधा हुआ खेल दिखलाया था और 10 पारियो मे 499 रन बनाए थे। अब तक उन्होंने 15 टैस्ट खेले हैं और उनमे उन्होंने प्रतिपारी 40 से ऊपर के औसत से 1060 रन बनाए हैं।

1962 मे जो भारतीय टीम वेस्टइंडीज गई थी, श्री सरदेसाई उसके सदस्य थे।

उनका जन्म मड़गाव (गोआ) में 8 अगस्त 1940 को हुआ था। उन्होंने प्रथम श्रेणी के क्रिकेट में 1960-61 मे खेलना शुरु किया था और तब उन्होने पाकिस्तान के विरुद्ध विश्वविद्यालयों की सम्मिलित टीम मे खेलते हुए 87 रन बनाए थे। उसी वर्ष वे रणजी ट्रॉफी मे भी खेले और तब से वे वम्बई की ओर से नियमित रूप से खेल रहे हैं। इस प्रतियोगिता में उनकी सर्वोच्च रन संख्या 117 रही है जो उन्होने 1964-65 में सेना के विरुद्ध बनाई थी। दिलीप ट्रॉफी में वे पश्चिम क्षेत्र की ओर से खेलते हैं।

वे 1958-59 से 1961-62 तक वम्बई विश्वविद्यालय की ओर से खेले थे और उन्होंने मद्रास विश्वविद्यालय के विरुद्ध 202, गुजरात विश्वविद्यालय के विरुद्ध 100, और आनन्द- विद्यापीठ के विरुद्ध अपराजित 165 रन बनाए थे।

सरवटे, चन्दू टी.

श्री सरवटे दाहिने हाथ के बल्लेबाज और दाहिनी भुजा के धीमे गेंदबाज हैं। रणजी ट्रॉफी में उन्होने अनेक बार बहुत सुन्दर खेल दिखाया है। सर्वश्री हजारे और मुश्ताक अली को छोड़कर कोई भी बल्लेबाज उनसे अधिक रन नही बना सका है, और केवल सर्वश्री सी० एस० नायुडू, हजारे और एच० जी० गायकवाड ही उनसे अधिक विकेट ले सके हैं।

उनका जन्म 22 जून 1920 को हुआ था। रणजी ट्रॉफी में उन्होने 1936-37 में खेलना शुरू किया और पहले ही मैच मे हैदराबाद के विरुद्ध मध्य भारत व बरार की ओर से खेलते हुए 3 रन देकर 5 विकेट और 15 रन देकर 1 विकेट लिया था। वे 1940-41 से तीन वर्ष तक महाराष्ट्र की ओर से खेले। 1943-44 में उन्होने बम्बई का प्रतिनिधित्व किया। उसके बाद वे होलकर में आ गए जहाँ वे लगातार खेल रहे है। उनकी रन संख्या 5000 तक पहुँचने ही वाली है। अब तक उन्होंने 12 शतक बनाए हैं। उनकी सर्वोत्तम बल्लेबाजी 1950 में बंगाल के विरुद्ध 246 रन, 1949 में दिल्ली और जिला क्रिकेट संघ के विरुद्ध 235 और 1950 मे गुजरात के विरुद्ध 234 रन रही है। गेंदबाजों में उन्होने 275 से अधिक विकेट लिए हैं। 1948 में उन्होंने बिहार के विरुद्ध तिकड़ी (हैट ट्रिक) बनाई थी। उनकी सर्वोत्तम गेंदबाजी 1945 मे मैसूर के विरुद्ध रही जब कि उन्होंने 61 देकर 9 विकेट लिए थे।

उन्होंने भारतीय टीम के साथ 1945 में श्रीलंका, 1946 और 1952 में इंग्लैंड और 1947-48 मे आस्ट्रेलिया का दौरा किया था। उन्होंने 9 टेस्ट मैच खेले हैं: इंग्लैड के विरुद्ध 1946 (1) और 1951-52 (1); आस्ट्रेलिया के विरुद्ध 1947-48 (5) और वेस्टइंडीज के विरुद्ध 1948

(2), उन्होंने आस्ट्रेलिया की सेना की टीम और कॉमनवेल्थ प्रथम के विरुद्ध अनौपचारिक टैस्ट भी खेले थे।

1946 में इंग्लैंड के दौरे में उन्होंने श्री एस० बनर्जी के साथ मिलकर अन्तिम विकेट की साझेदारी में, सर्रे के विरुद्ध, 249 रन बनाए थे जिनमें उनकी अपनी रन संख्या अपराजित 124 थी और उसी मैच में उन्होंने केवल 54 रन देकर 5 विकेट गिराए थे। उन्होंने स्काटलैंड के विरुद्ध तिकड़ी बनाई थी।

बम्बई पंचकोणीय प्रतियोगिता में वे हिन्दू क्लब की ओर से खेलते थे। 1945 के बाद जो-जो विदेशी टीमें भारत आई हैं, वे उन सबके विरुद्ध खेल चुके हैं। उन्होंने 1936–37, 1939–40 और 1941–42 मे नागपुर विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया था। 1955–56 से लेकर वे मध्यप्रदेश की टीम का नेतृत्व कर रहे है। व्यवसाय से वे एक अंगुलि-छाप विशेषज्ञ है।

सुन्दरम, जी. आर.

श्री सुन्दरम उन थोड़े से खिलाड़ियो मे से हैं जिन्हें अपने राज्य की ओर से खेलने से पहले ही देश की ओर से खेलने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। उन्होने 1953-54 में सिलवर जुबली ओवरसीज टीम के विरुद्ध दो अनौपचारिक टैस्ट खेले थे। पहले औपचारिक टैस्ट में वे दिल्ली में न्यूजीलैंड के विरुद्ध खेले थे और उसमें भारतीय गेंदबाजो को बहुत कठिनाई का सामना करना पड़ा था क्योंकि न्यूजीलैंड ने केवल दो विकेट खोकर 450 रन बना लिए थे। उसमें श्री सुन्दरम को भी केवल एक ही विकेट मिला और बदले में 99 रन देने पड़े। कलकत्ता में खेले गए दूसरे मैच में उन्होंने 46 रन देकर 2 विकेट लिए थे।

दाहिनी भुजा के मध्यम तेज गेंदबाज और दाहिने हाथ के बल्लेबाज श्री सुन्दरम ने प्रथम श्रेणी के क्रिकेट में 1951–52 में खेलना शुरू किया था जब कि ये एम० सी० सी० के विरुद्ध सम्मिलित विश्वविद्यालय टीम से खेले थे। उसमें उन्होने 73 रन देकर 2 विकेट लिए थे। उनका जन्म 29 मार्च 1930 को हुआ था। रणजी ट्रॉफी में वे पहलीबार 1953-54 में उतरे जबकि उन्होने बड़ोदा के विरुद्ध बम्बई की ओर से खेलते हुए 29 रन देकर 3 विकेट और 55 रन देकर 1 विकेट लिया था। 1961–62 में वे राजस्थान आगए और तब से रणजी ट्रॉफी में और अन्य प्रमुख मैचों में उसी ओर से नियमित रूप से खेल रहे हैं। उनकी सर्वोत्तम गेंदबाजी 1961–62 में विदर्भ के विरुद्ध रही जब कि उन्होंने 64 रन देकर 6 विकेट (पूरे मैच में 118 रन देकर 10 विकेट) लिए थे। उनके सबसे अधिक रन 52 हैं

भारतीय टैस्ट खिलाड़ी

ए. जी. कृपालसिंह

सलीम दुर्रानी

सुरेन्द्रनाथ

पी. पी. [illegible]

ट
नट
ब
दगा
अधि

5 को हुआ
पर बहुत
। वे भारत

एस. के. [illegible]

भारतीय टैस्ट खिलाड़ी

बी. एस. चन्द्रशेखर

एस. वेंकटराघवन

हनुमन्त सिंह

डी. एन. सरदेसाई

एफ. एम. इंजीनियर

बी. के. कुन्दरन

जो उन्होंने 1962-63 में रणजी ट्रॉफी के फाइनल मे बम्बई के विरुद्ध बनाए थे।

वे 1951-52 और 1952-53 में बम्बई विश्वविद्यालय की ओर से खेले थे। उन्होंने इंग्लैंड के आल्फ गोवर क्रिकेट स्कूल में 1953 मे प्रशिक्षण लिया था।

वे मान मेमोरियल कारपोरेशन लि०, जयपुर में अधिकारी हैं।

सुब्रमण्यम्, वेंकटरामन्

1962-63 की दलीप ट्रॉफी में उत्तर क्षेत्र ने पहली पारी में 285 रन बना लिए थे। दक्षिण क्षेत्र की पारी का श्रीगणेश ठीक नहीं हुआ और उनके एक के बाद एक विकेट गिरते जा रहे थे। तभी करुणा में वीर रस की भांति श्री सुब्रमण्यम् का आगमन हुआ। उन्होंने अकेले ही अपना युद्ध प्रारम्भ किया और शानदार 120 रन बना डाले; और अपनी टीम को 297 रनों पर पहुँचा दिया। इस प्रकार श्री सुब्रमण्यम् ने अपने प्रबल प्रहारों से अपनी टीम की लाज बचाई।

श्री सुब्रमण्यम् का जन्म 16 जुलाई 1936 को बंगलौर में हुआ था। वे दाहिने हाथ से बल्लेबाजी करते हैं और दाहिनी भुजा से गेंदबाजी। उन्होंने 1959-60 में सर्वप्रथम रणजी ट्रॉफी मे खेलना शुरु किया था। उसमें उन्होने हैदराबाद के विरुद्ध मद्रास की ओर से खेलते हुए दोनों पारियों में क्रमश: 32 और 16 रन बनाए थे। उसी वर्ष उन्होंने बंबई के विरुद्ध शतक बनाया था। 1963-64 मे, उन्होंने हैदराबाद के विरुद्ध 105 रन लिए थे। उनकी सर्वोत्तम गेंदबाजी 1959-60 में केरल के विरुद्ध रही जबकि उन्होंने 78 रन देकर 7 विकेट लिए थे।

उन्होने दिल्ली में न्यूजीलैंड के विरुद्ध चौथा टैस्ट खेला था। उसमें वे केवल 9 रन बनाकर परास्त हो गए पर उन्होंने न्यूजीलैंड की दूसरी पारी में 32 रन देकर 2 विकेट लिए थे।

उन्होंने 1956-57 और 57-58 में मैसूर विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया था। वे भारतीय टेलीफोन उद्योग,बंगलौर मे काम करते हैं।

सुरेन्द्रनाथ

श्री सुरेन्द्रनाथ का जन्म 4 जनवरी 1937 को मेरठ में हुआ था। वे दाहिनी भुजा से मध्यम तेज भीतर की ओर भूमती हुई गेंद फेंकते हैं और दाहिने हाथ से बल्लेबाजी करते हैं। उन्होंने प्रथम श्रेणी के क्रिकेट में खेलना 1955-56 में शुरु किया था और पूर्व पंजाब के विरुद्ध खेलते हुए 21 रन देकर 1 विकेट और 29 रन देकर 3 विकेट लिए थे। तबसे वे

लगातार सेना की ओर से खेल रहे हैं। 1960–61 में वे अपनी टीम के कप्तान रहे हैं। रणजी ट्रॉफी में उनका सर्वोत्तम वर्ष 1959-60 रहा जब उन्होंने 458 रन देकर 26 विकेट लिए थे। रणजी ट्रॉफी में अब तक उन्होंने प्रति विकेट 20·05 के औसत से 2527 रन देकर 126 विकेट लिए हैं। उनकी सर्वोत्तम गेंदबाजी 1958–59 मे रेलवे के विरुद्ध रही जब उन्होंने प्रथम पारी में 14 रन देकर 7 विकेट और दूसरी मे 62 रन देकर 6 विकेट लिए थे। उनकी उच्चत्तम रन संख्या 119 है जो उन्होंने 1961–62 में दक्षिण पंजाब के विरुद्ध बनाई थी।

उन्होने 11 टैस्ट खेले हैं : वेस्टइंडीज के विरुद्ध 1958 मे (2), इंग्लैंड के विरुद्ध 1959 में (5), आस्ट्रेलिया के विरुद्ध 1959 में (2) और पाकिस्तान के विरुद्ध 1960 में (2)। उन्होंने 1053 रन देकर 26 टैस्ट विकेट लिए हैं। उनकी सर्वोत्तम गेंदबाजी मैंचेस्टर में इंग्लैंड के विरुद्ध चौथे टैस्ट में रही जबकि उन्होंने 115 रन देकर 5 विकेट लिए थे।

उन्होने 1952–53 में अखिल भारतीय स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता में दिल्ली स्कूल टीम का प्रतिनिधित्व किया था और 1954–55 में अन्तर-विश्वविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता में राष्ट्रीय रक्षा अकादमी की ओर से खेले थे और अगले वर्ष उसका नेतृत्व किया था।

वे भारतीय वायु सेना में अधिकारी हैं।

सूद, मन मोहन

श्री सूद का जन्म 6 जुलाई 1939 को हुआ था और उन्होंने रणजी ट्रॉफी में खेलना 1956–57 मे शुरु किया। उस वर्ष दिल्ली की ओर से सेना के विरुद्ध खेलते हुए उन्होने 28 और अपराजित 12 रन बनाए थे। वे दाहिने हाथ के बल्लेबाज हैं। कवर में गेंद पीटना उनकी विशेषता है। 1960–61 में उनका खेल बहुत अच्छा था जबकि उन्होंने प्रति पारी 60·62 के औसत से रन बनाए थे। उसी वर्ष उन्होंने दक्षिण पंजाब के विरुद्ध 170 रन बनाए थे। इसके बाद वे कभी इतने रन नही बना सके। वे 1959-60 में आस्ट्रेलिया के विरुद्ध मद्रास में चौथे टैस्ट मे खेले थे। वे 1956–57 से 1959–60 तक दिल्ली विश्वविद्यालय की ओर से खेले थे जिसमें अन्तिम वर्ष में उन्होंने अपनी टीम का नेतृत्व किया था।

सुरती, रुसी फ्रेमरोज

एक उपयोगी, तेज और चुस्त सर्वोन्मुख खिलाड़ी श्री सूरती का जन्म 25 मई 1936 को सूरत में हुआ था। वे एक आक्रामक तेज बल्लेबाज हैं और उन्होंने अपनी बाईं भुजा से भीतर की ओर झूलती हुई गेंद फेंककर

कई बार भारत के आक्रमण को प्रारम्भ किया है। उन्होंने रणजी ट्रॉफी में 1956-57 में खेलना प्रारम्भ किया था और गुजरात की ओर से बम्बई के विरुद्ध खेलते हुए उन्होने 72 और 14 रन बनाए थे। वे 1959-60 और 1960-61 में राजस्थान की ओर से खेले थे। 1959-60 में उत्तर प्रदेश के विरुद्ध उन्होने अपराजित रहकर 246 रन बनाए थे; यही अब तक उनकी सर्वोच्च रन संख्या है।

उन्होने अब तक 11 टैस्ट मैच खेले हैं : पाकिस्तान के विरुद्ध 1960 में (2); वेस्टइंडीज के विरुद्ध 1962 में (5), इंग्लैंड के विरुद्ध 1964 में (1), आस्ट्रेलिया के विरुद्ध 1964 में (2) और न्यूजीलैंड के विरुद्ध 1965 में (1), टैस्टों में उनकी सर्वोच्च रन संख्या 64 रही है जो उन्होने 1960-61 मे पाकिस्तान के विरुद्ध बनाई थी और उनकी सर्वोत्तम गेंदबाजी 1964 में आस्ट्रेलिया के विरुद्ध रही है जबकि उन्होने 38 रन देकर 3 विकेट लिए थे।

वे 1953-54 और 1954-55 में अखिल भारतीय स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता मे बम्बई और पश्चिम क्षेत्र स्कूलों की ओर से खेले थे। एक व्यावसायिक खिलाड़ी के रूप में उन्होने 1959 और 1961 मे लंकाशायर लीग में हेसलिंग्डन की सहायता की थी। वे टाटा उद्योग बम्बई मे काम करते हैं।

स्वामी वी० एन०

दाहिनी भुजा के मध्यम गति के तेज गेंदबाज और दाहिने हाथ के बल्लेबाज, श्री स्वामी रणजी ट्रॉफी में सेना की ओर से खेलते थे। वे 1955 मे हैदराबाद मे न्यूजीलैंड के विरुद्ध प्रथम टैस्ट में खेले थे और श्री फडकर के साथ भारत की ओर से गेंदबाजी शुरू की थी परन्तु कोई विकेट नहीं ले सके।

उनका जन्म 23 मई 1924 को हुआ था।

सेन, प्रोबीर

दाहिने हाथ के बल्लेबाज श्री सेन भारत के सर्वश्रेष्ठ विकेट रक्षकों मे से हैं। उनका जन्म 31 मई 1925 को हुआ था। उन्होने रणजी ट्रॉफी मे खेलना 1943 में शुरु किया और दूसरे मैच में होल्कर के विरुद्ध एक शतक बनाया। रणजी ट्रॉफी की 59 पारियों में उन्होने 30·44 रन प्रति पारी के औसत से 1796 रन बनाए हैं। उनकी सर्वोच रन संख्या 168 है जो उन्होने 1950-51 में बिहार के विरुद्ध बनाई थी।

उन्होने 14 टैस्ट मैच खेले हैं: 1647-48 मे आस्ट्रेलिया के विरुद्ध (3); 1948 में वेस्टइंडीज के विरुद्ध (5); इंग्लैंड के विरुद्ध

1951–52 में (2), 1952 में (2), और पाकिस्तान के विरुद्ध (2)। उन्होंने 1947–48 मे आस्ट्रेलिया और 1952 मे इंग्लैंड का दौरा किया था। 1951–52 मे इंग्लैंड के विरुद्ध मद्रास में खेले गए पांचवें टैस्ट में भारत को जिताने में उनका बहुत बड़ा हाथ था क्योंकि उन्होंने 5 बल्लेबाजों को स्टम्प आउट कर दिया था। 1952–53 में उन्होंने पाकिस्तान के विरुद्ध 25 रन बनाए थे; टैस्ट मैच में वे ही उनके सर्वोच्च रन हैं। वे सिलवर जुबली ओवरसीज टीम के विरुद्ध एक अनौपचारिक टैस्ट में खेले थे।

सेनगुप्ता, ए० के०

दाहिने हाथ के बल्लेबाज और दाहिनी भुजा के गेंदबाज श्री सेनगुप्ता का जन्म 3 अगस्त 1939 को लखनऊ में हुआ था। 1958-59 में वेस्टइंडीज की शक्तिशाली टीम के विरुद्ध अपराजित शतक बनाकर श्री सेनगुप्ता ने प्रथम श्रेणी के क्रिकेट में बड़ी शान के साथ प्रवेश किया। इसी खेल के आधार पर उन्हें उस वर्ष एक टैस्ट मैच में भी खिलाया गया था। उसी वर्ष उन्होंने रणजी ट्रॉफी में भी प्रथम प्रवेश किया और दिल्ली के विरुद्ध खेलते हुए उन्होंने 32 रन पर 6 विकेट गिराकर अपना शानदार खेल दिखाया। अगले वर्ष उन्होंने रणजी ट्रॉफी में कुल 419 रन बनाए और बम्बई के विरुद्ध 146 रन बनाकर अपराजित रहे। यही उनकी सर्वोच्च रन संख्या रही है। वे 1958-59 में राष्ट्रीय रक्षा अकादमी की टीम को श्री लंका ले गए थे और वहाँ लगातार तीन मैचों मे उन्होंने शतक जमाए थे।

वे भारतीय सेना में अधिकारी हैं।

सोहनी, एस० डब्लू०

दाहिने हाथ के आक्रामक बल्लेबाज और दाहिनी भुजा के मध्यम गति के तेज गेंदबाज श्री सोहनी ने रणजी ट्रॉफी में 2000 से ऊपर रन बनाए हैं और वे 100 से ऊपर विकेट ले चुके हैं। वे बम्बई और महाराष्ट्र की ओर से खेलते थे। उन्होंने अपनी 66 पारियों में, चार बार अपराजित रहकर 34.87 रन प्रतिपारी के औसत से कुल 2162 रन बनाए हैं। गेंदबाजी में उन्होंने 24.49 रन प्रति विकेट के औसत से 3405 रन देकर 139 विकेट लिए हैं। 1940–41 मे उनका खेल चोटी पर था जब उन्होंने बम्बई के विरुद्ध 120, गुजरात के विरुद्ध अपराजित 134, पश्चिम भारत के विरुद्ध अपराजित 218 और मद्रास के विरुद्ध 104 रन बनाए थे। 1948 में उन्होंने 15.12 रन प्रति विकेट के औसत से 499 रन देकर 33 विकेट लिए थे।

वे भारतीय टीम के साथ 1946 में इंग्लैंड और 1947-48 में आस्ट्रेलिया गए थे। वे चार टैस्ट मैचों खेले हैं: इंग्लैंड के विरुद्ध 1946 में

(2), 1951–52 में (1) और आस्ट्रेलिया के विरुद्ध 1947–48 में (1)। कुल 7 टैस्ट पारियों में, दो बार अपराजित रह कर, उन्होंने 18·60 रन प्रति पारी के औसत से 93 रन बनाए हैं।

उनका जन्म 5 मार्च 1918 को हुआ था। अपने 47 वें जन्मदिन को दिल्ली मे अन्तर राज्य सचिवालय क्रिकेट प्रतियोगिता में मद्रास के विरुद्ध महाराष्ट्र की ओर से खेलते हुए, उन्होंने केवल 6 रन देकर सभी देशों के बल्लेबाजों को परास्त कर दिया था।

वे महाराष्ट्र में सरकारी अधिकारी हैं।

हजारे, विजय सेमुअल

भारत के केवल एक ही क्रिकेट खिलाड़ी श्री हजारे को ही यह सौभाग्य मिला है कि वे जिस देश के विरुद्ध खेले, उसी के विरुद्ध उन्होंने शतक अवश्य बनाया। उन्होंने 1951–52 में इंग्लैंड के विरुद्ध नई दिल्ली में अपराजित 164 और बम्बई में 155, आस्ट्रेलिया के विरुद्ध एडीलेड में 116 और 145; वेस्टइण्डीज के विरुद्ध बम्बई में (पाँचवें टैस्ट में) 122 और (दूसरे टैस्ट में) अपराजित 134 और 1952 में पाकिस्तान के विरुद्ध बम्बई में अपराजित 146 रन बनाए थे। केवल वे ही एक ऐसे भारतीय खिलाड़ी हैं जिन्होंने प्रत्येक टैस्ट पारी में शतक बनाया है। भारतीय खिलाड़ियों में केवल उन्हें ही दो पारियों में 300 से ऊपर रन बनाने का सौभाग्य मिला है। उन्होंने रणजी टॉफी में 6312 से ऊपर रन बनाए हैं, और 291 से ऊपर विकेट गिराए हैं। ऐसा और कोई खिलाड़ी नहीं कर पाया है। रणजी ट्रॉफी में उन्हें सबसे अधिक शतक (22) बनाने का गौरव प्राप्त है। उन्होंने 1946–47 में होल्कर के विरुद्ध गुलमोहम्मद के साथ चौथे विकेट की साझेदारी में 577 रन बनाए थे। सारे संसार में प्रथम श्रेणी के क्रिकेट के इतिहास में अब तक किसी भी विकेट की साझेदारी मे इतने रन नहीं बन सके हैं। उनका यह कीर्तिमान उनके कीर्तिदीप को कभी बुझने न देगा। प्रथम श्रेणी के क्रिकेट में उन्होंने भारतीय खिलाड़ियो में सबसे अधिक शतक बनाए हैं।

श्री हजारे का जन्म सांगली (महाराष्ट्र) में 11 मार्च 1915 को हुआ था। वे दाहिने हाथ से पूरी सुरक्षा के साथ खेलते हुए गेंद पीटने पर बहुत जोर रखते हैं। वे दाहिनी भुजा से मध्यम तेज गेंदबाजी करते हैं। वे भारत के एक सर्वश्रेष्ठ सर्वोन्मुख खिलाड़ी रह चुके हैं। प्रथम श्रेणी के क्रिकेट में उनका प्रथम प्रवेश 1934–35 में हुआ था जब कि वे बम्बई के विरुद्ध महाराष्ट्र की ओर से खेले थे। वे 1935–36 से 1938–39 तक मध्य भारत की ओर से खेलते रहे, तदुपरान्त 1938–39 से 1940–41 तक फिर महाराष्ट्र

की ओर से खेले और अन्त में 1941–42 से 1960–61 तक जब कि उन्होंने खेल से पूरी छुट्टी ली, वे बड़ोदा की ओर से खेले । 1950-51 से 1955–56 तक वे बड़ोदा के कप्तान रहे । रणजी ट्राफी में उनका खेल सर्वोत्कृष्ट रहा : कुल 103 पारियों में, 12 बार अपराजित रहकर, उन्होंने 69 36 रन प्रति पारी की औसत से 6312 रन बनाए । उनकी सर्वोच्च रन संख्या अपराजित 316 रही जो उन्होंने 1939 में बड़ोदा के विरुद्ध महाराष्ट्र की ओर से खेलते हुए बनाई थी । उन्होंने 1946 में होल्कर के विरुद्ध बड़ोदा के लिए 288 रन; 1954 मे गुजरात के विरुद्ध बड़ोदा के लिए अपराजित 204 रन, और 1957 में सेना के विरुद्ध बड़ौदा के लिए 203 रन बनाए थे । अपनी कुल गेंदबाजी मे उन्होंने 19·87 प्रति विकेट की औसत से 5785 रन देकर 219 विकेट लिए हैं । उनकी सर्वोत्तम गेंदबाजी 1946 मे महाराष्ट्र के विरुद्ध रही जबकि उन्होंने बड़ोदा की ओर से खेलते हुए 90 रन देकर 8 विकेट गिराए थे ।

बम्बई पंचकोणीय प्रतियोगिता में 'शेष' की ओर से खेलते हुए, श्री हजारे ने अपनी विद्युतीय बल्लेबाजी से सारे देश को चकाचौंध कर दिया । इस प्रतियोगिता में सर्वाधिक रन बनाने का उनका कीर्तिमान अभी तक अटूट है । उन्होने 1943 में हिन्दू क्लब के विरुद्ध 309 रन बनाए थे । अभी तक कोई भी बल्लेबाज इस प्रतियोगिता मे 300 से ऊपर नहीं पहुँचा । उन्होंने 1943 मे मुस्लिम क्लब के विरुद्ध 248; 1940 में यूरोपीय क्लब के विरुद्ध 1८2; और 1941 में मुस्लिम क्लब के विरुद्ध अपराजित 101 रन बनाए थे । इस टूर्नामेंट में उन्होंने 1943 में हिन्दू क्लब के विरुद्ध अपने भाई श्री वी० के० हजारे के साथ खेलते हुए छठे विकेट की साझेदारी में 300 रन बनाए थे । यह साझेदारी इस टूर्नामेंट में किसी भी विकेट की सर्वोत्तम साझेदारी है ।

श्री हजारे ने 30 टैस्ट मैच खेले हैं : इंग्लैंड के विरुद्ध 1946 (3); 1951–52 (5) कप्तान; 1952 (4) कप्तान; आस्ट्रेलिया के विरुद्ध 1947–48 (5); वेस्टइण्डीज के विरुद्ध 1948–49 (5); 1952–53 (5) कप्तान और पाकिस्तान के विरुद्ध 1952 (3) । अपनी 52 टैस्ट पारियों में, 6 बार अपराजित रहकर, उन्होंने प्रतिपारी 47·65 रन के औसत से, कुल 2192 रन बनाए हैं । गेंदबाजी मे उन्होंने 1220 रन देकर 20 विकेट लिए हैं ।

श्री हजारे ने लार्ड टेनीसन की टीम के विरुद्ध (3), आस्ट्रेलिया की सेना की टीम के विरुद्ध (3), कॉमनवेल्थ प्रथम के विरुद्ध (5), कॉमनवेल्थ द्वितीय के विरुद्ध (5) और सिलवर जुबली ओवरसीज टीम के विरुद्ध (3) अनौपचारिक टैस्ट खेले हैं । इन टीमों के विरुद्ध भी उन्होंने काफी

बढ़िया बल्लेबाजी की थी, जैसे कॉमनवेल्थ प्रथम के विरुद्ध अपराजित 175 और कॉमनवेल्थ द्वितीय के विरुद्ध 144, 115 और 134 रन।

सभी प्रथम श्रेणी के मैचों में उन्होंने कुल मिलाकर, 55·99 प्रति पारी के औसत से, 16071 रन बनाए हैं, तथा 24·86 रन प्रति विकेट के औसत से रन देकर 507 विकेट लिए हैं।

एक व्यावसायिक खिलाड़ी के रूप में, वे 1949 और 1955 में रौटैंस्टाल की ओर से लंकाशायर लीग में, और 1950 तथा 1951 में रॉयटन की ओर से सेण्ट्रल लंकाशायर लीग में खेल चुके हैं। 1960–61 में वे भारतीय टैस्ट चयन समिति के अध्यक्ष रहे हैं।

भारत सरकार ने उन्हें 1960 में 'पद्म श्री' से विभूषित किया था। वे महाराजा बड़ौदा के परिसहायक (ए डी सी) और बड़ौदा क्रिकेट संघ के अवैतनिक सचिव हैं।

हनुमन्त सिंह

आज भारत के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज श्री हनुमन्त सिंह उन बहुत थोड़े-से खिलाड़ियों में से एक हैं जिन्होंने अपने पहले ही टैस्ट मैच में शतक के साथ प्रवेश किया था। वे दाहिने हाथ के शक्तिशाली बल्लेबाज और दाहिनी भुजा के लेगब्रेक गेंदबाज हैं। उनका जन्म 29 मार्च 1939 को हुआ था और उन्होंने प्रथम श्रेणी के क्रिकेट में 1956–57 में प्रवेश किया जबकि उन्होंने राजस्थान के विरुद्ध मध्यप्रदेश की ओर से खेलते हुए 14 और अपराजित 61 रन बनाए थे। वे राजस्थानी हैं और 1957–58 से लगातार राजस्थान की ओर से खेल रहे हैं। उन्होंने रणजी ट्रॉफी में 2000 से ऊपर रन बना लिए हैं। उनकी सर्वोच्च रन संख्या अपराजित 200 है जो उन्होंने 1961–62 में उत्तर प्रदेश के विरुद्ध बनाई थी। 1963–64 मे उन्होंने रणजी ट्रॉफी की 9 पारियों में, तीन बार अपराजित रहकर, 90·33 के औसत से 542 रन बनाए थे। उनकी सर्वोत्तम गेंदबाजी 1959–60 में रही जबकि उन्होंने मध्यप्रदेश को 48 रन देकर उनके 5 विकेट गिरा दिए थे।

दलीप ट्रॉफी मे वे मध्य क्षेत्र की ओर से नियमित रूप से खेल रहे हैं। 1962–63 मे उन्होंने दक्षिण क्षेत्र के विरुद्ध जो शानदार शतक बनाया था उसके अलावा वे 1964-65 में फिर उसी क्षेत्र के विरुद्ध हैदराबाद में शानदार दोहरा शतक बनाने में सफल हुए।

वे 1964 में इंग्लैंड के विरुद्ध दिल्ली में अपना पहला टैस्ट मैच खेले और उसमें उन्होंने अपने चकाचौंध करने वाले शतकीय प्रहारों से दर्शकों का मन मोह लिया। उसी वर्ष मद्रास में आस्ट्रेलिया के विरुद्ध पहला टैस्ट खेलने का उन्हें अवसर मिला और उन्होंने फिर अपना शानदार खेल दिखाया, यद्यपि

वे केवल 6 रन से अपना शतक चूक गए। बंगलौर में श्री लंका के विरुद्ध प्रथम अनौपचारिक टैस्ट में उन्होंने अपराजित रहकर 149 रन बनाए थे और हैदराबाद में दूसरे टैस्ट में उन्होंने 98 रन लिए। न्यूजीलैंड के विरुद्ध तीसरे टैस्ट मे वे 75 रन बनाकर अपराजित रहे और चौथे टैस्ट में 82 रन बना सके।

वे 1958-59 और 1959-60 में विक्रम विश्वविद्यालय और 1960-61 मे दिल्ली विश्वविद्यालय की ओर से खेले थे।

वे बांसवाड़ा के राजकुमार हैं और स्टेट बैंक आफ इण्डिया, बम्बई में एक पदाधिकारी हैं।

हार्डीकर, मनोहर एस०

श्री हार्डीकर का जन्म 8 फरवरी 1936 को बड़ौदा में हुआ था। वे दाहिने हाथ के बल्लेबाज और दाहिनी भुजा से मध्यम गति से गेंद फेंकने वाले गेंदबाज हैं। रणजी ट्रॉफी तथा टैस्ट क्रिकेट में भी उनका प्रथम प्रवेश बहुत प्रभावशाली रहा। 1955-56 में गुजरात के विरुद्ध बम्बई की ओर से खेलते हुए उन्होंने 52 रन बनाए थे और 48 रन देकर 4 विकेट तथा 30 रन देकर 3 विकेट लिए थे। टैस्ट में तो पहले ही ओवर में उन्हें एक विकेट लेने का सौभाग्य मिला। परन्तु वे केवल दो टैस्टों में ही खेल सके: 1958-59 में वेस्टइण्डीज के विरुद्ध दो बार। उनके सबसे अधिक रन 32 रहे।

रणजी ट्रॉफी में वे एक हजार से ऊपर रन बना चुके हैं। 1956-57 में गुजरात के विरुद्ध उन्होंने अपने सबसे अधिक रन 204 बनाए हैं। उनकी सर्वोत्तम गेंदबाजी 1955-56 में बंगाल के विरुद्ध रही जबकि उन्होंने 39 रन देकर 8 विकेट गिराए थे।

1953-54 से 1956-57 तक वे बम्बई विश्वविद्यालय की ओर से खेलते रहे और 1956-57 में वे अपनी टीम के कप्तान भी रहे। 1957-58 में वे एक व्यावसायिक खिलाड़ी के रूप मे हेवरिंग क्लब की ओर से उत्तर लंकाशायर लीग में भी खेले थे।

वे चश्मा लगाकर खेलते हैं। वे रिजर्व बैंक आफ इण्डिया, बम्बई मे कर्मचारी हैं।

हिंडलेकर, डी० डी०

श्री हिंडलेकर का जन्म 1 जनवरी 1909 को हुआ था। वे गुरुत्वाकर्षक ढंग से खेलने वाले भारत के श्रेष्ठ विकेट रक्षक और पारी प्रारम्भ करने वाले विश्वसनीय बल्लेबाज थे। 1936 में जब वे इंग्लैंड में भारत की ओर से

खेले तो उन्होंने अपने शानदार विकेट रक्षण से दर्शकों को प्रभावित कर दिया। वे 1946 में इंग्लैंड के दौरे पर जाने वाली भारतीय टीम के भी सदस्य थे।

1936 में इंग्लैंड के विरुद्ध टैस्ट में उन्होंने 26 और 17 रन बनाए थे और तीनों टैस्टों में खेले थे। वे लार्ड टेनीसन की टीम के विरुद्ध भी खेले थे। बम्बई चतुष्कोणीय और पंचकोणीय प्रतियोगिताओं में वे हिन्दू क्लब की ओर से खेलते थे। उन्होंने अपनी सर्वोत्तम बल्लेबाजी 1936 में मुस्लिम क्लब के विरुद्ध दिखाई थी जबकि उन्होंने 135 रन बनाए थे।

वे 1934–35 से 1945–46 के बीच रणजी ट्रॉफी में बम्बई की ओर से खेलते रहे और उसमें उन्होने 34 पारियों में कुल 577 रन बनाए। इस टूर्नामेंट में उन्होने अधिक से अधिक 54 रन दो बार यानी 1935–36 में मद्रास के विरुद्ध और 1937-38 में नवानगर के विरुद्ध बनाए थे। 1934–35 में उन्होंने विकेट रक्षण करते हुए, पश्चिम भारत के 6 बल्लेबाजों को, विकेट के पीछे लपक लिया था।

उनकी मृत्यु 30 मार्च 1949 को हुई।

एम.सी.सी.की टीम भारत में 1926-27

भारत, वर्मा और श्रीलंका का भ्रमण करने वाला अंग्रेज क्रिकेट खिलाड़ियों का चौथा दल 16 अक्टूबर, 1926 को कराची पहुँचा जिसके निम्नलिखित सदस्य थे :

1. ए. ई. आर. गिलीगन (कप्तान)
2. एम. डब्लू. टेट
3. ए. सेन्डम
4. जी. एफ. अर्ले
5. एम. एल. हिल
6. जी. गियेरी
7. इ. डब्लू. एस्टिल
8. जे. ब्राउन
9. जी. एस. बोयज
10. आर. सी. चीचेस्टर कॉन्स्टेबल
11. आर. ई. एस. वायट
12. पी. टी. ऐकेर्सली
13. जे. एच. पारसन्स
14. जे. मरसर
15. एम. लीलैण्ड
16. ए. डोलफिन

पटियाला नरेश सर भूपेन्द्र सिंह जी ने अतिथि टीम की ओर से कतिपय मैचों में भाग लेकर 6 पारी में 75 रन बनाये।

इस टीम ने 31 मैच खेले जिनमें नौ मैचों में वे विजयी रहे और शेष मैचों में हार-जीत का फैसला नहीं हो सका। खेले गये मैचों का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है :

कराची में :

1. पारसी मुसलिम एकादश के विरुद्ध : एम. सी. सी. : 339 और 4 विकटों पर 77 रन। पारसी-मुसलिम एकादश : 187 और 3 विकटों पर 138 रन। मैच में हार-जीत का फैसला नहीं हो सका।
2. हिन्दू व शेष संयुक्त एकादश के विरुद्ध : हिन्दू व शेष संयुक्त एकादश :

इंग्लैंड का 1911 में भ्रमण करने वाली पटियाला के महाराजा की भारतीय क्रिकेट टीम

•

भारत का 1926–27 में भ्रमण करने वाली एम. सी. सी. टीम

भूमि पर : पी. टी. ऐकेर्सली और आर. ई. एस. वायट

कुर्सी पर : जे. एच. पारसन्स, आर. सी. चीचेस्टर कॉन्स्टेबल, ए. इ. आर. गिलीगन (कप्तान) इ. डब्लू. एस्टिल और जी. एफ. अर्ल।

खड़े हुए : जे. मरसर, जे. ब्राउन, ए. सेन्डम, जी. गियेरी, एम. एल. हिल, जी. एस. बोयज और एम. डब्लू. टेट।

इंग्लैंड को 1932 में भ्रमण करने वाली भारतीय टीम

र पर : जे. नाऊमल, एस. एच. एम. कोल्हा और एन. डी. मार्शल ।
ीं पर एस. वजीर अली, सी. के. नायुड़, इ. डब्लू. सी. रिकेट्स (प्रबन्धक), पोरबन्दर के महाराजा नटवर सिहजी (कप्तान), घनश्याम सिहजी (उप-कप्तान), एस. नजीर अली और एस. जोगेन्द्र सिह ।
हुए : लालसिह, पी. ई. पालिया, एम. जहांगीर खां, मोहम्मद निसार, एल. अमरसिह, बी. ई. कापडिया, एस. आर. गोदाम्बे, गुलाम मोहम्मद और जे. जी. नवले ।

भारत का 1933-34 में भ्रमण करने वाली एम. सी. सी. टीम

: ए. एच. वेकवेल्म और आर. जे. ग्रिगरी ।
एम. एस. निकल्स, जे. एच. ह्यू मन, सी. एफ. वालटर्स (उप-कप्तान), डी. आर. जारडीन (कप्तान), बी. एच. वेलेनटाइन, सी. मेरियट और एच. वेरीटी ।
एच. इलियट, एम. एस. टाउनसेंड, ई. डब्लू. क्लार्क, ई. डब्लू. सी. रिकेट्स, (प्रबन्धक)

335। एम. सी. सी. : 5 विकटों पर 249। मैच में हार-जीत का फैसला नहीं हो सका।

3. सिन्ध निवासी यूरोपियों के विरुद्ध : एम. सी. सी. 377 और 3 विकटों पर 139. सिन्ध निवासी यूरोपीय : 151. मैच मे हार-जीत का फैसला नहीं हो सका।
4. अखिल कराची एकादश के विरुद्ध : एम. सी. सी. . 517. अखिल कराची एकादश : 129 और 240. एम. सी. सी. एक पारी और 148 रनों से विजयी।

रावलपिंडी में :

5. पिंडी स्थित यूरोपियों के विरुद्ध : एम. सी. सी. 8 विकटों पर 432 और पारी समाप्ति की घोषणा और 5 विकटों पर 185 और पारी समाप्ति की घोषणा। पिंडी स्थित यूरोपीय : 145 और 1 विकेट पर 75। मैच में हार-जीत का फैसला नही हो सका।
6. रावलपिंडी व उत्तर-पश्चिमी सीमान्त एकादश के विरुद्ध : रावलपिंडी व उत्तर-पश्चिमी सीमान्त एकादश : 195 और 3 विकटों पर 108. एम. सी. सी. 4 विकटों पर 330 और पारी समाप्ति की घोषणा। मैच में हार-जीत का फैसला नही हो सका।

लाहौर में :

7. उत्तर भारत के विरुद्ध : उत्तर भारत : 100 और 101. एम. सी. सी. : 6 विकटों पर 333 और पारी समाप्ति की घोषणा। एम.सी. सी. एक पारी और 132 रनों से विजयी।
8. भारतीय सेना के विरुद्ध : सेना : 73 और 5 विकटो पर 212. एम. सी. सी. : 6 विकटों पर 252 और पारी समाप्ति की घोषणा। मैच में हार-जीत का फैसला नही हो सका।
9. दक्षिणी पंजाब के विरुद्ध : एम. सी. सी. : 285. दक्षिणी पंजाब : 81 और 9 विकटों पर 148. मैच मे हार-जीत का फैसला नहीं हो सका।

अजमेर में :

10. राजपुताना व मध्य भारत संयुक्त एकादश के विरुद्ध : राजपुताना व मध्य भारत : 123. और 47. एम. सी. सी. : 337. एम. सी. सी. एक पारी और 167 रनो से विजयी।
11. राजपुताना व बी. बी. एंड सी. आई. रेलवे संयुक्त एकादश के विरुद्ध : राजपुताना व बी. बी. एंड सी. आई. रेलवे : 155 और 4 विकटों

पर 126. एम. सी. सी. : 287. मैच में हार-जीत का फैसला नहीं हो सका।

बम्बई में :

12. हिन्दू जीमखाना के विरुद्ध : एम. सी. सी. : 356 और 1 विकेट पर 74 रन। हिन्दू जीमखाना : 363 रन। मैच में हार-जीत का फैसला नही हो सका।
13. यूरोपीय पारसी एकादश के विरुद्ध : एम. सी. सी. : 334 और 135. यूरोपीय-पारसी एकादश : 252. मैच में हार-जीत का फैसला नही हो सका।
14. हिन्दू-मुसलिम एकादश के विरुद्ध : हिन्दू-मुसलिम एकादश : 167 और 4 विकटों पर 148. एम. सी. सी. : 324. मैच में हार-जीत का फैसला नही हो सका।
15. बम्बई प्रान्त के विरुद्ध : बम्बई प्रान्त : 115 और 203. एम. सी. सी. : 435. एम. सी. सी. एक पारी और 117 रनों से विजयी।
16. अखिल भारतीय एकादश के विरुद्ध : एम सी. सी. : 362 और 5 विकटों पर 97. अखिल भारतीय एकादश : 437. मैच मे हार-जीत का फैसला नही हो सका।

कलकत्ता में :

17. बगाल निवासी अंग्रेजो के विरुद्ध : बंगाल निवासी अंग्रेज : 7 विकटों पर 152 और पारी समाप्ति की घोषणा। एम. सी. सी : 5 विकटों पर 102. मैच में हार-जीत का फैसला नही हो सका।
18. अखिल भारतीय एकादश के विरुद्ध : अखिल भारतीय एकादश : 146 और 269. एम. सी. सी. 233 और 6 विकटो पर 185. एम. सी. सी. चार विकटों से विजयी।
19. आंग्ल-भारतीयों व भारतीयों के विरुद्ध : एम. सी. सी. : 2 विकटों पर 222 और पारी समाप्ति की घोषणा। भारतीय टीम : 103. मैच में हार-जीत का फैसला नही हो सका।

रंगून में :

20. रंगून जीमखाना के विरुद्ध : एम. सी. सी. : 6 विकटों पर 381 और पारी समाप्ति की घोषणा। रंगून जीमखाना : 173 और 5 विकटों पर 211. मैच मे हार-जीत का फैसला नही हो सका।
21. अखिल बर्मा के विरुद्ध : अखिल बर्मा : 144 और 137.

एम. सी. सी. : 276 और बिना विकेट खोये 7 रन। एम. सी.सी. दस विकटों से विजयी।

मद्रास में :

22. भारतीय एकादश के विरुद्ध : भारतीय टीम : 238. एम. सी. सी. 244. मैच में हार-जीत का फैसला नहीं हो सका।
23. अखिल मद्रास एकादश के विरुद्ध : एम. सी. सी. : 361 और 7 विकटों पर 233 रन और पारी समाप्ति की घोषणा। मद्रास : 256 और 127. एम. सी. सी. 211 रनों से विजयी।

श्रीलंका में :

24. श्रीलंका निवासी यूरोपियों के विरुद्ध : श्रीलंका निवासी यूरोपीय : 154 और 4 विकटों पर 194. एम. सी. सी. : 419. मैच में हार-जीत का फैसला नही हो सका।
25. श्रीलंकावासियों के विरुद्ध : श्रीलंकावासी : 165 और 8 विकटो पर 190. एम. सी. सी. : 483. मैच में हार-जीत का फैसला नही हो सका।
26. अपकंट्री के विरुद्ध : एम. सी. सी. : 223 और 1 विकेट पर 74. अप-कंट्री : 66. मैच में हार-जीत का फैसला नही हो सका।
27. अखिल श्रीलका के विरुद्ध : एम. सी. सी. : 8 विकटों पर 431 और पारी समाप्ति की घोषणा। अखिल श्रीलंका : 105 और 235. एम. सी. सी. एक पारी और 91 रनों से विजयी।

अलीगढ़ में :

28. एम. ए. ओ. कालेज के विरुद्ध : एम. ए. ओ. कालेज : 86 और 97. एम. सी. सी. : 197. एम सी. सी. एक पारी और 14 रनों से विजयी।

दिल्ली में :

29. दिल्ली व जिला एकादश के विरुद्ध : एम. सी सी. : 232. दिल्ली व जिला : 9 विकटों पर 92. मैच में हार-जीत का फैसला नहीं हो सका।
30. उत्तर भारत के विरुद्ध : एम. सी. सी. 9 विकटों पर 369 और पारी समाप्ति की घोषणा। उत्तर भारत : 185 और एक विकेट पर 260. मैच मे हार-जीत का फैसला नहीं हो सका।

पटियाला में :

31. पटियाला एकादश के विरुद्ध : पटियाला एकादश : 4 विकटों पर 303 और पारी समाप्ति की घोषणा। एम. सी. सी. : 9 विकटों पर 252. मैच में हार-जीत का फैसला नही हो सका।

इस मैच-शृंखला मे निम्नलिखित खिलाड़ियों ने अपने शतक पूरे किये :

एम. सी. सी. की ओर से :

ए सेन्डम (8)

129 वि० हिन्दू व शेष एकादश, कराची में।
150 वि० रावलपिंडी व उत्तर-पश्चिम सीमान्त, रावलपिंडी मे।
141* वि० भारतीय सेना, लाहौर में।
103 वि० राजपुताना व बी. बी. एंड सी. आई. रेलवे, अजमेर में।
124 वि० बम्बई प्रान्त, बम्बई में।
112* वि० भारतीय और आंग्ल भारतीय, कलकत्ता में।
112 वि० बंगाल निवासी यूरोपीय, कलकत्ता में।
108 वि० अप-कंट्री, श्रीलंकावासी, दिलकोया मे।

आर. ई. एस. वायट (5)

125* वि० संयुक्त एकादश, रावलपिंडी मे।
130* वि० उत्तर भारत, लाहौर में।
138 वि० बम्बई प्रान्त, बम्बई में।
124 वि० श्रीलंकावासी, कोलम्बो में।
101 वि० अखिल श्रीलंका, कोलम्बो में।

एम. डब्लू. टेट (3)

103 वि० संयुक्त एकादश, रावलपिंडी में।
133 वि० यूरोपियन-पारसी, बम्बई मे।
121 वि० श्रीलंकावासी, कोलम्बो में।

जे. एच. पारसन (2)

139 वि० संयुक्त एकादश, कराची मे।
160 वि० रंगून जीमखाना, रंगून में।

जी. एफ. अर्ल (1)

130 वि० हिन्दू जीमखाना, बम्बई में।

एम. सी सी. के विरुद्ध :

सी. के. नायडू

153 हिन्दू जीमखाना की ओर से बम्बई में

डी. बी. देवधर

148 अखिल भारतीय टीम की ओर से, बम्बई में।

एस. वजीर अली

113* उत्तर भारत की ओर से, दिल्ली मे और

149 पटियाला नरेश एकादश की ओर से, पटियाला में।

एम. सी. सी. के निम्नलिखित बल्लेबाजो ने इस भ्रमण में अपने हजार रन पूरे किए :

1. ए. सेन्डम ... 1977 रन। बल्लेबाजी मे इनका औसत 86.17 रन प्रति पारी रहा जो सर्वोच्च था।
2. आर. ई. एस. वायट .... 1821 रन।
3. जे. एच. पारसन्स ... 1303 रन।
4. एम. डब्लू. टेट ... 1249 रन।

एम डब्लू. टेट ने 1721 रन देकर 128 विकट लिये। उनका औसत 13.44 रन प्रति विकेट रहा और इस प्रकार उन्होंने "क्रिकेटियर्स डबल" (क्रिकेटियर-युगल) पूरा किया।

---

* अपराजित।

लीटन में : मई 28, 29 और 31 को

इसेक्स : 169 (अमरसिंह ने 49 रन देकर 5 विकटें लीं) और एक विकेट पर 142 (क्रौले 77*)। भारत : 7 विकटों पर 307 और पारी समाप्ति की घोषणा (वजीर अली 100, सी० के० नायुडु 82)। मैच में हार-जीत का फैसला नहीं हो सका।

नॉरविच में : जून 2 और 3 को

भारत : 101 और 9 विकटों पर 204 और पारी समाप्ति की घोषणा (पालिया 56) नॉरफोक : 49 (निसार ने 14 रन देकर 6 विकटें लीं) और 128 (निसार ने 43 रन देकर 8 विकटें लीं)। भारत 128 रनों से विजयी।

कीटरिंग में : जून 4, 6 और 7 को

नार्थम्पटनशायर : 155 (गुलाम मोहम्मद ने 45 रन देकर 5 विकटें लीं) और 151 (स्नोडेन 51)। भारत : 279 (सी० के० नायुडु 80, कोल्हा 63) और बिना विकेट खोये 29। भारत दस विकटों से विजयी।

केम्ब्रिज में : जून 8, 9 और 10 को

केम्ब्रिज विश्वविद्यालय : 92 (अमरसिंह ने 30 रन देकर 5 विकटें लीं) और 274 (रेटक्लिफ 112*, हेडिंगम 80, अमरसिंह ने 70 रन देकर 6 विकटें लीं) भारत : 308 (कोल्हा 96, राउट ने 71 रन देकर 5 विकटें लीं) और एक विकेट पर 59। भारत 9 विकटों से विजयी।

लिवरपूल में : जून 11, 13 और 14 को

भारत : 493 (अमरसिंह 131*, सी० के नायुडु 125, जहांगीर खाँ 68, नवले 64) और 2 विकटों पर 36. लंकाशायर : 399 (पेंटर 153, टायडस्ली 78)। मैच मे हार-जीत का फैसला नहीं हो सका।

लिंकन में : जून 15 और 16 को

इस्टर्न काउंटीज : 122 और 173 (एस० डी० रोड्स 90)। भारत : 7 विकटों पर 424 और पारी समाप्ति की घोषणा (मार्शल 146, घनश्यामसिंह जी 100*, वजीर अली 64)। भारत एक पारी और 129 रनों से विजयी।

---

* अपराजित

वूर्सेस्टर में : जून 18, 20 और 21 को

वूर्सेस्टरशायर : 294 (पटौदी के नवाब 83, गिबन्स 69, नाऊमल ने 68 रन देकर 5 विकटें ली) और 210 (राइट 86, अमरसिंह ने 78 रन देकर 7 विकटें ली)। भारत : 297 (नजीर अली 58, लालसिंह 52) और 7 विकटों पर209 (सी० के० नायुडू 61, नजीर अली 56)। भारत सात विकटो से विजयी।

ऑक्सफोर्ड में : जून 29 और 30 को

भारत : 373 (वजीर अली 155, निसार 53)
ऑक्सफोर्डशायर : 165 (अमरसिंह ने 50 रन देकर 5 विकटें ली)।
मैच में हार-जीत का फैसला नही हो सका।

नौटिंगम में : जुलाई 2, 4 और 5 को

नौटिंगम : 188 (अमरसिंह ने 55 रन देकर 7 विकटें ली और 288 (हेरिस 67, लिले 55, सी० के० नायुडू ने 95 रन देकर 5 विकटें ली) भारत : 125 (वोस ने 51 रन देकर 5 विकटें ली) और 127. भारत की 224 रनों से पराजय।

स्ट्रोक-इन-ट्रेन्ट में : जुलाई 6 और 7 को

स्टेफोर्डशायर : 209 (गेल 66) और 6 विकटों पर 142 और पारी समाप्ति की घोषणा (मेयर 57*) भारत : 162 (टेलर ने 61 रन देकर 7 विकटें ली) और 6 विकटों पर 94। मैच में हार-जीत का फैसला नही हो सका।

मैनचेस्टर में : जुलाई 9, 11 और 12 को

लंकाशायर : 7 विकटो पर 442 और पारी समाप्ति की घोषणा (टायडस्ले 196, वॉटसन 142) और 4 विकटों पर 27. भारत : 204 (कोल्हा 122, बटरवर्थ ने 85 रन देकर 6 विकटें ली) और 264 (नाऊमल 86)। भारत की 6 विकटों से पराजय।

हेरोगेट में : जुलाई 16, 18 और 19 को

भारत : 160 (वेरीटी ने 65 रन देकर 5 विकटें ली) और 68 (मेकॉले ने 21 रन देकर 8 विकटें ली)। यार्कशायर : 8 विकटों पर 161 और पारी समाप्ति की घोषणा (निसार ने 21 रन देकर 5 विकटें ली) और 4 विकटो पर 68। भारत की 6 विकटों से पराजय।

---

* अपराजित

लार्ड्स में : जुलाई 20, 21 और 22 को

भारत : 7 विकटों पर 409 और पारी समाप्ति की घोषणा (नाऊमल 164, सी० के० नायुडू 101, नजीर अली 55) और 2 विकटों पर 14. मिडलसेक्स : 253 (हेन्डरेन 51) और 292 (हर्न 60,हेन्डरेन 58, सी० के० नायुडू ने 53 रन देकर 5 विकटें ली)। भारत आठ विकटों से विजयी।

ब्रोरफ्टी फेरी में : जुलाई 23, 25 और 26 को

भारत : 146 (मेलविली ने 32 रन देकर 6 विकटें ली) और 245 (वजीर अली 126, ऐन्डरसन ने 51 रन देकर 6 विकटें ली)। स्काटलैण्ड : 81 और 110, भारत 200 रनों से विजयी।

न्यूकासल में : जुलाई 27 और 28 को

भारत : 101 (जे० ऐलन ने 32 रन देकर 5 विकटें ली) और 8 विकटों पर 138 और पारी समाप्ति की घोषणा। नार्थम्बरलैण्ड : 143 और 2 विकटों पर 45. मैच में हार-जीत का फैसला नही हो सका।

स्वान सी में : जुलाई 30, अगस्त 1 और 2 को

भारत : 229 (सी० के० नायुडू 67, मरसर ने 44 रन देकर 5 विकटें ली) और 87. ग्लेमोरगन : 81 (अमरसिंह ने 31 रन देकर 6 विकटें ली) और 181. भारत 34 रनों से विजयी।

बरमिंघम में : अगस्त 3, 4 और 5 को

भारत : 282 (नाऊमल 72, अमरसिंह 57, पेयनी ने 110 रन देकर 5 विकटें ली) और 7 विकटों पर 344 और पारी समाप्ति की घोषणा (वजीर अली 162, मार्शल 102*, जेरेट ने 158 रन देकर 5 विकटें ली)। वारविकशायर : 354 (वायर 83, किलनर 60, पारसन 53) और 3 विकटों पर 110। मैच में हार-जीत का फैसला नहीं हो सका।

ब्रिसटल में : अगस्त 6, 8 और 9 को

भारत : 236 (वजीर अली 82) और 390 (कोल्हा 94, जोगेन्द्रसिंह 79, अमरसिंह 63, गोडार्ड ने 115 रन देकर 6 विकटें ली। ग्लाउस्टरशायर : 230 (नायन 70, अमरसिंह ने 90 रन--देकर 8 विकटें ली) और 341 (डाको 95)। भारत 55 रनों ने विजयी।

वेस्टन-सुपर-मेयर में : अगस्त 10, 11 और 12 को

भारत : 285 (नाऊमल 81, नजीर अली 62) और 7 विकटों पर

---

* अपराजित

234 और पारी समाप्ति की घोषणा (सी० के० नायुडू 130*)। सोमरसेट 177 (निसार ने 45 रन देकर 6 विकटें ली) और 179। भारत 163 रनों से विजयी।

ओवल में : अगस्त 13, 15 और 16 को

सर्रे : 9 विकटों पर 387 और पारी समाप्ति की घोषणा (वाइटर फील्ड 101*, एम० ऐलम 60, पारकर 56*) और 3 विकटों पर 95 रन। भारत : 204 (नजीर अली 64, फेंडर ने 58 रन देकर 5 विकटें ली) और 8 विकटों पर 322 और पारी समाप्ति की घोषणा (नजीर अली 84, वजीर अली 82)। मैच मे हार-जीत का फैसला नही हो सका।

आइलोस्टन में : अगस्त 17, 18 और 19 को

डर्बीशायर 248 (डी० स्मिथ 87) और 168 (रिचार्डसन 56)। भारत 205 (नाऊमल 101, टी० मिचेल ने 77 रन देकर 5 विकटें ली) और 202। भारत की 9 रनो से पराजय।

लीस्टर में : अगस्त 20, 22 और 23 को

भारत : 7 विकटों पर 412 और पारी समाप्ति की घोषणा (वजीर अली 178, नाऊमल 63, पालिया 53)। लीस्टरशायर 106 (सी० के० नायुडू ने 21 रन देकर 5 विकटें ली) और 291 (स्लेरी 124*)। भारत की एक पारी और 15 रनो से विजय।

कैंटरबरी में : अगस्त 24, 25 और 26 को

कैंट : 295 (चेपमैन 96, वूले 68, निसार ने 92 रन देकर 6 विकटें ली) और 154 (पियर्स 65, अमरसिंह ने 57 रन देकर 5 विकटें ली)। भारत : 270 (सी० के० नायुडू 99) और 154 (फ्री मैन ने 69 रन देकर 6 विकटें ली)। भारत की 25 रनों से पराजय।

वेस्ट ब्रिजफोर्ड में : अगस्त 27 और 29 को

भारत : 152 (जहांगीर खाँ 63*) और 104। सर जूलियन कहान एकादश : 342 (न्यूमैन 97, मेक्सवेल 81, अमरसिंह ने 107 रन देकर 6 विकटें ली)। भारत की एक पारी और 86 रनों से पराजय।

ऑस्टरली पार्क में : अगस्त 31 और सितम्बर 1 को

भारत : 4 विकटों पर 343 और पारी समाप्ति की घोषणा (वजीर अली 141, सी० के० नायुडू 104*)। भारतीय जीमखाना : 320

---

* अपराजित

(टी० के० कॉन्ट्रेक्टर 80, एच० एस० मलिक 75, डी० लीवर्ज 58, ए० डीअवोनी 50, सी० के० नायुडू ने 81 रन देकर 5 विकटें लीं)। मैच में हार-जीत का फैसला नहीं हो सका।

फॉकस्टोन में : सितम्बर 3, 5 और 6 को

इंग्लैंड : 5 विकटों पर 282 और पारी समाप्ति की घोषणा(ऐम्स 105*, होन 67)। भारत : 165 और 77। भारत की एक पारी और 40 रनों से पराजय।

स्कारबॉरो में : सितम्बर 7, 8 और 9 को

एच० डी० जी० लिवीसन गोवर एकादश : 5 विकटों पर 305 और पारी समाप्ति की घोषणा (सटक्लिफ 106, लीलैण्ड 70) और बिना विकट खोये 99 (स्टेपल्स 58*)। भारत : 280 (अमरसिंह 107, वी० जप ने 86 रन देकर 5 विकटें लीं)। मैच में हार-जीत का फैसला नहीं हो सका।

टैस्ट मैच

भारत ने सबसे पहले टैस्ट मैच के लिए लार्ड्स के विख्यात मैदान में शनिवार, 25 जून, 1932 को प्रवेश किया और वह भी बहुत गौरव से। इन तीन दिनों में भारत ने, जो अभी क्रिकेट में दूध मुंहा बच्चा ही था, इंग्लैंड को लोहे के चने चबा दिये और अपनी इज्जत बचाने के लिये इंग्लैंड के खिलाड़ियों को अपनी पूरी शक्ति लगानी पड़ी। इंग्लैंड की क्या ही बढ़िया टीम थी। उसमें सटक्लिफ और होम्स का पारी प्रारम्भ करने वाला जमा हुआ जोड़ा जिसने पिछले सप्ताह ही इसेक्स के विरुद्ध प्रथम विकेट की साझेदारी में 555 रन बनाए थे; वूले, इंग्लैंड का सर्वश्रेष्ठ बायें हाथ से खेलने वाला बल्लेबाज; हेमंड, इंग्लैंड का हर क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी; जारडीन, संकट में काम आने वाला बल्लेबाज और पराजय न मानने वाला जोशीला कप्तान; ऐम्स, इंग्लैंड का निपुण विकेट-कीपर बल्लेबाज, पेंटर, शेरे-दिल खिलाड़ी; रोबिन्स, चतुर और सर्वोन्मुख खिलाड़ी; ब्राउन, वोस और वाउज, उत्तम और दक्ष गेंदबाज। भारत ने अब तक जितने भी टैस्ट मैच इंग्लैंड अथवा अन्य देशों के साथ खेले है उनमें से किसी में भी उसे इससे अधिक शक्तिशाली टीम का सामना शायद ही कभी करना पड़ा हो।

टॉस जीत कर जारडीन ने प्रथम बल्लेबाजी ली और सटक्लिफ और होम्स ने पारी प्रारम्भ की। लम्बे-तगड़े निसार ने मण्डप की ओर से गोली के समान तेज गेंदबाजी की। मेधावी और शानदार गेंदबाज अमर सिंह ने

---

* अपराजित

गेंद को दक्षता से इधर-उधर घुमा कर बल्लेबाजों को विस्मित कर दिया। अपने तीसरे ओवर में निसार ने दोनों बल्लेबाजो के डंडे उखाड दिये जब कुल रन संख्या 11 थी। सात रन ही और बने थे कि दूसरा, रन लेते समय वूले और हेमन्ड मे आपस में गलत फहमी हो गई और लाल सिंह ने पलक मारते ही गेंद नवले के पास फेंक दी जिसने कि गिल्लियाँ उडा दी। तीस मिनट के खेल में ही तीन अंग्रेज बल्लेबाजों को वापस मण्डप को लौट जाना पड़ा।

इंग्लैंड के ऐसे कठिन समय में उसका सधा हुआ बल्लेबाज, जारडीन विकटो पर पहुँचा और हेमण्ड की साझेदारी में भारत की भयंकर गेंदबाजी को उसने धीरे-धीरे निस्तेज किया। इस जोड़े ने 82 बहुमूल्य रन जोड़े थे कि अमरसिंह ने हेमण्ड का डंडा उखाड दिया। अचूक गेंदबाजी करते हुए नायुडू ने पेंटर को भी आउट कर दिया। ऐम्स ने अपने कप्तान का अच्छा साथ दिया लेकिन इस युगल के बिछुड़ते ही पारी 259 रनो पर समाप्त हो गई। निसार ने 5 विकटें 93 रन देकर गिराईं; नायुडू ने 2 विकटें 40 रनों पर ली और अमर सिंह ने 75 रन देकर 2 विकटें प्राप्त की।

इस दिन के खेल की समाप्ति पर भारत ने बिना विकेट खोये 30 रन बना लिए थे। नाऊमल और नवले खेल रहे थे।

खेल के दूसरे दिन नायुडू (40) और वजीर अली (31) ने साहसिक बल्लेबाजी की और एक समय भारत के केवल 2 विकटो पर 110 रन बन गये थे। लेकिन इस युगल के अलग होने पर विकटें बराबर गिरने लगीं और अन्तिम विकेट गिरने पर भारत इंग्लैंड की कुल रन संख्या से 70 रन पीछे था। इस कमी को भारत ने इंग्लैंड की द्वितीय पारी मे सटक्लिफ, होम्स, हेमण्ड और वूले को केवल 67 रनों पर आउट करके पूरा कर लिया।

तीसरे दिन जारडीन और पेंटर के प्रयत्नो से स्थिति में सुधार हुआ और 8 विकटों पर 275 रन बना कर इंग्लैंड ने पारी समाप्ति की घोषणा कर दी। *भारत को जीत के लिये 346 रन बनाने थे।*

कार्य तो कठिन था लेकिन नवले, नाऊमल, अमर सिंह, वजीर अली और लाल सिंह की बल्लेबाजी ने आशा उत्पन्न की। दूसरे बल्लेबाज असफल रहे और पारी 187 पर समाप्त हो गई। इंग्लैंड 158 रनों से विजयी हुआ लेकिन इसके लिये उसे काफी समय तक चिन्तित रहना पड़ा।

रनों का सविस्तार विवरण इस प्रकार है: मैच लॉर्ड्स में जून 25, 26 और 27 को खेला गया। टॉस इंग्लैंड ने जीता और 158 रनो से मैच भी जीता। कप्तान: डी० आर० जारडीन (इंग्लैंड) और सी० के० नायुडू (भारत), विकेट-रक्षक: एल० ई० जी० ऐम्स (इंग्लैंड) और जे० जी० नवले (भारत), निर्णायक: एफ० चेस्टर और जे० हार्डस्टाफ (वरिष्ठ)।

इंग्लैंड

सटक्लिफ बा० निसार	3	कैं० नायुडू बा० अमर सिंह	19
होम्स बा० निसार	6	बा० जहाँगीर खाँ	11
वूले रन आउट	9	कैं० कोल्हा बा० जहाँगीर खाँ	21
हेमण्ड बा० अमरसिंह	35	बा० जहाँगीर खाँ	12
जारडीन कैं० नवले बा० नायुडू	79	अपराजित	85
पेंटर पगबाधा बा० नायुडू	14	बा० जहाँगीर खाँ	54
ऐम्स बा० निसार	65	बा० अमर सिंह	6
रोबिन्स कैं० लाल सिंह बा० निसार	21	कैं० जहाँगीर खाँ बा० निसार	30
ब्राउन कैं० अमर सिंह बा० निसार	1	कैं० कोल्हा बा० नाऊमल	29
वोस अपराजित	4	अपराजित	0
बाउज कैं० निसार बा० अमरसिंह	7		
अतिरिक्त	15	अतिरिक्त	8
		आठ विकटों पर पारी समाप्ति की घोषणा	
	259		275

विकटों का पतन

प्रथम पारी : 1—8, 2—11, 3—19, 4—101, 5—149, 6—166, 7—229, 8—231, 9—252, 10—259

द्वितीय पारी : 1—30, 2—38, 3—54, 4—67, 5—156, 6—169, 7—222, 8—271

भारत की गेंदबाजी

	ओ	मे ओ	रन	विकेट	ओ	मे ओ	रन	विकेट
निसार	26	3	93	5	18	5	42	1
अमर सिंह	31·1	10	75	2	41	13	84	2
जहाँगीर खाँ	17	7	26	0	30	12	60	4
सी. के. नायुडू	24	8	40	2	9	0	21	0
पालिया	4	3	2	0	3	0	11	0
नाऊमल	3	0	8	0	8	0	40	1
वजीर अली	—	—	—	—	1	0	9	0

भारत

नवले बा० बाउज	12	पगवाधा बा० रोबिन्स	13
नाऊमल पगवाधा बा० रोबिन्स	33	बा० ब्राउन	25
वजीर अली पगवाधा बा० ब्राउन	31	कै० हेमण्ड बा० बोस	39
सी० के० नायुडू कै० रोबिन्स बा० वोस	40	बा० बाउज	10
कोल्हा कै० रोबिन्स बा० बाउज	22	बा० ब्राउन	4
नजीर अली बा० बाउज	13	कै० जारडीन बा० बाउज	6
पालिया बा० बोस	1	अपराजित	1
लाल सिंह कै० जारडीन बा० बाउज	15	बा० हेमण्ड	29
जहाँगीर खाँ बा० रोबिन्स	1	बा० बोस	0
अमरसिंह कै० रोबिन्स बा० बोस	5	कै० और बा० हेमण्ड	51
निसार अपराजित	1	बा० हेमण्ड	0
अतिरिक्त	15	अतिरिक्त	9
	189		187

विकटों का पतन :

प्रथम पारी : 1—39, 2—63, 3—110, 4—139, 5—160, 6—165, 7—181, 8—182, 9—188, 10—189.

द्वितीय पारी : 1—41, 2—41, 3—52, 4—65, 5—83, 6—108, 7—108, 8—182, 9—182, 10—187.

इंग्लैंड की गेंदबाजी

	ओ.	मे.ओ.	रन	विकेट	ओ.	मे.ओ.	रन	विकेट
बाउज	30	13	49	4	14	5	30	2
बोस	17	6	23	3	12	3	28	2
ब्राउन	25	7	48	1	14	1	54	2
रोबिन्स	17	4	39	2	14	5	57	1
हेमण्ड	4	0	15	0	5.3	3	9	3

एम. सी. सी. भारत में, 1933-34

मेरलीबोन क्रिकेट क्लब का भारत में डगलस जारडीन के नेतृत्व में एक शक्तिशाली टीम भेजना उचित ही था क्योंकि लॉर्ड्स पर भारत के शानदार प्रदर्शन को इंग्लैंड भूला नही था। अतिथि टीम इकतीस मे से पन्द्रह मैचों मे विजयी रही और केवल एक मैच में उसकी पराजय हुई। टीम के खिलाड़ी निम्नलिखित थे :

1. डी० आर० जारडीन (कप्तान)
2. सी० एफ० वालटर्स (उप-कप्तान)
3. बी० एच० वेलेनटाइन
4. एच० वेरीटी
5. एच० ईलियट
6. जेम्स लेंग्रिज
7. ए० मिचल
8. एल० एफ० टाउनसेंड
9. सी० जे० बारनेट
10. ई० डब्लू० क्लार्क
11. एम० एस० निकल्स
12. ए० एच० बेकवेल
13. डब्लू० एच० वी० लेवेट
14. जे० एच० ह्यूमन
15. आर० जे० ग्रिगरी
16. सी० मेरियट

मेजर ई० डब्लू० सी० रिकेट्स (प्रबन्धक)

टैस्ट मैचों के अतिरिक्त अन्य खेले गये मैचो का संक्षेप में विवरण इस प्रकार है :

कराची में, अक्टूबर 15 और 16 को

एम० सी० सी० 292 (वालटर्स 71, बारनेट 62, वेलेनटाइन 59, जे० हेरिस ने 89 रन देकर 5 विकटें ली) और चार विकटों पर 70 रन और पारी समाप्ति की घोषणा। सी० बी० रूबी एकदाश : 99 और 6 विकटों पर 103 रन। मैच में हार-जीत का फैसला नही हो सका।

कराची में, अक्टूबर 18 और 19 को

एम० सी० सी० : 8 विकटों पर 362 और पारी समाप्ति की घोषणा (वालटर्स 101, वेकवेल 96, वेलेनटाइन 59, मिचल 53)। कराची एकादश : 89 और 4 विकटों पर 112 रन। मैच मे हार-जीत का फैसला नही हो सका।

कराची में, अक्टूबर 21, 22 और 23 को

एम० सी० सी० : 5 विकटों पर 307 और पारी समाप्ति की घोषणा (बारनेट 122, जारडीन 10।*) और 8 विकटों पर 140 और पारी समाप्ति की घोषणा (बारनेट 54)। सिन्ध : 189 (वेरीटी ने 46 रन देकर 6 विकटें ली) और 167 (एम० जे० मोबेद 60)। एम०सी०सी० 91 रनो से विजयी।

पेशावर में, अक्टूबर 28 और 29 को

पश्चिमोत्तर सीमा प्रान्त : 94 (निकल्स ने 28 रन देकर 5 विकटें ली) और 121. ए० सी० सी० : 7 विकटों पर 350 और पारी समाप्ति की घोषणा (टाउनसेंड 94, मिचल 84, जारडीन 67)। एम० सी० सी० एक पारी और 135 रनों से विजयी।

लाहौर में, नवम्बर 1 और 2 को

एम० सी० सी० : 7 विकटों पर 402 और पारी समाप्ति की घोषणा (मिचल 184, लैंग्रिज 52, वेलेनटाइन 51, टाउनसेंड 50)। राज्यपाल एकादश : 8 विकटों पर 253 (सी० के० नायुडू 116)। मैच में हार जीत का फैसला नही हो सका।

अमृतसर में, नवम्बर 9, 10 और 11 को

दक्षिण पंजाब : 264 (अमरनाथ 109, पटियाला के युवराज 66) और 3 विकटों पर 103 (वजीर अली 63)। एम० सी० सी० 7 विकटों पर 450 और पारी समाप्ति की घोषणा (टाउनसेंड 93, वालटर्स 86, वेलेनटाइन 75, निकल्स 55)। मैच में हार-जीत का फैसला नही हो सका।

पटियाला में, नवम्बर 12, 13 और 14 को

ए० सी० सी० : 330 (जारडीन 80, मिचल 59)। पटियाला : 6 विकेटों पर 335 (वजीर अली 156, अमरनाथ 53)। मैच मे हार-जीत का फैसला नही हो सका।

नई दिल्ली में, नवम्बर 18 और 19 को

दिल्ली 99 और 102 रन। एम० सी० सी० 333 (मिचल 109,

पटियाला के महाराजा 54, बारनेट 52)। एम० सी० सी० एक पारी और 132 रनों से विजयी।

नई दिल्ली में, नवम्बर 21,22 और 23 को

वाइसराय एकादश : 160 (वेरीटी ने 37 रन देकर 7 विकटें ली) और 63 (निकल्स ने 14 रन देकर 5 विकटें ली)। एम. सी. सी. : 8 विकटों पर 431 और पारी समाप्ति की घोषणा (वेलेनटाइन 145, जारडीन 93, वालटर्स 65, मिचल 59)। एम. सी. सी. एक पारी और 208 रनों से विजयी।

अजमेर में, नवम्बर 25 और 26 को

एम सी. सी. : 213 (बारनेट 75)। राजपुताना : 32 (क्लार्क ने 10 रन देकर 5 विकटें ली) और 74 (टाउनसेंड ने 22 रन देकर 7 विकटें ली)। एम. सी. सी. एक पारी और 107 रनों से विजयी।

राजकोट में, नवम्बर 29, 30 और दिसम्बर 1 को

पश्चिम भारत की रियासतें : 64 (टाउनसेंड ने 16 रन देकर 7 विकटें ली) और 249 (डा० मुर्द 61, वेरीटी ने 83 रन देकर 6 विकटें ली)। एम. सी. सी. : 5 विकटों पर 254 और पारी समाप्ति की घोषणा (बारनेट 84, निकल्स 52) और 6 विकटों पर 60 रन। एम. सी. सी. चार विकटो से विजयी।

जामनगर में, दिसम्बर 3 और 4 को

जामनगर : 90 (लेंग्रिज ने 45 रन देकर 5 विकटें ली) और 6 विकटो पर 180 रन। एम० सी० सी : 6 विकटों पर 151 रन और पारी समाप्ति की घोषणा (वालटर्स 60, अमरसिंह ने 73 रन देकर 6 विकटें ली)। मैच मे हार-जीत का फैसला नहीं हो सका।

बम्बई में, दिसम्बर 8, 9 और 10 को

एम० सी० सी० : 8 विकटों पर 481 और पारी समाप्ति की घोषणा (ग्रिगरी 148, जारडीन 102, लेंग्रिज 66, वालटर्स 54, आर० जमशेदजी ने 127 रन देकर 6 विकटें ली। बम्बई प्रान्त : 87 और 5 विकटों पर 191 (वी० एम० मर्चेन्ट 67*)। मैच में हार-जीत का फैसला नहीं हो सका।

बम्बई में, दिसम्बर 12 और 13 को

बम्बई नगर : 140 और 2 विकटों पर 56 रन। एम० सी० सी० : 8 विकटों पर 319 रन और पारी समाप्ति की घोषणा (वेकवेल 107, ग्रिगरी 53)। मैच में हार-जीत का फैसला नहीं हो सका।

पूना में, दिसम्बर 20 और 21 को

एम० सी० सी० : 5 विकटों पर 161 और पारी समाप्ति की घोषणा (वालटर्स 84)। पूना एकादश : 83 (नजीर अली 57, वेरीटी ने 37 रन देकर 8 विकटें ली) और 2 विकटों पर 39 रन। मैच में हार-जीत का फैसला नहीं हो सका।

कलकत्ता में, दिसम्बर 27 को

एम० सी० सी : 5 विकटों पर 187 और पारी समाप्ति की घोषणा (बारनेट 94)। बंगाल का अंग्रेज एकादश : 8 विकटों पर 121 रन। मैच में हार-जीत का फैसला नहीं हो सका।

कलकत्ता में, दिसम्बर 28 को

बंगाल : 123, एम० सी० सी० : 6 विकटों पर 179 (वेकवेल 54)। एम० सी० सी० चार विकटों से विजयी।

कलकत्ता में, दिसम्बर 30, 31 और जनवरी 2 को

एम० सी० सी० : 331 (वेरीटी 91*, टाउनसेंड 69 रन) और 5 विकटो पर 279 और पारी समाप्ति की घोषणा (निकल्स 79, वेलेनटाइन 74)। एक भारतीय एकादश: 168 और 1 विकेट पर 152 (एच० पी० वार्ड 77*, सी० पी० जॉन्सटन 69)। मैच में हार-जीत का फैसला नही हो सका।

बनारस में, जनवरी 10, 11 और 12 को

1931 में प्रथम श्रेणी के क्रिकेट मे 51 पारियों मे उन्होंने 2684 रन एकत्र किए थे जिसमें 12 शतक और दो अपराजित पारियां थी। इसमे ओवल मे न्यूजीलैंड के विरुद्ध दूसरे टैस्ट मैच में खेली गई 109 रन की पारी भी सम्मिलित थी।

1932 में भी उनका प्रदर्शन उतना ही शानदार रहा। अपनी 33 पारियों में उन्होने 1633 रन एकत्र किए थे तथा दो बार अपराजित रहे थे। वे गंभीर रूप से अस्वस्थ थे फिर भी उन्होंने अपनी 90 रन की आखरी पारी, चिकित्सा-परामर्श के विरुद्ध, ससेक्स की ओर से सोमरसेट के विरुद्ध खेली जो कि इस जाज्वल्यमान नक्षत्र की अंतिम चमक थी। यद्यपि इंग्लैंड की ओर से आस्ट्रेलिया की यात्रा करने के लिये दिलीपसिंह जी चुन लिए गए थे परन्तु वे नहीं जा सके। इस प्रकार इस सर्वोत्कृष्ट बल्लेबाज के खेल जीवन का, समय से पूर्व ही, अन्त हो गया जो उतना ही शानदार क्षेत्र-रक्षक भी था, विशेषकर 'स्लिप्स' में और जिसने अपने संक्षिप्त जीवन में 331 पारियों में 23 बार अपराजित रहकर और प्रति पारी 49·69 रन के औसत से 15306 रन बनाये थे। 1929 और 1931 के बीच इंग्लैंड में उन्होंने प्रथम श्रेणी के खेल में 7791 रन बनाए जबकि इसी अवधि मे विख्यात खिलाड़ी एच० सटक्लिफ 7507 रन; पी० ई० वूले 7128 रन; ए० सैंडम 7069 रन; जे० बी० हॉब्स 6784 रन; ई० हेंडरेन 6681 रन; आर० ई० एस० वायट 6312 रन और डब्लू० आर० हेमंड 6269 रन से अधिक नही बना सके थे।

इसके बाद दिलीपसिंह जी ने एक प्रशिक्षक, चयनकर्त्ता, रेडियो-टीकाकार और पत्रकार के रूप में भारतीय क्रिकेट की सफल सेवा की। भारत के हाई कमिश्नर के रूप में आस्ट्रेलिया में उन्होंने अपने आपको एक

निपुण कूटनीतिज्ञ सिद्ध किया। 1954 में उन्हें सौराष्ट्र लोक सेवा आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। उन्हें अखिल भारतीय खेलकूद परिषद् के सदस्य के रूप में नामजद किया गया। बाद में उन्होंने बड़ी दक्षता के साथ इस परिषद् की अध्यक्षता का भार भी वहन किया। खेद है कि उनके महान् और सुन्दर जीवन का खेल अचानक समाप्त हो गया। 4 दिसम्बर, 1959 को सोकर वे अगले दिन सुबह को नहीं उठ सके और चिरनिद्रा में सो गए। उनकी स्मृति में श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए पण्डित जवाहरलाल नेहरू ने कहा था, "दिलीपसिंहजी के निधन के समाचार से मैं बहुत दुःखी हुआ हूँ। वे न केवल एक महान् खिलाड़ी ही थे बल्कि एक अच्छे मानव और मित्र भी थे, मैं उनकी मृत्यु पर शोक प्रकट करता हूँ।"

——

दिलीपसिंहजी ट्रॉफी के लिये अखिल भारतीय क्षेत्रीय प्रतियोगिता

क्रिकेट नियन्त्रण बोर्ड की 33 वीं वार्षिक सामान्य बैठक में, जो सितम्बर 30, 1961 को मद्रास में हुई, यह निर्णय लिया गया कि विश्व विख्यात क्रिकेट खिलाड़ी कुमार श्री दिलीपसिंह जी की स्मृति में एक प्रतियोगिता का आयोजन किया जाय। क्रिकेट नियन्त्रण बोर्ड ने इसके लिये 5000 रुपये की लागत की एक ट्रॉफी प्रदान की और 1961-62 से दिलीपसिंहजी ट्रॉफी के लिये अखिल भारतीय क्षेत्रीय प्रतियोगिता आरम्भ हुई। इसका प्रथम मैच मद्रास में 30 सितम्बर, 1961 को दक्षिण क्षेत्र और उत्तर क्षेत्र के बीच खेला गया। तब से समस्त क्षेत्रीय दल नियमपूर्वक इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं।

अब तक खेले गये मैचों के परिणाम इस प्रकार हैं:—

1961–62 :

मद्रास में : सितम्बर 30, अक्टूबर 1 और 2, 1961 को।

दक्षिण क्षेत्र : 302 (मिल्खासिंह 151)।

उत्तर क्षेत्र : 48 और 166 (प्रेम भाटिया 52)।

दक्षिण क्षेत्र एक पारी और 88 रनों से विजयी।

बम्बई में : अक्टूबर 8, 9 और 10, 1961 को।

मध्य क्षेत्र : 5 विकटों पर 287 और पारी समाप्ति की घोषणा (सूर्यवीरसिंह 94, सलीम दुर्रानी 78)।

पूर्व क्षेत्र : 7 विकटों पर 174 रन। वर्षा के कारण दोनों दलों की एक-एक पारी भी समाप्त नहीं हो सकी। सिक्का उछाल कर मध्य क्षेत्र विजयी घोषित कर दिया गया।

बड़ोदा में : अक्टूबर 13, 14 और 15, 1961 को।

मध्य क्षेत्र : 330 (सलीम दुर्रानी 110, वी. एल. मांजरेकर 102, आर. बी. देसाई ने 70 रन देकर 5 विकटें लीं) और 148 (सलीम दुर्रानी 56)।

पश्चिम क्षेत्र : 360 (सी. जी. बोर्डे 116, इन्द्रजीतसिंहजी 67) और 2 विकटों पर 121 रन।

पश्चिम क्षेत्र : 8 विकटों से विजयी।

अंतिम मैच :

बम्बई में : अक्टूबर 20, 21, 22 और 23, 1961 को ।
दक्षिण क्षेत्र : 175 (कृपालसिंह 73, उमरीगर ने 52 रन देकर 6 विकटें लीं) और 139 रन ।
पश्चिम क्षेत्र : 9 विकटों पर 234 और पारी समाप्ति की घोषणा (बोर्डे 82*) और बिना विकेट खोये 82 रन ।
पश्चिम क्षेत्र : 10 विकटों से विजयी ।

1962-63 :

कलकत्ता में : दिसम्बर 31, 1962 और जनवरी 1 और 2, 1963 को ।
पूर्व क्षेत्र : 160 (एस. दास 60) और 139 रन ।
उत्तर क्षेत्र : 266 (प्रेम भाटिया 107, एस. कुंडू ने 59 रन देकर 6 विकटें लीं) और बिना विकेट खोए 37 रन ।
उत्तर क्षेत्र : 10 विकटों से विजयी ।

बंगलौर में : जनवरी 12, 13 और 14, 1963 को ।
मध्य क्षेत्र : 363 (हनुमन्तसिंह 118, वी. एल. मांजरेकर 88, के. एम. रूंगटा 52) ।
दक्षिण क्षेत्र : 6 विकटों पर 237 (कृपालसिंह 72, जयसिम्हा 60) । सिक्का उछाल कर दक्षिण क्षेत्र विजयी घोषित किया गया ।

दिल्ली में : जनवरी 12, 13 और 14, 1963 को ।
उत्तर क्षेत्र : 316 (आकाशलाल 136, बी. पी. गुप्ते ने 85 रन देकर 5 विकटें लीं) और 4 विकटों पर 181 (आकाशलाल 58, वी. मेहरा 55) ।
पश्चिम क्षेत्र : 434 (उमरीगर 120, एस. जी. अधिकारी 111, इंजीनियर 61) ।
पश्चिम क्षेत्र : *पहली पारी से विजयी ।*

अंतिम मैच

कलकत्ता में : जनवरी 24, 25, 26 और 27, 1963 को ।
दक्षिण क्षेत्र : 132 (बी. पी. गुप्ते ने 55 रन देकर 9 विकटें लीं) और 263 (प्रेम 78, जयसिम्हा 61) ।
पश्चिम क्षेत्र : 415 (एस. जी. अधिकारी 103, उमरीगर 103, वाडेकर 93, जयसिम्हा ने 76 रन देकर 5 विकटें लीं) ।
पश्चिम क्षेत्र एक पारी और 20 रनों से विजयी ।

---

* अपराजित

1963-64 :

कलकत्ता में : दिसम्बर 7, 8 और 9, 1963 को।

पूर्व क्षेत्र : 430 (पी. सी. पोद्दार 104, एस. एस. मित्रा 77, ए. रॉय 62) और 5 विकटों पर 167 (एस. एस. मित्रा 64)।

मध्य क्षेत्र : 321 (हनुमन्त सिंह 83, डी. डी. देशपाण्डे 68, सूर्यवीर सिंह 51, ए. भट्टाचार्य ने 105 रन देकर 5 विकटें ली)।

पूर्व क्षेत्र प्रथम पारी के आधार पर विजयी।

बम्बई में : दिसम्बर 14, 15 और 16, 1963 को।

पूर्व क्षेत्र : 119 और 189 रन।

पश्चिम क्षेत्र : 4 विकटों पर 331 और पारी समाप्ति की घोषणा (एन. जे. कांट्रैक्टर 144, एस. पी. गायकवाड 138)।

पश्चिम क्षेत्र एक पारी और 23 रनों से विजयी।

दिल्ली में : दिसम्बर 23, 24 और 25, 1963 को।

उत्तर क्षेत्र : 285 (पटौदी के नवाब 141, बी. एस. चन्द्रशेखर ने 78 रन देकर 5 विकटें ली) और 207 (पटौदी के नवाब 61)।

दक्षिण क्षेत्र : 297 (सुब्रमण्यम 120)।

दक्षिण क्षेत्र पहली पारी के आधार पर विजयी।

अंतिम मैच

दिल्ली में : दिसम्बर 27, 28, 29 और 30, 1963 को।

दक्षिण क्षेत्र : 331 (मिल्खासिंह 95, पी. के. बेलिअप्पा 72, आर. बी. देसाई ने 63 रन देकर 5 विकटें ली)।

पश्चिम क्षेत्र : बिना विकेट खोये 47 रन। वर्षा के कारण दोनों दलों की प्रथम पारी भी समाप्त नही हो सकी। इसलिए ट्रॉफी में दोनों दलों का हिस्सा रहा।

1964-65 :

दिल्ली में : अक्टूबर 24, 25 और 26, 1964 को।

उत्तर क्षेत्र : 246 (वाई. एम. चौधरी 63*, सी. जी. जोशी [illegible] रन देकर 5 विकटें ली) और 3 विकटों पर 156 रन [illegible] समाप्ति की घोषणा (वी. मेहरा 56*, पटौदी के नवाब 52)।

मध्य क्षेत्र : 249 (मांजरेकर 113) और 2 विकटों [illegible] रन (मूर्ति 50*)।

मध्य क्षेत्र : प्रथम पारी के आधार पर विजयी।

हैदराबाद में : नवम्बर 14, 15 और 16, 1964 को।

मध्य क्षेत्र : 413 (हनुमन्तसिंह 210, आनन्द शुक्ला 61) और 1 विकेट पर 156 और पारी समाप्ति की घोषणा (हनुमन्तसिंह 73*, सूर्यवीरसिंह 59)।

दक्षिण क्षेत्र : 265 (सुब्रमण्यम 82, मनी 62) और 7 विकटों पर 184 (वेग 77)।

मध्य क्षेत्र : पहली पारी के आधार पर विजयी।

कलकत्ता में : फरवरी 4, 5 और 6, 1965 को।

पश्चिम क्षेत्र : 6 विकटों पर 493 और पारी समाप्ति की घोषणा (वाडेकर 229, मोंसले 110, सूरती 65)।

पूर्व क्षेत्र : 182 (बी. पी. गुप्ते ने 74 रन देकर 6 विकटें ली) और 6 विकटों पर 311 (पी. रॉय 75, ए. रॉय 73, एस. मित्रा 62)।

पश्चिम क्षेत्र : पहली पारी के आधार पर विजयी।

अंतिम मैच :

बम्बई में : फरवरी 13, 14 और 15, 1965।

पश्चिम क्षेत्र : 555 (इंजीनियर 142, मोंसले 100, बोर्डे 91, नाडकर्णी 69)।

मध्य क्षेत्र : 135 (नाडकर्णी ने 16 रन देकर 5 विकटें लीं) और 331 (सलीम दुर्रानी 119, पोद्दार 62, बी. पी. गुप्ते ने 67 रन देकर 5 विकटें ली)।

पश्चिम क्षेत्र : एक पारी और 89 रनों से विजयी।

---

* अपराजित

बम्बई में क्रिकेट समारोह

प्रेसीडेन्सी मैच 1895-1906

पारसी लोग भारतीय क्रिकेट में अग्रणी थे। भारत में आए हुए अंग्रेजों का क्रिकेट के प्रति स्नेह बना रहा और वे और पारसी हर वर्ष अपनी शक्ति की परीक्षा के लिये बम्बई और पूना में मैच खेला करते थे। मैचों में जोरदार मुकाबला होता था। इनसे देश में खेल के प्रति आकर्षण और उत्साह बढ़ा। इन मैचों के परिणाम इस प्रकार रहे :

वर्ष	बम्बई के विजेता	पूना के विजेता
1895	अंग्रेज	पारसी
1896	अंग्रेज	अंग्रेज
1897	मैच अनिर्णीत	पारसी
1898	अंग्रेज	अंग्रेज
1899	मैच अनिर्णीत	मैच नही खेला गया
1900	पारसी	मैच अनिर्णीत
1901	पारसी	अंग्रेज
1902	पारमी	अंग्रेज
1903	पारसी	पारसी
1904	पारसी	बरसात के कारण मैच बन्द करना पड़ा
1905	मैच नही खेला गया	पारसी
1906	मैच नही खेला गया	अंग्रेज

शतक लगाने वाले खिलाड़ी

233	एच. डी. कांगा,	पारसी	 1905
184	जे. जी. ग्रेग,	अंग्रेज	 1899
144	चेपलिन,	अंग्रेज	 1906
113	डी. सी. दारूवाला,	पारसी	 1903
100*	आर. एम. पूरे,	अंग्रेज	 1895

एक मैच में दस या उससे अधिक विकेट

13 विकेट 49 रनो पर, बी. एम. विलिमोरिया, पारसी ... 1895

13 विकेट 52 रनों पर, एम. डी. बुलसारा, पारसी ... 1900

---

* अपराजित

13 विकेट 58 रनों पर, जे. जी. ग्रेग, अंग्रेज ... 1898
13 विकेट 72 रनों पर, के. एम. मिस्त्री, पारसी ... 1902
12 विकेट 123 रनों पर, के. एम. मिस्त्री, पारसी ... 1906
11 विकेट 68 रनों पर, के. एम. मिस्त्री, पारसी ... 1903
11 विकेट 77 रनों पर, आर. एल. सिकलेयर, अंग्रेज ... 1895
11 विकेट 83 रनों पर, कूम्ब्स, अंग्रेज ... 1904
11 विकेट 93 रनो पर, एच. चेथम, अंग्रेज ... 1897
11 विकेट 172 रनो पर, एन. सी. वापासोला, पारसी ... 1901
10 विकेट 69 रनों पर, जे. जी. ग्रेग, अंग्रेज ... 1902

त्रिकोणीय (ट्राइएंगुलर) प्रतियोगिता 1907–1911

हिन्दुओं ने इन खेलों में सन् 1907 से भाग लेना शुरू किया और अब यह (प्रेसीडेन्सी प्रतियोगिता) त्रिकोणीय प्रतियोगिता हो गई और पाँच वर्ष तक बम्बई में इसके मैच खेले गये ।

इनके परिणाम इस प्रकार रहे :

वर्ष	विजेता	उप-विजेता
1907	पारसी	अंग्रेज
1908	अंग्रेज	पारसी
1909	पारसियों और अंग्रेजो के बीच हार-जीत का फैसला नही हो सका ।	
1910	हिन्दुओं और अंग्रेजो के बीच हार-जीत का फैसला नही हो सका ।	
1911	पारसी	अंग्रेज

शतक लगाने वाले खिलाड़ी

115 जे. जी. ग्रेग, अंग्रेज, पारसियों के विरुद्ध ... 1908
100 आर. पी. मेहरोमजी, पारसी, अंग्रेजों के विरुद्ध ... 1907

एक मैच में दस या उससे अधिक विकेट

12 विकेट 96 रनों पर, जे. एस. वार्डन, पारसी, अंग्रेजो के विरुद्ध ... 1911
10 विकेट 42 रनो पर, के. एम. मिस्त्री, पारसी, अंग्रेजो के विरुद्ध ... 1907
10 विकेट 50 रनों पर, एम. डी. बुलसारा, पारसी, अंग्रेजो के विरुद्ध ... 1907
10 विकेट 70 रनों पर, पी. बालू, हिन्दू, पारसियों के विरुद्ध ... 1910
10 विकेट 108 रनो पर, पी. बालू, हिन्दू, अंग्रेजों के विरुद्ध ... 1910

चतुष्कोणीय (क्वाड्रैंगुलर) प्रतियोगिता 1912–1963.

मुसलमानों ने इस प्रतियोगिता में सन् 1912 से भाग लेना शुरू किया। प्रतियोगिता का नाम अब चतुष्कोणीय हो गया। इंग्लैंड के कुछ विश्वविख्यात खिलाड़ी जैसे रोड्स, हर्स्ट, फ्राइ और लारवुड अंग्रेजों की ओर से खेलते थे। खेल के लिये देश में बड़ा उत्साह पैदा हुआ और खिलाड़ियों को सीखने और अपनी प्रतिभा दिखाने का महान् अवसर प्राप्त होने लगा।

इस प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे :

वर्ष	विजेता	उप-विजेता
1912	पारसी	मुसलमान
1913	हिन्दुओं और मुसलमानो के बीच हार-जीत का फैसला नहीं हो सका।	
1914	हिन्दुओं और पारसियों के बीच बरसात के कारण मैच बन्द करना पड़ा।	
1915	अंग्रेज	हिन्दू
1916	पारसियों और अंग्रेजों के बीच हार-जीत का फैसला नही हो सका।	
1917	हिन्दुओं और पारसियों के बीच हार-जीत का फैसला नही हो सका।	
1918	अंग्रेज	पारसी
1919	हिन्दू	मुसलमान
1920	हिन्दुओं और पारसियों के बीच हार-जीत का फैसला नही हो सका।	
1921	अंग्रेज	पारसी
1922	पारसी	हिन्दू
1923	हिन्दू	अंग्रेज
1924	मुसलमान	हिन्दू
1925	हिन्दू	अंग्रेज
1926	हिन्दू	अंग्रेज
1927	अंग्रेज	मुसलमान
1928	पारसी	अंग्रेज
1929	हिन्दू	पारसी
1930 से 1933 तक प्रतियोगिता नहीं हुई		
1434	मुसलमान	हिन्दू
1935	मुसलमान	हिन्दू
1936	हिन्दू	अंग्रेज

शतक लगाने वाले खिलाड़ी

200, ए. एल. होजी, अंग्रेज, हिन्दुओं के विरुद्ध 1924
197, वजीर अली, मुसलमान, हिन्दुओं के विरुद्ध 1924
197, नजीर अली, मुसलमान, पारसियों के विरुद्ध 1934

183, डब्लू रोड्स, अंग्रेज, पारसियों के विरुद्ध 1921
156, एल. पी. जय, हिन्दू, मुसलमानों के विरुद्ध 1924
156, डब्लू. रोड्स, अंग्रेज, हिन्दुओं के विरुद्ध 1921
155, सी. के. नायुड, हिन्दू, मुसलमानों के विरुद्ध 1929
150, एच. डी. कांगा, पारसी, मुसलमानों के विरुद्ध 1912
148*, वजीर अली, मुसलमान, अंग्रेजों के विरुद्ध 1935
135, सी. के. नायुडू, हिन्दू, अंग्रेजों के विरुद्ध 1924
135, डी. बी. देवधर, हिन्दू, पारसियों के विरुद्ध 1925
135, जे. डब्लू. ए. स्टीफेन्सन, अंग्रेज, पारसियो के विरुद्ध 1928
135, डी. डी. हिंडलेकर, हिन्दू, मुसलमानों के विरुद्ध 1936
130, वी. एम. मर्चेंट हिन्दू, अंग्रेजों के विरुद्ध 1936
129, सी. के. नायुडू, हिन्दू, पारसियों के विरुद्ध 1935
125*, डी. के. कापडिया, पारसी. हिन्दुओं के विरुद्ध 1917
121*, एफ. जी. ट्रेवर्स, अंग्रेज, मुसलमानों के विरुद्ध 1925
121, सी. के. नायुडू, हिन्दू, पारसियों के विरुद्ध 1920
120, डब्लू. जे. क्यूलन, अंग्रेज, मुसलमानों के विरुद्ध 1927
119, एच. जे. वजीफदार, पारसी, हिन्दुओं के विरुद्ध 1920
115*, जे. एस. वार्डन, पारसी, हिन्दुओं के विरुद्ध 1912
113, एस. एन. गाधी, पारसी, अंग्रेजो के विरुद्ध 1928
111, ए. सलाम, मुसलमान, अंग्रेजों के विरुद्ध 1927
109, आर. सी. समरहेज, अंग्रेज, पारसियो के विरुद्ध 1936
108, पी. विट्ठल, हिन्दू, मुसलमानो के विरुद्ध 1919
108, वजीर अली, मुसलमान, हिन्दुओं के विरुद्ध 1935
107, जे. एच. पारसन, अंग्रेज, हिन्दुओं के विरुद्ध 1921
107, एफ. जी. ट्रेवर्स, अंग्रेज, हिन्दुओं के विरुद्ध 1923
107*, लालसिंह, हिन्दू, पारसियों के विरुद्ध 1935
107*, वी. एम. मर्चेंट, हिन्दू, अंग्रेजो के विरुद्ध 1936
105, वजीर अली, मुसलमान, पारसियों के विरुद्ध 1927
104, एल. पी. जय, हिन्दू, पारसियों के विरुद्ध 1925
104, ए. एल. होजी, अंग्रेज, पारसियों के विरुद्ध 1929
101, पी. विट्ठल, हिन्दू, अंग्रेजों के विरुद्ध 1923
101, सी. के. नायुडू, हिन्दू, मुसलमानों के विरुद्ध 1935
100*, नजीर अली, मुसलमान, हिन्दुओं के विरुद्ध 1935

---

* अपराजित

इस प्रतियोगिता की अधिकतम कुल रन संख्या : 8 विकटों पर 482 रन, अंग्रेजों ने पारसियों के विरुद्ध सन् 1921 में बनाये।

इस प्रतियोगिता की सबसे कम कुल रन संख्या : 21 रन पर पारसियों ने मुसलमानों को सन् 1915 में आउट कर दिया।

सर्वश्रेष्ठ साझेदारी

प्रथम विकेट पर : 157 रन, ए. एल. होजी और सी. बी. रूबी,
अंग्रेजों की ओर से हिन्दुओं के विरुद्ध, ... 1923

द्वितीय विकेट पर : 160 रन, एस. एच. एम. कोल्हा और एस. एन. गांधी,
पारसियों की ओर से अंग्रेजों के विरुद्ध, ... 1928

तृतीय विकेट पर : 209 रन, एच. डी. कांगा और जे. एस. वार्डन,
पारसियों की ओर से मुसलमानों के विरुद्ध, ... 1912

चौथे विकेट पर : 189 रन, सी. के. नायुडू और जे. जी. नवले,
हिन्दुओं की ओर से पारसियों के विरुद्ध, ... 1920

पांचवें विकेट पर : 197 रन, डी. बी. देवधर और सी. के. नायुडू,
हिन्दुओं की ओर से अंग्रेजों के विरुद्ध, ... 1924

छठे विकेट पर : 125 रन, एस. एम. हुसैन और ए. बापोरिया,
मुसलमानो की ओर से हिन्दुओं के विरुद्ध, ... 1935

सातवें विकेट पर : 187 रन, ए. सलाम और एम. एच. विशराम,
मुसलमानों की ओर से अंग्रेजो के विरुद्ध, ... 1927

आठवें विकेट पर : 132* रन, वी. एम. मर्चेंट और लालसिंह,
हिन्दुओं की ओर से पारसियों के विरुद्ध, ... 1935

नवें विकेट पर : 83 रन, हसनशाह और एस. अन्सारी,
मुसलमानों की ओर से अंग्रेजों के विरुद्ध, ... 1925

दसवें विकेट पर : 101 रन, हाउलेट और एफ. जी. ट्रेवर्स,
अंग्रेजों की ओर से मुसलमानों के विरुद्ध, ... 1925

एक मैच में दस या इससे अधिक विकेट

16 विकेट 188 रनों पर, आर. जे. ओ. मेयर्स, अंग्रेजों की ओर से मुसलमानों के विरुद्ध, ... 1927

13 विकेट 76 रनों पर, एम. डी. पारख, पारसियों की ओर से मुसलमानों के विरुद्ध, ... 1912

13 विकेट 133 रनों पर, एल. रामजी, हिन्दुओं की ओर से अंग्रेजों के विरुद्ध, ... 1927

---

* अपराजित

13 विकेट 170 रनों पर, एच. हैलेट, अंग्रेजों की ओर से
मुसलमानों के विरुद्ध, ... 1925
12 विकेट 59 रनों पर, डब्लू. रोड्स, अंग्रेजों की ओर से
पारसियो के विरुद्ध, ... 1921
12 विकेट 90 रनों पर, जे. एस. वार्डन, पारसियों की ओर से
मुसलमानों के विरुद्ध, ... 1916
12 विकेट 110 रनों पर, जे. एस. वार्डन, पारसियों की ओर से
मुसलमानों के विरुद्ध, ... 1921
12 विकेट 138 रनो पर, आर. जे. ओ. मेयर्स, अंग्रेजों की ओर से
हिन्दुओ के विरुद्ध, ... 1927
11 विकेट 82 रनों पर, एस. ए. अजीज, मुसलमानों की ओर से
पारसियों के विरुद्ध, ... 1913
11 विकेट 105 रनों पर, एम. एच. राना, हिन्दुओं की ओर से
मुसलमानों के विरुद्ध, ... 1918
11 विकेट 122 रनों पर, आर. जे. जमशेदजी, पारसियों की ओर से
हिन्दुओं के विरुद्ध, ... 1922
11 विकेट 134 रनो पर, एम. एम. जोशी, हिन्दुओं की ओर से
पारसियों के विरुद्ध, ... 1922
11 विकेट 149 रनों पर, एफ. ए. हारेंट, अंग्रेजो की ओर से
मुसलमानो के विरुद्ध, ... 1916
11 विकेट 151 रनों पर, एस. एम. जोशी, हिन्दुओं की ओर से
अंग्रेजों के विरुद्ध, ... 1923
10 विकेट 15 रनों पर, एफ. ए. टारेंट, अंग्रेजों की ओर से
मुसलमानों के विरुद्ध, ... 1915
10 विकेट 69 रनों पर, बी. एच. मिर्जा, पारसियो की ओर से
मुसलमानों के विरुद्ध, ... 1914
10 विकेट 74 रनों पर, एस. आर. गोडाम्बे, हिन्दुओं की ओर से
पारसियों के विरुद्ध, ... 1929
10 विकेट 78 रनों पर, सैयद इब्राहिम, मुसलमानों की ओर से
अंग्रेजों के विरुद्ध, ... 1919
10 विकेट 81 रनों पर, एल. रामजी, हिन्दुओं की ओर से
मुसलमानों के विरुद्ध, ... 1929
10 विकेट 83 रनों पर, ए. यू. बोटवाला, मुसलमानों की ओर से
पारसियों के विरुद्ध, ... 1924

10 विकेट 90 रनों पर, सी. ए. मुराद, मुसलमानों की ओर से हिन्दुओं के विरुद्ध, ... 1922
10 विकेट 92 रनों पर, अमरसिंह, हिन्दुओं की ओर से अंग्रेजों के विरुद्ध, ... 1933
10 विकेट 98 रनों पर, एम. बी. बाचा, पारसियों की ओर से मुसलमानों के विरुद्ध, ... 1918
10 विकेट 104 रनों पर, आर. जमशेदजी, पारसियों की ओर से अंग्रेजों के विरुद्ध, ... 1928
10 विकेट 117 रनों पर, पी. एच. दारुवाला, पारसियों की ओर से अंग्रेजों के विरुद्ध, ... 1917
10 विकेट 125 रनों पर, एम. निसार, मुसलमानों की ओर से हिन्दुओं के विरुद्ध, ... 1934
10 विकेट 131 रनों पर, एफ. ए. टारेंट, अंग्रेजों की ओर से मुसलमानों के विरुद्ध, ... 1919
10 विकेट 153 रनों पर, तम्बूवाला, मुसलमानों की ओर से पारसियों के विरुद्ध, ... 1918

पंचकोणीय (पेंटेंगुलर) प्रतियोगिता, 1937-1944

इस प्रतियोगिता में 'शेष' दल ने सन् 1937 में प्रवेश किया और उसका रूप पंचकोणीय हो गया। इसमें मर्चेंट और हजारे आदि की बल्लेबाजी विशेष उल्लेखनीय रही। परिणाम इस प्रकार रहे :

वर्ष	विजेता	उप-विजेता
1937	मुसलमान	अंग्रेज
1938	मुसलमान	हिन्दू
1939	हिन्दू	मुसलमान
1940	मुसलमान	'शेष' (हिन्दुओं ने भाग नहीं लिया)
1941	हिन्दू	पारसी
1942	प्रतियोगिता नहीं हुई	
1943	हिन्दू	'शेष'
1944	मुसलमान	हिन्दू

शतक लगाने वाले खिलाड़ी

309, वी. एस. हजारे, 'शेष' की ओर से हिन्दुओं के विरुद्ध, 1943
250*, वी. एम. मर्चेंट, हिन्दुओं की ओर से 'शेष' के विरुद्ध, 1943

---

* अपराजित

248, वी. एस. हजारे, 'शेप' की ओर से मुसलमानों के विरुद्ध 1943
243*, वी. एम. मर्चेंट, हिन्दुओं की ओर से मुसलमानों के विरुद्ध, 1941
241, अमरनाथ, हिन्दुओं की ओर से मुसलमानों के विरुद्ध, 1938
221, वी. एम. मर्चेंट, हिन्दुओं की ओर से पारसियों के विरुद्ध, 1941
221*, वी. एम. मर्चेंट, हिन्दुओं की ओर से पारसियों के विरुद्ध, 1944
215, रूसी मोदी, पारसियों की ओर से अंग्रेजों के विरुद्ध, 1944
192, वी. एम. मर्चेंट, हिन्दुओं की ओर से अंग्रेजों के विरुद्ध, 1939
186, एच. आर. अधिकारी, हिन्दुओं की ओर से 'शेप' के विरुद्ध, 1943
182, वी. एस. हजारे, 'शेप' की ओर से अंग्रेजों के विरुद्ध, 1940
157, मुश्ताक अली, मुसलमानों की ओर से अंग्रेजों के विरुद्ध, 1938
154, नजर मोहम्मद, मुसलमानो की ओर से 'शेप के विरुद्ध, 1943
152, एम. एफ. मिस्त्री, पारसियों की ओर से अंग्रेजों के विरुद्ध, 1941
150, जे. हार्डस्टाफ, अंग्रेजों की ओर से पारसियों के विरुद्ध, 1944
144, रूसी मोदी, पारसियो की ओर से अंग्रेजों के विरुद्ध, 1941
143, फिलपोट ब्रूक्स, अंग्रेजों की ओर पारसियों के विरुद्ध, 1938
137*, के. सी. इब्राहिम, मुसलमानो की ओर से हिन्दुओं के विरुद्ध, 1944
134, मुश्ताक अली, मुसलमानों की ओर से अंग्रेजों के विरुद्ध, 1937
133, वीनू मांकड, हिन्दुओं की ओर से अंग्रेजों के विरुद्ध, 1939
128, वीनू मांकड, हिन्दुओं की ओर से पारसियों के विरुद्ध, 1944
126, सी. एस. नायुडू, हिन्दुओं की ओर से पारसियों के विरुद्ध, 1939
122, एफ. सरम, 'शेप' की ओर से मुसलमानों के विरुद्ध, 1937
120, डो. रिमर, अंग्रेजों की ओर से 'शेप' के विरुद्ध, 1940
118, जी. किशनचन्द, हिन्दुओ की ओर से मुसलमानों के विरुद्ध, 1944
117, के. एम. रांगणेकर, हिन्दुओं की ओर से पारसियो के विरुद्ध, 1941
116*, राम प्रकाश, हिन्दुओं की ओर से अंग्रेजों के विरुद्ध, 1943
112, वजीर अली, मुसलमानों की ओर से अंग्रेजों के विरुद्ध, 1938
111, जी. किशनचन्द, हिन्दुओ की ओर से अंग्रेजों के विरुद्ध, 1943
110, मुश्ताक अली, मुसलमानो की ओर से 'शेप' के विरुद्ध, 1940
109, जे. बी. खोट, पारसियों की ओर से अंग्रेजों के विरुद्ध, 1941
108*, एम. इ. एच. गजाली, मुसलमानों की ओर से 'शेप' के विरुद्ध, 1944
107, फैज अहमद, मुसलमानों की ओर से 'शेप' के विरुद्ध, 1937
106, गुलमोहम्मद, मुसलमानों की ओर से 'शेप' के विरुद्ध, 1944
103, एल. पी. जय, हिन्दुओं की ओर से 'शेप' के विरुद्ध, 1938
101*, वी. एस. हजारे, 'शेप' की ओर से मुसलमानो के विरुद्ध, 1941

* अपराजित

101, गुलमोहम्मद, मुसलमानों की ओर से हिन्दुओं के विरुद्ध, 1941
101, एम. सदाशिवम 'शेष' की ओर से मुसलमानों के विरुद्ध, 1944
100, जे. हैरिस, 'शेष' की ओर से हिन्दुओं के विरुद्ध, 1938

इस प्रतियोगिता की अधिकतम कुल रन संख्या : 560 रन 7 विकटो पर, हिन्दुओं ने 'शेष' के विरुद्ध सन् 1938 मे बनाए।

इस प्रतियोगिता की सबसे कम कुल रन संख्या : 64 रन, अंग्रेजो ने मुसलमानों के विरुद्ध सन् 1937 में बनाए।

सर्वश्रेष्ठ साझेदारी :

प्रथम विकेट पर : 155 रन, मुश्ताक अली और एस. कादरी, मुसलमानो की ओर से अंग्रेजो के विरुद्ध, 1938

तीसरे विकेट पर : 345 रन, वी. एम. मर्चेंट और एच. आर. अधिकारी, हिन्दुओं की ओर से 'शेष' के विरुद्ध 1943

चौथे विकेट पर : 231 रन, रूसी मोदी और एम. एफ. मिस्त्री, पारसियो की ओर से अंग्रेजों के विरुद्ध, 1941

पांचवें विकेट पर : 197 रन, वी. एम. मर्चेंट और अमरनाथ, हिन्दुओं की ओर से 'शेष' के विरुद्ध, 1938

छठे विकेट पर : 300 रन, वी. एस. हजारे और वी. के. हजारे, 'शेष' की ओर से हिन्दुओं के विरुद्ध, 1943

सातवें विकेट पर : 156 रन, सईद अहमद और अमीर इलाही, मुसलमानों की ओर से हिन्दुओं के विरुद्ध, 1938

आठवें विकेट पर : 115 रन, जे. हैरिस और ई. शॉ, 'शेष' की ओर से हिन्दुओं के विरुद्ध, 1938

एक मैच में दस या उससे अधिक विकेट

14 विकेट, 192 रनों पर, अमीर इलाही, मुसलमानों की ओर से 'शेष' के विरुद्ध, 1940

12 विकेट, 64 रनों पर, सी. एस. नायडू, हिन्दुओं की ओर से अंग्रेजों के विरुद्ध, 1939

11 विकेट, 142 रनों पर, सी. एस. नायडू, हिन्दुओ की ओर से मुसलमानो के विरुद्ध, 1939

10 विकेट, 186 रनों पर, अमीर इलाही, मुसलमानो की ओर से पारसियों के विरुद्ध, 1940

रोहिंटन बारिया ट्रॉफी के लिए अंतर-विश्वविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता

इस प्रतियोगिता के लिये सर्वश्री बारिया ब्रदर्स ने करीब 3500 रुपये के मूल्य की एक ट्रॉफी अखिल भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड को भेंट की। सन् 1945-46 से भारत और श्रीलंका का अन्तर विश्वविद्यालय बोर्ड इस प्रतियोगिता को आयोजित कर रहा है। प्रतियोगिता का श्रीगणेश 1935 में हुआ। यह प्रतियोगिता दो चरणों में आयोजित की जाती है; पहले क्षेत्रीय आधार पर और बाद में अन्तरक्षेत्रीय आधार पर।

निम्नलिखित विश्वविद्यालय इस प्रतियोगिता के विजेता और उप-विजेता रहे :

वर्ष	विजेता	उप-विजेता
1935	पंजाब	बम्बई
1936	पंजाब	नागपुर
1937	पंजाब	अलीगढ़
1938	बम्बई	पंजाब
1939	बम्बई	पंजाब
1940	बम्बई	मैसूर
1941	बम्बई	बनारस
1942	बम्बई	अलीगढ़
1943	पंजाब	मद्रास
1944	बम्बई	पंजाब
1945	बम्बई	पंजाब
1946	बम्बई	अलीगढ़
1947	बम्बई	आगरा
1948	बम्बई	कलकत्ता
1949	बम्बई	कलकत्ता
1950	मैसूर	दिल्ली
1951	मैसूर	इलाहाबाद
1952	बम्बई	दिल्ली
1953	दिल्ली	मैसूर

1954	बम्बई	पंजाब
1955	बम्बई	दिल्ली
1956	बम्बई	दिल्ली
1957	बम्बई	पंजाब
1958	बम्बई	दिल्ली
1959	दिल्ली	बम्बई
1960	बम्बई	इलाहाबाद
1961	मैसूर	बम्बई
1962	पूना	मद्रास
1963	बम्बई	मद्रास
1964	बम्बई	कलकत्ता
1965	बम्बई	बंगलौर

बड़ी कुल रन-संख्यायें (600 से ऊपर)

817, कलकत्ता, बिहार के विरुद्ध,	1958
791 नौ विकटों पर, मैसूर, उत्कल के विरुद्ध,	1958
767 आठ विकटों पर, दिल्ली, पटना के विरुद्ध,	1955
727, बम्बई, उस्मानिया के विरुद्ध,	1941
648, कलकत्ता, भागलपुर के विरुद्ध,	1962
647, मद्रास, बम्बई के विरुद्ध,	1950
635, आठ विकटों पर, बम्बई, पूना के विरुद्ध,	1959
628, नौ विकटों पर, बम्बई, गुजरात के विरुद्ध,	1961
627, पंजाब, लखनऊ के विरुद्ध,	1941
625, बम्बई, दिल्ली के विरुद्ध,	1956
617, बम्बई, बड़ौदा के विरुद्ध,	1951
611, दिल्ली, बम्बई के विरुद्ध,	1956
604, बम्बई, नागपुर के विरुद्ध,	1940
602, चार विकटों पर, कलकत्ता, मगध के विरुद्ध,	1963
601, नौ विकटो पर, मैसूर, नागपुर के विरुद्ध,	1954

छोटी कुल रन-संख्यायें (30 से कम)

18, जबलपुर, दिल्ली के विरुद्ध,	1961
21, बनारस, पंजाब के विरुद्ध,	1938
25, पटना, इलाहाबाद के विरुद्ध,	1950
25, रुड़की, दिल्ली के विरुद्ध,	1963
26, जम्मू व कश्मीर, इलाहाबाद के विरुद्ध,	1960
27, अन्नामलै, मद्रास के विरुद्ध,	1936

200 से ऊपर की पारी :

324, ए. एल. वाडेकर, बम्बई, दिल्ली के विरुद्ध, 1958
285, एम. टी. चन्द्रमान, बम्बई, बड़ौदा के विरुद्ध, 1957
281, डी. एन. सरदेसाई, बम्बई, गुजरात के विरुद्ध, 1961
268, ए. एस. कृष्णस्वामी, मैसूर, मद्रास के विरुद्ध, 1953
263, ए. एल. वाडेकर, बम्बई, दिल्ली के विरुद्ध, 1961
255, एल. टी. आदिशेष, मैसूर, ट्रावनकोर के विरुद्ध, 1950
255, आर. एस. कपूर, बम्बई, उसमानिया के विरुद्ध, 1941
254, एस. जी. अधिकारी, बम्बई, उसमानिया के विरुद्ध, 1959
253, एम. एस. हार्डीकर, बम्बई, एन. डी. ए. के विरुद्ध, 1955
253, रूसी मोदी, बम्बई, उसमानिया के विरुद्ध, 1941
251, प्रकाश भंडारी, दिल्ली, पटना के विरुद्ध, 1955
241, एम. एस. हार्डीकर, बम्बई, दिल्ली के विरुद्ध, 1956
229*, पी. सी. पोद्दार, कलकत्ता, पटना के विरुद्ध, 1959
228, एस. शंकरन, बनारस, बिहार के विरुद्ध, 1963
222*, पी. विग, पंजाब, जबलपुर के विरुद्ध, 1959
222, एच. आर. अधिकारी, बम्बई, पंजाब के विरुद्ध, 1941
219, ए. एल. वाडेकर, बम्बई, बड़ौदा के विरुद्ध, 1961
210, जे. डब्लू. घोरपडे, बड़ौदा, मैसूर के विरुद्ध, 1957
208, जे. डब्लू. घोरपडे, बड़ौदा, पूना के विरुद्ध, 1961
206, बी. मेहरा, पंजाब, बिहार के विरुद्ध, 1957
205*, टी. हरिहर शास्त्री, मद्रास, श्रीलंका के विरुद्ध, 1953
202, डी. के. गायकवाड, बड़ौदा, बम्बई के विरुद्ध, 1951
202, डी. एन. सरदेसाई, बम्बई, मद्रास के विरुद्ध, 1960
201*, क्रिलेन्दरसिंह, इलाहाबाद, पटना के विरुद्ध, 1958
201, सी. आर. देशमुख, पूना, बल्लभ विद्यापीठ के विरुद्ध, 1958

एक पारी में नौ या उससे अधिक विकेट :

10 विकेट 43 रन पर, एस. वी. नाडकर्णी, बम्बई, पूना के विरुद्ध, 1954
9 विकेट 33 रन पर, आनन्द शुक्ला, इलाहाबाद, विक्रम के विरुद्ध, 1962
9 विकेट 45 रन पर, राजेन्द्रपाल, दिल्ली, पंजाब के विरुद्ध, 1954
9 विकेट 52 रन पर, आर. भाटिया, विक्रम, जबलपुर के विरुद्ध, 1963

तिकड़ी (हेट-ट्रिक) :

प्रकाश भंडारी, दिल्ली, बिहार के विरुद्ध, 1955
एस. खन्ना, दिल्ली, अलीगढ़ के विरुद्ध, 1960

* अपराजित

अखिल भारतीय स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता

भारतीय क्रिकेट नियन्त्रण बोर्ड 'कूच-बिहार-ट्रॉफी' के लिये अखिल भारतीय स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन करता है। सन् 1950 में करीब 500 रुपये की लागत की यह ट्रॉफी कूच-बिहार के महाराजा ने भेंट की। मूल ट्रॉफी तो अब पाकिस्तान में है परन्तु अब नई ट्रॉफी प्राप्त हो गई है।

यह प्रतियोगिता पहले क्षेत्रीय स्तर पर नॉक आउट पद्धति से खेली जाती है। ये क्षेत्र और संघ हैं:

उत्तर क्षेत्र : 1. दिल्ली
2. दक्षिण पंजाब
3. उत्तर पंजाब
4. जम्मू व कश्मीर

पूर्व क्षेत्र : 1. बंगाल
2. बिहार
3. असम
4. उड़ीसा

पश्चिम क्षेत्र : 1. बम्बई
2. महाराष्ट्र
3. बड़ौदा
4. गुजरात
5. सौराष्ट्र

दक्षिण क्षेत्र : 1. मद्रास
2. मैसूर
3. हैदराबाद
4. केरल
5. आन्ध्र

मध्य क्षेत्र : 1. उत्तर प्रदेश
2. मध्य प्रदेश
3. राजस्थान
4. विदर्भ

क्षेत्रीय स्तर पर प्रतियोगिता हो जाने के बाद हर एक क्षेत्र की टीम बनती है और अंतर-क्षेत्रीय प्रतियोगिता आयोजित की जाती है। केवल वही स्कूल के छात्र इसमें भाग ले सकते हैं जो अठारह साल से कम उम्र के हों। खेलने वाले दलों को भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड से कुछ आर्थिक सहायता प्राप्त होती है।

भारत-श्रीलंका स्कूल क्रिकेट दलों का भ्रमण :

अखिल भारतीय स्कूल छात्रों का दल सन् 1958 में श्रीलंका के भ्रमण पर गया। वहाँ छह मैच खेले गए जिनमें केवल एक में ही सफलता प्राप्त हुई, लेकिन भ्रमण लाभदायक रहा। इस भ्रमण में आस्ट्रेलिया के स्कूल छात्र दल से भी मैच खेला गया।

खेले गये मैचों का परिणाम संक्षेप में इस प्रकार है :

1. जनवरी 24 और 25 को : मोराटूवा सम्मिलित स्कूल : 303; भारतीय स्कूल : 135 और 146 रन। मोराटूवा सम्मिलित स्कूल की एक पारी और 22 रनों से विजय।
2. जनवरी 27 और 28 को : आस्ट्रेलियाई स्कूल : 200; भारतीय स्कूल : 100 और तीन विकटों पर 107, मैच अनिर्णीत रहा।
3. जनवरी 30 को : नेगोम्बो सम्मिलित स्कूल टीम ने भारतीय स्कूल टीम को दो विकटों से हरा दिया।
4. फरवरी 2 और 3 को : श्रीलंका विश्वविद्यालय : 179 और पाँच विकेट पर 95 और पारी समाप्ति की घोषणा; भारतीय स्कूल : 164 और तीन विकेट पर 41 रन। मैच में हार-जीत का फैसला नहीं हो सका।
5. फरवरी 4 और 5 को : अखिल श्रीलंका स्कूल टीम : 284; भारतीय स्कूल 92 और 113 रन। अखिल श्रीलंका स्कूल टीम एक पारी और 79 रनों से विजयी।
6. फरवरी 7 और 8 को : भारतीय स्कूल : 207; अखिल जैना : 89 और 85 रन। भारतीय स्कूल टीम एक पारी और 33 रनों से विजयी।

सन् 1961 में श्रीलंका का स्कूल छात्रों का दल भारत भ्रमण पर आया और उसने सात मैचों में से दो जीते और बाकी में हार-जीत का फैसला नहीं हो सका। खेले गये मैचों का विवरण संक्षेप में इस प्रकार है :

मद्रास में : मद्रास राज्य स्कूल एकादश : 80 और 138 रन। श्रीलंका स्कूल : छह विकटों पर 329 और पारी समाप्ति की घोषणा। श्रीलंका स्कूल टीम एक पारी और 111 रनों से विजयी।

मद्रास में : दक्षिण क्षेत्र स्कूल एकादश : 68 और 168 रन । श्रीलंका स्कूल : सात विकटों पर 358 और पारी समाप्ति की घोषणा । श्रीलंका स्कूल टीम एक पारी और 122 रनों से विजयी ।

बंगलौर में : मैसूर स्कूल एकादश : 187 और चार विकटों पर 124 और पारी समाप्ति की घोषणा । श्रीलंका स्कूल : 179 और दो विकटों पर 60 रन । मैच में हार-जीत का फैसला नहीं हो सका ।

हैदराबाद में : श्रीलंका स्कूल 241 और छह विकटों पर 136 रन और पारी समाप्ति की घोषणा । हैदराबाद स्कूल एकादश : 178 और 2 विकटों पर 66 रन । मैच में हार-जीत का फैसला नहीं हो सका ।

अहमदाबाद में : श्रीलंका स्कूल : पाच विकटो पर 352 रन और पारी समाप्ति की घोषणा । गुजरात स्कूल एकादश : 200 रन । मैच में हार-जीत का फैसला नहीं हो सका ।

बम्बई में : बम्बई स्कूल एकादश : 133 और 5 विकटों पर 145 रन और पारी समाप्ति की घोषणा । श्रीलंका स्कूल: 181 और बिना विकेट गिरे 35 रन । मैच में हार-जीत का फैसला नहीं हो सका ।

बम्बई में : श्रीलंका स्कूल : सात विकटों पर 350 और पारी समाप्ति की घोषणा ।

पश्चिम क्षेत्र : 172 और 115 रन । श्रीलंका स्कूल : एक पारी और 63 रनों से विजयी ।

अखिल भारतीय स्कूल दल ने दूसरी बार सन् 1964 में श्रीलंका का भ्रमण किया । खेले गये मैचों का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है :

कोलम्बो में : अप्रैल 13 और 14 को । भारतीय स्कूल एकादश : 168 रन । राष्ट्रीय स्कूल क्रिकेट संघ एकादश : 56 और 91 रन । भारतीय स्कूल एकादश एक पारी और 21 रनो से विजयी ।

मोराटूवा में : अप्रैल 16 को । भारतीय स्कूल : आठ विकटों पर 198 रन और पारी समाप्ति की घोषणा । मोराटूवा स्कूल : 130 रन । भारतीय स्कूल 68 रनों से विजयी ।

गेले में : अप्रैल 18 और 19 को । गेले स्कूल : 122 और 145 रन । भारतीय स्कूल : छह विकटों पर 232 और पारी समाप्ति की घोषणा और एक विकेट पर 37 रन । भारतीय स्कूल नौ विकटों से विजयी ।

कोलम्बो में : अप्रैल 20 और 21 को । भारतीय स्कूल : 108 और 95 रन । कोलम्बो स्कूल : 146 और दं. विकटों पर 59 रन । कोलम्बो स्कूल आठ विकटों से विजयी ।

कोलम्बो में : अप्रैल 24 और 25 को। श्रीलंका स्कूल : 76 और 169 रन। भारतीय स्कूल : 86 और 145 रन। श्रीलंका 14 रनों से विजयी।

कैंडी में : अप्रैल 27 और 28 को। कैंडी स्कूल : 163 और सात विकटों पर 122 रन और पारी समाप्ति की घोषणा। भारतीय स्कूल : चार विकटों पर 228 और पारी समाप्ति की घोषणा। मैच में हार-जीत का फैसला नहीं हो सका।

जफना में : अप्रैल 30 और मई 1 को। भारतीय स्कूल : 3 विकटों पर 281 और पारी समाप्ति की घोषणा और 5 विकटों पर 72 रन। जफना स्कूल : 162 और आठ विकटों पर 214 रन और पारी समाप्ति की घोषणा। मैच में हार-जीत का फैसला नहीं हो सका।

निर्णायक (अम्पायर) .

भारतीय क्रिकेट नियन्त्रण बोर्ड ने समय-समय पर भिन्न-भिन्न स्थानों में निर्णायकों की परीक्षा का आयोजन करके निर्णायकों की नाम-सूची तैयार की है और सम्बन्धित संघों को भी अपने-अपने राज्य के निर्णायकों की नाम-सूची बनाने में सहायता दी है। मद्रास और कलकत्ता में अखिल भारतीय निर्णायक सम्मेलन आयोजित किये गये जिनमें बहुत से निर्णायकों ने भाग लिया और उपयोगी विषयों पर विचार-विमर्श हुआ।

अखिल भारतीय निर्णायक सूची मे निम्नलिखित व्यक्तियों के नाम हैं:-
एच. बनर्जी, एस. के. बनर्जी, एस. के. भट्टाचार्य, एम. वी. चिटनीस, एच. ई. चौधरी, डॉ. आई. गोपालकृष्णन, एस. वी. कुमारस्वामी, मोहम्मद यूनस, एस. एम. मखीजा, ए. एम. मामसा, पी. सी. मुकर्जी, एम. वी. नागेन्द्र, एस. पान, एस. पी. पंडित, रघुनाथ राव, वी. राजगोपाल, रथिन बोस, जे. रूबन, एस. रॉय, एन. डी. साने, वी. सत्याजी राव, के. बी. सक्सेना, एच. पी. शर्मा और एम. एस. शिवशंकरैया।
निम्नलिखित निर्णायक केवल रणजी ट्रॉफी के मैचों के लिये हैं :
एम. आर. भीकाजी, एस. आर. बोस, पी. ए. चार, एन. के. चटर्जी, ए. एन. देसाई, डी. डी. देसाई, के. एम. देवराजम, जे. डी. घोष, एस. एन. हनुमन्तराव, हरगोपालसिंह, एम. पी. सीरसागर, एम. डी. एस. मूर्ति, पी. सी. मुस्तफी, ए. एस. नागराजन, बी. एन. नागराज राव, ए. डी पार्थसारथी, जे. आर. पटेल, एन. एस. ऋषि, एन. सम्बन्दम, के. सम्पतकुमारन, जे. जे. सीगनपारिया, जी. आर. श्रीरामुल, एम. जी. सुब्रमण्यम, तुलजाराम, वी. विक्रमराजू।

निम्नलिखित निर्णायकों ने अखिल भारतीय नाम-सूची (पैनल) से अवकाश प्राप्त कर लिया :

एम. अनन्तस्वामी राव, एम. के. बनर्जी, एम. जी. भावे, एस. डी. बिलिमोरिया, बी. चक्रवर्ती, डी. डी. देसाई, दत्ता रॉय, एस. के. गांगुली, ए. आर. जोशी, एन. डी. करमारकर, बी. जे. मोहनी, एम. एम. नायुडू, डी. के. नायक, एन. डी. नागरवाला, वी. एस. नटराजन, जे. आर. पटेल, वी. वी. रामकृष्णप्पा, पी. के. सिन्हा, जे. सुब्बूस्वामी, एम. जी. विजयसारथी, टी. ए. रामचन्द्रन, एम. जी. अब्दुला, जी. ऐलिंग, जे. बर्टविशल और एल. ओकालगन ।

क्रिकेट में आयु :

प्रथम श्रेणी के क्रिकेट में सबसे वृद्ध खिलाड़ी : राजा महाराजसिंह ने बम्बई राज्यपाल एकादश का नेतृत्व द्वितीय राष्ट्र मण्डल क्रिकेट दल के विरुद्ध, बम्बई में नवम्बर 25, 26 और 27, 1950 को किया । उस समय उनकी आयु 72 वर्ष की थी ।

62 वर्ष की आयु में सी. के. नायुडू ने अपना आखिरी प्रथम श्रेणी का मैच सन् 1958 में खेला जबकि उन्होंने रणजी ट्रॉफी में उत्तर प्रदेश का नेतृत्व किया था ।

इंग्लैंड में लार्ड हैरिस की आयु 79 वर्ष की थी जब वह एस. सी. सी. की ओर से भारतीय जीमखाना के विरुद्ध लार्ड्स में अगस्त 1929 में खेले थे ।

एस. एफ. बार्न्स की आयु 62 वर्ष की थी जब सन् 1938 मे वे आखिरी बार स्टेफोर्डशायर की ओर से खेले ।

टैस्ट मैचों में सबसे वृद्ध खिलाड़ी :

सी. के. नायुडू की आयु 40 वर्ष 9 महीने और 18 दिन की थी जब उन्होंने अपना आखिरी टैस्ट मैच इंग्लैंड के विरुद्ध ओवल पर अगस्त 15, 17 और 18, 1936 को खेला था ।

सी. रामस्वामी की आयु 40 वर्ष की थी जब वे इंग्लैंड के विरुद्ध अपना पहला टैस्ट मैच मैनचेस्टर और आखिरी टैस्ट मैच ओवल में सन् 1936 में खेले थे ।

इंग्लैंड के डब्लू. जी. ग्रेस ने अपनी इक्कावनवीं वर्ष गांठ पर अपने देश का नेतृत्व आस्ट्रेलिया के विरुद्ध नौटिंघम टैस्ट में जून सन् 1899 में किया था ।

सबसे अधिक उम्र में टैस्ट क्रिकेट खेलने का कीर्तिमान डब्लू. रोड्स का है । उन्होंने 52 वर्ष की आयु मे इंग्लैंड की ओर से वेस्ट इंडीज के विरुद्ध चार टैस्ट मैच खेले थे । उसी टैस्ट शृंखला में जी. गन ने 50 वर्ष की आयु में चार टैस्ट खेले थे ।

परिवार : दो भाइयों का एक ही टैस्ट मैच में साथ-साथ खेलना :

वजीर अली और नजीर अली भारत की ओर से इंग्लैंड के विरुद्ध सन् 1932 में लार्ड्स में और 1933-34 में मद्रास में खेले।

रामजी और अमरसिंह भारत की ओर से इंग्लैंड के विरुद्ध 1933-34 में बम्बई में खेले।

सी. के. नायुडू और सी. एस. नायुडू भारत की ओर से इंग्लैंड के विरुद्ध कलकत्ता और मद्रास में 1933-34 में और मैंनचेस्टर और ओवल में 1936 में खेले।

कृपालसिंह और मिल्खासिंह भारत की ओर से इंग्लैंड के विरुद्ध बम्बई में 1961-62 में खेले।

दो भाइयों का भारत की ओर से खेलना लेकिन एक ही टैस्ट मैच में नहीं:

एम. एल. आपटे और ए. एल. आपटे।

एस. पी. गुप्ते और बी. पी. गुप्ते।

पिता और पुत्र :

स्वर्गीय इफ्तिकार अली, पटौदी के नवाब ने भारत का नेतृत्व इंग्लैंड के विरुद्ध 1946 में खेले गए तीनों टैस्ट मैचों में किया।

उनके पुत्र नवाब मनसूर अली ने भारत का नेतृत्व वेस्ट इंडीज के विरुद्ध 1962 में; इंग्लैंड के विरुद्ध 1964 और 1967; आस्ट्रेलिया के विरुद्ध 1964 और 1967-68 और न्यूजीलैंड के विरुद्ध 1965 और 1968 मे किया।

क्रिकेट में प्रयुक्त पारिभाषिक शब्दावली

अस्थियाँ (ऐशेज) :

ओवल पर खेले गये एक टैस्ट मैच में इंग्लैंड को जीतने के लिये 85 रनों की आवश्यकता थी और उसकी दूसरी पारी बाकी थी। कार्य सरल प्रतीत होता था लेकिन आस्ट्रेलिया ने 77 रनों में ही उनकी पारी समाप्त कर दी। निम्नलिखित काल्पनिक मृत्यु समाचार "स्पोर्टिंग टाइम्स" में प्रकाशित हुआ :

"इंग्लैंड के क्रिकेट की स्नेहमयी स्मृति में जिसकी मृत्यु ओवल पर 29 अगस्त 1882 को हो गई, संतप्त मित्रों और परिचितों ने शोक प्रकट किया। आर. आई. पी.।"

विशेष टिप्पणी : "दाह-क्रिया के बाद अस्थियाँ आस्ट्रेलिया ले जाई जाएँगी।"

1882 के शीतकाल में इंग्लैंड की टीम आस्ट्रेलिया गई और इस भ्रमण के दौरान वास्तव मे ऐशेज इंग्लैंड की टीम के कप्तान को भेंट की गई। तीसरे टैस्ट मैच मे एक स्टम्प जलाया गया और उसकी राख एक कलश में रखकर इंग्लैंड के कप्तान को सौंप दी गई। मखमली थैले में रखा हुआ यह कलश अब लार्ड्स के इम्पीरियल क्रिकेट मेमोरियल म्यूजियम मे है, जो लार्ड डार्नले के वसीयतनामे के अनुसार 1927 मे उनकी मृत्यु के बाद एम. सी. सी. को प्राप्त हुआ।

गेंद (बॉल) :

यह लिखित प्रमाण मिला है कि पेनहर्ट, केंट का ड्यूक परिवार क्रिकेट की गेंदे 1561 में भी बनाता था। पहिले ये गेंदें सफेद होती थी लेकिन 1843 के बाद मे इन्हें लाल रंगा जाने लगा। इनके नाप और तोल में विशेष परिवर्तन नहीं हुआ। एक गेंद का वजन $5\frac{1}{2}$ औंस से कम और $5\frac{3}{4}$ औंस से अधिक नही होना चाहिए। इनकी परिधि $8\frac{13}{16}$ इंच से कम और 9 इंच से अधिक नही हो सकती।

चौकस खेल (बार्न-डोर-गेम) :

इस शब्द का प्रयोग ठोस रक्षात्मक बल्लेबाजी के लिए किया जाता है।

बल्ला (बैट) :

जब क्रिकेट का खेल सर्वप्रथम लोकप्रिय हुआ तो बल्ले नीची भुजा से फेंकी जाने वाली गेंदों को खेलने लायक बनाए गए। बल्ले का वजन नीचे की

ओर होता था जो हॉकी स्टिक की तरह से मुड़ा हुआ था। रेगेट का टॉमस "शुक" लाइट 23 सितम्बर, 1771 को हैम्बल्डन में एक मैच में खेलने गया और उसके बल्ले की चौड़ाई विकेट की चौड़ाई से भी अधिक थी। तब यह निर्णय लिया गया कि बल्ले के नाप के बारे में नियम बन जाने चाहिए। दो ही दिन बाद हैम्बल्डन क्लब ने बल्ले की चौड़ाई की सीमा 4¼ इंच निर्धारित कर दी और आज तक यही नियम चला आ रहा है। लम्बाई 38 इंच से अधिक नहीं होनी चाहिए।

गेंदबाजी (बौलिंग) :

क्रिकेट के प्रारम्भिक दिनों में गेंद भुजा को नीचे रखकर फेंकी जाती थी। 1828 में हाथ कुहनी तक उठाने की अनुमति हो गई और 1835 में कंधे से ऊपर उठाने का नियम बन गया।

शरीर तोड़ गेंदबाजी (बोडी-लाइन बौलिंग) :

1932-33 में इंग्लैंड की टीम आस्ट्रेलिया के दौरे पर गई और दोनों देशों के मैत्रीपूर्ण सम्बन्ध बिगड़ गए क्योंकि इंग्लैंड के तेज गेंदबाज लारवुड ने सीधे बल्लेबाजों पर गेंद फटकारी। अंग्रेज इस तरीके को बाईं ओर से तेज गेंदबाजी (फास्ट लेग थ्योरी) कहते थे और आस्ट्रेलिया के निवासी इसे शरीर तोड़ गेंदबाजी कहते थे। कुछ आस्ट्रेलिया के बल्लेबाजों के भयानक चोटें आईं और कुछ चोट के भय से अपना स्थान छोड़कर हट गए।

अन्त में नवम्बर 1934 में एम. सी. सी. ने एक घोषणा द्वारा इस सीधे हमले की गेंदबाजी की निन्दा की, जिसे इस प्रकार परिभाषित किया गया : "इस प्रकार की गेंदबाजी जो बल्लेबाज पर सीधा हमला समझी जाती है, अनुचित है और यह वह गेंदबाजी है जिसमें व्यवस्थित ढंग से तेज गेंदें लगातार बल्लेबाज के बहुत पास फेंकी जाती हैं जो कि अपने विकेट से अलग खड़ा हुआ है।"

किल्ली उड़ना (बोल्ड ऑल ओवर दी विकेट) :

बल्लेबाज के साफ या पूरी तरह से डंडे उखड़ जाने पर इस शब्द का प्रयोग किया जाता है।

गेंदबाजी यन्त्र :

इस यन्त्र का आविष्कार 1837 में एक अध्यापक, निकोलस फेलिक्स ने किया जो केंट, सरे और इंग्लैंड की ओर से खेलता था।

फटती गेंद (ब्रेक) :

ऐसी गेंद जो टिप्पा पड़ने के बाद अपनी दिशा बदल देती है।

उत्ताल गेंद (बंपर या बाउन्सर) :

ऐसी गेंद जो टिप्पा पड़ने पर तेजी से कमर से ऊपर की ऊंचाई पर उठ जाती है।

उप रन और आंगिक उप रन (बाई और लेग बाई) :

जो गेंद विस्तृत (वाइड) या शून्य गेंद (नो बॉल) की श्रेणी में न आती हो और बल्ले या बल्लेबाज को बिना स्पर्श किए निकल जाए, उस पर प्राप्त रन उपरन (बाई) कहलाएंगे। अगर गेंद, बल्लेबाज की पोशाक या हाथ को छोड़कर उसके किसी अंग को छूकर निकलती है तो उस पर प्राप्त रन आंगिक उपरन (लेग बाई) कहलाएंगे।

चीनिया गेंद (चाइनामैन) :

बाएं हाथ से घुमाकर फेंकी हुई गेंद जो बाहर की ओर टिप्पा खाकर भीतर की ओर मुड़ जाती है।

रेखा (क्रीज) :

झपट रेखा (पोपिंग क्रीज) शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम सत्रहवी शताब्दी के आखिरी और अठारहवीं शताब्दी के शुरू के दिनों में किया गया जब कि विकटों के सामने रेखा के स्थान पर एक सूराख किया जाता था। दौड़ पूरी करने के लिए बल्लेबाज के लिए आवश्यक था कि वह अपने बल्ले से इस सूराख को स्पर्श कर ले। 1702 में इस प्रथा को समाप्त कर दिया गया और इसके स्थान पर एक रेखा खींची जाने लगी। 1774 से झपट रेखा (पोपिंग क्रीज) की लम्बाई विकटों से तीन फुट दस इंच रखी गई और यह दूरी 1819 में बढ़ाकर चार फुट कर दी गई।

प्रारम्भ मे गेंदबाजी रेखा (बौलिंग क्रीज) की लम्बाई नियत नही थी। इसकी पहली सीमा 1774 में नियत की गई और इसे विकटों के दोनो ओर तीन-तीन फुट रखा गया। इसकी कुल लम्बाई बढ़ाकर 1821 मे छः फुट सात इंच और 1826 मे छः फुट आठ इंच कर दी गई। 1902 में इसे आठ फुट आठ इंच कर दिया गया जो कि इसकी वर्तमान लम्बाई है।

गोलगप्पा (डौली कैच) :

इसका अभिप्राय बहुत सरल लपक (कैच) से है।

युगल (डबल) :

एक ही खेल-ऋतु मे 1000 रन बना लेना और 100 विकेट लेना।

अतिरिक्त रन (एक्स्ट्राज) :

वे रन जो बल्लेबाज के खाते में नहीं जोड़े जाते जैसे शून्य गेंदों और विस्तृत गेंदों के बने रन तथा उप रन और आंगिक उप रन।

तत्काल दूसरी पारी खेलना (फॉलो-ओन) :

क्रिकेट के नियमों में इसका प्रयोग सर्वप्रथम 1835 में किया गया। पहली पारी समाप्त होने पर और 100 रन पीछे रहने पर दल को दुबारा बल्लेबाजी करना आवश्यक था। 1854 में एक दिन के मैच में 60 रन और अधिक दिनों के मैचों में 80 रन का अन्तर निर्धारित किया गया। 1894 मे तीन दिन के मैचों के लिये 120 रन का अन्तर निर्धारित किया गया। 1900 मे इसे ऐच्छिक कर दिया गया और रनों का अन्तर इस प्रकार निर्धारित कर दिया गया : तीन-दिवसीय मैच के लिये 150 रन, दो-दिवसीय मैच के लिये 100 रन और एक-दिवसीय मैच के लिये 75 रन।

पूर्णोत्क्षिप्त/बल्लापर्यन्त (फुलटॉस) :

यह गेंद जो बल्लेबाज तक पहुँचने के पहले भूमि पर नहीं गिरती।

दस्ताने (ग्लॉब्ज) :

ऐसी मान्यता है कि सबसे पहले एन. वेनोस्ट्रोच (फेलिक्स) ने बल्लेबाजी के दस्ताने 1835 मे पहने। इनके ऊपर रबर चिपका हुआ था। ड्यूक ऐण्ड सन ने विकेट रक्षकों के दस्ताने 1848 मे प्रचलित किए।

गुगली गेंदबाजी :

यह उस भीतर फटती गेंद का नाम है जो बाहर फटती गेंद (लेग-ब्रेक) के तरीके से फेंकी जाती है।

ऐसी मान्यता है कि मिडलसेक्स और इंग्लैण्ड के खिलाड़ी बोसनक्वेट इस प्रकार के प्रथम सफल गेंदबाज थे और 1900 मे लीस्टरशायर के खिलाड़ी एस. कब को उन्होने लार्ड्स के मैदान मे इस प्रकार की गेंदबाजी से पराजित किया।

तिकड़ी (हैट-ट्रिक) :

इंग्लैंड की कुछ संस्थाओ में 1856 के करीब से यह प्रथा थी कि जो गेंदबाज तीन लगातार गेंदों में तीन बल्लेबाजों को पराजित कर देता था उसे नया टोप भेंट किया जाता था। तभी से गेंदबाज के ऐसे कार्य को यह नाम दिया जाता है।

अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट सम्मेलन (इंटरनेशनल क्रिकेट कॉन्फ्रेंस) :

इस सम्मेलन का पहला नाम इम्पीरियल क्रिकेट कॉन्फ्रेंस था। 15 जून 1909 को इसकी पहली सभा लॉर्ड्स में हुई जिसमें एम. सी. सी., आस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। भारत, न्यूजीलैंड और वेस्ट इंडीज के प्रतिनिधियों ने प्रथम बार इसकी बैठक में 31 मई 1926 को भाग लिया। पाकिस्तान का प्रतिनिधि प्रथम बार 21 जून 1953 को शामिल हुआ। मई 1961 से दक्षिण अफ्रिका इसका सदस्य नही रहा। एम. सी. सी. के

अध्यक्ष और सचिव इसके भी अध्यक्ष और सचिव हैं · और अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट पर इसका नियन्त्रण है। भारत के प्रस्ताव पर इसके नाम में इम्पीरियल से अन्तर्राष्ट्रीय परिवर्तन हुआ है।

क्रिकेट के नियम :

ऐसी मान्यता है कि सर्वप्रथम ये नियम 1744 में बनाए गए थे। 1755 में यह नियम प्रथम बार श्री रीड द्वारा छापे गए। इन नियमों में 1771, 1774, 1788, 1798, 1810, 1811, 1819, 1823-24, 1828, 1835, 1836, 1839, 1840, 1845, 1849, 1854, 1864, 1884, 1889, 1894, 1899, 1900, 1902, 1929, 1930, 1937, 1947, 1957 और 1962 में परिवर्तन हुए।

पगबाधा (एल. बी. डब्ल्यू.) :

क्रिकेट के नियमों में इसका वर्णन सर्वप्रथम 1774 मे किया गया। एक खेलने वाले बल्लेबाज द्वारा विकटों में जाने वाली गेंद को पांव से रोके जाने पर पगबाधा माना जाता है और उसे पराजित घोषित किया जाता है। (देखिये, क्रिकेट नियम–39)।

बाहर फटती गेंद या प्रतिपाद गेंद (लेग-ब्रेक) :

यह वह गेंद है जो टिप्पा पड़ने पर बल्लेबाज के पांव की ओर से बाहर की तरफ मुड़ जाती है।

आंगिक उप रन (लेग बाई) :

इंग्लैंड और एडिनबर्ग के दलों में 6 मई 1850 के एक खेल में इनकी गणना सर्वप्रथम की गई। कुछ का कहना है कि वर्षों पहले से ही आंगिक उप रनों की गणना की जा रही थी।

मेरलेबोन क्रिकेट क्लब (एम.सी.सी.) :

विनचेलसी के आठवें अर्ल और चार्ल्स लिनोक्स के नेतृत्व में ओल्ड व्हाइट कंड्यूट क्लब ने 1787-88 की सदियों मे क्रिकेट शासी निकाय की नीव रखी। एम. सी. सी. ने जून, 1788 मे अपना पहला मैच व्हाइट कंड्यूट क्लब के विरुद्ध खेलकर 83 रनों से विजय प्राप्त की। एम. सी. सी. ने लार्ड्स का क्रिकेट का मैदान 1886 में 18000 पौंड में खरीदा। इसके बाद इसकी शक्ति-सामर्थ्य बहुत बढ गई है और क्रिकेट के मामलों मे यह सर्वोपरि न्यायालय के रूप में कार्य करने लगी।

जाल (नेट) :

ऐसी धारणा है कि इंग्लैंड के निकोलस फेलिक्स ने 1845 में क्रिकेट के अभ्यास के लिये जाल प्रचलित किये थे।

शून्य गेंद (नो बॉल) :

हाथ का झटका देकर गेंदबाजी करना अनुचित है। इस प्रकार फेंकी गई गेंद को कोई भी निर्णायक तत्काल शून्य गेंद घोषित कर सकता है। गेंदबाज के विकटो के पास खड़ा निर्णायक शून्य गेंद का संकेत देगा अगर गेंद फेंकते समय गेंदबाज के दोनों पाँव झपट रेखा (पोपिंग क्रीज) के अन्दर नहीं थे। यह सूचना नहीं देने पर कि किस हाथ से और विकेट के किस तरफ से गेंदबाजी की जाएगी, शून्य गेंद घोषित की जा सकती है। अगर बल्लेबाज को रन आउट करने के लिये गेंदबाज गेंदबाजी के पहले उसके विकेट पर गेंद फेंकता है तो यह शून्य गेंद होगी।

शून्य गेंद की गिनती ओवर में नहीं होती और इसका दंड एक रन होता है अगर इस गेंद पर कोई और रन न बनाए गए हों।

भीतर फटती गेंद या अभिपाद गेंद (ऑफ-ब्रेक) :

टिप्पा पड़ने पर यह गेंद बाहर की ओर से बल्लेबाज के पांव की ओर आती है।

ओवर :

क्रिकेट के 1744 के नियमों के अनुसार चार गेंदों का एक ओवर होता था। 1838 तक एक नया गेंदबाज अभ्यास के लिये ओवर आरम्भ करने के पूर्व दो गेंदें फेंक सकता था। 1900 में छः गेंदों का ओवर होने लगा। कुछ देशों ने आठ गेंदों का भी ओवर रखा।

पैड :

यह माना जाता है कि सरे (इंग्लैंड) के राबर्ट रोबिन्सन ने पाँवों के बचाव के लिये पुट्ठों के टुकड़ों का प्रयोग अट्ठारहवी शताब्दी के अन्त और उन्नीसवी शताब्दी के आरम्भ में किया था। 1841 में नॉटिंघमशायर (इंग्लैंड) के टामस निक्सन ने कार्क के पैडों का सर्वप्रथम प्रयोग किया।

दो अंडे (पेयर ऑफ स्पेक्टेकल्स) :

जब बल्लेबाज अपनी दोनों पारियों मे एक भी रन न बना सके तो यह कहा जाता है कि उसने दो अंडे बनाये हैं।

आत्मघात (प्लेड ऑन) :

जब बल्लेबाज गेंद को अपने आप अपने विकेट पर मार लेता है तो उसे आत्मघात कहा जाता है।

मुर्गियाँ (रैबिट्स) :

कमजोर बल्लेबाज जिनकी बारी बल्लेबाजो में बहुत बाद मे आती है।

गणना-पट्ट (स्कोर बोर्ड) :

लार्ड्स में 1846 में और ओवल मे 1848 में पहली बार गणना-पट्ट का प्रयोग किया गया था। मेलबोर्न में 1848 में विशाल यांत्रिक गणना-पट्ट स्थापित किया गया। गणना-पट्ट लगाने की प्रथा शुरू होने से पहले जब दोनों दलों की रन संख्या बराबर हो जाती थी तो दोनों गणक (स्कोरर) जनता और खिलाड़ियों को सूचित करने के लिये खड़े हो जाते थे।

गणना-पत्रक (स्कोर कार्ड) :

जहाँ तक जानकारी मिली है, सेवेनोक वाइन क्लब, इंग्लैंड के गणक, प्रैट ने 1776 में पहली बार गणना-पत्रक छापे थे।

गणक (स्कोरर) :

खेल के प्रारम्भिक दिनों में लकड़ी पर निशान काटकर गणक रनों की गणना करते थे। बीस रनों के बाद में बड़ा निशान काटा जाता था।

सरसराती गेंद (शूटर) :

वह तेज गेंद जो टिप्पा पड़ने पर उछलती नहीं है लेकिन जमीन पर रगड़ खाती जाती है।

स्टिकी डॉग :

चिपचिपा विकेट।

टुक-टुकिया (स्टोन-वॉलर) :

वह बल्लेबाज जो रन बनाने की चेष्टा कम करे और ठोस रक्षात्मक बल्लेबाजी करे।

हवाई चकरी (स्वर्व) :

ऐसी गेंद जो गेंदबाज द्वारा फेंकी जाने के बाद हवा में मोड़ खा जाए।

सिक्का उछालना (टॉस) :

1774 के पहले सिक्का-उछाल जीतने वाला केवल अपनी इच्छानुसार पहले बल्लेबाजी ही नही कर सकता था बल्कि उसे पिच चुनने का भी अधिकार था। 1774 के बाद निष्पक्ष मैदानों पर खेले गए मैचों में सिक्का उछाल नहो की जाती थी। पहले बल्लेबाजी कौन करे, इसके निर्णय के लिये उन्नीसवी शताब्दी के आरम्भ के वर्षों से फिर सिक्का उछालने की पद्धति चल पड़ी।

छीलती गेंद (ट्रिमर) :

वह तेज गेंद जो विकेट मे डंडों को छुए बिना गुल्लियों को हटा दे।

अस्थिर विकेट (टर्निंग विकेट) :

खेल का वह मैदान जो भंवरी (स्पिन) गेंदबाजी के लिए सहायक हो।

विकेट :

क्रिकेट के प्रारम्भिक दिनों में संभवतः बल्लेबाज किसी वृक्ष के तने को स्टंप मान कर खेलता था। बाद में दो खड़ी लकड़ियों के ऊपर एक आड़ी लकड़ी रखी जाने लगी। यह विकेट भेड़ों के बाड़े के छोटे फाटक के समान होता था जिस पर आड़ी लगी हुई डंडी को गिल्ली (बेल) कहते थे। इसलिये क्रिकेट में इन्ही नामो यानी 'स्टम्प', 'विकेट' और 'बेल' शब्दों का प्रयोग होने लगा। 1744 के नियमों के अनुसार विकेट की ऊँचाई 22 इंच और चौड़ाई 6 इंच थी। 1775 या 1776 में तीसरा डंडा भी लगाया जाने लगा। अन्त में 1931 में एम. सी. सी. ने विकेट की ऊंचाई 28 इंच और चौड़ाई 9 इंच निर्धारित कर दी।

विस्तृत गेंद (वाइड बॉल) :

गेंदबाज द्वारा फेंकी गई ऐसी गेंद जो बहुत ही ऊँची हो या विकेट से बहुत दूर हो और निर्णायक के अनुसार बल्लेबाज की पहुँच के बाहर हो। ऐसी गेंद ज्योंही बल्लेबाज के पार निकले त्योंही निर्णायक को उसे विस्तृत गेंद (वाइड बॉल) घोषित कर देना चाहिए। ऐसी गेंद फेंकने का दंड एक रन है।

निर्णायक (अंपायर) :

अनुमान है कि खेल के प्रारम्भिक दिनों में एक ही निर्णायक होता था लेकिन इस बात का कोई प्रमाण नहीं मिलता कि दो निर्णायकों की नियुक्ति कब से होने लगी। अठारहवीं शताब्दी के पहले वर्षों मे निर्णायक डंडों के बहुत नजदीक खडा होता था क्योकि बल्लेबाज को रन बनाने के लिये निर्णायक को, जिसके हाथ में छड़ी या बल्ला होता था, छूना पड़ता था।

निर्णायकों के संकेत :

चौका (बाउंड्री) : एक हाथ को पृथ्वी के समानान्तर फैला कर हिलाना।

छक्का (ओवर बाउंड्री या सिक्सर) : दोनो हाथों को सिर के ऊपर उठा कर दिखाना।

उप रन (बाई) :

एक हाथ को खोलकर सिर के ऊपर उठाकर दूसरे हाथ को हिलाना।

आंगिक उप रन (लेग बाई) :

टाँग उठा कर और एक हाथ से घुटने को छूना।

शून्य गेंद (नो बॉल) :

एक भुजा को पृथ्वी के समानान्तर सीधा फैलाना।

पराजित (आउट) :

एक हाथ की तर्जनी उंगली को ऊपर

अपूर्ण रन (शोर्ट रन) :

कोहनी को ऊपर उठाते हुए उसी हाथ की उंगलियों को पास वाले कंधे पर छुआना।

विस्तृत गेंद (वाइड बॉल) :

दोनों हाथों को बाहर की ओर पृथ्वी के समानान्तर फैलाना।

रोंग' न : गुगली गेंद का दूसरा नाम है।

यॉरकर :

पूरी लम्बाई पर फेंकी गई गेंद जिसका बल्लेबाज ने गलत अन्दाज किया हो।

क्रिकेट के नियम

(क) खिलाड़ी, निर्णायक और गणक

दल :

1. मैच दो दलों के बीच खेला जाता है। प्रत्येक दल में नियमानुसार ग्यारह खिलाड़ी होंगे परन्तु यह संख्या दोनों कप्तानों की सहमति से घटाई-बढ़ाई भी जा सकती है। प्रत्येक दल का एक कप्तान होगा जो सिक्का उछालने के पहले अपने खिलाड़ियों के नामों की सूची विपक्षी कप्तान को देगा। यदि बाद में इन खिलाड़ियों में परिवर्तन करना हो तो उसके लिये विपक्षी कप्तान की सहमति आवश्यक होगी।

टिप्पणी :

(1) यदि किसी समय कप्तान उपस्थित न हो तो उसके स्थान पर उप-कप्तान कार्य करेगा और उसे कप्तान के सब कर्त्तव्य नियमानुसार निभाने पड़ेंगे।

(2) जिस मैच में ग्यारह से अधिक खिलाड़ी एक दल में खेलें, वह प्रथम श्रेणी का मैच नहीं माना जा सकता। किसी भी परिस्थिति में ग्यारह से अधिक खिलाड़ी क्षेत्र-रक्षण नहीं कर सकते।

एवजी :

2. किसी खिलाड़ी के बदले एवजी को क्षेत्र-रक्षण करने या विकटों के बीच तभी दौड़ने दिया जायगा जबकि उस खिलाड़ी के उसी मैच में चोट लगने या बीमार हो जाने के कारण वह अशक्त हो गया हो। दूसरे कारणों से, जब तक कि विपक्षी कप्तान आज्ञा नहीं दे देता, एवजी नहीं लिया जा सकता। एवजी बल्लेबाजी या गेंदबाजी नहीं कर सकता। जो खिलाड़ी एवजी बने, उसके लिये भी विपक्षी कप्तान की अनुमति लेना आवश्यक है। विपक्षी कप्तान एवजी को कुछ स्थानों पर क्षेत्र-रक्षण करने से रोक सकता है।

टिप्पणी :

(1) यदि किसी खिलाड़ी के बदले एवजी ने कार्य कर लिया हो तो भी, वह बल्लेबाजी, गेंदबाजी या क्षेत्र-रक्षण कर सकता है।

(2) यदि कोई एवजी "धावक" (रनर) का कार्य करते हुए नियम 36, 40 या 41 की अवहेलना करता है तो वह बल्लेबाज जिसके बदले वह एवजी "धावक" का कार्य कर रहा है, पराजित (आउट)

माना जायेगा। यदि घायल बल्लेबाज गेंद को पीट कर अपने क्षेत्र के बाहर आ जाय और यदि विकेट-रक्षक गेंद लेकर गुल्ली उड़ा दे तो बल्लेबाज आउट माना जायेगा चाहे उसका एवजी और दूसरा बल्लेबाज अपने क्षेत्र में ही क्यों न हो। जब घायल बल्लेबाज को गेंद नही खेलनी है तब उसे ऐसे स्थान पर खड़ा होना चाहिये जहाँ से वह क्षेत्र-रक्षकों को या निर्णायकों को बाधा न पहुँचाए।

निर्णायकों की नियुक्ति :

3. सिक्का उछालने के पहले दो निर्णायकों को नियुक्त किया जायेगा। वे दोनों ओर के खेल को नियमानुसार निष्पक्षता से नियन्त्रित रखेंगे। दोनों कप्तानों की सहमति के बिना निर्णायको को खेल के दौरान बदला नही जा सकता।

टिप्पणी :

(1) दोनों निर्णायकों को हर दिन खेल प्रारम्भ होने के 30 मिनट पूर्व मैदान के अधिकारी के समक्ष उपस्थित हो जाना चाहिये।

गणक :

4. जितने भी रन बनाये जायेंगे, वे इस प्रयोजन के लिये नियुक्त गणकों द्वारा गणनापुस्तिका में लिखे जायेंगे। गणकों को निर्णायकों द्वारा दिये गये सब अनुदेश और संकेत मानने होंगे और उनकी प्राप्ति की सूचना देनी होगी।

टिप्पणी :

(1) जब तक गणक निर्णायकों द्वारा दिये गये संकेतों का उत्तर नही दे देता, निर्णायकों को खेल आगे नहीं बढाना चाहिये। गणकों और निर्णायकों को शंका समाधान के लिये किसी भी समय आपस में परामर्श करने की अनुमति है।

(ख) खेल के उपकरण और मैदान

गेंद :

5. गेंद का वजन किसी भी हालत मे $5\frac{1}{2}$ औंस से कम और $5\frac{3}{4}$ औंस से अधिक नहीं होगा। गेंद की परिधि $8\frac{13}{16}$ इंच से कम और 9 इंच से अधिक नहीं होगी। हर पारी के प्रारम्भ होने पर कप्तान नई गेंद माँग सकता है। यदि गेंद खो जाय या खेलने लायक न रहे तो निर्णायक उसकी जगह, दूसरी गेंद जो कि हालत में उसी गेंद जैसी ही होगी, काम मे लेने देंगे। जब भी गेंद बदली जायगी, बल्लेबाज को इसकी सूचना दी जायगी।

टिप्पणी :

(1) प्रथम श्रेणी के हर मैच में प्रयुक्त गेंद खेल प्रारम्भ होने के पूर्व कप्तानों और निर्णायकों द्वारा अनुमोदित होनी चाहिये।

(2) इंग्लैंड के अतिरिक्त, या यदि स्थानीय विनियमों में अन्यथा व्यवस्था हो, एक गेंद से 200 रन बनने के बाद, क्षेत्र-रक्षण दल का कप्तान नई गेंद ले सकता है और अगर मैच "मैटिंग विकेट" पर खेला जा रहा हो तो 150 रन के बाद नई गेंद ली जा सकती है। इंग्लैंड में एक गेंद से 65 'ओवर' (6 गेंदों के) और भारत में 75 'ओवर' (6 गेंदों के) ("मैटिंग विकेट" पर 50 'ओवर') फेंकने के बाद नई गेंद माँगी जा सकती है।

(3) यदि गेंद खो जाय या खेलने लायक न रहे तो उसके स्थान पर जो गेंद ली जायेगी उसकी हालत भी पहले वाली गेंद जैसी ही होगी।

बल्ला :

6. बल्ले की चौड़ाई $4\frac{1}{4}$ इंच और लम्बाई 38 इंच से अधिक नहीं होगी।

पिच :

7. दोनों ओर की गेंदबाजी की रेखाओं (बौलिंग क्रीज) के बीच के क्षेत्र को पिच कहते हैं। विकेट के मध्य से यह दोनों ओर चौड़ाई में 5 फुट होगी। सिक्का उछालने के पहले तक तो मैदान के अधिकारी पिच के चुनाव और उसकी तैयारी के लिये जिम्मेदार होंगे परन्तु सिक्का उछालने के बाद दोनों निर्णायक उसकी देख-रेख करेंगे। मैच में पिच नहीं बदली जा सकती परन्तु यदि वह खेलने लायक न रहे तो दोनों कप्तानों की सहमति होने पर इसे बदला जा सकता है।

विकेट :

8. विकेट एक दूसरे के आमने-सामने 22 गज की दूरी पर समानान्तर लगाये जायेंगे। प्रत्येक विकेट चौड़ाई में 9 इंच का होगा और इसमें तीन डंडे होंगे जिन पर दो गुल्लियाँ लगी होंगी। सब डंडे बराबर होंगे और इस प्रकार से लगाये जायेंगे कि उनके बीच से गेंद न निकल सके। विकेट की ऊँचाई जमीन से 28 इंच होगी। गुल्लियों की लम्बाई $4\frac{3}{8}$ इंच होगी और विकेटों पर लगाने पर $\frac{1}{2}$ इंच से अधिक ऊपर नहीं निकली रहेंगी।

टिप्पणी :

(1) गुल्ली की बाड़ी के अलावा डंडों का [illegible] भाग गुम्बदनुमा होगा।

(2) यदि हवा वेग से चल रही हो तो कप्तानों और निर्णायकों की सहमति से गुल्लियों को हटाया जा सकता है ।

गेंदबाजी रेखा और झपट रेखा :

9. गेंदबाजी की रेखा (बौलिंग क्रीज) विकेट के डंडों की सीध में होगी । इसकी लम्बाई 8 फुट और 8 इंच होगी । इसके बीचों बीच डंडे लगे होंगे । इसके बाहरी दोनों छोरों पर विकेट के पीछे दो रेखायें समकोण बनाती हैं । इन्हें प्रत्यावर्तित रेखायें (रिटर्न क्रीज) कहते हैं । झपट रेखा (पोपिंग क्रीज) गेंदबाजी की रेखा से 4 फुट आगे उसके समानान्तर होगी । प्रत्यावर्तित रेखा और झपट रेखा की लम्बाई निश्चित नहीं होती ।

टिप्पणी :

(1) विकेट से झपट रेखा की दूरी बीच वाले डंडे से झपट रेखा के भीतरी भाग तक नापी जाती है ।

(ग) पिच का प्रबन्ध और देख-भाल

बेलन चलाना, घास काटना और पानी देना :

10. जब तक कि विशेष विनियमों के अन्तर्गत अनुमति न हो, मैच के दौरान केवल पारी प्रारम्भ करने से पूर्व या प्रति दिन के खेल प्रारम्भ करने से पूर्व, बल्लेबाजी करने वाले दल के कप्तान की इच्छा से, अधिक से अधिक 7 मिनट तक के लिये, पिच पर झाड़ू लगाकर, बेलन चलाया जायगा । मैच के दौरान पिच पर से घास नही काटी जायगी जब तक कि इसके लिये कोई विशेष नियम न हो । किसी भी परिस्थिति में मैच के दौरान पिच पर पानी नही छिड़का जायगा ।

टिप्पणी :

(1) इन नियमों के अन्तर्गत 'विशेष विनियम' वे हैं जो एम. सी. सी. ने काउण्टी क्रिकेट के लिये या अन्य देशों के क्रिकेट नियन्त्रण मंडलो ने अपने-अपने देश के क्रिकेट के लिये बनाये हैं । इस प्रकार के विनियम पर्यटक टीमों द्वारा खेले गये मैचों मे तभी लागू होते हैं जब कि पर्यटन के पूर्व इस सम्बन्ध मे समझौता हो जाय अथवा उन्हें अधिकृत नियमों की टिप्पणियों अथवा निर्वचनों में शामिल कर लिया जाय ।

(2) निर्णायकों का यह उत्तरदायित्व है कि इस नियम के अनुसार बल्लेबाजी करने वाले दल के कप्तान की प्रार्थना पर पिच पर बेलन चलाया जाय और यह कार्य इस प्रकार सम्पन्न हो जाय कि खेल नियत समय पर प्रारम्भ किया जा सके ।

पिच पर सामान्यतः बेलन प्रतिदिन खेल प्रारम्भ होने से आधा घण्टे से अधिक पहले न चलाया जाय । लेकिन बल्लेबाजी करने वाले दल के कप्तान की प्रार्थना पर इसे खेल प्रारम्भ होने के समय से दस मिनट पूर्व तक रोका जा सकता है ।

(3) पिच पर बेलन चलाने का समय खेल के सामान्य समय में से लिया जायेगा, अगर कप्तान पारी समाप्ति की घोषणा (क) खेल प्रारम्भ होने के पूर्व इतनी देरी से करता है कि दूसरा कप्तान नियमानुसार विकेट पर बेलन नहीं चलवा सकता या (ख) भोजन-मध्यान्तर प्रारम्भ होने के 15 मिनिट पश्चात् करता है ।

(4) केवल इंग्लैंड में, अगर वर्षा के कारण पिच बिगड़ जाय तो जिस दिन पिच बिगडा है उस दिन के खेल की समाप्ति के बाद और दूसरे दिन के खेल प्रारम्भ होने के पूर्व किसी भी समय लगातार अधिक से अधिक दस मिनट तक पिच पर झाड़ू लगाकर बेलन चलाया जा सकता है, परन्तु यह तभी होगा जबकि :

(i) निर्णायक इस बात को स्वीकार करें कि वर्षा के कारण पिच को जो हानि हुई है उसके कारण यह आवश्यक हो गया है कि पिच पर, नियम 10 के अन्तर्गत की गई व्यवस्था के अतिरिक्त झाड़ू और बेलन चलाया जाए ।

(ii) ऐसी स्थिति में बेलन चलाने का कार्य निर्णायकों की निजी देख-रेख में किया जायेगा । यह काम ऐसे समय में और ऐसे बेलन से किया जायेगा जिसे मैदान अध्यक्ष पिच को ठीक करने के लिये सर्वोत्तम समझे ।

(iii) वर्षा के कारण एक दिन मे एक से अधिक बार इस प्रकार के अतिरिक्त बेलन का प्रयोग नहीं किया जायेगा ।

(iv) नियम 10 के अनुसार पिच पर जो बेलन चलाया जाता है वह उस दिन नही चलाया जायेगा जिस दिन कि खेल प्रारम्भ होने के नियत समय के दो घंटे के भीतर इस विशेष व्यवस्था के अन्तर्गत पिच पर बेलन चला लिया गया हो ।

(5) निर्णायकों की देख-रेख मे क्रम से एक दिन छोड़कर दूसरे दिन पिच की घास काटी जायेगी । लेकिन किसी दिन खेल न होने के कारण ऐसा नहीं किया गया तो अगले दिन जब खेल हो तो ऐसा किया जायेगा और तत्पश्चात् क्रम से एक दिन छोड़कर दूसरे दिन घास काटी जायेगी । (इन नियम के प्रयोजन से आराम का दिन भी एक दिन माना जायेगा) ।

पिच को ढकना :

11. मैच के दौरान पूरा पिच कभी नहीं ढका जाएगा जब तक विशेष विनियमों के अंतर्गत ऐसी व्यवस्था न कर दी गई हो। गेंदबाज के दौड़-पथ की रक्षा के लिए झपट रेखा (पोपिंग क्रीज) के सामने 3½ फुट तक के स्थान को ही ढका जा सकेगा।

टिप्पणी :

(1) इस नियम के अन्तर्गत सामान्यतः गेंदबाज के दौड़-पथ की रक्षा रात में और आवश्यकता होने पर दिन में भी की जाती है। मौसम अच्छा होने पर, हर प्रातःकाल आवरण हटा दिया जाना चाहिए।

पिच की देख-भाल :

12. नियम 46 का उल्लंघन किए बिना, बल्लेबाज अपने बल्ले से पिच को ठोक सकता है और दूसरे खिलाड़ी अपने पैर जमाने के लिए लकड़ी के बुरादे का प्रयोग कर सकते हैं। किन्तु यदि मौसम नम हो तो निर्णायकों को यह ध्यान रखना होगा कि गेंदबाजों और बल्लेबाजों द्वारा बनाए गए इस प्रकार के गड्ढे भर दिए जाएँ और सुखा दिए जाएँ, यदि खेल ठीक तरह से चलाने के लिए ऐसा करना आवश्यक हो।

(घ) खेल-संचालन

पारी :

13. नियम 14 में बताई गई स्थिति को छोड़कर दल को एकान्तर से दो पारी खेलने का अधिकार है। मैदान में सिक्का उछालकर निर्णय लिया जाता है कि पहले कौनसा दल बल्लेबाजी करेगा।

टिप्पणी :

(1) दोनों दलों के कप्तान खेल प्रारम्भ होने के कम से कम 15 मिनट पहले सिक्का उछालेंगे और इसमें जीतने वाला कप्तान अपना पहले बल्लेबाजी करने का या क्षेत्र-रक्षण करने का निर्णय दूसरे कप्तान को बतला देगा। तत्पश्चात् इस निर्णय में कोई परिवर्तन नहीं किया जा सकेगा।

(2) यह नियम एक दिवसीय मैच में भी लागू होता है जिसमें दोनों दलों की प्रथम पारी समाप्त होने पर भी खेल चालू रहता है। (नियम 22 भी देखिए।)

तत्काल दूसरी पारी खेलना :

14. जो दल सर्वप्रथम बल्लेबाजी करता है और दूसरे दल से तीन दिन के मैच में 150 रन, दो दिन के मैच में 100 रन और एक दिन के

मैच में 75 रन आगे रहता है तो उसे अधिकार है कि वह दूसरे दल को तत्काल दूसरी पारी खेलने पर विवश कर दे।

पारी समाप्ति की घोषणा :

15. बल्लेबाजी करने वाले दल के कप्तान को अधिकार है कि वह किसी भी समय अपनी पारी समाप्ति की घोषणा कर सकता है चाहे खेल का समय कुछ भी निर्धारित हो।

16. मौसम की खराबी के कारण अगर खेल देर से प्रारम्भ किया जाए तो खेल शुरू होने के बाद जितने दिन खेल होना है उनको ध्यान मे रखते हुए नियम 14 का पालन किया जाएगा।

खेल का प्रारम्भ, समाप्ति और मध्यावकाश :

17. हर नई पारी को प्रारम्भ करने के लिये 10 मिनट और हर नए बल्लेबाज को मैदान में आने के लिए अधिक से अधिक 2 मिनट मिलेंगे। हर नई पारी प्रारम्भ होने पर, प्रति दिन का खेल प्रारम्भ होने पर और हर अवकाश के पश्चात् खेल प्रारम्भ होने पर गेंदबाज का सिरे वाला निर्णायक पुकारेगा "खेलो"। तत्पश्चात् जो दल खेल के लिए इन्कार करेगा वह मैच हार जाएगा। "खेलो" शब्द के उच्चारण के पश्चात् किसी भी खिलाडी को परख-गेंद (ट्रायल बाल) नहीं मिलेगी। एक बल्लेबाज के पराजित हो जाने पर जब तक दूसरा बल्लेबाज नही आ जाए, पिच पर कोई बल्लेबाजी नहीं कर सकेगा।

टिप्पणी :

(1) इस नियम के अन्तर्गत, निर्णायक, मैच में हार-जीत का निर्णय तभी घोषित करेंगे जबकि :

(i) "खेलो" शब्द का उच्चारण इस प्रकार से किया गया हो कि दोनों दलों को स्पष्ट जानकरी हो जाए कि खेल प्रारम्भ होने को है;

(ii) अपील की गई हो और

(iii) यह विश्वास हो जाए कि एक दल नहीं खेलेगा या नही खेल सकता।

(2) कप्तानों को इस बात का ध्यान रखना होगा कि पराजित होकर लौटने वाले बल्लेबाज के मैदान के बाहर निकलने से पहले ही खेलने के लिए आने वाला बल्लेबाज मैदान के भीतर आ जाए। यह इसलिए भी आवश्यक है क्योंकि निर्णायक को यह निर्णय लेना है कि बल्लेबाज की इस प्रकार की देरी यह संकेत तो नही करती कि बल्लेबाजी करने वाला दल खेलने से इन्कार करता है।

(3) जब तक कि अन्यथा समझौता न हो गया हो, भोजन के लिए केवल 45 मिनट का अवकाश मिलेगा। यदि किसी दल का अंतिम विकेट भोजन या चाय के अवकाश से केवल दो मिनट पहले गिरे तो दूसरे दल की पारी अवकाश के तुरन्त बाद प्रारम्भ की जाएगी। पारी प्रारम्भ करने के लिए 10 मिनट अलग नहीं दिए जाएँगे।

(4) पिच पर किसी को भी गेंदबाजी का अभ्यास करने की आज्ञा नहीं दी जाएगी।

18. किसी भी निश्चित मध्यावकाश के पहले और प्रति दिन का खेल समाप्त होने पर तथा मैच समाप्त होने पर, निर्णायक "समय" शब्द पुकारेंगे और साथ ही विकेट पर से गुल्लियाँ उठा लेंगे। यदि थोड़ा भी समय बाकी हो तो नया ओवर प्रारम्भ होगा और उसे पूरा करना पड़ेगा परन्तु यदि खेल समाप्ति के दो मिनट पहले कोई बल्लेबाज आउट या निवृत्त हो जाए तो उसी समय खेल समाप्त हो जाएगा। परन्तु यदि अंतिम दिन खेल समाप्त होने के अंतिम ओवर में कोई विकेट गिरे तो दोनों में से किसी भी कप्तान की प्रार्थना पर वह ओवर पूरा किया जाएगा चाहे समय समाप्त ही क्यों न हो गया हो।

टिप्पणी :

(1) यदि किसी भी मध्यावकाश के पहले या खेल समाप्ति के पहले अंतिम ओवर के समाप्त होने पर खिलाड़ियों को बाहर जाने का मौका मिले और वे मैदान के बारह जाने के लिये रवाना हो जाएँ तो निर्णायक "समय" शब्द का उच्चारण करेगा और खेल समाप्त हो जाएगा। यदि ऐसा मैच के अंतिम ओवर में हो तो मैच समाप्त हो जाएगा।

(2) किसी मध्यावकाश या खेल समाप्ति के पहले का अंतिम ओवर तभी प्रारम्भ किया जायगा जबकि बल्लेबाज के पीछे की ओर खड़ा निर्णायक अपनी साधारण चाल से गेंदबाज की ओर के विकेट के पास आकर अपना स्थान समय समाप्त होने के पहले ले लेगा।

रनों की गणना :

19. गणना रनो में की जायेगी। रन बनाने के लिये बल्लेबाजों को गेंद पीटने के पश्चात् या जब तक गेंद खेल में चलती रहे विकटों के एक सिरे से दूसरे सिरे तक दौड़ना होगा। लेकिन अगर कोई बल्लेबाज अपने दौड़-पथ का फासला पूरा नहीं करे तो निर्णायक सूचित करते हुए, पुकारेगा 'एक अपूर्ण रन' और उस रन की

पार हो जाने पर निर्णायक सीमा पार का संकेत देगा। गेंद द्वारा सीमा छूने तक जितने रन बने हैं उनकी गणना तभी होगी जब कि उनकी संख्या सीमा पार करने के रनों से अधिक हो। लेकिन अगर क्षेत्र-रक्षक द्वारा अधिक दूर फेंके जाने से या किए गए किसी कार्य से गेंद सीमा पार कर जाए तो इस क्रिया के पहले जितने रन बने हैं उनकी भी गणना की जाएगी और सीमा पार गेंद जाने के लिये निर्धारित रन संख्या (चौका) भी उसमें जोड़ी जाएगी।

टिप्पणी :

(1) अगर सीमा अंकित करने के लिए झंडियाँ या डंडों का प्रयोग किया जाता है तो इनके बीच की वास्तविक या काल्पनिक रेखा को सीमा माना जाएगा। ऐसी रेखा को संभव हो तो सफेद चूने से प्रदर्शित किया जाना चाहिए।

(2) निर्णायक मैदान की परम्परा को ध्यान में रखते हुए सीमा पार जाने वाली गेंदों के लिए रन निर्धारित करेंगे।

(3) अगर गेंद सीमा को छू जाती है अथवा गेंद को हाथ में रखे हुए क्षेत्र-रक्षक का कोई अंग सीमा को छू जाता है तो गेंद सीमा पार मानी जाएगी। क्षेत्र-रक्षक मैदान में खड़ा रहकर सीमा पार झुककर गेंद को रोक सकता है।

(4) अगर गेंद किसी रुकावट से या किसी मनुष्य द्वारा मैदान में रुक जाए तो गेंद सीमा पार नहीं मानी जाएगी जब तक कि निर्णायकों द्वारा ऐसा निश्चय पहले से नहीं कर दिया गया हो। यदि गेंद निर्णायकों से छू जाए तो उसे सीमा पार नहीं माना जाएगा किन्तु यदि मैदान में सफेद परदे (साइट स्क्रीन्स) लगे हों तो उन्हें सीमा माना जाएगा।

(5) साधारणतया गेंद सीमा पर या पार जाने के चार रन दिये जाते हैं लेकिन भूमि छुए बिना, गेंद सीमा पार कर जाए तो उसके छः रन दिये जाते हैं चाहे किसी क्षेत्र-रक्षक ने गेंद को पहले छू ही क्यों न लिया हो। अगर सफेद परदे सीमा की रेखा पर या मैदान के भीतर हों और गेंद भूमि छुए बिना सीधी उनसे टकराए, तो आम तौर पर उसके छः रन नहीं दिये जाते।

(6) यदि क्षेत्र-रक्षक द्वारा अधिक दूर गेंद फेंके जाने पर या उसके [illegible] जानबूझकर किये गए किसी कार्य से गेंद सीमा पार कर जाए [illegible] पार के चार रन के अतिरिक्त बल्लेबाज द्वारा दौड़ कर लिये भी [illegible] जायेंगे।

गणना नहीं की जाएगी। बल्लेबाज के लपक लिए जाने पर रन की गणना नहीं होगी। जिस रन को लेते हुए बल्लेबाज रन आउट होगा उस रन की भी गणना नहीं की जायगी।

नियम 21, 27, 29 और 44 के अन्तर्गत दंड के लिए और नियम 20 के अन्तर्गत गेंद के सीमा पार करने पर रनों की गणना होगी।

टिप्पणी :

(1) अगर गेंद खेल में है और बल्लेबाज दौड़ लगाकर दूसरे विकटों पर पहुँच गए हैं तो वे केवल नियम 30 की टिप्पणी (1) और नियम 46 की टिप्पणी (4) (vii) के अन्तर्गत या गेंद के सीमा पार करने पर ही वापस अपने पहले विकटों पर लौटेंगे। यह नियम उस स्थिति में भी लागू होगा जबकि अपूर्ण रन घोषित किया गया हो अथवा लपके जाने की स्थिति मे कोई भी रन न गिना गया हो।

(2) रन अपूर्ण माना जायेगा जबकि एक या दोनों बल्लेबाज पूरी दूरी को अगला रन लेने के पहले पूरा नहीं करते।

यद्यपि ऐसे अपूर्ण रन से अगले रन की दूरी कम हो जाती है लेकिन पूरा करने पर अगले रनों की गिनती होती है। इसी प्रकार बल्लेबाज झपट रेखा के आगे खड़ा रहने पर भी बिना किसी प्रकार के दंड के, वहां से रन के लिए दौड़ लगा सकता है।

(3) (i) अगर दोनों बल्लेबाजों ने एक ही रन में अपूर्ण दौड़ लगाई है तो केवल एक ही रन की कटौती होगी।

(ii) केवल जब तीन या अधिक रन लिए गए हो तो एक से अधिक रन अपूर्ण हो सकते हैं और नियम (i) का पालन करते हुए इस प्रकार के रनों की कटौती होगी।

(iii) अगर दोनों बल्लेबाज जानबूझकर अपूर्ण रन लें और क्षेत्र-रक्षक दल को उन्हे आउट करने का अवसर न मिले तो निर्णायक निश्चल गेंद (डेड बॉल) घोषित कर सकता है और तब उनमे से कोई भी रन नहीं माना जाएगा।

(4) गेंद के निश्चल (डेड) हो जाने पर, निर्णायक अपने बाजू को मोड़कर कन्धे को अंगुलियो के पेरुओं से छू कर अपूर्ण रन का संकेत देता है। अगर एक से अधिक अपूर्ण रन हों तो निर्णायक उनकी संख्या भी गणकों को सूचित करेगा।

सीमा और रन-निर्धारण (चौके-छक्के) :

20. सिक्का उछालने के पहले निर्णायक दोनों दलों के साथ मैदान की सीमा और उस पर या उसके पार गेंद आने पर गिने जाने वाले रनों की संख्या निर्धारित करेंगे। गेंद द्वारा सीमा छू जाने पर या

पार हो जाने पर निर्णायक सीमा पार का संकेत देगा। गेंद द्वारा सीमा छूने तक जितने रन बने हैं उनकी गणना तभी होगी जब कि उनकी संख्या सीमा पार करने के रनों से अधिक हो। लेकिन अगर क्षेत्र-रक्षक द्वारा अधिक दूर फेंके जाने से या किए गए किसी कार्य से गेंद सीमा पार कर जाए तो इस क्रिया के पहले जितने रन बने हैं उनकी भी गणना की जाएगी और सीमा पार गेंद जाने के लिये निर्धारित रन संख्या (चौका) भी उसमें जोड़ी जाएगी।

टिप्पणी :

(1) अगर सीमा अंकित करने के लिए झंडियों या डंडों का प्रयोग किया जाता है तो इनके बीच की वास्तविक या काल्पनिक रेखा को सीमा माना जाएगा। ऐसी रेखा को संभव हो तो सफेद चूने से प्रदर्शित किया जाना चाहिए।

(2) निर्णायक मैदान की परम्परा को ध्यान में रखते हुए सीमा पार जाने वाली गेंदों के लिए रन निर्धारित करेंगे।

(3) अगर गेंद सीमा को छू जाती है अथवा गेंद को हाथ में रखे हुए क्षेत्र-रक्षक का कोई अंग सीमा को छू जाता है तो गेंद सीमा पार मानी जाएगी। क्षेत्र-रक्षक मैदान में खड़ा रहकर सीमा पार झुककर गेंद को रोक सकता है।

(4) अगर गेंद किसी रुकावट से या किसी मनुष्य द्वारा मैदान में रुक जाए तो गेंद सीमा पार नहीं मानी जाएगी जब तक कि निर्णायकों द्वारा ऐसा निश्चय पहले से नहीं कर दिया गया हो। यदि गेंद निर्णायकों से छू जाए तो उसे सीमा पार नहीं माना जाएगा किन्तु यदि मैदान मे सफेद परदे (साइट स्क्रीन्स) लगे हो तो उन्हें सीमा माना जाएगा।

(5) साधारणतया गेंद सीमा पर या पार जाने के चार रन दिये जाते हैं लेकिन भूमि छुए बिना, गेंद सीमा पार कर जाए तो उसके छः रन दिये जाते हैं चाहे किसी क्षेत्र-रक्षक ने गेंद को पहले छू ही क्यों न लिया हो। अगर सफेद परदे सीमा की रेखा पर या मैदान के भीतर हों और गेंद भूमि छुए बिना सीधी उनसे टकराए तो आम तौर पर उसके छः रन नहीं दिये जाते।

(6) यदि क्षेत्र-रक्षक द्वारा अधिक दूर गेंद फेंके जाने पर या उसके द्वारा जानबूझकर किये गए किसी कार्य से गेंद सीमा पार कर जाए तो सीमा पार के चार रन के अतिरिक्त बल्लेबाज द्वारा दौड़ कर लिये गए रन भी उसको दिए जायेंगे।

(7) निर्णायक द्वारा चौके का संकेत भुजा को दोनों ओर हिला कर और छक्के का संकेत दोनों भुजायें सिर के ऊपर उठा कर दिया जाता है।

लुप्त गेंद :

21. अगर खेल के दौरान गेंद खोजने पर भी न मिले तो किसी भी क्षेत्र-रक्षक द्वारा 'लुप्त गेंद' पुकारने पर रन संख्या में 6 रन जोड़ दिये जायेंगे। लेकिन इसके पहले यदि बल्लेबाज ने दौड़ कर 6 रन से अधिक बना लिये हों तो केवल दौड़ कर बनाये गये रन ही बल्लेबाज को दिये जायेंगे।

परिणाम :

22. पूर्ण रूप से खेली गई दो पारियों में जिस दल की रन संख्या का योग अधिक होगा वही विजयी माना जाएगा। यदि खेल एक दिवसीय हो तो पहली पारी की रन संख्या के आधार पर परिणाम घोषित किया जायेगा। किसी मैच में हार-जीत का निर्णय इस आधार पर भी किया जा सकता है कि किसी एक दल ने मैच में हार मान ली है या नियम 17 के अंतर्गत खेलने से इन्कार कर दिया है। यदि खेल का परिणाम उपर्युक्त किसी भी आधार पर निर्धारित नहीं किया जा सके तो उसे 'अनिर्णीत' माना जायेगा।

टिप्पणी :

(1) यह कप्तानों का उत्तरदायित्व होगा कि रनों की गणना की शुद्धता की जांच खेल की समाप्ति के पश्चात् वे स्वयं करलें।

(2) मैच समाप्त होने पर किसी भी दल को खेलने के लिये विवश नहीं किया जा सकता। एक दिन के मैच में प्रथम पारियों के समाप्त होने पर परिणाम घोषित नहीं किया जा सकता यदि निर्णायक की राय में खेल को किसी परिणाम तक पहुँचने के लिए पर्याप्त समय शेष हो।

(3) पूर्ण हुए मैच में जीत का परिणाम रनों में घोषित किया जाता है। जीतने वाला दल यदि अन्तिम पारी में बल्लेबाजी करे तो जितने विकटों का पतन नहीं हुआ है उसी आधार पर परिणाम घोषित किया जाता है किन्तु एक दिन के मैच में जिसमें द्वितीय पारी समाप्त नहीं हो सकी हो, मैच का परिणाम प्रथम पारी के आधार पर घोषित किया जायेगा।

(4) अनिर्णीत खेल को 'बराबर' (टाई) कहा जायेगा यदि खेल समाप्ति पर दोनों दलों की कुल रन संख्या बराबर हो। एक दिन के

मैच में दोनों दलों की प्रथम पारी में कुल रन संख्या बराबर हो तो मैच 'बराबर' माना जायेगा परन्तु यह तभी होगा जबकि मैच पूरा न खेला जा सका हो और उसमें हार-जीत का फैसला न हुआ हो।

ओवर :

23. खेल के लिये स्वीकृत शर्तों के अनुसार पिच के प्रत्येक सिरे से बारी-बारी 8 या 6 गेंदों के ओवर में गेंदबाजी की जायेगी। जब स्वीकृत संख्या में गेंदें फेंकी जा चुकी हों और गेंदबाज के विकेट के पास खड़े निर्णायक को यह स्पष्ट हो जाए कि गेंद के सम्बन्ध में दोनों दलों की ओर से कोई गतिविधि की सम्भावना नहीं है तो निर्णायक विकेट छोड़ने के पहले स्पष्टतया "ओवर" घोषित करेगा। "शून्य गेंद" (नो बॉल) और विस्तृत गेंद (वाइड बॉल) की गिनती ओवर में नहीं की जायेगी।

टिप्पणी :

(1) इंग्लैण्ड और भारत में 6 गेंदों का ओवर माना जाता है, जब तक कि इसके विपरीत कोई समझौता न हुआ हो।

24. एक गेंदबाज अपने चालू ओवर को अवश्य पूरा करेगा यदि वह शारीरिक रूप से अयोग्य न हो गया हो या नियम विरुद्ध खेल के कारण निलंबित न कर दिया गया हो। उसे बार-बार अपनी इच्छानुसार सिरा बदलने दिया जायेगा परन्तु वह एक ही पारी में दो ओवर लगातार नहीं फेंक सकेगा। जिस सिरे से गेंदबाज गेंद फेंक रहा हो उस सिरे पर खड़े बल्लेबाज को गेंदबाज विकेट के किसी भी ओर खड़े होने के लिए कह सकता है।

निश्चल गेंद (डेड बॉल) :

25. गेंद को निश्चल (डेड) माना जायेगा जबकि वह निर्णायक की दृष्टि में विकेट रक्षक या गेंदबाज के हाथ में अंततः समा गई हो या खेल के मैदान की सीमा पर या सीमा के पार पहुँच गई हो या किसी खिलाड़ी या निर्णायक की पोशाक में ठहर गई हो या निर्णायक ने ओवर या समय समाप्ति की घोषणा कर दी हो या बल्लेबाज किसी कारण आउट हो गया हो या नियम 21 और 44 के अन्तर्गत किसी प्रकार के दंड की घोषणा कर दी गई हो। निर्णायक 'निश्चल गेंद' की घोषणा उस समय भी कर सकता है जबकि नियम 46 के अन्तर्गत अनुचित खेल के कारण वह हस्तक्षेप करने की सोच रहा हो या किसी खिलाड़ी के सख्त चोट आ गई हो या खेलने वाले बल्लेबाज के गेंद खेलने के पहले ही वह खेल बन्द करना चाहता हो। जैसे ही गेंदबाज गेंद फेंकने के लिये अपनी दौड़ प्रारम्भ कर देगा या गेंद फेंकने की क्रिया करेगा, गेंद 'निश्चल' नहीं रहेगी।

टिप्पणी :

(1) स्वयं निर्णायक को ही यह निश्चित करने का अधिकार है कि गेंद अंततः मना गई है या नहीं ।

(2) बल्लेबाज गेंद को खेले इसके पूर्व निर्णायक को खेल रोक देने का अधिकार निम्नलिखित दशाओं में होगा :

(i) यदि निर्णायक संतुष्ट हो जाय कि बल्लेबाज उचित कारण से गेंद खेलने के लिये तैयार नहीं है और वह गेंद खेलने के लिये कोई प्रयत्न नहीं कर रहा है ।

(ii) यदि गेंदबाज गेंद फेंकने के पहले अकस्मात गेंद को गिरा दे या किसी कारणवश गेंद उसके हाथ से न निकल सकें ।

(iii) यदि खेलनेवाले बल्लेबाज के विकेट की एक या दोनों गुल्लियाँ उसके गेंद खेलने के पहले ही गिर जायें ।

इन सब परिस्थितियों में उस समय से गेंद को 'निश्चल' माना जायेगा जबकि उसे अंतिम बार खेला गया हो ।

(3) गेंद 'निश्चल' नहीं होती, जब वह निर्णायक से टकरा जाय (जब तक कि वह निर्णायक की पोशाक में न ठहर जाय), जब विकेट टूट जाय या गिर जाये (जब तक कि बल्लेबाज उस क्रिया से आउट न हुआ हो) या जब असफल अपील की जाए ।

(4) इस नियम और अन्य नियमों के अन्तर्गत 'पोशाक' का अर्थ है कपड़े और खेल-कूद का साज-सामान जो वह सामान्यतया धारण करता है ।

शून्य गेंद (नो बॉल, :

26. उचित गेंद वह कहलायेगी जो किसी भी प्रकार के झटके के साथ या पत्थर की तरह न फेंकी गई हो । यदि दोनों में से कोई भी निर्णायक फेंकी हुई गेंद के पूर्ण औचित्य पर पूरी तरह सन्तुष्ट न हो तो वह तत्काल संकेत सहित 'शून्य गेंद' पुकारेगा । गेंदबाज के सिरे की ओर वाला निर्णायक 'शून्य गेंद' पुकारेगा और उसके लिये संकेत करेगा अगर वह इस बात से सन्तुष्ट न हो कि गेंद फेंकते समय गेंद-बाज के दोनों पाँव झपट और प्रत्यवर्तित रेखाओं के अन्दर थे और दोनों में से किसी भी रेखा को नहीं छू रहे थे ।

टिप्पणी :

(1) इस नियम के अधीन रहते हुए, गेंदबाज को गेंदबाजी-रेखा के पीछे दोनों पैर रखकर गेंद फेंकने की मनाही नहीं है ।

(2) खेलने वाले बल्लेबाज को यह जानने का अधिकार है कि गेंद-बाज गेंद को विकेट के दाहिनी ओर से फेंकेगा या बाईं ओर से; ऊँची भुजा से फेंकेगा या नीची भुजा से या दाहिने हाथ से फेंकेगा या बायें हाथ से। अगर गेंदवाज इस प्रकार की सूचना नहीं देता तो परिवर्तित ढंग से फेंकी हुई गेंद को अनुचित माना जा सकता है और इस प्रकार इसे 'शून्य गेंद' घोषित किया जा सकता है।

(3) अगर गेंदबाज भली भांति गेंद फेंकने के पहले खेलने वाले बल्लेबाज स्ट्राइकर के छोर के विकेट पर बल्लेबाज को रन आउट करने के उद्देश्य से गेंद फेंक मारता है तो वह गेंद 'शून्य' मानी जायेगी। (नियम 46 टिप्पणी (4) (vii) देखिये।)

(4) यदि गेंद फेंकते समय उसी छोर का विकेट गेंदबाज के शरीर के किसी अंग से अस्त-व्यस्त हो जाए, तो उस परिस्थिति मे फेंकी हुई गेंद 'शून्य' नहीं मानी जाएगी।

(5) निर्णायक अपनी एक भुजा को सीधा जमीन के समानान्तर फैलाकर 'शून्य गेंद' का संकेत देता है।

(6) यदि किसी कारणवश गेंद गेंदबाज के हाथों से न निकले तो निर्णायक को 'शून्य गेंद' की घोषणा वापस ले लेनी चाहिए।

27. किसी गेंद को 'शून्य गेंद' घोषित करने पर वह 'निश्चल गेंद' नहीं हो जाती। खेलने वाला बल्लेबाज शून्य गेंद को पीट सकता है और उससे जितने रन बनते है वे उसके खाते में जोड़े जाते हैं। इस तरीके के अलावा जो अतिरिक्त रन लिये जाते हैं वे 'शून्य गेंदों' के खाते में लिखे जाते हैं, और यदि कोई भी रन नहीं बनाया जाता तो एक रन 'शून्य गेंदों' के खाते में लिखा जाता है। खेलने वाला बल्ले-बाज यदि नियम 37 का उल्लंघन करे तो आउट हो जाता है और दोनों बल्लेबाजों में से कोई भी रन आउट हो सकता है और जो भी नियम 36 या 40 का उल्लंघन करता है वह आउट घोषित किया जा सकता है।

टिप्पणी :

(1) 'शून्य गेंद' के दण्ड-स्वरूप एक रन तभी गिना जाता है जबकि उस गेंद पर किसी और प्रकार से कोई रन न बनाया गया हो।

(2) नियम 46, टिप्पणी (4) (vii) के अन्तर्गत गेंद फेंकने के पहले ही दौड़ पड़ना शामिल है; परन्तु जब गेंद न खेलने वाला बल्लेबाज अनुचित रूप से अपना स्थान बहुत जल्दी छोड़ दे तो क्षेत्र-रक्षक दल गेंदबाज के छोर पर बल्लेबाज को किसी भी मान्य रीति से रन आउट कर सकता है। अगर गेंदबाज अपने निकट के विकेट पर गेंद फेंके तो

निर्णायक 'शून्य गेंद' घोषित नहीं करेगा परन्तु उससे जो भी रन बनेंगे उनको गिना जाएगा। इस प्रकार फेंकी हुई गेंद को ओवर में सम्मिलित नही किया जाता।

विस्तृत गेंद (वाइड बॉल) :

28. अगर कोई गेंदबाज, निर्णायक के विचार में किसी गेंद को इतनी अधिक ऊँची या विकेट से इतनी दूर फेंके कि वह खेलने वाले बल्लेबाज की पहुँच के बाहर हो तो निर्णायक ऐसी गेंद को जैसे ही वह गेंद खेलने वाले बल्लेबाज को पार कर जाएगी संकेत सहित 'विस्तृत गेंद' घोषित कर देगा।

टिप्पणी :

(1) अगर कोई गेंद, निर्णायक के विचार में, फेंकी जाने के बाद बल्लेबाज के सामने आकर रुक जाए तो ऐसी गेंद को 'वाइड बॉल' घोषित नहीं किया जाएगा और उसके कारण कोई भी रन नहीं गिना जाएगा जब तक कि खेलने वाला बल्लेबाज उसको नही पीटता जिसका कि उसको अधिकार है और इसमें क्षेत्र-रक्षक दल को हस्तक्षेप करने का अधिकार नहीं है। अगर क्षेत्र-रक्षक दल उस गेंद पर कोई हस्तक्षेप करता है तो निर्णायक को यह अधिकार होगा कि वह उस गेंद को उसी स्थान पर रख दे जहाँ पर वह रुकी थी और क्षेत्र-रक्षकों को उसी स्थान पर खड़े होने का आदेश दे जहाँ पर वे गेंद फेंकने के पहले खड़े थे।

(2) निर्णायक अपनी दोनों भुजाओं को सीधे जमीन के समानान्तर फैलाकर 'विस्तृत गेंद' का संकेत देता है।

(3) अगर कोई बल्लेबाज 'विस्तृत गेंद' को पीट दे तो निर्णायक को 'विस्तृत गेंद' की घोषणा वापस ले लेनी चाहिए।

29. किसी गेंद को 'विस्तृत गेंद' घोषित करने पर वह 'निश्चल गेंद' नहीं हो जाती। 'विस्तृत गेंद' से जो भी रन लिए जाएँ उन्हें 'विस्तृत गेंद' के खाते में लिखा जाएगा और अगर कोई भी रन नही बनाया जाता तो एक रन 'विस्तृत गेंद' के खाते में लिखा जाएगा। खेलने वाला बल्लेबाज 'विस्तृत गेंद' पर आउट हो सकता है अगर वह नियम 38 या 42 का उल्लंघन करे और दोनों मे से कोई भी बल्लेबाज रन आउट हो सकता है या आउट घोषित किया जा सकता है अगर वह नियम 36 या 40 का उल्लंघन करे।

उप रन और आंगिक उप रन ('बाई' और 'लेग बाई') :

30. अगर कोई गेंद जिसको 'विस्तृत गेंद' या 'शून्य गेंद' घोषित नहीं

किया गया है, खेलने वाले बल्लेबाज के बल्ले या उसके शरीर को छुए बिना उससे पार चली जाए तो उससे जो रन प्राप्त होंगे उन्हें निर्णायक संकेत द्वारा उप रन (बाई) घोषित करेगा। लेकिन अगर गेंद खेलने वाले बल्लेबाज के शरीर के किसी भी अंग को (केवल हाथों के उस हिस्से को छोड़ कर जिससे बल्ला पकड़ा गया है) स्पर्श कर बल्लेबाज से पार चली जाए तथा उस पर रन लिए जाएँ तो निर्णायक संकेत द्वारा आंगिक उप रन (लेग बाई) घोषित करेगा। ऐसे रन यथा-स्थिति 'उपरन' और 'आंगिक उप रन' के अन्तर्गत लिखे जायेंगे।

टिप्पणी :

(1) यदि खेलने वाला बल्लेबाज, बल्ला पकड़ने वाले हाथ के अलावा, अपने किसी अंग से किसी गेंद को छूकर मोड़ देगा तो निर्णायक उसके इस कार्य को अनुचित समझेगा और ज्यों ही वह इस बात से आश्वस्त हो जाएगा कि क्षेत्र-रक्षक दल द्वारा किसी भी बल्लेबाज को आउट किए जाने की संभावना नहीं है तो वह तत्काल गेंद को 'निश्चल' घोषित कर देगा। गेंद जानबूझकर मोड़ी गई है या नहीं इसका निर्णय इस आधार पर किया जाएगा कि क्या बल्लेबाज ने अपने बल्ले से गेंद खेलने की कोशिश की थी या नहीं।

(2) निर्णायक उप रन (बाई) का संकेत अपने खुले हाथ को सिर के ऊपर उठाकर तथा आंगिक उप रन (लेग बाई) का संकेत पाँव उठा-कर घुटने को स्पर्श करते हुए देगा।

विकेट का पतन :

31. यदि गेंद से या खेलने वाले बल्लेबाज के बल्ले से या शरीर से एक या दोनों गुल्लियाँ विकेट पर से गिर जाएँ या विकेट का डंडा जमीन से उखड़ जाए तो विकेट का पतन माना जाता है। कोई भी क्षेत्र-रक्षक अपने हाथ या भुजा से विकेट गिरा सकता है अथवा यदि गुल्लियाँ पहले से ही गिरी हुई हों तो डंडा उखाड़ सकता है बशर्ते कि विकेट गिराने वाले हाथ या हाथों में गेंद हो।

टिप्पणी :

(1) केवल गुल्ली के अस्त-व्यस्त होने से ही विकेट का पतन नहीं होता लेकिन विकेट का पतन उस समय भी माना जाएगा जबकि गुल्ली गिरते समय दो विकटों के बीच में ठहर जाए।

(2) अगर एक गुल्ली उड़ी हुई हो तो इस नियम के अन्तर्गत यह काफी होगा कि दूसरी गुल्ली को उपर्युक्त तरीकों से उड़ा दिया जाए या तीनों विकटों में से किसी को भी जमीन से उखाड़ दिया जाए।

(3) अगर वायु बहुत तेज चल रही हो और दोनों कप्तान गुल्लियाँ हटाने के लिये सहमत हो जाएँ (देखो नियम 8, टिप्पणी (2)), तो विकेट का पतन हुआ है या नहीं, इसका निर्णय केवल निर्णायक ही प्रस्तुत तथ्यों के आधार पर कर सकते हैं। ऐसी परिस्थितियों में विकेट का पतन माना जाएगा चाहे विकेट के डंडे को मैदान से न भी उखाड़ा गया हो।

(4) अगर खेलते समय विकेट को तोड़ दिया गया हो तो यह निर्णायक का कर्त्तव्य नहीं है कि वह विकेट को फिर से ठीक तरह लगा दे, जब तक कि गेंद 'निश्चल' न हो जाए। ऐसी परिस्थिति में एक क्षेत्र-रक्षक विकेट को फिर से लगा सकता है।

(5) इस नियम और दूसरे नियमों के प्रयोजन से 'शरीर' शब्द के अर्थ में खिलाड़ी की पोशाक, जो कि नियम 25, टिप्पणी (4) के अन्तर्गत परिमापित है, भी सम्मिलित है।

क्षेत्र से बाहर होना :

32. एक बल्लेबाज उस समय तक अपने क्षेत्र से बाहर माना जाएगा जब तक कि उसके बल्ले का कोई भाग या उसके शरीर का कोई अंग 'झपट रेखा' के पीछे न हो।

बल्लेबाज का निवृत्त होना :

33. एक बल्लेबाज किसी भी समय निवृत्त हो सकता है परन्तु वह अपनी बल्लेबाजी को विपक्षी कप्तान की अनुमति से और वह भी किसी विकेट के पतन पर ही, फिर से चालू कर सकता है।

टिप्पणी :

(1) जब कोई बल्लेबाज बीमारी या चोट लग जाने के कारण या किसी अपरिहार्य कारण से निवृत्त होता है, तो उसकी पारी के विवरण में "निवृत्त, अपराजित" लिखा जाएगा लेकिन अगर वह उक्त कारणों से निवृत्त न हुआ हो तो पारी समाप्त मानी जाती है और वह 'निवृत्त, पराजित' लिखा जाएगा।

गेंद आउट (बोल्ड-आउट) :

34. खेलने वाला बल्लेबाज गेंद आउट (बोल्ड-आउट) होता है जबकि विकेट गेंद लगने से जमीन पर गिर जाता है चाहे गेंद पहले बल्ले या शरीर को छूकर आई हो।

टिप्पणी :

(1) अगर गेंद खेलते हुए बल्लेबाज गेंद को पाँव से या बल्ले से

विकेट पर मार देता है तो वह बल्लेबाज बोल्ड-आउट होगा यदि यह घटना गेंद को पीटने की क्रिया के दौरान हुई हो।

(2) खेलने वाला बल्लेबाज इस नियम के अन्तर्गत बोल्ड-आउट होता है जब गेंद उसके शरीर को स्पर्श करती हुई विकटों में जा लगी हो चाहे पगबाधा नियम 39 के अन्तर्गत भी वह आउट घोषित किया जा सकता हो।

कैच-आउट :

35. खेलने वाला बल्लेबाज कैच-आउट होता है अगर गेंद बल्ले से या बल्ले पकड़ने वाले हाथ से (जिसमें कलाई सम्मिलित नहीं है) लग कर जमीन पर गिरे बिना क्षेत्र-रक्षक द्वारा लपक ली जाए चाहे गेंद लपकने वाले के शरीर से चिपक जाए या अकस्मात् उसके वस्त्रों में अटक जाए। गेंद लपकते समय क्षेत्र-रक्षक के दोनो पाँव पूरी तरह से खेल के मैदान में होने चाहिए।

टिप्पणी :

(1) गेंद का मैदान से स्पर्श नहीं होना चाहिए, चाहे गेंद लपक लेने वाला हाथ मैदान को स्पर्श करले।

(2) गेंद मैदान से छू गई है या वह सीमा पार ले जाई गई है, इस तथ्य की निर्णायक उपेक्षा कर सकता है यदि वह यह अनुभव करे कि इस तरह की घटना के पहले लपकने की क्रिया पूर्ण की जा चुकी थी।

(3) यह तथ्य कि गेंद बल्ले से लगने के पहले या बाद मे बल्लेबाज के शरीर से छू गई थी, लपक (कैच) को अमान्य नहीं कर सकता।

(4) खेलने वाला बल्लेबाज उस स्थिति में भी लपका हुआ माना जाता है जबकि क्षेत्र-रक्षक ने गेंद को अपने हाथों छुआ भी नहीं हो, जैसे कोई गेंद विकेट-रक्षक के पैंड मे अटक जाए।

(5) एक क्षेत्र-रक्षक खेल के मैदान में खड़े-खड़े मैदान की सीमा से सटकर भी गेंद को लपक सकता है चाहे गेंद सीमा के पार गुजर चुकी हो।

(6) यदि खेलने वाला बल्लेबाज विधिवत् गेंद को दुबारा खेले, तो वह इस नियम के अन्तर्गत आउट होगा यदि गेंद पहली बार पिटने के समय से ही मैदान से न छुई हो।

(7) खेलने वाला बल्लेबाज खेल के मैदान में स्थित किसी बाधा को छूकर लौटती हुई गेंद को लपक लिए जाने से कैच-आउट हो सकता है अगर उस बाधा को पहले से ही सीमा न मान लिया गया हो।

हाथ से छूने के कारण आउट :

36. कोई भी बल्लेबाज आउट होगा अगर वह खेल के दौरान गेंद को हाथ से छू ले या पकड़ले। परन्तु यदि वह विरोधी दल की प्रार्थना पर गेंद छूएगा या पकड़ेगा तो आउट नहीं माना जाएगा।

टिप्पणी :

(1) बल्ला पकड़ने वाला हाथ नियम 36, 37 और 39 के प्रयोजन से बल्ले का ही भाग माना जाएगा।

(2) जब कोई बल्लेबाज इस प्रकार आउट होता है तो गणना-पुस्तिका में 'गेंद हाथ से छूने के कारण आउट' अंकित किया जाता है। गेंदबाज को इसका श्रेय नहीं मिलता।

गेंद पर दुबारा प्रहार करना :

37. यदि गेंद खेलने वाले बल्लेबाज के शरीर के किसी अंग से गेंद रुक जाए और वह फिर जान-बूझकर उस पर दुबारा प्रहार करे तो वह आउट माना जाएगा। केवल अपने विकेट की रक्षा करने हेतु वह अपने बल्ले या हाथ के अतिरिक्त शरीर के किसी भाग से गेंद पर प्रहार करे तब वह आउट नहीं होगा। गेंद पर विधिवत् दुबारा प्रहार करने की दशा में, केवल क्षेत्र-रक्षक के विकेट पार गेंद फेंकने पर ही, रन बनाए जा सकते हैं।

टिप्पणी :

(1) निर्णायक ही यह निर्णय देगा कि गेंद को दुबारा पीटा जाना उचित था या नहीं। निर्णायक अपना निर्णय देते समय इस तथ्य को ध्यान में रख सकता है कि दुबारा प्रहार का लाभ उठाने के अभिप्राय से बल्लेबाजों ने रन बनाने की कोशिश की थी, परन्तु यह तथ्य भी निश्चायक आधार नहीं हो सकता।

(2) एक बल्लेबाज गेंद पर दुबारा प्रहार उस समय नहीं करेगा जबकि उसके विकेट-रक्षक या क्षेत्र-रक्षक के गेंद लपकने में बाधा पड़ती हो।

(3) इस नियम का उलंघन उस समय भी होगा जबकि बल्लेबाज गेंद खेलने के बाद विरोधी दल की प्रार्थना के बिना बल्ले के द्वारा किसी क्षेत्र-रक्षक के पास गेंद को लौटाता है।

(4) गणना-पुस्तिका में इसको सही रूप में "गेंद पर दुबारा प्रहार" अंकित किया जायगा। गेंदबाज को ऐसे विकेट के पतन का श्रेय नहीं मिलता।

हिट विकेट :

38. बल्लेबाज 'हिट विकेट' पराजित होगा यदि वह गेंद पर प्रहार करते समय विकटों को बल्ले से या शरीर के किसी भाग से गिरा देगा।

टिप्पणी :

(1) इस नियम के अन्तर्गत खेलने वाला बल्लेबाज पराजित होगा यदि :

(i) वह गेंद को विकटों से टकराने से रोकने के लिए बल्ले से दुबारा गेंद पर प्रहार करे।

(ii) गेंद पर प्रहार करते समय; अन्यथा नहीं, विकेट उसकी टोपी या टोप के गिरने से या बल्ले के किसी भाग के छू जाने से गिर जाते हैं।

(2) बल्लेबाज बल्ले या शरीर से विकेट को गिरा देने पर पराजित नहीं माना जाएगा यदि वह दौड़ कर रन लेते समय ऐसा करे।

पगबाधा :

39. खेलने वाला बल्लेबाज 'पगबाधा' पराजित होगा, यदि हाथ के अतिरिक्त उसके शरीर के किसी ऐसे अंग से, जो दोनों विकटों के बीच सीधी रेखा पर हो, गेंद स्पर्श कर जाए, चाहे गेंद का स्पर्श गुल्लियों के तल से ऊपर की ऊँचाई पर हुआ हो; यह गेंद ऐसी होनी चाहिए कि जो खेलने वाले बल्लेबाज के बल्ले या हाथ को पहले न छुई हो और जो निर्णायक की राय मे, गेंदबाज के विकेट से खेलने वाले बल्लेबाज के विकेट तक की सीधी रेखा पर टिप्पा खा चुकी हो या खाती या जो खेलने वाले बल्लेबाज के विकेट के दाहिनी ओर टिप्पा खाती और हर दशा मे गेंद विकेट से टकराती।

टिप्पणी :

(1) 'हाथ' शब्द का अर्थ इस नियम के अन्तर्गत भुजा के उस भाग से है जो बल्ला पकड़ने के काम में लाया जाता है।

(2) इस नियम के अन्तर्गत बल्लेबाज उसी अवस्था में पराजित होगा जब कि निम्नलिखित चारो प्रश्नों के उत्तर स्वीकारात्मक रूप में हों :

(i) क्या गेंद विकटों से टकराती ?।

(ii) क्या गेंद ने दोनों ओर के विकेटों की सीधी रेखा पर या बल्लेबाज के विकटों के दाहिनी ओर टिप्पा खाया है ?

(iii) क्या गेंद बल्लेबाज के हाथ के अतिरिक्त उसके शरीर के किसी भाग से पहले टकराई है ?

(iv) क्या बल्लेबाज का शरीर दोनों ओर के विकटों के बीच सीधी रेखा पर था जब गेंद ने शरीर के किसी भाग को स्पर्श किया था, चाहे स्पर्श कितनी भी ऊँचाई पर हुआ हो ?

क्षेत्र-रक्षण में बाधा :

40. दोनों में से कोई भी बल्लेबाज पराजित होगा, यदि वह जानबूझकर विपक्ष के क्षेत्र-रक्षण में बाधा डाले। यदि दोनों बल्लेबाजों में से किसी भी बल्लेबाज द्वारा डाली गई ऐसी बाधा के कारण कोई क्षेत्र-रक्षक गेंद न लपक सके तो खेलने वाला बल्लेबाज ही पराजित माना जायेगा।

टिप्पणी :

(1) यह निर्णायक को निश्चय करना होगा कि बल्लेबाज ने जानबूझकर बाधा डाली है या अनजाने में। यदि दौड़ते हुए बल्लेबाज द्वारा अनजान में ही गेंद फेंकने मे बाधा पहुँचे तो इसे नियम का उल्लंघन नहीं माना जाएगा।

(2) इस नियम के अन्तर्गत पराजित होने वाले खिलाडी के लिए गणना-पुस्तिका मे "क्षेत्र-रक्षण बाधा" पराजित लिखा जाएगा और इसका श्रेय गेंदबाज को नही मिलेगा।

दौड़ते हुए पराजित (रन आउट) :

41. दोनो बल्लेबाजो मे से कोई भी बल्लेबाज दौड़ते हुए पराजित (रन आउट) होगा यदि विकटो के बीच दौड़ लगाते समय या अन्य किसी भी समय जब गेंद खेल में हो और वह अपने क्षेत्र के बाहर हो, कोई भी विपक्षी खिलाड़ी विकटों को गेंद द्वारा गिरा दे। यदि दोनों बल्लेबाज दौड़ लगाने के दौरान एक दूसरे को पार कर जाएँ तो जो खिलाड़ी गिराए गए विकेट की ओर दौड़ रहा होगा वह पराजित माना जाएगा; यदि दोनों दौड़ के दौरान एक दूसरे को पार न कर चुके हो तो गिराए गए विकेट को जिस बल्लेबाज ने छोड़ा था वही पराजित समझा जाएगा। किन्तु जब तक गेंद पर प्रहार करने वाला बल्लेबाज स्वयं दौड़ने का प्रयास नही करता, वह नियम 42 के अन्तर्गत चाहे गेंद को शून्य गेंद (नो बॉल) घोषित कर दिया गया हो, 'रन आउट' नही माना जाएगा।

टिप्पणी :

(1) यदि गेंद पर प्रहार करने पर दूसरी ओर का विकेट गेंद से गिर जाए तो दोनो ही बल्लेबाजों में से किसी को भी 'रन आउट' घोषित नही किया जाएगा जब तक कि विकेट से टकराने के पहले गेंद क्षेत्र-रक्षक द्वारा न छू ली गई हो।

"स्टम्प पराजित" :

42. खेलने वाला बल्लेबाज 'स्टम्प पराजित' होगा, यदि गेंदबाज द्वारा फेंकी गई गेंद (जो शून्य गेंद नहीं है) को खेलते समय बल्लेबाज अपने क्षेत्र से बाहर हो किन्तु वह दौड़ लगाने का प्रयास नहीं कर रहा हो और विकेट-रक्षक द्वारा, किसी क्षेत्र-रक्षक की सहायता के बिना, विकेट गिरा दिया जाए। केवल जब गेंद बल्ले को या बल्लेबाज के शरीर को स्पर्श कर जाए तभी विकेट-रक्षक गेंद को इस प्रयोजन से विकेट के सामने से ले सकता है।

टिप्पणी :

(1) यदि विकेट-रक्षक के शरीर से टकरा कर लौटती हुई गेंद विकेट गिरा दे तो भी खेलने वाला बल्लेबाज स्टम्प पराजित माना जा सकता है।

विकेट-रक्षक

43. विकेट-रक्षक पूरी तरह से विकटों के पीछे खड़ा रहेगा जब तक कि गेंदबाज द्वारा फेंकी गई गेंद खेलने वाले बल्लेबाज के बल्ले या शरीर को स्पर्श न कर ले या विकेट को पार न कर जाय या जब तक बल्लेबाज दौड़ लगाने का प्रयास न करे। यदि विकेट-रक्षक इस नियम का उल्लघंन करे तो बल्लेबाज केवल नियम 36, 37, 40 और 41 के अन्तर्गत ही और वह भी नियम 46 को ध्यान में रखते हुए ही पराजित हो सकेगा।

टिप्पणी :

(1) बल्लेबाज को गेंद खेलने और अपने विकेट के बचाने का अधिकार है। उसके इस अधिकार में विकेट-रक्षक हस्तक्षेप न करे इस हेतु यह नियम बनाया गया है। केवल नियम 37, टिप्पणी (2) के अलावा, बल्लेबाज दंडित नहीं होगा यदि वह अपने विकेट को बचाने के प्रयास में विकेट-रक्षक को विघ्न पहुँचाये।

क्षेत्र-रक्षक

44. क्षेत्र-रक्षक अपने किसी भी अंग से गेंद रोक सकता है। लेकिन अगर दूसरे तरीकों से वह जान-बूझ कर गेंद रोकता है तो जितने रन बने हैं उनमें पाँच रन और जोड दिये जायेंगे। अगर कोई रन नहीं बना है तो कुल पाँच रन गिने जायेंगे। ये रन गेंद खेलने वाले बल्लेबाज को मिलेंगे अगर उसने गेंद को अपने बल्ले से खेला था, नहीं तो रनो की गणना यथास्थिति उप रन, आंगिक उप रन, शून्य गेंद या विस्तृत गेंद के अन्तर्गत होगी।

टिप्पणी :

(1) क्षेत्र रक्षक अपनी टोपी आदि से गेंद को रोक या लपक नहीं सकता ।

(2) उपर्युक्त ढंग से गेंद रोकने का दंड पाँच रन होगा और बल्लेबाज अपने छोर नहीं बदलेंगे ।

(ङ) निर्णायकों के कर्त्तव्य

45. पारी के लिये सिक्का उछालने के पूर्व, निर्णायक स्वयं विशेष विनियमों की जानकारी ले लेंगे और मैच के सम्बन्ध में दोनों कप्तानों द्वारा प्रस्तावित समझौते और शर्तों से भी सहमति प्रकट करेंगे । वे अपने आप को इस बात से संतुष्ट कर लेंगे कि विकेट ठीक तरह से लगाये गये हैं और दोनो आपस में इस बात पर भी सहमत होंगे कि खेल के दौरान कौनसी घड़ी से समय देखा जायगा ।

टिप्पणी :

(1) विशेष विनियमों के अतिरिक्त (देखिये, नियम 10, टिप्पणी (1)), इन नियमों के अन्तर्गत खेल के लिये अन्य बहुत-सी बातें भी आवश्यक होती हैं, जैसे खेल की अवधि, मध्यावकाश आदि ।

(2) दोनों कप्तान निर्णायक से यह पूछ सकते हैं कि कौनसी घड़ी के अनुसार खेल चलेगा ।

46. खेल शुरू होने से पहले और खेल के दौरान निर्णायक इस बात का ध्यान रखेंगे कि खेल का संचालन और खेल के उपकरण पूर्ण रूप से नियमों के अनुसार हैं; वे ही एक मात्र उचित और अनुचित खेल का अंतिम निर्णय देने वाले है और यदि मैदान और मौसम की उपयुक्तता तथा खेल के लिये प्रकाश की पर्याप्तता का विषय उन पर छोड़ दिया जाय तो उनका निर्णय ही अंतिम होगा । सभी प्रकार के विवादों का निपटारा वे ही करेंगे और यदि वे असहमत हों तो वास्तविक स्थिति जारी रहेगी । दोनों निर्णायक प्रत्येक दल की एक पारी समाप्त होने के पश्चात् आपस में अपने छोर बदल लेंगे ।

टिप्पणी :

(1) निर्णायक को खेल के समय ऐसे स्थान पर खड़ा होना चाहिये जहाँ से वह सभी प्रकार की गतिविधियाँ ठीक तरह से देख सके जिनमें उसको निर्णय देने की आवश्यकता हो सकती है । उपर्युक्त बात को ध्यान में रखते हुए, गेंदबाज के छोर की ओर खड़े होने वाले निर्णायक को ऐसे स्थान पर ही खड़ा होना चाहिये जहाँ से गेंदबाज के दौड़ने में और बल्लेबाज के देखने में किसी प्रकार की बाधा न पहुँचे । यदि

दूसरा निर्णायक बाईं ओर की बजाय दाईं ओर खड़ा होना चाहता है तो उसे इसकी अनुमति क्षेत्र-रक्षक दल के कप्तान से लेनी होगी, और इसकी सूचना बल्लेबाज को भी देनी होगी।

(2) निर्णायकों को निर्णय लेने में दर्शकों अथवा खिलाड़ियों से प्रभावित नही होना चाहिये।

(3) विभिन्न संगत नियमों की टिप्पणियों में निर्धारित संकेतों का उल्लेख किया गया है किन्तु निर्णायक को आवश्यकतानुसार संकेत देने के साथ-साथ अपना निर्णय बोल कर भी घोषित करना चाहिये ताकि उसकी सूचना खिलाड़ियों और गणकों को भी मिल जाए।

(4) उचित और अनुचित खेल :

(i) निर्णायकों को यह अधिकार है कि अनुचित खेल होने पर, अपील के बिना भी वे उसमें हस्तक्षेप कर सकते हैं किन्तु जब तक नियमो के अन्तर्गत आवश्यक न हो उन्हें खेल की प्रगति में किसी प्रकार की बाधा नही डालनी चाहिए।

(ii) यदि कोई खिलाड़ी निर्णायक के द्वारा दिए गये अनुदेशों का पालन न करे या उसके निर्णय की आलोचना करे तो निर्णायकों को पहले कप्तान से उस खिलाड़ी के विरुद्ध कार्यवाही करने के लिये कहना चाहिए और यदि उनके कहने का कोई प्रभाव न हो तो इस घटना की सूचना खेलने वाले दलों के नियन्त्रकों को तत्काल देनी चाहिए।

(iii) किसी खिलाड़ी द्वारा गेंद को और अच्छी तरह से पकड़ने के लिये उसकी सिलाई को उखाड़ना नियमों के विरुद्ध है। ऐसी स्थिति में, निर्णायक दूसरी गेंद दे देगा जो पहली गेंद जैसी ही घिसी-पिटी होगी और कप्तान को इस प्रकार के अनुचित कार्य के लिए चेतावनी दे देगा। गेंदबाज द्वारा मोम, राल आदि का प्रयोग भी अनुचित है किन्तु यदि गेंद भीग जाए तो वह उसको तोलिये या लकड़ी के बुरादे से सुखा सकता है।

(iv) इस नियम के अन्तर्गत निर्णायक हस्तक्षेप कर सकता है यदि कोई क्षेत्र-रक्षक शोर या हरकत द्वारा बल्लेबाज को गेंद खेलते समय बाधा पहुँचाए।

(v) यह निर्णायकों का कर्तव्य होगा कि वे खिलाड़ियो को पिच मे ऐसी खराबी पैदा करने से रोकें जो कि गेंदबाजों को सहायता दे सकती है।

(vi) बल्लेबाज से दूर टिप्पा खाने वाली गेंदें (शोर्ट पिच्ड) लगातार फेंकना अनुचित है, यदि गेंदबाज के छोर पर खड़े निर्णायक की राय में यह कार्य व्यवस्थित रूप से बल्लेबाज को भयभीत करने के लिये किया जा रहा हो। ऐसी स्थिति मे उसको निम्नलिखित कार्य-विधि अपनानी चाहिए :

(क) जब वह यह निश्चित करले कि इस प्रकार की गेंदबाजी लगातार होती जा रही है तो उसे तुरन्त गेंदबाज को "चेतावनी" दे देनी चाहिए।

(ख) यदि इस "चेतावनी" का कोई असर न हो तो इस घटना की सूचना रक्षक-दल के कप्तान को और दूसरे निर्णायक को दे देनी चाहिए।

(ग) यदि उपर्युक्त कार्यवाही का भी कोई असर न हो तो गेंदबाज के छोर के निर्णायक को चाहिए कि :

(i) इस प्रकार की गेंद को पुनः फेंकने पर उसे निश्चल गेंद (डेड बॉल) घोषित कर दे; और ऐसी स्थिति में ओवर समाप्त माना जाएगा।

(ii) क्षेत्र-रक्षक दल के कप्तान को आदेश दे दे कि उस गेंदबाज को गेंदबाजी से हटा ले। कप्तान को इस आदेश का पालन करना होगा।

(iii) जब मध्यावकाश हो तो वह तुरन्त इसकी सूचना बल्लेबाजी करने वाले दल के कप्तान को दे।

उपर्युक्त कारण से जिस गेंदबाज को गेंदबाजी से हटाया जाएगा वह उस पारी मे फिर गेंदबाजी नहीं करेगा।

(vii) गेंदबाज द्वारा गेंद फेंकने के लिये दौड़ लगाने के समय बल्लेबाज द्वारा रन मार लेना अनुचित होगा। गेंदबाज द्वारा किसी छोर के विकेट पर गेंद फेंके जाने से पहले ही (देखिए, नियम 26, टिप्पणी (2) और (3) और नियम 27) यदि दोनों बल्लेबाज रन लेने के लिए एक दूसरे को पार कर जाएँ तो निर्णायक को तुरन्त 'निश्चल गेंद' घोषित कर देना चाहिए। इसके बाद दोनों बल्लेबाज अपने अपने मूल विकेट पर लौट आएँगे।

(viii) कोई भी खिलाडी खेल चलते समय मालिश करवाने या नहाने के लिये मैदान नही छोड़ेगा।

(5) मैदान, मौसम और प्रकाश :

(i) जब तक दोनों कप्तानों के बीच खेल प्रारम्भ होने से पूर्व कोई विपरीत समझौता न हो गया हो, वे ही मैदान, मौसम और प्रकाश

की उपयुक्तता के बारे में निर्णय लेंगे। उनमें आपस में मतभेद होने पर दोनों निर्णायक निर्णय लेंगे। (खेलते समय बल्लेबाज अपने कप्तान का प्रतिनिधित्व कर सकता है।)

(ii) खेल उसी दशा में रोका जाएगा जब परिस्थितियां इतनी अधिक खराब होंगी कि खेल जारी रखना अनुचित और खतरनाक हो। मैदान उस स्थिति में खेलने के अयोग्य होगा जब उसकी सतह पानी से ढकी हो या वह इतना अधिक गीला या फिसलाने वाला हो गया हो कि उसमें गेंदबाज या बल्लेबाज मजबूती से खड़े नहीं रह सकते हों या क्षेत्र-रक्षक स्वतन्त्रतापूर्वक भाग-दौड़ नहीं कर सकते हों। खेल केवल इस बात पर ही नहीं रोका जाना चाहिए कि घास गीली है या गेंद फिसलनी हो गई है।

(iii) जब कभी भी खेल रोका जाए तो उसके बाद दोनों कप्तान, या यदि निर्णायकों को अधिकार दे दिए गए हों तो दोनों निर्णायक, बिना किसी खिलाड़ी को साथ लिए, परिस्थितियों में सुधार होते ही, मैदान का निरीक्षण करेंगे और यह कार्य समय-समय पर करते रहेंगे। जब जिम्मेदार व्यक्ति यह निर्णय ले लें कि खेल प्रारम्भ हो सकता है, तो उन्हें तुरन्त इसकी सूचना खिलाड़ियों को दे देनी चाहिए कि वे खेलना प्रारम्भ कर दें।

अपील:

47. निर्णायक बल्लेबाज को पराजित घोषित नहीं कर सकते जब तक कि विपक्षी दल द्वारा उसके लिये अपील नहीं की जाती। विपक्षी दल द्वारा यह अपील अगली गेंद फेंकने से पहिले और नियम 18 के अंतर्गत 'समय' पुकारने के पहले की जानी चाहिए। गेंद फेंकने के छोर वाला निर्णायक, दूसरे निर्णायक से पहले, क्षेत्र-रक्षकों की अपीलों का उत्तर देगा, परन्तु नियम 38 या 42 और रन आउट के लिये नियम 41 के अंतर्गत अपीलों का उत्तर खेलने वाले बल्लेबाज के विकेट की ओर का निर्णायक देगा। यदि किसी परिस्थिति मे निर्णायक कोई निर्णय न ले सके तो वह दूसरे निर्णायक से निवेदन करेगा और उसके द्वारा दिया गया निर्णय अंतिम और मान्य होगा।

टिप्पणी:

(1) "यह कैसे" (हाऊ'ज-देट) अपील मे (निर्णायक के अधिकार-क्षेत्र में आने वाली) सभी प्रकार से पराजित होने की स्थितियाँ सम्मिलित है जब तक कि विशिष्ट प्रकार से पराजित होने का उल्लेख अपील करने वाले व्यक्ति द्वारा न किया जाए। जब कोई निर्णायक किसी

बल्लेबाज को 'अपराजित' घोषित करदे तो दूसरा निर्णायक किसी भी प्रकार की अपील (जो उसके अधिकार-क्षेत्र में हैं) का उत्तर दे सकता है यदि अपील समय पर की गई हो।

(2) बल्लेबाज को 'पराजित' घोषित करने के लिये निर्णायक तर्जनी अंगुली को सिर से ऊपर सीधे उठाकर संकेत देता है। यदि बल्लेबाज अपराजित है तो निर्णायक "पराजित नहीं" पुकारेगा।

(3) निर्णायक अपने निर्णय को बदल सकता है बशर्ते कि ऐसा परिवर्तन तत्काल कर दिया जाए।

(4) एक निर्णायक द्वारा किसी प्रकार का निर्णय लेने के पहले दूसरे निर्णायक से सलाह करना नियम के विरुद्ध नहीं है यदि दूसरा निर्णायक यथार्थता को जानने के लिए अपेक्षाकृत अच्छी स्थिति में हो। एक निर्णायक को निर्णय देने के लिए दूसरे निर्णायक को केवल इसलिए निवेदन नहीं कर देना चाहिए कि वह स्वयं वैसा निर्णय नहीं लेना चाहता जबकि वह स्वयं निर्णय ले सकता हो। यदि विचार-विमर्श करने के पश्चात् भी उसे कोई संदेह हो तो नियम 46 लागू होगा और निर्णय बल्लेबाज के पक्ष में होगा।

(5) जब कोई बल्लेबाज पराजित घोषित न किए जाने पर भी, मैदान छोड़कर चला जाए तो उस स्थिति में निर्णायक को हस्तक्षेप करना चाहिए यदि वह इस बात से संतुष्ट हो जाए कि बल्लेबाज ने गलतफहमी मे ही मैदान छोड़ दिया है।

(6) नियम 25 के अन्तर्गत 'ओवर' पुकारने पर गेंद निश्चल हो जाती है किन्तु इससे वह अपील अमान्य नहीं हो जाती जो अगले ओवर की पहली गेंद फेंकने से पहले ही करदी गई है, यदि समय समाप्ति की घोषणा के बाद दोनों निर्णायकों द्वारा विकटों पर से गुल्लियाँ नहीं हटा ली गई हों।

•

हिन्दी-अंग्रेजी शब्द-सूची

अखिल भारतीय अंतर-राज्य स्कूल क्रिकेट कूच-बिहार ट्रॉफी प्रतियोगिता	All India Inter-State Schools Cricket Tournament for Cooch-Behar Trophy
अतिरिक्त (रन)	Extras
अंतर क्षेत्रीय दलीप ट्रॉफी क्रिकेट प्रतियोगिता	Inter-Zone Tournament for Duleep Trophy
अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट सम्मेलन	International Cricket Conference
अन्तर-विश्वविद्यालय क्रिकेट रोहिंटन बारिया ट्रॉफी प्रतियोगिता	Inter-University Cricket Championship for Rohinton Baria Trophy
अपील	Appeal
"अस्थियाँ"	"Ashes"
आउट, पराजित	Out
आउट, बॉल्ड	Bowled out
आउट, स्टम्प	Stumped out
'आत्मघात'	'Played on'
आराम का दिन	Rest day
उप-कप्तान	Vice-Captain
उप-रन	Byes
उप-रन, आंगिक	Leg-byes
उप-विजेता	Runners-up
एवजी	Substitute
ओवर	Over
ओवर, रनहीन/मेडन	Maiden over
कप्तान	Captain
किल्ली उड़ गई	Bowled all over the wicket
कीर्तिमान	Record
कैच आउट	Caught (out)
क्षेत्र-बाधा	Obstructing the field
क्षेत्र-रक्षक	Fieldsman, fielder
क्षेत्र-रक्षण	Fielding
क्षेत्र से बाहर	Out of his ground

खिलाड़ी	Player
खिलाड़ी, व्यावसायिक	Professional player
खिलाड़ी, सर्वोन्मुख	All-rounder
खेल	Play
खेल, अनुचित	Unfair play
खेल, अंतरंग	Indoor game
खेल, उचित	Fair play
खेल, चौकस	Barn-door-game
खेल, बहिरंग	Out-door-game
गणक	Scorer
गणनापट्ट	Score-board
गणना-पत्रक	Score-Card
गुल्लियाँ	Bails
गेंद	Ball
गेंद, उत्ताल	Bumper, bouncer
गेंद, गुगली	Googly
गेंद, चीनिया	Chinaman
गेंद, छीलती	Trimmer
गेंद, निश्चल	Dead ball
गेंद, परख	Trial ball
गेंद, बल्ला-पर्यन्त	Full toss ball
गेंद, बाहर फटती (प्रतिपाद)	Leg-break ball
गेंद, भीतर फटती (अभिपाद	Off-break ball
गेंद, यारकर	Yorker
गेंद, रोंगन	Wrong'un
गेंद, लुप्त	Lost ball
गेंद, विस्तृत	Wide ball
गेंद, शून्य	No ball
गेंद, सरसराती	Shooter
गेंद, हवाई चकरी	Swerve
गेंदबाज	Bowler
गेंदबाज, असमर्थ	Incapacitated bowler
गेंदबाज, तेज	Fast bowler
गेंदबाज, धीमा	Slow bowler
गेंदबाज, निलंबित	Suspended bowler

गेंदबाज का दौड़ पथ	*Bowler's run-up*
गेंदबाजी	Bowling
गेंदबाजी, शरीरतोड़	Body-line bowling
गेंदबाजी यंत्र	Bowling Machine
गोलगप्पा (कैच)	*Dolly catch*
घासकटाई	Mowing
चौका	Boundary, fourer
छक्का	Over-boundary, sixer
जाल	Net
तिकड़ी	Hat-trick
दण्ड	Penalty
दल	Side, team
'दो अंडे'	Pair of spectacles
दौड़ पथ	Run-up
धावक	Runner
निर्णायक	Umpire
निर्णायक के संकेत	Umpire's signals
निवृत्ति	Retirement
पगबाधा	Leg-before-wicket (L. B. W.)
पिच	Pitch
पैड	Pad
फालोआन/तत्काल दूसरी पारी खेलना	Follow-on
बम्बई चतुष्कोणीय प्रतियोगिता	Bombay quadrangular
बम्बई पंचकोणीय प्रतियोगिता	Bombay pentangular
बल्ला	Bat
बल्लेबाज	Batsman
बल्लेबाज, गेंद खेलने वाला	Striker
बल्लेबाज, गेंद न खेलने वाला	Non-striker
बल्लेबाज, टुकटुकिया	Stonewaller
बल्लेबाज, नया	*Fresh batsman*
बेलन फेरना	Rolling
भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड	Board of Control for Cricket in India
मध्यावकाश	Interval
'मुर्गियां'	'Rabbits'

मैच	Match
मैच, अनिर्णीत	Drawn match
मैच, अनौपचारिक टैस्ट	Unofficial Test Match
मैच, एकदिवसीय	One day match
मैच, औपचारिक टैस्ट	Official Test match
मैच, टैस्ट	Test match
मैच, परित्यक्त (बीच में छोड़ा हुआ)	Given up match
मैच, बराबर	Tie
मैदान अधिकारी	Executive of the ground
मैदान संचालक	Groundsman
"यह कैसे"	"How's that"
"युगल"	"Double"
रन	Run
रन, अपूर्ण	Short run
रन आउट	Run out
राज्य क्रिकेट संघ	State Cricket Association
राष्ट्रीय क्रिकेट रणजी ट्रॉफी प्रतियोगिता	National Cricket Championship of India for the Ranji Trophy
रेखा	Crease
रेखा, गेंदबाजी	Bowling Crease
रेखा, झपट	Popping Crease
रेखा, प्रत्यावर्तित	Return Crease
रेल्वे खेल-कूद नियन्त्रण बोर्ड	Railway Sports Control Board
विकेट	Wicket
विकेट, अस्थिर	Turning wicket
विकेट, चिपचिपा	Sticky dog
विकेट रक्षक	Wicket–keeper
विकेट रक्षण	Wicket–keeping
विजेता	Winners
विशेष विनियम	Special regulation
विश्व कीर्तिमान	World record
वैजयन्ती	Shield, trophy
संकेत	Signal
संघ	Association
सफेद पर्दे	Sight Screens
सिक्का उछाल	Toss
सीमा	Boundary
सेना खेल-कूद नियन्त्रण बोर्ड	Services Sports Control Board
स्टम्प/डंडे	Stumps

प्रथम प्रूडेन्शियल विश्व कप, 1975

